CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्री काशी संस्कृत ग्रन्थमाला ४५

माधवाचार्यप्रणीतः

कालमाधवः

'तुलसी'-हिन्दीभाषाटीका-संस्कृतटिप्पणीविभूषितः

डा० व्रजकिशोर स्वाईं

आशीर्वचनम्

श्रीजयेन्द्रसरस्वती

श्रीशङ्करभगवत्पादाचार्यपरंपरागतकाञ्चीकामकोटीपीठाधिपति-

जगद्गुरुश्रीशङ्कराचार्यपादानाम्

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

पोस्ट बाक्स नं० ११३९

वाराणसी-२२१००१ (भारत)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

४५

माधवाचार्यप्रणीतः

कालमाधवः

'तुलसी'-हिन्दीभाषाटीका-संस्कृतटिप्पणीविभूषितः

हिन्दीभाषाटीकाकारः, संस्कृतटिप्पणीकारः, भूमिकालेखकः

संपादकश्च

डा० व्रजकिशोर स्वाईं

वरिष्ठधर्मशास्त्राध्यापकः स्नातकोत्तरधर्मशास्त्रविभागः

श्रीजगन्नाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः

श्रीविहारः, पुरी, उत्कलः

आशीर्वचनम्

श्रीजयेन्द्रसरस्वती

श्रीशङ्करभगवत्पादाचार्यपरंपरागतकाञ्चीकामकोटीपीठाधिपति-

जगद्गुरुश्रीशङ्कराचार्यपादानाम्

सम्पादकः

डॉ० कपिलदेव गिरिः

BHARATIYA
VIDYA PRAKASHAN
P. BOX 1108 KACHAURI GALI.
VARANASI-221001
CALL : 65965

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० आ० चौखम्भा, पो० बा० नं० ११३९

जडाव भवन, के० ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन

वाराणसी-२२१००१ (भारत)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रकाशक । चौखम्भासंस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : श्रीगोकुल मुद्रणालय, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०४५
मूल्य : रु० १५०-००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ६५८८९

१५३५१

अन्य प्राप्तिस्थान
चौखम्भा विश्वभारती
पोस्ट बाक्स नं० १०८४
चौक, (चित्रा सिनेमा के सामने)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)
फोन : ५४७६६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
45
*****

KĀLAMĀDHAVA

OF

MĀDHAVĀCĀRYA

Edited with

Sanskrit Notes, Tulasī Hindi Commentary, Critical Introduction, Technical word-Index and Pratīka Index

by

Dr. BRAJA KISHORE SWAIN
*Post-Graduate Department of Dharmaśāstra
Sri Jagannāth Sanskrit University,
Śrī Vihār, Purī. Orissā*

Forword
by

H. H. SRI JAYENDRA SARASWATI
Śrī Śankara Bhagavadpādāchāryaparamparāgata Śrī Kanchi Kāmakoti Peethadhipathi Jagadguru Śrī Śankarāchārya Swamigal-Kanchee Puram

Edited by

Dr. KAPIL DEO GIRI

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
P. O. Chaukhambha, Post Box No. 1139
Jadau Bhawan, K. 37/116, Gopal Mandir Lane
VARANASI–221 001 (INDIA)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

© *Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi*

Phone : 65889

First Edition : 1989

Also can be had of

CHAUKHAMBHA VISVABHARATI

Post Box No. 1084

Chowk (Opposite Chitra Cinema)

VARANASI–221 001

Phone : 54766

Printers :

SRIGOKUL MUDRANALAYA

Gopal Mandir Lane,

Varanasi–221 001

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Phone : 2315

Sri Chandramouleeswaraya Namaha

SRI SANKARA BHAGAVADPADACHARYA PARAMPARAGATHA
His Holiness Sri Kanchi Kamakoti Peetadhipathi

Jagadguru Sri Sankaracharya Swamigal

Srimatam, : Samasthanam,
KANCHEEPURAM - 631 502.

अहोबल पण्डितः स्वविरचितायां "ईशानस्तुतौ" श्री विद्यारण्यमुनिं इत्थं प्रशंसति

वेदानां भाष्यकर्ता विवृतमुनिवचा धातुवृत्तेर्विधाता प्रोद्यद्विद्यानगर्यां हरिहरनृपतेः सार्वभौमत्वदायी वाणी नीलाहिवेणी सरसिजनिलया किंकरीति प्रसिद्धा विद्यारण्योऽग्रगण्योऽभवदखिलगुरुः शङ्कराचार्यः॥

श्री विद्यारण्याचार्याः अद्वैत विद्यायाः प्रसारणे धुरन्धराणां श्री शङ्कर भगवत्पादाचार्याणां समनन्तर स्थानं आवहन्ति, तथा वेदार्थ विवृतौ असाधारणं स्थानं अधितिष्ठन्ति। विद्यारण्य-स्वामिन अरण्यानीनिभाः सर्वा विद्या आलोड-यन्त "विद्यारण्य" इति अन्वर्थाभिधाना इति नेदमाविदितं सर्वेषाम्। ते मूर्तिमन्तः इव पाण्डित्य सदाचार तपश्चर्या-राजतन्त्राणां विराजन्ते। तुरीयाश्रमाश्रयणात् पूर्वं ते माधवार्यः माधवाचार्य इति च ख्याता आसन्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्री विद्यारण्याचार्याः मीमांसा-व्याकरण-अद्वैतविद्या, सङ्गीत-गणित ज्योतिषादिषु नानाशास्त्रेषु अमूल्यानां ग्रन्थरत्नानां निर्मातारः। उपलभ्यमानेषु प्रसिद्धेषु तदीयेषु ज्योतिष-निबन्धेषु कालमाधवारण्यं मान्यतमं मान्यं स्थानमर्हति।

पूरी जगन्नाथस्य श्री जगन्नाथ संस्कृत-विश्वविद्यालये धर्मशास्त्रविभागाध्यक्षाः श्री ब्रजकिशोर महाशयाः कालमाधवारण्यस्यास्य निबन्धस्य संस्कृत भाषायां निजकृत टीकासहित, तथा श्री तुलसीमहाशयकृत हिन्दी-टीकया च सह प्रकाशनं नयन्तीति महदिदं प्रमोदस्थानं अभिनन्दनीयं च।

आशास्यते च, अस्मिन् शास्त्रे सादराः भारतीयाः, निबन्धस्यास्य उपयोगेन, निबन्धेऽस्मिन् निहितं विद्यारण्याशयानुसारिणं ज्ञानराशिमवगत्य आत्मानं कृतार्थयेयुः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

''मदीय मातृदेवी स्वर्गत: सजनीदेवी की पुण्यस्मृति के
उद्देश्य में कालमाधव का यह संस्करण
उत्सृष्ट किया जाता है''

यत्क्रोडवर्धिततनोर्मतिरप्यनेका
यद्वाक्यपङ्क्तिघटिता खलु भारती मे ।
सा सांप्रतं दिवि तदीयपवित्रवीथ्यां
स्मृत्यां समर्पितमिदं किल माधवीयम् ॥

व्रजकिशोर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूमिका

कालमाधव की रचना परिपाटी तत्संपर्कीय निबन्ध ग्रन्थों की परिपाटी से भिन्न है। विशेषतः धर्मशास्त्रीय विषयों का संग्रन्थन और अनुशीलन के समय माधवाचार्य के ऊपर हेमाद्रि और कृत्यकल्पतरु का प्रभाव पड़ा है। हेमाद्रि का चतुर्वर्गचिन्तामणि के अन्तर्गत परिशेषखण्ड और कृत्यकल्पतरु के अन्तर्गत नियतकालकाण्ड इन दो ग्रन्थों का अवलम्बन से माधवाचार्य ने अपने ग्रन्थ की परिपाटी बनाई है। नियतकालकाण्ड में जिस रीति से काल की चर्चा हुई है वह रीति कालमाधव में नहीं स्वीकृत की गई, किन्तु सिद्धान्त के ऊपर माधवाचार्य की नजर रही। परिशेषखण्ड की परिपाटी के ऊपर माधवाचार्य की नजर परिस्फुट है। इस खण्ड में अठारह अध्यायों में संपूर्ण व्यावहारिक काल की चर्चा हुई है। किन्तु माधवाचार्य ने इन सब विषयों का संक्षेप पांच प्रकरणों में प्रकाश किया है। प्रभाव का यह एक लक्ष्यणीय दृष्टान्त है कि हेमाद्रि ने विषयों की सूची दी है। इस स्थल में उन्होंने कहा कि[1] चतुर्वर्गचिन्तामणि का पहला देवता कांड, उसके बाद काल का निर्णय है। उसके बाद कर्मविपाक और अन्त में लक्षणों के ऊपर बिचार है। इस प्रकार चार भागों से महा प्रकरण बनाया है। माधवाचार्य के ऊपर ग्रन्थ संग्रंथन के लिये इस निर्माण विधि का प्रभाव पड़ा है। उसने कहा है कि[2]—यहाँ पांच प्रकरणों का समाहार हैं। यथा—उपोद्घात, वत्सरादि प्रकरण, प्रतिपत्प्रकरण, द्वितीयादि प्रकरण और प्रकीर्णक प्रकरण। परिशेष-खण्ड का पहला अध्याय में कालविषयक तत्त्वों का विचार के साथ वत्सरा-दिनिरूपण सामिल है। मलमास का निर्णय के लिये संपूर्ण द्वितीय अध्याय दिया है। किन्तु मास प्रकरण के भीतर मलमास का निर्णय माधवाचार्य ने सामिल किया है।

---

१. Hemadri—*caturvargacintamani* [Chaukambha Sanskrit Sansthan, Varanasi (1985) 3. vols.]

२. पञ्च प्रकरणान्यत्र तेषूपोद्घातवत्सरौ।
प्रतिपच्छिष्टतिथयो नक्षत्रादिरिति क्रमः॥

कालमाधवकारिका—८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कृत्यकल्पतरु चतुर्वर्गचिन्तामणि से प्राचीन है।[1] इसकी रचना परिपाटी से कालमाधव की रचना परिपाटी अलग है। नियतकालकाण्ड (१क) में पांच महायज्ञों को उद्देश्यकर काल विचार उपन्यस्त है। इसलिये पहले पांच महायज्ञों का विषय प्रारम्भ में आता है। वत्सरादि व्यावहारिक काल का विषय उसमें पर्वकृत्य (१ख) और तिथिकृत्य (१ग) प्रकरण में विन्यस्त है। किन्तु काल की स्थिति के बारे में आलोच्य तथ्य जो परिशेष खण्ड में (१घ) कूर्म पुराण वचन से लेकर प्रवर्त्तित है उसकी चर्चा नियतकाल काण्ड में नहीं हुई है, क्योंकि नियतकाल काण्ड में गृहस्थ का पांच महायज्ञ विषयों को लेकर चर्चा हुई और व्यावहारिक काल तत्त्व के अन्तर्गत विचारणीय विषयों की चर्चा उसमें गौण है। इसलिये काल तत्त्व विषय में माधवाचार्य के ऊपर लक्ष्मीधर का प्रभाव नहीं है, यह मानना पड़ेगा। किन्तु काल-निर्णय के बारे में तो अवश्य है। पर्वकृत्य (१ङ) के भीतर लक्ष्मीधर ने संक्रान्ति निर्णय, ग्रह-निर्णय, युगादि-युगान्त निर्णय और मन्वादि निर्णय सामिल किये गये हैं। किन्तु तिथि (१च) कृत्य प्रकरण में प्रतिपदादि तिथियों का व्यावहारिक काल निर्णय नहीं किया गया है।

---

१. लक्ष्मीधरभट्ट प्रणीत कृत्यकल्पतरु का समय खी० ११२५–११४५, हेमाद्रि प्रणीत चतुर्वर्गचिन्तामणि का समय खी० १२७० ड० पि० वी० काणे महोदय का History of Dharmaśastra (B. O. R. I., Poona, 5 vols. 1975) के अनुसार समय स्वीकृत किया गया है।

१. (क) Niyatakalakanda of krityakalpataru (Gaekwad's oriatal Series, Barads 1950.) Ed. By. K. V. Rangasvami Aiyangar.

१. (ख) वही० पृ० ३५४

१. (ग) वही० पृ० ३७७

१. (घ) Chaturvargachintamani—parisesakhanda. Vol. III, p. III. p. 6.

अनादिरेष भगवान् कालोऽनन्तोऽजरोऽमरः ॥ कूर्म० पु०। १. ५. २० (का० मा०, पृ० १५)

१. (ङ) Niyatakalakanda. p. 354

१. (च) वही० पृ० ३७७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कालतत्त्व और व्यावहारिक काल-निर्णय कालमाधव में चर्चा का विषय है। वस्तुतः व्यावहारिक काल निर्णय के बारे में धर्मशास्त्र निबन्धकारों ने ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गणित-पद्धति के द्वारा निर्णीत काल नहीं स्वीकृत किया। इसलिये धर्मशास्त्र और पुराणों के वचनों को लेकर निर्णय किया जाता है। किन्तु कालतत्त्व के बारे में काल के अस्तित्व की जो चर्चा हुई है उसमें हेमाद्रि ने पुराणों का आश्रय आमूल लिया है। माधवाचार्य के ऊपर हेमाद्रि का एतादृश प्रभाव रहने पर भी धर्मशास्त्र और पुराण वचनों के ऊपर उसने निर्भर नहीं किया। वैदिक संहिता भाग से लेकर अर्वाचीन तन्त्र निबन्ध साहित्य और सांप्रदायिक साहित्य तक प्रसिद्ध प्रमाण वचनों के द्वारा कालतत्त्व का अस्तित्व उसने प्रमाणित किया।[1] माधवाचार्य ने अष्टादश विद्याओं को मन्थन कर कालतत्त्व को जिस प्रकार निकाला, सारे धर्मशास्त्र निबन्धकारों की मण्डली में किसी दूसरों ने नहीं किया है। वस्तुगत्या माधवाचार्य वेदान्ती[2] रूप में प्रसिद्ध है। अतः उसकी चर्चा-पद्धति वेदान्त की ओर केवल नहीं अपितु वेदभाग की ओर मिलती है। कालतत्त्व को अध्यवसित करने के लिये वैशेषिक दर्शन के ऊपर उसने विरक्ति प्रकाश की और अपनी वैदिकता प्रमाणित की।[3] धर्मशास्त्रार्थ निर्णय के लिये चौदह विद्याओं की आवश्यकता होती है।[4] किन्तु वेद का

---

१. द्र० कालमाधव का प्रथम प्रकरण, पृ० १–२३ (इस संस्करण में)

२. माधबाचार्य गृहस्थाश्रम को समाप्त कर शृङ्गेरी पीठ में संन्यासी बन कर वेदान्त की चर्चा कर विद्यारण्य के नाम से प्रसिद्ध हुये थे। पञ्चदशी सर्वदर्शनसंग्रह और जीवन्मुक्तविवेक उनकी प्रसिद्ध कृतियाँ हैं। द्र० Kane, p. V, Histery of Dhanmashastra (B.O. R. I) Vol I, p. II. pp 778–792। विशेष द्रष्टव्य–Sayana and Madhava Vidyaranya by. Dr. Kripacharyulu. Guntur 1986.

३. "कालस्य गुणत्रयपरिणामत्वे सावयवत्वमनित्यत्वं घटादेरिव प्रसज्ज्येतेति चेत् नित्यनिरवयवकालतत्त्वाभिनिवेशवतो वैशेषिकादेः पतत्वयं वज्रप्रहारः शिरसि वेदवादिनां तु न काऽपि क्षतिः ॥ का० मा० (इस संस्करण में), पृ० ४ पर।

४. पुराणन्यायमीमांसाधर्मशास्त्रांगमिश्रिताः।
वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य च चतुर्दश ॥ या० स्मृ० १।३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रमाण अगर मिल जाता तो दूसरे प्रमाणों के ऊपर निर्भर करना अनिवार्य नहीं होता है। धर्म जिज्ञासुओं के लिए प्रधान प्रमाण वेद ही है।[१] इसलिए उसने मनु मत स्वीकार किया। अगर कोई जगह वैदिक प्रमाण मिलने के लिये कठिनाई पड़ती तो उस स्थल में धर्मशास्त्र का प्रमाण को निःसंशय वेद की तरह मान लेने के लिये कोई पश्चात् बुद्धि रखना नहीं, क्योंकि जाबालि ने इसके लिये नीति घोषित की है।[२] वैशेषिक दर्शन वालों ने काल को विभुपदार्थ रूप से माना।[३] उनके सिद्धान्तानुसार काल का कर्तृधर्म नहीं है। उसकी उत्पत्ति नहीं होती है। किन्तु उस अवसर पर माधवाचार्य ने वैदिक प्रमाण को पाथेय कर काल की उत्पत्ति स्वीकृत की है। किन्तु यह काल व्यावहारिक काल है। नित्य विभु पदार्थ काल तो भगवान ही है। उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती। इस प्रकार उसने समाधान दिया है। ऋग्वेद में[४] इस प्रसंग में मन्त्र भी उपलब्ध है। हेमाद्रि ने इस समाधान का सूत्रपात परिशेष खण्ड में किया है।[५] उसने कहा कि बीजाङ्कुर सन्तान की तरह नित्य काल व्यावहारिक काल के रूप में परिच्छिन्न किया जा सकता है।[६]

अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमांसान्यायविस्तरः
धर्मशास्त्रं पुराणं च विद्या ह्येताश्चतुर्दश ।। विष्णु० पु० ३. ६. २८
विशद आलोचनार्थ द्र० Swain. B. K. *A Peep into Dharma-shastra* (Delhi 1983). p–5.

१. धर्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः। म० स्मृ० २।१३

२. श्रुतिस्मृतिविरोधे तु श्रुतिरेव गरीयसी।
अविरोधे सदा कार्यं स्मार्त्तं वैदिकवत् सता ।। जाबाल। मन्वर्थमुक्ता-वलीधृत २।१३
द्र—पू० मी० अधिकरणस्थ सूत्र—'विरोधे त्वनपेक्षं स्यादसति ह्यनु-मानकम्।' जै० सू० १. ३. ३

३. पृथिवी, आप, तेज, वायु, आकाश, काल, दिक्, आत्मा और मन— इन नौ द्रव्यों से आकाश, काल, दिक् आत्मा और मन विभुपदार्थ हैं। वैशे० सू० १. १. ५

४. कृतं यच्छ्वघ्नी विचिनोति काले। ऋ० वे० १०. ४२. ९

5. Chaturvargachintamani—Parisesakhanda. Vol III.,P III P. 6–7

६. एवं विधस्यानादिनिधनस्यापि सूक्ष्मस्य यद्यप्यपरिछिन्नता तथाप्या-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह व्यावहारिक काल त्रुटि (निमेष) से लेकर संवत्सर और महाप्रलय तक माना जाता है, व्यावहारिक काल का विभाग भी वेद से समर्थित है। इस स्थल में विशेष बात यह है कि हेमाद्रि ने काल सत्ता और व्यावहारिक काल विभाग विषयक तथ्य को उपस्थापित करने के लिये अष्टादश पुराणों के ऊपर निर्भर नहीं किया है वरं उपपुराणों से विष्णुमधर्मोत्तर पुराण के ऊपर अधिक निर्भर किया है। यह प्रभाव माधवाचार्य के ऊपर अविकल पड़ा है। उसने विष्णुधर्मोत्तर वचनों का आश्रय ऐसे ढंग से लिया है जिससे माना जाता है कि पारंपरिक काल विभाग विषयक वर्णन अष्टादश पुराणों में उपलब्ध नहीं है। अगर मिलता तो क्यों उससे नहीं स्नेहन किया ? ··· इत्यादि। इस स्थल में ऐतिहासिकों का मत से ऐसा अनुमान किया जाता है कि दाक्षिणात्य संप्रदाय में विष्णुधर्मोत्तर पुराण को बलिष्ठ प्रमाण के रूप में मानते हैं। हेमाद्रि और माधवाचार्य उस संप्रदाय में स्तम्भ के सदृश विद्वान् हैं।[1] इस कारण से विष्णुधर्मोत्तर वचनों का उदाहरण माधवाचार्य ने अधिक लिया। एक वाक्यता के लिये धर्मशास्त्र साहित्य में आपूरण किया जाता है।[2]

सांख्यदर्शन में पचीस तत्त्वों के ऊपर विचार होता है। उस दर्शन के सिद्धान्तानुसार अविवेक से सृष्टि और विवेक से मोक्ष होता है।[3] प्रकृति के साथ पुरुष का संयोग अविवेक से होता है। अविवेक से सृष्टि होती है। न्याय वैशेषिक: दर्शन के अनुसार संयोग असमवायी कारण है।[4] घट निर्माण के प्रति तीन कारण कोटि में रहते हैं। उनमें असमवायी कारण अन्यतम है। संयोग असमवायी कारण होते हुये भी संयोग सदैव नहीं रहता है। अगर

द्यन्तवतीभिः सूर्यादिग्रहक्रियाभिः परिच्छिन्नतोपपद्यते तासां क्रियाणां सन्तानस्य बीजाङ्कुरसन्तानवदनाद्यनन्तत्वादनादिनिधनस्यापि कालस्य परिच्छेदः संभवति ॥ वही०–पृ० ७

पारंपर्यतोऽन्वेषणा बीजांकुरवत्। सां० सू०। १.८७

1. Kane. P. V, *History of Dharmashastra*. (B. O. R. I. 1975) vol. I. P. II. PP. 778–792, 749–755.

२. एकवाक्यता रूपक सिद्धान्त धर्मशास्त्रकारों ने पूर्वमीमांसा से लिया है। द्र० "इतिकर्त्तव्यताभागं मीमांसा पूरयिष्यति"॥ —कुमारील

३. अविवेकाद्धि तत्सिद्धेः कर्तुः फलावगमः। सां० सू० १–७१

४. द्र०—तर्कभाषा-कारणप्रकरण।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रहता तो सांख्य के अनुसार सदैव सृष्टि होती रहती। किन्तु न्याय के अनुसार ऐसा नहीं। संयोग के लिये कोई अनिर्दिष्ट कर्त्ता आवश्यक है जिसका व्यापार संयोग होता है। इसलिये सृष्टि के लिए एक कर्त्ता चाहिए। इस तत्त्व को लेकर न्याय दर्शन कर्तृवादी है ऐसा माना है।[1] पुराणों का सिद्धान्त इस अवसर पर सांख्य और न्याय को लेकर प्रतिपादित है। न्याय का 'कर्त्ता' पुराणों में सेश्वरसांख्य का प्रभु है जो संयोग ही करता है। न्याय के अनुसार काल निमित्त कारण है और विभु भी है। इस प्रकार होने पर काल के द्वारा काम नहीं हो सकता। किन्तु पुराणों में 'काल ही प्रकृतिपुरुष संयोगकारी है', ऐसा प्रतिपादित है। संयोगकारी पुरुष काल या नित्य काल है। संयोग से सृष्ट काल व्यावहारिक काल है। संयोगकारी 'काल-काल' है। वह विश्वकृद्, अनादि, संकर्षण, भूतों का अन्तकृत् इत्यादि रूप से श्रुति और शास्त्रों में वर्णित है।[2] वह कर्म फल को देनेवाला है। सब प्रकार शुभ कर्मों के प्रारम्भ समय में वह स्मर्त्तव्य है।[3] पूर्वमीमांसा में कहा है कि संयोगकारी पुरुष की प्रवृत्ति श्रुतिगम्य है।[4] पुरुष या कर्त्ता नियत नहीं है। प्रवृत्तिमान् पुरुष कर्त्ता है। वह आक्षेपलभ्य है।[5] वैधी प्रवृत्ति लिङ्-त्वांश से ही होती है।[6] उस पर पुरुष का स्वीकार व होने पर भी कर्मानुष्ठान

---

१. कर्त्तेति नैयायिकाः ।। यह पङ्क्ति दर्शनशास्त्र का नहीं अपितु महानाटक का १–२

२. स विश्वकृद् विश्वविदात्मयोनिः ।
ज्ञः कालकालो गुणी सर्वविद्यः ।। श्वे० उ० ६।२., का० मा० (इस संस्करण में उद्धृत), पृ० १४

३. सर्वेषु कालेषु समस्तदेशे-
ष्वशेषकार्येषु तथेश्वरेश्वरः ।
सर्वैः स्वरूपै र्भगवाननादिमान्
ममास्तु माङ्गल्यविवृद्धये हरिः ।।
द्र० इस संस्करण का० मा०, पृ० १६
भूतानामन्तकृत् कालः कालोऽन्यः कलनात्मकः ।। सूर्यसिद्धान्त––१०

४. मी० न्या० प्र० (B. O. R. I. 1972), पृ० ६०

५. मी० न्या० प्र० (B. O. R. I 1972), पृ० ८६
कर्त्ता चापेक्षलभ्यः । आख्यातेन हि भावनोच्यते । सा च कर्त्तारं विनाऽनुपपन्ना तामाक्षिपति ।

६. वही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के लिये निर्दिष्ठ काल का उपयोग होना चाहिये। अन्यथा अपूर्व ठीक रूप से नहीं होगा, फल भी नहीं मिलेगा। इस कारण से 'कर्मकाल' तत्त्व पूर्वमीमांसादर्शन से ही माधवाचार्य ने स्वीकृत किया।

काल का व्यावहारिक विभाग वैदिक तत्त्व के ऊपर पर्यवसित है। दार्शनिक सिद्धान्त के अनुसार अविवेक से (सांख्य) और माया से (वेदान्त) सृष्टि होती है। सृष्टि का तात्पर्य है परमात्मा (कालकाल) से दूरवर्त्ती संबन्ध में रहना। परमात्मा ज्योतिर्मय या ज्ञानमय है। ज्योति से दूरवर्त्ती होने से अन्धकार में क्रमशः प्रवेश करना ही है। जितना अन्धकार में प्रवेश होता है उतना ही सृष्टि-चक्र में परिभ्रमण करना पड़ता है। इसको जन्मचक्र या जन्मान्तर कहते हैं। फिर ज्योति के साथ मिलने के लिये अगर प्रयास नहीं होता तो लौटना संभव नहीं है। ज्योति से आना और ज्योति के साथ मिलना ये दो मार्ग हैं। केन्द्राभिसारी और केन्द्रापसारी (Centrifugal, centripetal) मार्ग के नाम से यह दो मार्ग अमेरिकीय दर्शन में प्रसिद्ध है।[1] ऋग्वेदीय आर्यों ने इन दो मार्ग तमोमार्ग और ज्योतिर्मार्ग के नाम से बतलाये हैं। इसलिये अपना स्थान से निकल कर फिर लौटने के लिये प्रार्थना है—'अन्धकार की ओर नहीं आलोक की ओर ले जाओ' (तमसो मा ज्योतिर्गमय)[2]। इस तत्त्व को सामने रखकर वैदिक वाङ्मय में पितृयान मार्ग और देवयानमार्ग की व्यवस्था हुई हैं। (२क) पितरों सृष्टिक्रिया का कर्त्ता हैं।[3] उनके द्वारा सृष्टि होती है। देवताओं के द्वारा प्रत्यावर्त्तन मार्ग प्रदर्शित किया जाता है। सृष्टि में प्रक्रिया का वैज्ञानिक साधन और प्रत्यावर्त्तन में भावात्मक साधन अवलम्बन है।[4] सृष्टि-तत्त्व के साथ संसार की गहनता के कारण अन्धकार और मोक्ष तत्त्व के साथ प्रत्यावर्त्तन का प्रबल आवेग का कारण ज्योति की ओर जाना संबन्धित है। इन दो तत्त्वों को लेकर कृष्णपक्ष और शुक्लपक्ष, उत्तरायण और

---

1. Schneider. H. W, *A History of American philosophy.* (Delhi. 1969).
2. Tilaka. B. G., *The Arctic Home in the Vedas.* (poona). p. p. 123–160.

तमसो मा ज्योतिर्गमय—बृ. उ.

३. वही

४. पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दक्षिणायन, अपराह्ण और पूर्वाह्ण की व्यवस्था हुई है। इसलिये दक्षिणायन अपराह्ण और कृष्णपक्ष प्रभृति पितरों के लिये और शुक्लपक्ष, पूर्वाह्ण और उत्तरायण प्रभृति देवताओं के लिये निर्दिष्ट है।

काल को नियत करने के लिये ब्रह्मपुराण में सृष्टि के बारे में कहा है कि[1]—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि में पृथ्वी की सृष्टि हुई है। इस तिथि के साथ चान्द्र, सौर, नाक्षत्र, बार्हस्पत्य और सावन मान सामिल है।[2] इन चार मानों में सावन मान प्राचीन है। जब दूसरे मानों की सृष्टि नहीं हुई थी तब सावन मान को लेकर वैदिक सत्रों का अनुष्ठान काल नियन्त्रित हो रहा था।[3] उस समय सात सूर्यों के बारे में प्रतिपत्ति हुई थी। बारह सूर्यों की प्रतिपत्ति नहीं हुई थी। इन सात को लेकर सूर्य को सप्ताश्व कहते थे। जिस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा में सृष्टि हुई थी उस दिन में भी मेष-संक्रान्ति हुई थी। क्योंकि वह दिन और संवत्सर का भी जन्मतिथि है। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा जिस दिन में पड़ती उस दिन का अधिपति संवत्सराधिपति होता है। यथा—चैत्र शुक्ल प्रतिपदा अगर सोमवार होता तो संवत्सराधिपति चन्द्र होते हैं--ऐसे।[4]

किन्तु संवत्सर से लेकर तिथि तक काल का प्रविभाग में क्या तथ्य अन्तर्निहित है? अयन, ऋतु, मास, पक्ष और तिथिओं के रूप में व्यवहृत होने के लिए संवत्सर ही नित्य काल का प्रतिनिधित्व करता है। संवत्सर की व्यावहारिकता अयन और ऋतुओं की तरह नहीं। लौकिक दृष्टि ऋतुओं की स्थिति पर आ सकती है। उसके बाद संवत्सर की स्थिति आती

---

१. चैत्रे मासि जगद् ब्रह्म ससर्ज प्रथमेऽहनि।
शुक्लपक्षे समग्रं तत्तदा सूर्योदये सति।
प्रवर्त्तयामास तदा कालस्य गणनामपि।
ग्रहान्नागानृतून्मासान् वत्सरान् वत्सराधिपान्। ब्रह्म० पु०,
का० मा० (इस संस्करण में) धृतः, पृ० २८

२. का० मा०, पृ० ३३

३. सत्राण्युपास्यान्यथ सावनेन।
लोक्यं च यत् स्याद् व्यवहारकर्म॥ विष्णुध० पु०,
का० मा०, पृ० ३०

द्र०—Tilaka. B. G., The Arctic Home in the Vedas (poona) P. 157–161.

४. ज्योतिषशास्त्र में यह प्रसिद्धि है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हैं। उसके बाद नित्य काल के अतिरिक्त और किसी का भी मान माना नहीं गया। इसलिए ऋतुओं की स्थिति वत्सर के भीतर हो जाती है ऐसी उपपत्ति से संवत्सर का नामधेय ठिकाना हुआ। संवत्सर की व्यावहारिकता के बारे में आयुर्वेद और ज्योतिःशास्त्र में कुछ बताया जाता है।[1] पांच प्रकारों से संवत्सर का मान निश्चित है यथा सौर बार्हस्पत्य, सावन, चान्द्र और नक्षत्र। पारिभाषिक रूप से इनकी संज्ञा यथाक्रम मातुल, पाताल, अतुल, विमल और वरांग है। इन संज्ञाओं से संवत्सर का दिन परिमाण ज्ञात होता है। ज्योतिः-शास्त्र में संपूर्ण व्यञ्जन वर्णमाला चार वर्गों के द्वारा विभक्त की गयी है। यथा—'क' 'ट' 'प' और 'य' वर्ग। स्वर वर्णों का संकेत शून्य है। वर्गों का वर्ण क्रम के अनुसार संख्या संकेतित होती है। दक्षिण से वाम दिशा में गणना करने से (अङ्कानां वामतो गतिः,) संवत्सर का दिन मान ज्ञात होता है। क्रमानुसार और संवत्सर का नाम मातुल है। 'म' वर्ण पवर्ग का पञ्चम वर्ण है। इससे पांच (५) संकेतित होता है। 'त' वर्ण टवर्ग का षष्ठ वर्ण है। इससे छै (६) संकेतित होता है। 'ल' वर्ण 'य' वर्ग का तृतीय वर्ण है। इससे तीन (३) संकेतित होता है। इन तीन संख्याओं की वाम गति के अनुसार ३६५ संख्या होती है। अतः सौर संवत्सर ३६५ दिनात्मक होता है। बार्हस्पत्य संवत्सर का नाम क्रमानुसार पाताल है। 'प' वर्ण पवर्ग का पहला वर्ण है। इससे एक (१) संकेतित होता है। 'त' वर्ण 'ट' वर्ग का

---

१. सौर-बृहस्पति-सावन-चान्द्रिक-नाक्षत्रिकाः क्रमेण स्युः।
मातुलपातालातुलविमलवराङ्गाश्च वत्सराः पञ्च॥

का० मा०, पृ० ३३.

अधिकन्तु द्रष्टव्य—समयप्रकाश (वीरमित्रोदय), पृ० १०

"गणकप्रसिद्ध्या कटपया वर्गाः। शुद्धस्वरः शून्यार्थः। तत्र वर्गाक्षर-संख्ययाऽङ्कसंग्रहः। तेन मातुलेत्यत्र पवर्गात् पञ्चमेन मकारेण पञ्चसंख्या लभ्यते टवर्गषष्ठेन तकारेण षट्संख्या। यवर्गतृतीयेन लकारेण त्रित्वसंख्या। एवं चाङ्कानां वामतो गतिरिति प्रकारेण मेलने सावनदिनानां पञ्चषष्ठ्यधिक-शतत्रयं सौरसंवत्सरो भवति। एवं पातालशब्दः एकषष्ठ्यधिकशतत्रयसंख्या-माचष्टे। तावत्सूर्योदयपरिमितो बार्हस्पत्यः संवत्सर एवमतुलशब्दः षष्ठ्य-धिकशतत्रयसंख्यामाह। तावत्सूर्योदयपरिमितः सावनः संवत्सरः। एवं विमल-शब्दः चतुःपञ्चाशदधिकशतत्रयसंख्यामाचष्टे। तावत्सूर्योदयपरिमितश्चान्द्रः। एवं वराङ्गशब्दश्चतुर्विंशत्यधिकशतत्रयसंख्यामाह तावत्सूर्योदयपरिमितो नाक्षत्रः संवत्सर इति"।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

षष्ठ वर्ण है। इससे छः (६) संकेतित होता है। 'ल' वर्ण 'य' वर्ग का तृतीय वर्ण है। इससे तीन (३) संकेतित होता है। इन तीन अङ्कों की वाम गति के अनुसार ३६१ संख्या होती है। अतः बार्हस्पत्य संवत्सर ३६१ दिनात्मक है। इस प्रकार क्रमानुसार 'अतुल' सावन संवत्सर का नाम है। वह ३६० दिनात्मक है। 'विमल' चान्द्र संवत्सर का नाम है। वह ३५४ दिनात्मक है। 'वरांग' नाक्षत्र संवत्सर का नाम है। वह ३२४ दिनात्मक है।

इस प्रणाली के अतिरिक्त और एक प्रणाली है[१] जो उत्कल में प्रसिद्ध है। उस प्रणाली के द्वारा भी मातुल प्रभृतिओं का दिन मान का परिमाण मिलता है। यथा—

० अ
१ आ क प य श
२ इ ख न फ र ष
३ ई ग ध ब ल स
४ उ घ द भ व ह
५ ऊ च थ म
६ ए छ त
७ ऐ ज ढ़
८ ओ झ ड़
९ औ ट ठ

इस रेखाचित्र में संख्या के साथ वर्गों की गोष्ठी बताई गयी है। इस गोष्ठ्यन्तर्गत वर्णों की संख्या इससे संकेतित होती है। मातुल संवत्सर का वर्णप्रक्षेप के अनुसार 'मा' से ५, 'तु' से ६ और 'ल' से ३ संकेतित होकर ३६५ संख्या होती है। अतः मातुल सौर संवत्सर है। इस प्रकार दूसरों का संकेत ग्रहण किया जाता है।

अयन उपसंहारवादी है। सामान्य से विशेष को निर्णीत करना उपसंहार का उद्देश्य है।[२] (क) उपसंहार के द्वारा सामान्य की कार्यरूपता मिलती है। नित्यकाल सामान्य है। संवत्सरादि कालावयवों के रूप में इसका उपसंहार होता है। उनमें अयन से प्रारम्भ होकर उपसंहृत काल का कार्या-

---

१. यह प्रणाली परंपरा के अनुसार उत्कल में प्रसिद्धि के साथ चलती हैं। यह प्रणाली माधवाचार्य के अनुसार बनाई गई है।

२(क). सामान्यविधिरस्पष्टः संह्रियेत विशेषतः। —त० वा० ३।४।४७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न्वयन होता है। वही आश्रय है। अतः गत्यर्थक अयधातु से निष्पन्न अयन शब्द सामान्य से विशेष को निरूपित करता है। नित्य काल का संवत्सर के अन्तर्गत अवयवों से प्राथमिक उपसंहार उत्तरायण और दक्षिणायन के रूप में होता है। विभाग करनेवाला कर्त्ता के द्वारा कार्यान्वयन के समय पश्चिम भाग पश्चात् रह जाता है। वह नहीं दिखाई पड़ता है। वस्तु का दृश्यमान अवयव उत्तर-दक्षिण के रूप में पहली बार विभक्त हो सकता है। यह है सामान्य का विशेष रूप और उपसंहार का फल। अयन के द्वारा कालावयव की उपसंहार न्याय से व्यावहारिकता आती है।

अयन के अनन्तर 'ऋतु' काल का अवयव है। गत्यर्थक और प्रापणार्थक 'ऋ' धातु से ऋतुशब्द की उत्पत्ति होती है।[1] जाने का समय कुछ कार्य संपादन करके जाना ही इसका तात्पर्य है। संवत्सर के छ ऋतुएँ हैं। प्रति ऋतु अपनी विशेषता के अनुसार पारिपार्श्विक परिवेष्टनी से असामान्य गुण और दोष को संपादित करते हैं। ऋतु क्रम के अनुसार क्रियाकारिता का वैमत्य मालूम पड़ता है। उद्भिदों के शरीर में जैसे फलदान के लिये असामान्य लक्षण ऋतु के द्वारा ही सम्पादित होता है उस प्रकार प्राणियों के शरीर में सन्तान उत्पत्ति के लिए वर्गीकृत लक्षण ऋतु के द्वारा सम्पादित होता है। अतः ऋतु स्वक्रम काल में कुछ नैसर्गिक लक्षणों के द्वारा कार्य सम्पादन कर फल बाँट कर जाता है।

अग्र-पश्चात्, उत्तर-दक्षिण, उच्च-नीच प्रभृति लक्षणों को लेकर वस्तु का परिमाण नियन्त्रित होता है। काल का परिमाण विन्यास धर्मी अवयव 'मास' शब्द से परिचिह्नित होता है।[2] यह शब्द इसलिये परिमाणार्थक मसी धातु से निष्पन्न है।

परिग्रह अर्थ को सूचित करनेवाला शब्द पक्ष है।[3] मूल धनस्वामी स्वसम्पत्ति को दूसरे लोग को भोग करने के लिये जब देता है तब वह सम्पत्ति परिग्रह नाम से कही जाती है। शुक्ल और कृष्ण भागों को लेकर जो मास प्रवर्त्तित होता है वह मास उस काल अवयवों का मूलस्वामी है। पितरों के लिए, देवताओं के लिए यह कालावयव विशेष रूप से दिया गया

---

१. पाणिनीय धातु संख्या अय—४७४, वही पाणिनीयधातुसंख्या, ९३६, १०९८

२. पाणिनीय धातु संख्या १२२१

३. पणिनीय धातु संख्या १५५०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। यह परिग्रह है। परिग्रह में सर्वदा मूलस्वामी और भोगस्वामी रहते हैं। इसलिए मास का दो पक्ष परिगृहीत होते हैं।

पक्ष और तिथि के बीच में सप्ताह रहता है। किन्तु सप्ताह को लेकर कोई कालावयव के द्वारा विशेष कृत्य की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होती है। किन्तु प्रश्न हो सकता है कि सात दिनों को लेकर प्रवर्तित सप्ताह में विद्यमान दिवस क्रम का क्या प्रमाण है? क्यों रविवार के अनन्तर सोमवार आता है किन्तु मंगलवार नहीं? या गुरुवार भी नहीं या शनिवार भी नहीं? इसका उत्तर ज्योतिषशास्त्रीय वैज्ञानिक प्रमाण के द्वारा दिया जा सकता है।[1] पृथिवी के ऊपर क्रमानुसार चन्द्र, बुध, शुक्र, रवि, मंगल, बृहस्पति और शनि—ये सात ग्रहों की अवस्थिति है।[2] स्व केन्द्र में आवर्त्तित होकर भी पृथिवी को केन्द्र करके भी घूरते हैं। साठ दण्डात्मक एक अहोरात्र में ये सात ग्रह पृथिवी की परिक्रमा करते हैं। इन साठ दण्डों में प्रत्येक दण्ड का अधिपति एक ग्रह रहता है। ऐसी स्थिति में एक अहोरात्र में एक ग्रह का आठ बार ($६० \div ७ = ८ \frac{४}{७}$) आवृत्ति हो जाती है। इसलिए ५६ दण्ड लग जाते हैं। इस क्रम के अनुसार अवशिष्ट चार दण्डों को व्यवस्थित करने से दिन का पहला दण्डाधिपति को लेकर चतुर्थ ग्रह उस बार का अन्तिम दण्डाधिपति हो जाता है। अत एव वार का अधिपति को छोड़कर चतुर्थग्रह परवर्त्ती वार का सूर्योदय में पहला दण्ड का अधिपति हो जाता है। उसके अनुसार उस वार का नामकरण होता है। अगर सूर्योदय में पहला दण्डाधिपति के रूप में चन्द्र को मान लिया जाय तो ८, १५, २२, २९, ३६, ४३, ५० और ५७ दण्डों में चन्द्र आवर्त्तित होकर फिर अधिपति हो जायगा। अवशिष्ट तीन दण्डों के लिए क्रमानुसार बुध, शुक्र और रवि अधिपति होंगे अर्थात् ६० तम दण्ड का अधिपति रवि रहेंगे। दूसरे दिन का सूर्योदय के पहला दण्ड का अधिपति के रूप में क्रमानुसार (पृथिवी के ऊपर विद्यमान सात ग्रहों से) मंगल रहेंगे। अतएव उस वार मंगलवार होगा। सोमवार के अनन्तर मंगलवार होने के लिए यह प्रमाण है। इस प्रकार सात बारों का क्रम उपलब्ध होता है। सूर्यसिद्धान्त में[3] चतुर्थदण्ड का अधिपति के अनुसार वार का नामकरण के लिए व्यवस्था कही गयी है। माधवाचार्य ने

---

१. Shastri. B. H, शास्त्रीय सन्दर्भ-सौरभ० (पुरी० १९७९), पृ० १७४–१७६

२ शशाङ्कज्ञकविरविकुजेज्यार्किनक्षत्रकक्षा ॥ भास्कर । वही

३. चतुर्थाः दिवसाधिपाः ॥ —सूर्यसिद्धान्त । वही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस वैज्ञानिक प्रमाण को नहीं उठाया है किन्तु वारों को लेकर प्रवर्त्तित व्रतों का काल निर्णय किया है।

साठ दण्डों को लेकर तिथि प्रवर्त्तित होती है। तिथिपरिमाण का परिमाप के लिए चन्द्रकला की वृद्धि और क्षय दृश्य प्रमाण है।[1] माधवाचार्य ने इस प्रसंग में पुराण वचनों का उद्धरण दिया है। सूर्यरश्मि का अभिभव से चन्द्र की ज्योत्स्ना नहीं दिखाई पड़ती है। सूर्य की निकटवर्त्तिता के कारण चन्द्रकला दृश्य नहीं होती है। यह शुक्लपक्ष में संभव है। दूरवर्त्ती होकर अपनी स्थिति और निकटवर्ती होकर अपनी स्थिति सूर्य को लेकर ही निश्चित होती है।[2] नित्यकाल (ब्रह्म) ज्योतिर्मय है। सूर्य इनके दृश्य बिम्ब है। इनका निकटवर्त्ती होने का तात्पर्य है अपनी स्थिति को संकुचित करना और दूरवर्त्ती होना का तात्पर्य अपनी स्थिति को बढ़ाना है। इस सिद्धान्त के अनुसार शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष और पूर्वाह्ण का परिमाप होता है। इस परिमाप का विपरिणाम से उत्तरायण, दक्षिणायन और देवयान-पितृयान मार्ग आश्रित हैं। इनकी व्यवस्था के बारे में हमने आलोचना की है। चन्द्रकला का क्षय और वृद्धि के अनुसार प्रवर्त्तित तिथि का मान ६० दण्ड है।[3] किन्तु कालपर्याय से पांच दण्ड तक वृद्धि और छ दण्ड तक क्षय होता है।[4] ऐसे होने से भी क्षय-वृद्धि व्यवस्था तिथिमान का विचार में अपनाई गयी है।

ज्योतिषशास्त्रीय गणना के अनुसार तिथियों की मानव्यवस्था होती है। किन्तु धर्मशास्त्र के अनुसार इनकी सामाजिक व्यावहार्यता सम्पादित होती है। इस व्यवस्था को लेकर धर्मशास्त्र में नियत-कालतत्त्व का (concept of appointed time) उद्भावन हुआ है।[5] यह नियतकाल वेद में जन्यकाल या 'काल' के रूप में प्रसिद्ध है। किन्तु जन्यकाल एक सामान्य

---

१. का० मा०, पृ० ९३–९४

२. का० मा० (इस संस्करण में), पृ० ९६। यः परो विप्रकर्षः सूर्याचन्द्रमसोः सा पौर्णमासी। यः परः सन्निकर्षः साऽमावास्येति।

३. आदित्योदयवेलाया आरभ्य षष्टिनाडिकाः।
तिथिस्तु सा हि शुद्धा स्यात्सार्वतिथ्यो ह्ययं विधिः॥ नारदपुराण
षष्टिनाड्यो हि वै तिथिः॥ सूर्यसिद्धान्तः, का० मा०, पृ० १००

४. बाणवृद्धिः रसक्षयः।

5. Aiyangar. K. V., *Krityakalpataru's Introduction* (नियतकाल काण्ड) P–1.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शब्द है। नियतकाल एक विशेष शब्द है। निर्दिष्ट कृत्य को संपादित करने के लिए निर्दिष्ट काल परिमाण की आवश्यकता होती है। इससे कर्मकाल की धारणा अवतारित होती है। काल में ही कर्म किया जाता है। कर्म के अनुसार काल की व्यवस्था नहीं होती है। धर्मशास्त्र में कालानुसार कर्म व्यवस्था से नियत काल की प्रवृत्ति हुई। कालव्यवहार में ज्योतिषशास्त्र की अपेक्षा धर्मशास्त्र की यह व्यवस्था प्रसिद्ध है। इसलिए महाभाष्यकार पतञ्जलि ने[1] कहा कि नियतकालाः स्मृतयः ॥ लक्ष्मीधर भट्ट ने भी अपने कृत्यकल्पतरु का एक काण्ड को नियतकालकाण्ड के नाम से नामित किया है।[2] नियत काल तत्त्व को लेकर कर्मकाल व्याप्ति की व्यवस्था हुई। जन्यकाल का नियत काल के रूप में और नियत काल का कर्मकाल के रूप में व्यावहारिक काल की जो प्रवृत्ति हुई वह वैदिक सत्रों का अनुष्ठान-काल-विषयक तत्त्वों से उद्भूत है। क्योंकि सत्रों का अनुष्ठान के लिए अनेक दिनों की आवश्यकता पड़ती है।[3] पुत्र–पौत्रादि पुरुषानुक्रमिक सत्रो भी हैं। उनका प्रारम्भ और समाप्ति का निरूपण करके ही संकल्प में उनका अनुष्ठेय काल परिमाण उच्चारित किया जाता है। इस अवसर पर कर्मकाल तत्त्व की भित्ति स्थापित है।

धर्मशास्त्र में सामाजिक व्यवस्था के अन्तर्गत कालव्यवस्था के लिए सत्रों का काल निरूपण विषयक प्रेरणा मिली। इसलिए शुद्धाशुद्ध काल व्यवस्था की प्रवृत्ति हुई। इस स्थल में धर्मशास्त्रीय विषयों का पर्याय क्रमिक प्रभाव कालव्यवस्था के ऊपर पड़ा शास्त्र में नित्य विधियों से काम्य और नैमित्तिक विधियों को लेकर उनकी कालव्यवस्था के ऊपर गुरुत्व दिया है, क्योंकि नित्य विधि में फल नहीं है।[4] केवल प्रत्यवाय विनाश धर्मी फलाभास है।[5] किन्तु काम्य विधि का विशिष्ट फल है। इसलिये 'काले हि कर्म चोद्यते न कर्मणि

---

१. द्र० महाभाष्य ।

२. कृत्यकल्पतरु का तृतीयभाग ।

3. Tilaka B. G., *The Arctic Home in the Vedas* (Poona) P–161.

४. नित्यं सदा यावदायुर्न कदाचिदतिक्रमेत् ।
इत्युक्त्वातिक्रमे दोषः श्रुतेरत्यागचोदनात् ।
फलाश्रुते वींप्सया च तन्नित्यमिति कीर्त्तितम् ॥ इस नित्यत्व द्योतक पदों में फलाश्रुति अन्तर्भुक्त है। का० मा०, पृ० २१२

५. "अतिक्रमे दोषः' इस संकेत से प्रत्यवाय की सूचना मिलती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कालः' ऐसा कहा है । नैमित्तिक विधि का फल है सुधारना इसके लिये कर्मं-काल की व्यवस्था आवश्यक है ।[1]

कर्मकाल का निरूपण के अवसर पर चार कर्त्तव्यों का मूल्याङ्कन करना पड़ता है । यथा—(१) उपवास, (२) एकभक्त, (३) नक्त और (४) अयाचित । इन चार कर्त्तब्यों में उपवास मुख्य है और अहोरात्र इसका कर्मकाल है ।[2] दूसरे तीन उसका प्रतिनिधि हैं । विशेष स्थल में तीन कर्त्तव्यों का स्वातन्त्र्य भी बताया गया है । कोई भी कुछ प्रधान का अङ्ग है ।[3] उपवास व्रत के रूप में किया जाता है । किन्तु उपवास का सामान्य उद्देश्य प्रायश्चित्त है । करणीय नित्य कर्मों का (Routine duty) अनुष्ठान अगर नहीं हो सकता तो उपवास करना पड़ता है । मनु ने पहले यह सिद्धान्त घोषित किया है ।[4] साधारण नीति के रूप में धर्मशास्त्र में इसकी स्थिति है । यह सिद्धान्त राजधर्म में भी प्रवर्त्तित है । जिस दिन में जो कर्मचारी काम नहीं करता है उस दिन का वेतन नहीं ले सकता है । (Concept of no work no Pay) । उपवास का अनुष्ठान जब नहीं हो सकता तब उसके प्रतिनिधि के रूप में एकभक्त प्रभृति की अवतारणा होती है । मनु की इस व्यवस्था को लेकर उपवास के लिये अहोरात्र की कर्मकाल-व्यवस्था प्रवर्त्तित है । पुराणों में इसका वर्णन आख्यानों की सहायता से किया गया है ।

इस उपवास की प्रतिनिधि व्यवस्था जब आवश्यक हुई तब कर्मकालों का प्रकारभेद धर्मशास्त्रीय विचार परिसर में आया । इनके विकास के लिए पुराणों का योगदान महत्त्वपूर्ण है क्योंकि नव्यव्यवस्था के रूप में दूसरों के नियम को अपनाने के लिए पौराणिक स्मार्त्तों का पदक्षेप सामाजिक व्यवस्था में आदर्श हो गया है ।[5] जो व्रत वैदिक सत्र संपृक्त व्यक्तियों के

---

१. द्र०– गणिताज्जायते कालः काले तिष्ठन्ति देवताः ।
वरन्त्वेकाहुतिः काले नाकाले लक्षकोटिशः ।।
परिशेषखण्डः Vol–III. P–III. p–९२३

२. द्र० का० मा० (इस संस्करण में)—पृ० १९३

३. वही ।

४. वेदोदितानां नित्यानां कर्मणां समतिक्रमे ।
स्नातकव्रतलोपे च प्रायश्चित्तमभोजनम् ।। मनु ११।२०३

5. Goyal. S. R, *Religious History of Ancient India* (meerut 1986) Val–II, P. 4.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लिए व्यवस्थापित हुये थे उनका सामाजिकीकरण अर्थात् स्मार्त्तपरंपरा में अन्तर्भाव हुआ।[1] सामाजिक स्मार्त्त कृत्य के रूप में उनका वर्गीकरण हुआ। क्रमशः पुराणों में नाना व्रतों की अवतारणा हुई।[2] इन सब व्रतों तिथियों को लेकर तिथि के भीतर कर्मकाल व्याप्ति के अनुसार नियतरूप से व्यवस्थित काल में अनुष्ठित होने लगे।

नियत काल व्यवस्था में वेध और कर्मकाल का गुरुत्वपूर्ण स्थान है। इन दोनों को लेकर साकल्य[3] सिद्धान्त की प्रवर्त्तना हुई। साकल्य सिद्धान्त के लिए शाब्द ही प्रमुख प्रमाण है। यह शाब्द प्रमाण वचन है। धर्मशास्त्र में संहितीकरण (codification) के द्वारा साकल्य सिद्धान्त लिया जाता है। इसके हेतु कर्मकाल मात्र को स्पर्श करके तिथि रहने पर भी संपूर्ण अहोरात्र में तिथि है ऐसा माना जाता है। अथवा सूर्योदय या सूर्यास्त के समय भी ऐसा साकल्य माना जाता है।[4] ज्योतिषशास्त्रीय सिद्धान्त से पृथक् सिद्धान्त लाने के लिए धर्मशास्त्र में साकल्य सिद्धान्त का उपयोग हुआ।

स्मार्त्त-परंपरा में साकल्य (व्यवस्था) सिद्धान्त का प्रवर्त्तन दो संप्रदायों में[5] प्रबल है। एक ब्राह्मण्य स्मार्त्त और दूसरा वैष्णव स्मार्त्त। ब्राह्मण्य स्मार्त्तों का सम्बन्ध वेद और धर्मशास्त्र के साथ रहता है। वैष्णव स्मार्त्तों का संबन्ध पुराण और तन्त्रों के साथ रहता है। ब्राह्मण्य स्मार्त्त-परम्परा में देवताओं को लेकर प्रधान कर्म की व्यवस्था होती है। वैष्णव स्मार्त्त-परंपरा में अंगों की भावात्मक उपयोगीकरण प्रक्रिया की व्यवस्था होती है।[6] ब्राह्मण्य-परंपरा में सूर्योदय वेध ही आधार है। किन्तु वैष्णव स्मार्त्त-परंपरा में

---

१. व्रतमिदं मया कर्त्तव्यम्। इदं मया न कर्त्तव्यम् इति शास्त्रविहित-संकल्पविशेषः। (कृत्यकल्पतरु) व्रतकालकाण्ड, पृ० xxIII

2. Hazra. R. C, *Studies in the Puranic Records on Hindu Rites and customs* (Delhi 1975) and Studies of (Upapurnas Calcutta)

३. द्र० साकल्य वचन—यां तिथिं समनुप्राप्य उदयं याति भास्करः।
सा तिथिः सकला ज्ञेया स्नानदानजपादिषु॥
—देवल, का० मा०, पृ० १५३

४. सा तिथिः सकला ज्ञेया यस्यामस्तमितो रविः॥ का० मा०, पृ० २७१

५. द्र० का० मा०, पृ० १५३। स्मार्त्त और वैष्णव।

६. नवधा भक्ति का दास्यभाव वैष्णव ग्रन्थों में।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अरुणोदय वेध-ऊपर नजर रखी गयी हैं ।[1] एकादशी व्रत में यह विधान स्पष्ट है ।[2] देवतापूजा के साथ वाहनों की पूजा, वाहनों को लेकर कर्मकाल-व्यवस्था और इष्टदेवता निरूपण नाना परंपरावादियों को मिलन का सूचक है ।[3] धर्मशास्त्र में इस विषय का स्थापन के द्वारा सामाजिक विधियों का संहितीकरण (codification) हुआ है ।

कालमाधव में कालनिर्णय विषयक विचार के अवसर पर यह विषय ध्यान में रखा गया है कि सभी को समाज की परिधि में स्थान देना । वैषम्य समाधान के लिए वाक्यार्थ निरूपण (Interpretation) पद्धति का

---

१. दशमीशेषसयुक्तो यदि स्यादरुणोदयः ।
नैवोपोष्यं वैष्णवेन तद्दिनैकादशीव्रतम् ।। —गरुडपुराण । दे० का० मा०, पृ० ३०५.

२. वही०, पृ० २९२–३२६
nis cealiatis)

3. The emotional attitudes attached to the old forms are transferred to the new which is fitted into the background of the old. Many tribes and races had mystic animals, and when the tribes entered the Hindu Society the animals which followed them were made vehicles and companions of gods. One of them is mounted on the peacock. another on the swan, a third is carried by the bull, and fourth by the goat. The enlistment of Hanuman, the monkey general, in the service of Rama signifies the meeting............ There are other stories in the epic literature indicating the reconciliation of the Vedic and the non-vedice faiths. —Radhakrishnan.

R, *Hindu View of life* (*Bomby 1983*) pp. 29–30
द्र० Hazra. R. C, *Stidies in the Puranic Records on Hindu Rites and Custems*. (Delhi) 1975

Bose & haldar : *Tantras : Their Philosophy and Occult Secrets* (Calcutta) 1981

Sarkar. B. K., *Positive Background, of Hindu Sociology* (Delhi 1985) P. 1

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आश्रय लिया गया है। यह पद्धति पूर्वमीमांसा शास्त्र से संगृहीत हुई है।[१] इसलिए मीमांसा अधिकरणों का विचार कालमाधव में प्रमुख रूप से प्रदर्शित है।

कालमाधव ग्रन्थ का मौलिक नाम कालनिर्णय है। किन्तु माधव का सिद्धान्त गत गुरुत्व को लेकर यह ग्रन्थ कालमाधव के नाम से प्रसिद्ध हो गया है। माधवाचार्य ने पराशरस्मृति के ऊपर पराशर माधवीय व्याख्या की है।[२] इसके अनन्तर कालमाधव की रचना की। ख्रीष्टीय चतुर्दश शताब्दी (ख्री॰ १३४०–१३६०) में माधवाचार्य ने कालमाधव की रचना की।[३] उसकी लेखनी ख्री० १३३० से १३८५ कालावधि में चालू रही।[४] १३३५ खीष्टाब्द में उसने विजयनगर की स्थापना की।[५] बुक्क, कम्पण, द्वितीय संगम और द्वितीय हरिहर के राजत्व काल में माधवाचार्य का मन्त्रित्व विद्यमान था।[६] उसके पिता का नाम मायण, माता का नाम श्रीमती, भाइयों का नाम सायण और भोगनाथ, शाखा का नाम बोधायन और गोत्र भारद्वाज था। विद्यातीर्थ, भारती-तीर्थ और श्रीकण्ठ उसके गुरु थे।[७]

कालमाधव का प्रथम प्रकाशन १८८९ ख्री० में और दूसरा प्रकाशन १९३६ ख्री० में हुआ था। रामचन्द्राचार्य ने कालमाधव की कालनिर्णय

---

1. Shastri P. *Introduction to Purva Mimamsa.* (Varanasi) P–179
   Indian Law Reports I4 Allahabad. p. 70
   Sarkar K. L., *Mimamsa Rules of Interpretation* (T. L. L, Calcutta) P. 453
2. Kane P. V, *History of Dharmashastra* (B. O. R. I 1975) Vol-I. P.-II. PP–778–792

३. वही,

४. वही,

५. वही,

६. वही,

७. श्रीमती जननी यस्य सुकीर्त्ति र्मायणः पिता।
सायणो भोगनाथश्च मनोबुद्धी सहोद्धरौ॥
यस्य बोधायनं सूत्रं शाखा यस्य च याजुषी।
भारद्वाजं कुलं यस्य सर्वज्ञः स हि माधवः॥ पराशरमाधवीय–उपोद्-
घातश्लोक ६-७; द्र० का मा० कारिका २

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दीपिका नामक एक टीका खृी १४५० में लिखी हैं।[1] विद्यारण्य पायगुण्डे की पत्नी लक्ष्मीदेवी ने लक्ष्मी नाम्नी एक टीका भी की थी।[2] नृसिह के द्वारा कालनिर्णय दीपिका के ऊपर भट्ट वैद्यनाथ सूरि ने विवरण लिखा था।[3] उससे अलग कालमाधव कारिका प्रकाशित हुई है।[4] यह कारिका इस संस्करण में ग्रन्थ के उपोदघात शीर्षक में संश्लिष्ट किया गया है। उपोदधातगत कारिका की हिन्दी व्याख्या देने से ग्रन्थ का महत्त्व बढ़ गया है, क्योंकि यह संक्षिप्त रूप में ग्रन्थ की भूमिका ही तो है अतः यह परिपाटी सज्जन विद्वान् पाठक और विद्यार्थी लोगों के लिए सुगम होगी ऐसी आशा है। इस संस्करण को प्रस्तुत करने के लिये हमने चन्द्रकान्त तर्कालङ्कार सम्पादित कालमाधव[5] (१९३५) और रत्न गोपालभट्ट द्वारा सम्पादित कालमाधव[6] की सहायता ली है। इस संस्करण में हमने तुलसी हिन्दी भाषा टीका और विश्लेषण के लिये लघु टिप्पणी संस्कृत में दी है। ग्रन्थान्त में पारिभाषिक शब्दावली और प्रामाणिक वचनों की सूची दी है जो गवेषकों के लिए सहायक होगी।

कृतज्ञता-ज्ञापन

सबसे बड़ी बात यह हैं कि माधवाचार्य के अद्वैतपन्थी आचार्य काञ्ची कामकोटी पीठाधिपति शङ्कराचार्य श्रीजयेन्द्र सरस्वती स्वामी ने इस संस्करण के लिए आशीर्वचन दिया है जो इसमें संलग्न है। यह आशीर्वचन केवल पाठकों को नहीं, श्रद्धालु धार्मिको को भी उत्साह और कर्त्तव्य प्रेम से मग्न होने के लिए प्रेरणा देगा। इसलिए श्रीस्वामी जी के प्रति मैं साष्टांग प्रणिपात कर रहा हूँ और आशा रखता हूँ कि जन्मजन्मान्तर में इस प्रकार सहायता मैं प्राप्त कर सकूँ। इस संस्करण में हिन्दी भाषा टीका बनाने के लिए मेरे गुरुदेव पण्डित कुलमणि मिश्र (राष्ट्रपति-सम्मानित), डा० बलरामदास जी (मेरे हिन्दी भाषा के आचार्य), मेरे सतीर्थ डा० रवीन्द्रनाथ मिश्र जी (हिन्दी अध्यापक, रेमेन्सा कालेज, कटक,

---

1. Kane *H. D. S.* Vol. I., P. 1I. P–791.
२. वही
३. वही
४. वही
5. Bombay (1935) Edition. Venkateswar Steam Press.
6. Chaukhamba Edition Varanasi.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उत्कल) और डा० जयकृष्ण मिश्रजी ने (धर्मशास्त्राध्यापक) सहायता दी है। इसलिए मैं उनका आभारी हूँ। इस ग्रन्थ का प्रकाशन के लिए चौखम्वा संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष श्रीयुत मोहनदास गुप्त जी और राजेन्द्र जी प्रमुख के प्रयास अविस्मरणीय है। संस्कृत शास्त्रों की सुरक्षा के लिए मैं उनकी उत्तरोत्तर अभिवृद्धि कामना कर रहा हूँ। इस ग्रन्थ को इस रूप से बनाने के लिए मेरी धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी देवी एम. ए (मनस्तत्त्व) ने मुझे सब प्रकार स्वाधीनता दी है। इसलिए इस भाषा टीका का नाम 'तुलसी' रखकर उसके प्रति मैं अपनी अधमर्णता व्यक्त कर रहा हूँ। इस प्रकाशन में डॉ० कपिलदेव गिरि (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) का एकनिष्ठ सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा।

अन्त में भगवान श्रीजगन्नाथ जी के चरणारविन्दों में प्रार्थना करता हूँ की धर्मशास्त्रों की वैज्ञानिक गवेषणा के लिये इस काल में सदैव अनुरागियों के हृदय में प्रेरणा दें।

रंगभरी एकादशी
१८-३-१९८९

डॉ० व्रजकिशोर स्वाईं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्णक्रमानुसारिणो कालमाधवस्य विषयसूची

विषयः	पृष्ठे
अ	
अद्भिः पारणस्याशितानशितोभयात्मकत्वम्	३५३
अधिकारिभेदेन नक्तस्य कालभेदव्यवस्थानिर्णयः	१४१
अपराह्णद्वयेऽप्यमावास्याया अप्राप्तौ प्रतिपद्यपि तत्तच्छ्राद्धकरणम्	४०३
अपराह्णे दैवादननुष्ठाने सायाह्नेऽपि पार्वणस्य कर्त्तव्यतानिर्णयः	१७४
अमावास्यानिर्णयः	३९५
अमावास्याशब्दार्थनिर्वचनम्	४०८
अमावास्याश्राद्धे ग्राह्यतिथिनिर्णयः	३९७
अयननिरूपणम्	३६
अयाचितनिर्णयः	१४८
अल्पायां द्वादश्यामरुणोदये स्नानार्चनादिसर्वक्रियाकरणम्	३४९
अष्टमीनिर्णयः	२३३
अष्टम्यां दिवाभोजनप्रायश्चित्तम्	३३७
अशक्तावद्भिः पारणम्	३४९
अशौचिनोऽपि ग्रहणस्नानादिकम्	४७७
अर्हविभागे पञ्च मतभेदाः	१०४
अहीनन्यायः	३६३
आ	
आगमन्याययोरसत्त्वे शिष्टाचारान्निर्णयकथनम्	२०४
आमश्राद्धविधिः	४७६
आमश्राद्धादीनां कालकथनम्	१२३
आमिक्षाधिकरणम्	२५२
इ	
इष्टिकालनिर्णयः	४०६
इष्टिविकृतिन्यायेन पशुसोमविकृतेः कालनिर्णयः	४३१
इष्टिविकृतीनां पर्वकालत्वम्	४३०
इष्टेः पर्वप्रतिपत्कालत्वम्	४१८
उ	
उत्तरतिथिगतवृद्धिक्षयाभ्यां मृताहतिथिनिर्णयः	१८३
उत्तरमीमांसागतं स्मृत्याधिकरणम्	८
उत्तरविद्धायास्तिथेर्ग्रहणे क्रियत्परिमाणमुदयेऽपेक्षणीयमिति विवेचनम्	१५४
उपवासनिषेधे भक्षणनिर्णयः	३४६
उपवासशब्दाभिधेयस्यान्वाधानादेः कालनिर्णयः	४१८
उपवासासमर्थस्य विधिः	३३४
उपोद्घातः	१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः	पृष्ठे
ऋ	
ऋतुनिरूपणम्	३९
ऋतूनां षड्विधत्वपंचविधत्व-निरूपणम्	३९
ए	
एकत्रनित्यत्वकामत्वयोरविरोध-निरूपणम्	१४६
एकभक्तनक्तयोरेकस्मिन् दिने प्राप्तौ निर्णयः	१४७
एकभक्तनिर्णयः	२३६
एकभक्तस्य कालस्वरूपनिर्णयः	२३६
एकभक्तस्य त्रैविध्यम्	२३६
एकवर्षस्थमलमासत्रयामनकाल-निर्णयः	६२
एकादशीनिर्णयः	२९२
एकादशीमहिमा	३५१
एकादश्यां व्रतानुष्ठानक्रमः	३४१
एकादश्यां विरूद्धवचनानां व्यवस्थापनम्	३१९
एकादश्यां श्राद्धं कृत्वाऽपि न भोक्तव्यम्	३४०
एकादश्यां सूतकादौ तत्र परि-त्यक्तस्य देवार्चनादेः सूतकान्ते कर्त्तव्यता	३४५
एकादश्यां सूतकादौ दानार्च्चन-रहितस्योपवासमात्रस्य कर्त्तव्यता	३४५
एकादश्यां स्त्रीणां रजोदर्शनेऽपि देवार्च्चनादिरहितस्यो-पवासमात्रस्य कर्त्तव्यता	३४६
एकादश्यामधिकारिनिर्णयः	३२७
एकादश्यामरुणोदयवेधस्य वैष्णवविषयत्वनिर्णयः	३०९

विषयः	
एकादश्यामुपवासाकरणे प्रायश्चित्तम्	३३७
एकादश्युपवासस्य नित्यत्व काम्यत्वनिर्णयः	२९२
एकोद्दिष्टपार्वणभेदेन पित्र्यस्य द्वैविध्यम्	१६३
एकोद्दिष्टस्य समाप्तिकालः	१६८
एकोद्दिष्टस्यारम्भकालः	१६८
एकोद्दिष्टस्वरूपनिर्णयः	१६८
एकोद्दिष्टे किं कालव्यापिनी तिथिग्राह्येति विवेचनम्	१६५
क	
करणनिर्णयः	४४०
कर्मकालव्यापिशास्त्रस्य प्राबल्यम्	१९२
कर्मभेदकप्रमाणानि	२४७
कर्मविशेषे ऋतुविशेषनिरूपणम्	४३
कर्मविशेषे मासविशेषप्राशस्त्यम्	५१
कर्मविशेषे संवत्सरविशेषनिर्णयः	२७
काम्योपवासक्रमः	३३८
कालनिरूपणम्	१
कालस्य नित्यानित्यभेदेन द्वैविध्यम्	४
कुतपस्वरूपम्	१७७
क्षयमासयुताब्दे मासद्वयस्याधि-कत्वम्	६१
क्षयमासस्वरूपादिकम्	६१
क्षयमासस्य द्विमासत्वम्	६७
क्षिप्रादिगणनिर्णयः	४६१
ख	
खण्डापूर्णभेदेन तिथीनां द्वैविध्यम्	९७
खर्वादिभेदेन तिथीनां त्रैविध्यम्	९७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः पृष्ठे

ग

गृहस्थस्यापि क्वचित् यतिवत् दिवानक्ताचरणम् १४४
ग्रस्तास्तमये ग्रहणे पुण्यकाल-निर्णयः ४८०
ग्रस्तास्तमये ग्रहणे भोजनव्यवस्था ४८१
ग्रहणकाले स्थितस्य पक्वान्नस्य परित्यागः ४७७
ग्रहणनिर्णयः ४६७
ग्रहणविशेषे स्नानादौ नदीविशेषनिर्णयः ४७१
ग्रहणश्राद्धं हेमाद्रिना कार्यम् ४७५
ग्रहणस्नानस्य गङ्गादौ प्राशस्त्यम् ४६७
ग्रहणस्नाने मासविशेषेण नदीविशेषस्य प्राशस्त्यम् ४७१
ग्रहणस्याद्यन्तयोः स्नानम् ४७७
ग्रहणे क्षेत्रविशेषप्राशस्त्यम् ४७३
ग्रहणे दानं सत्पात्रे करणीयम् ४७८
ग्रहणे पुत्रिण उपवासनिषेधः ४८५
ग्रहणे पुत्रिणो भोजनकालः ४८५
ग्रहणे भोजनप्रायश्चित्तम् ४८२
ग्रहणे भोजनव्यवस्था ४८०
ग्रहणे भोजनव्यवस्थायां बालवृद्धा-तुरविषये विशेषः ४८२
ग्रहणे स्वापादिनिषेधः ४७७
ग्रहणे होमादिकालः ४७७

च

चतुर्थी निर्णयः २०६
चतुर्दशीनिर्णयः ३५८
चतुर्दश्यां दिवाभोजनप्रायश्चित्तम् ३३७
चान्द्रमासस्य द्वैविध्यम् ४५

विषयः पृष्ठे

चान्द्रसंवत्सरस्य संवत्सर-परि-वत्सरादिभेदेन पञ्चविधत्वम् ३५
चान्द्र-सौर-सावनशब्दानां प्रवृत्ति-निमित्तनिरूपणम् २८
चूडामणियोगः ४७४

ज

जन्माष्टमी-जयन्तीव्रतयोः स्वरूप-निरूपणम् २५४
जन्माष्टमी-जयन्त्यो ग्राह्यतिथि-निर्णयः २७०
जन्माष्टमी-जयन्त्यो र्वेधनिरूपणम् २६४
जन्माष्टमी व्रतविचारः २४१
जन्माष्टमी विचारः २४१
जन्माष्टम्यादौ पारणनिर्णयः २७९
जन्यकालनिरूपणम् २१
जयन्तीलक्षणम् २४४
ज्योतिरधिकरणम् २४८

त

तिथिनिर्णयः ९२
तिथिभान्ते पारणनिरूपणम् १२७
तिथिभान्ते पारणस्यापवादः १२७
तिथीनां वेधनिर्णयः १०९
तृतीयानिर्णयः २००
त्रयोदशीनिर्णयः ३५६

द

दक्षिणायनेऽप्युग्रदेवतानां प्रतिष्ठा ३८
दर्शशब्दार्थनिर्वचनम् ४११
दशमीनिर्णयः २८७
दशमीवेधनिर्णयः ३०४
दशमीवेधस्य विषयव्यवस्था ३०८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः	पृष्ठे
दानव्रतयोर्मुख्यानुकल्पभेदेन कालनिर्णयः	१५३
दिवा दैवादकरणे रात्रावपि श्राद्धकरणनिर्णयः	१७४
दिवारात्रिगतानां मुहूर्त्तानां श्रुत्याद्युक्तानि नामानि	१०१
दैविकश्राद्धनिरूपणम्	१२४
द्वादशीनिर्णयः	३५३
द्वादश्यां श्रवणनक्षत्रलाभे एकादश्युपवासे विशेषः	३४७
द्वितीयादिप्रकरणम्	१९२
द्वितीयानिर्णयः	१९२
द्वितीयायामेकभक्तादौ प्रतिपन्न्यायेन निर्णयनिरूपणम्	१९९
द्विसंक्रान्तमासस्य क्षयसंज्ञायामुपपत्तिः	६४
न	
नक्तनिर्णयः	१४१
नक्तव्रते तिथिनिर्णयः	१४३
नक्तस्य कालनिर्णयः	१४२
नक्तस्वरूपनिर्णयः	१४२
नक्षत्रनिर्णयः	२८१
नवमीनिर्णयः	२८५
नागव्रते मध्याह्नव्यापिन्याश्चतुर्थ्या ग्राह्यत्वनिर्णयः	२१९
नागवेधस्य षण्मुहूर्त्तात्मकत्वनिर्णयः	२२९
नित्यकालनिरूपणम्	१
नित्योपवासप्रकारः	३४६
निर्णेतव्यकालविचारः	१४
निर्मन्थ्यन्यायः	३७४

विषयः	पृष्ठे
प	
पक्षनिर्णयः	८८
पञ्चदशीनिर्णयः	३९४
पञ्चमीनिर्णयः	२२०
परतिथ्यादिगतयोः क्षयवृद्ध्योः पूर्वतिथ्यादिषु प्रक्षेपपूर्वकं तन्निर्णयकथनम्	१८४
पर्वसन्धिनिरूपणम्	४१४
पर्वसन्धिविषये परतिथेःक्षयवृद्धिभ्यां विशेषकथनम्	४३४
पर्वसु रात्रिभोजनप्रायश्चित्तम्	४८५
पाञ्चरात्रादिदीक्षारहितानां श्रौतस्मार्त्तपर्यवसितानामधिकारिणामेकादशीनिर्णयः	३१५
पात्रलक्षणम्	४७९
पात्रेषु मुख्यानुकल्पनिर्णयः	४७९
पापक्षयकामस्य ग्रहणदिने उपवासविधानम्	४८५
पापक्षयमात्रफलकानां काम्यत्वाभावनिरूपणम्	२५९
पारणकालविचारः	१२७
पार्वणश्राद्धनिर्णयः	१७०
पित्र्यकर्मणि प्रतिपन्निर्णयः	१६३
पूर्णिमाशब्दार्थनिर्वचनम्	४०६
पूर्वविद्धायां कर्त्तव्यतया निर्णीतानामपि कर्मणां दैवात्तत्राकरणे परविद्धायामपि कर्तव्यतानिर्णयः	१२९
पूर्वविद्धायां प्रतिपद्युपवाससंकल्पविचारः	१२४
पूर्वोत्तरविद्धयोः प्रतिपदोः पूज्यत्वविचारः	१११

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः	पृष्ठे
पौर्णमासीनिर्णयः	३९४
पौर्णमास्यमावस्ययोर्द्वैविध्यकथनम्	४१३
प्रकीर्णकप्रकरणम्	४३७
प्रतिनिधिविधानम्	३३५
प्रतिनिधौ विशेषकथनम्	३३७
प्रतिपत् प्रकरणम्	९३
प्रतिपदादिदानव्रतनिर्णयः	१५१
प्राणाधिकरणम्	११३
प्रातःकाले श्राद्धनिषेधः	१७७
प्रोक्षणीन्यायः	३६७
ब	
ब्राह्मणादिजातिभेदेन मासविशेषविधानम्	५०
म	
मकरकर्कटसंक्रान्तौ रात्रावपि स्नानादिकम्	४५७
मध्वादि शब्दानां चैत्रादिपर्य्यायत्वकथनम्	४१
मलमासनिर्णयः	५३
मलमाससंसर्पाहंस्पतिसंज्ञकानां त्रयाणामपि मासानां विवहादौ निषेधः	६०
मलमासस्य द्विराषाढसंज्ञार्णियः	८७
मलमासस्य द्विराषाढसंज्ञायाः प्रयोजनकथनम्	८७
मलमासस्य नपुंसकत्वनिर्णयः	५४
मलमासस्य मलिम्लुचत्वनिर्णयः	५४
मलमासस्य स्वातन्त्र्यपूर्वोत्तरशेषत्वविचारः	५९
मलमासे कार्याकार्यविवेकस्य पञ्चविधत्वकथनम्	८६
मलमासे वर्ज्यावर्ज्यविवेकः	६८
महानदीकथनम्	४७०
मासनिरूपणम्	४४
मासविशेषकर्त्तव्यनिर्णयः	५१
मासशब्दनिरुक्तिनिर्णयः	४५
माससामान्यकर्त्तव्यनिर्णयः	५१
मासस्य चान्द्रादिभेदननानाविधत्वनिर्णयः	५१
मासानां चैत्रादीनां कथनम्	५०
मृताहे श्राद्धनिर्णयः	१२३
मृताहे पार्वणविधिः	१६३
मेषादिसंक्रान्तितः पूर्वं मेषायणादि निर्णयः तत्र पुण्यकालादि निर्णयश्च	४५६
मेषादिसंक्रान्तीनां चैत्रादि संज्ञानिमित्तत्वविचारः	५१
य	
यागकालनिर्णयः	४१७
यावज्जीवाधिकरणम्	२९९
युग्मवाक्यस्योपवासविषयत्वनिर्णयः	१९४
योगनिर्णयः	४४०
र	
रविवारे रात्रिभोजन प्रायश्चित्तम्	३३७
रात्रिनक्तभोजने कालनिर्णयः	१४१
रात्रिसंक्रमणे पुण्यकालनिर्णयः	४५१
रामनवमी निर्णयः	२८५
व	
वत्सर-प्रकरणम्	२७
वर्ज्यावर्ज्यविवेकः	६८
वल्युत्सवीय प्रतिपन्निर्णयः	१२९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विषयः	पृष्ठे
वसन्तमष्तोः प्राथम्यनिर्णयः	४१
वसन्तादि ऋतुनिरूपणम्	३९
वसन्तादिऋतूनां चान्द्र-सौरभेदेन निर्णयः	४१
विद्धैकादश्युपवासे रात्रौ संकल्पः	३४३
विनायकव्रतादौ चतुर्थ्याः पूर्वविधत्वनिर्णयः	२१२
विनायकव्रते मध्याह्नकालव्याप्तिनिर्णयः	२१५
विरोधाधिकरणन्यायः	६
विविदिषाधिकरणम्	३०१
वेधकतिथेर्वेध्यतिथेश्च त्रिमुहूर्त्तत्वं वेध्यवेधकत्वप्रयोजनम्	१९४
वैश्वानरविद्योपासनन्यायः	३८०
वैष्णवलक्षणम्	३१०
वैष्णवविषये एकादशीनिर्णयः	३११
व्यवस्थितविकल्पे अष्टौ दोषाः	२०९
व्रतविशेषादष्टमीनिर्णयः	२४१
शिवरात्रिव्रतनिर्णयः	३६२
शिवरात्रिव्रतस्य नित्यत्वकाम्यत्वे	३७६
शिवरात्रिव्रतस्वरूपनिर्णयः	३७६
शिवरात्रिव्रते अधिकारिणो नियमाः	३७८
शिवरात्रिव्रते ग्राह्यतिथिनिर्णयः	३८४
शिवरात्रिव्रते पारणकालनिर्णयः	३९२
शिवरात्रिव्रते सर्वेषामधिकारः	३७७
शिवरात्रिशब्दार्थनिर्णयः	३६२
शिवरात्रौ काम्यव्रतस्य वर्षसंख्या	३७७
शुद्धतिथिनिर्णयः	३९९

विषयः	पृष्ठे
श्रुत्यादिप्रमाणानां बलाबलभावनिर्णयः	२०६
ष	
षष्ठी निर्णयः	२२५
स	
संक्रान्ति-निर्णयः	४४४
संक्रान्तिपुण्यकालनिर्णयः	४४७
संक्रान्तिविशेषेषु स्नानादीनां कालविशेषनिरूपणम्	४४८
संक्रान्तिस्वरूप-निर्णयः	४४४
सम्मुखीनिर्णयः	१००
संवत्सरस्य त्रैविध्यनिर्णयः	२७
संवत्सरस्य पञ्चविधत्वनिर्णयः	३३
संसर्पाख्यस्य त्रयोदशमासस्य ऋत्वन्तर्भावनिर्णयः	४२
संसर्पाख्यस्य त्रयोदशमासस्य कर्मार्हत्वतदपवादौ	६४
संसर्पांहस्पतीसंज्ञकमासद्वयनिर्णयः	६५
सप्तमीनिर्णयः	२३०
सर्वेषां ग्रहाणां नक्षत्रराशिसंक्रमे पुण्यकालनिर्णयः	४५६
सांवत्सरिकादौ कृतपस्य मुख्योपक्रमकालत्वकथनम्	१७७
सांवत्सरिकादौ प्रतिपदः पूर्वोत्तरविद्धायाः ग्राह्यत्वविचारः	१८०
सायाह्नापराह्णादिकालनिर्णयः	१००
सावित्रीव्रते तिथिनिर्णयः	३९५
सौरनक्ते तिथिनिर्णयः	१४५
स्कन्दोपवासे पञ्चम्याः परिविद्धायाः ग्राह्यत्वनिर्णयः	२२४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उपोद्घातः

वागीशाद्याः सुमनसः सर्वार्थानामुपक्रमे ।
यं नत्वा कृतकृत्याः स्युस्तं नमामि गजाननम् ॥ १ ॥

सब कार्यों के प्रयोजनों में देवगुरु बृहस्पति प्रभृति देवता लोग जिसको नमस्कार करके कृतकृत्य होते हैं उस गजानन गणेश जी को मैं प्रणाम करता हूं ॥ १ ॥

सोऽहं प्राप्य विवेकतीर्थपदवी[1]माम्नायतीर्थे परं
मज्जन् सज्जनसङ्गतीर्थनिपुणः सद्वृत्ततीर्थं श्रयन् ।
लब्धामाकलयन् प्रभावलहरीं श्रीभारतीतीर्थतो ।
विद्यातीर्थमुपाश्रयन् हृदि भजे श्रीकण्ठमव्याहतम् ॥ २ ॥

आम्नाय अर्थात् वेद । आम्नाय तीर्थ में अर्थात् वैदिक शास्त्र में आत्मा और अनात्मा को विवेचना पूर्वक जानकर विवेकतीर्थ नामक पदवी को प्राप्त होकर तथा सज्जन लोगों की संगति में निमग्न होकर, उत्तम लोगों के वृत्त अर्थात् आचार को लाभकर, भारती तीर्थ के प्रभाव की लहरी से प्रभावित होकर और विद्यातीर्थ के आश्रय लेकर मैं अपने हृदय में श्रीकण्ठ को निरन्तर भजन करता हूँ ॥ २ ॥

सत्यैकव्रतपालको द्विगुणधीस्त्र्यर्थी चतुर्वेदिता[2]
[3]पञ्चस्कन्धकृती षडन्वयदृढः[4] [5]सप्ताङ्गसर्वंसहः । /

---

१. विवेकतीर्थ इति माधवाचार्यस्योपनाम ।

२. आन्वीक्षिकी त्रयी वार्त्ता दण्डनीतिश्च शाश्वती ।
विद्याश्चैताश्चतस्रस्तु लोकसंस्थितिहेतवः ॥ इति ।

३. सहायाः साधनोपाया विभागो देशकालयोः ।
विनिपातप्रतीकारः सिद्धिः पंचांगमिष्यते ॥ इति

४. सन्धिं च विग्रहं चैव यानमासनमेव च ।
द्वैधीभावं संश्रयं च षाड्गुण्यं चिन्तयेन्नृपः मनुः ७।१६०

५. स्वाम्यमात्यौ पुरं राष्ट्रं कोशदण्डौ सुहृत्तथा ।
सप्त प्रकृतयो ह्येताः सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते ॥ मनुः ९।२९४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

[1]अष्टव्यक्तिकलाधरो [2]नवनिधिः पुष्यद्दशप्रत्ययः
स्मार्त्तोच्छ्राय-धुरन्धरो विजयते श्रीबुक्कणक्ष्मापतिः ॥ ३ ॥

सत्य का व्रतपूर्वक पालनकर्त्ता, दो गुण बुद्धिवाला, तीन अर्थों को लाभ करने के लिये तत्पर, चार वेदों को अध्ययन करनेवाला, पांच स्कन्धों को रखनेवाला, छ अन्वयों से दृढ़, सात अङ्गों के रक्षक, आठ कला को धारण करनेवाला, नौ निधि के प्रभु, दस प्रत्ययों को पुष्टि करनेवाला, और स्मृति-शास्त्र अर्थात् धर्मशास्त्र के धुरन्धर विद्वान् राजा बुक्कण विराजित (विजय शील) है ॥३॥

दूसरा अर्थ—सत्य रूप एक मुख्य व्रत के पालक, दूसरे नरपतिओं से दो गुणे बुद्धिमान अथवा सत्त्व और रज रूप दो प्रकार के बुद्धि से युक्त, धर्म, अर्थ और काम अभिलासी ये तीन पुरुषार्थो के अर्थी अर्थात्—अभिलाषी, साम, दान भेद और दण्ड रूपक उपायों के ज्ञाता, अथवा आन्विक्षिकी, त्रयी, वार्ता और दण्डनीति को जाननेवाला, रूप, वेदना, विज्ञान, संज्ञा और संस्कार है ये पांच बौध तत्त्वों के अर्थात् सहाय, साधनोपाय, देश और काल के विभाग, विनिपात और प्रतीकार ये पांच मन्त्र सिद्धि में कुशल, सन्धि–विग्रह यान, आसन, दैधीभाव और संश्रय ये छ गुणों (षाड्गुण्य) से दृढ़, स्वामी, अमात्य. सुहृद्, कोश, राष्ट्र, दुर्ग और बल, ये सात अङ्गों से समृद्ध, सर्वसहा अर्थात् राज्यवाला, आठ दिक्पालों की शक्ति के आधार स्वरूप महापद्म, पद्म, शंख, मकर, कच्छप, कुन्द, नील और खर्व—ये नौ नीधियों का प्रभु, दस दिशाओं में जिसके ऊपर प्रत्यय अर्थात् विश्वास है या चार वेद और छ वेदाङ्गों मिलकर दश शास्त्रों के ऊपर जिसकी निगुणता है, वह राजा बुक्कण विराजित है।

व्याख्याय माधवाचार्यो धर्मान् पाराशरानथ ।
तदनुष्ठानकालस्य निर्णयं कर्त्तुमुद्यतः ॥ ४ ॥

पराशरस्मृति में प्रतिपादित धर्मों की व्याख्या करके इनको अनुष्ठान करने के लिये आवश्यक काल का निर्णय करने के लिये माधवाचार्य जी उद्यम करते हैं ॥ ४ ॥

---

१. सोमऽग्न्यर्कानिलेन्द्राणां वित्ताप्पत्योर्यमस्य च ।
अष्टानां लोकपालानां वपुर्धारयते नृपः ॥ मनुः ५।९६

२. महापद्मश्च पद्मश्च शंखो मकरकच्छपौ ।
मुकुन्दः कुन्दनीलाश्च खर्वश्च निधियो नव ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्यामूढानामिह तनुभृतां जाह्नवीतीर्थमेकं
विद्यातीर्थं प्रकृतिविमलं सद्विवेकोदयानाम् ।
सर्वेषां तत् प्रथमसुखदं भारतीतीर्थमाहु-
स्तद्भावान्मे विपुलमनसो निश्चये शक्तिरस्ति ॥ ५ ॥

इस जगत में मोहग्रस्त लोगों के दोष को दूर करने के लिये गङ्गा तीर्थ की तरह प्रकृति शुद्ध विद्या तीर्थं भारती तीर्थ जी ही है। वे सभी को सुख देते हैं। उनके साथ सद्भाव रखने के कारण मैं विपुलमना होकर धर्मानुष्ठानार्थ काल को निश्चय करने के लिये अवश्य शक्तिमान् हूँ ॥ ५ ॥

अर्थोऽनुक्रम्यते श्लोकैरखिला निर्णिनीषितः ।
तावतैवानुतिष्ठासुर्निःसन्देहं प्रवर्त्तताम् ॥ ६ ॥

निर्णय करने के लिये इच्छा प्रकाश कर श्लोक के माध्यम से अर्थों का विवरण दिया जाता है। इसका साहाय्य लेकर अनुष्ठानकामी लोग निसन्देह प्रवर्त्तित होंगे ॥ ६ ॥

ततो मीमांसुचित्तस्य समाधानाय तत्पुनः ।
विवरिष्ये यथान्यायं श्रुतिस्मृतिवचोबलात् ॥ ७ ॥

जिस पर मीमांसा आवश्यक होगी। उस मीमांसा को प्रतिपादन करने के लिये श्रुति और स्मृति के वचनानुसार न्याय पूर्वक विवरण उपस्थापित करूँगा ॥ ७ ॥

पञ्च प्रकरणान्यत्र तेषूपोद्घात[1]वत्सरौ ।
प्रतिपत् शिष्टतिथयो नक्षत्रादिरितिक्रमः ॥ ८ ॥

इस ग्रन्थ में क्रमानुसार उपोद्घात, वत्सर, प्रतिपत्, द्वितीया प्रभृति तिथिओं और नक्षत्रादि के नाम से पांच प्रकरण आलोचित किये हैं ॥ ८ ॥

उपोद्घाते कालसत्वं तस्य निर्णययोग्यता ।
ईश्वरो नित्यकालात्मा चिन्तनीयः स कर्मसु ॥ ९ ॥

उपोद्घात प्रकरण में काल का अस्तित्व और निर्णय के लिये योग्यता, सब प्रकार कर्मों में चिन्तनीय ईश्वर के नित्य कालस्वरूप प्रभृति विषयों पर विचार किया गया है ॥ ९ ॥

जन्ये कालेऽब्दमुख्यत्वमुक्तमेतच्चतुष्टयम् ॥ १० ॥
अब्दायनर्तुमासाश्च पक्षः प्रकरणान्तरे ।

---

१. चिन्तां प्रकृतसिद्ध्यर्थामुपोद्घातं विदुर्बुधाः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नित्य काल से उत्पन्न जन्मकाल अनेक हैं। उनमें अब्द या संवत्सर मुख्य होता है ॥ १० ॥

अब्दः पञ्चविधश्चान्द्रो व्रतादौ तिलकादिके ॥ ११ ॥
सुजन्मादिव्रते सौरो गोसत्रादिषु सावनः।
त्रयोऽप्याचार्यसेवादौ विकल्प्यन्ते निजेच्छया ॥ १२ ॥
आयुर्दाये हि नाक्षत्रो बार्हस्पत्योऽधिवत्सरे।
चान्द्राणां प्रभवादीनां पञ्चके पञ्चके युगे ॥
संपरीदान्विदित्येतच्छब्दपूर्वास्तु वत्सराः ॥ १३ ॥

इस प्रकरण से भिन्न प्रकरण में अयन, ऋतु, मास और पक्ष के विषय पर विचार होता है। अब्द पांच प्रकार होता है। तिलकादि व्रत में उपयोगी चान्द्र संवत्सर प्रसिद्ध है। सुजन्मादि व्रत में सौर और गोसत्रादि में सावन संवत्सर विनियुक्त होते हैं। लेकिन आचार्यसेवादि क्रिया में ये तीन संवत्सर विकल्प रूप से गृहीत होते हैं। आयु की गणना और अधिवत्सर में यथाक्रम नक्षत्र और बार्हस्पत्यवत्सर अनुमोदित होते हैं। प्रभवादि चान्द्र-संवत्सर पांच-पांच वर्ष में आवर्त्तित होते हैं। सं, परि, इद, इदा, और आ, इन पांच शब्दों को पूर्व में स्थापित कर संवत्सरों के नाम का निर्णय होता है ॥ ११-१३ ॥

तिलो यवो वस्त्रधान्ये राजतं दीयतेऽत्र तु।
उग्रे कर्मणि शान्ते च स्तोऽयने दक्षिणोत्तरे ॥ १४ ॥

इन संवत्सरों में तिल, यव, वस्त्र, धान्य और रजतादि द्रव्यों का दान होता है। उग्रकर्मों का अनुष्ठान के लिये दक्षिणायन और शान्तिकर्मों के लिये उत्तरायण प्रशस्त है ॥ १४ ॥

वसन्ताद्यृतवो द्वेधा चान्द्राः सौराश्च चान्द्रकाः।
चैत्राद्या अथ मीनाद्या मेषाद्या वा विवस्वतः ॥ १५ ॥

चान्द्र और सौर भेद से बसन्तादि ऋतुओं को दोभागों में विभाजित की जाती है। चान्द्र-संवत्सर का चैत्रमास से और सौर संवत्सर का मीन या मेष से प्रारम्भ होता है ॥ १५ ॥

तेष्वाधानादयस्तद्वत् षण्मूर्त्तिव्रतपूजनम्।
मासास्तु सावनः सौरश्चान्द्रो नाक्षत्र इत्यमी ॥ १६ ॥

आग्न्याधान और षण्मूर्त्ति व्रत इस समय पर अनुष्ठित होते हैं। सावन, सौर, चान्द्र और नक्षत्र भेद से मास चार प्रकार होता है ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दर्शान्तः पूर्णिमान्तो वा चान्द्रोऽसौ विप्रवैश्ययोः ।
सौरो राज्ञः सावनस्तु यज्ञे ज्योतिषिके परः ॥ १७ ॥

दर्शान्त और पूर्णिमान्त के रूप में चान्द्र मास प्रसिद्ध है, यह विप्र और वैश्य के लिये व्यवहार योग्य है। सौरमास क्षत्रिय के लिए और सावनमास यज्ञादि काल का निर्णय के लिये उपयुक्त है। ज्योतिष शास्त्र में इस मास की प्रसिद्धि पाई जाती है ॥ १७ ॥

माघादिमासभेदेषु तिलदानादयः स्मृताः ।
चान्द्रोऽधिमासोऽसंक्रान्तः सोऽन्तर्भवति चोत्तरे ॥ १८ ॥

माघादिमासों में तिलदानादिधार्मिक कृत्य अनुष्ठेय है। चान्द्र अधिमास संक्रान्तिरहित होने से परवर्त्तिमास में अन्तर्भुक्त होता है ॥ १८ ॥

असंक्रान्तावेकवर्षे द्वौ चेत् संसर्प आदिमः ।
क्षयमासो द्विसंक्रान्तः स चांहस्पतिसंज्ञकः ॥ १९ ॥

एक संवत्सर में अगर दो संक्रान्तिरहित मास होते हैं तो उनसे प्रथम संक्रांति रहित मास की संज्ञा 'संसर्प', द्विसंक्रान्त मास की संज्ञा क्षयमास और परवर्त्ती संक्रान्ति रहित मास की संज्ञा अंहस्पति होती है ॥ १९ ॥

त्रयस्त्याज्या विवाहादौ संसर्पाहंस्पती उभौ ।
शुद्धौ श्रौते तथा स्मार्त्ते मलमासो विविच्यते ॥ २० ॥

ये तीन प्रकार के मास विवाहादि शुभकार्यों में परित्याज्य हैं। मलमास के शुद्धपक्ष में श्रौतकर्म और स्मार्त्तकर्म हो सकते हैं ॥ २० ॥

काम्यारम्भं तत्समाप्तिं मलमासे विवर्जयेत् ।
आरब्धं मलमासात्प्राक् कृच्छ्रं सत्रादिकं तु यत् ॥ २१ ॥
तत्समाप्यं सावनस्य मानस्यानतिलङ्घनात् ।
आरम्भस्य समाप्तेश्च मध्ये स्याच्चेन्मलिम्लुचः ॥ २२ ॥
प्रवृत्तमखिलं काम्यं तदाऽनुष्ठेयमेव तु ।
[1]कारीर्यादि तु यत्काम्यं तस्यारंभसमापने ॥ २३ ॥
कार्ये कालविलम्बस्य प्रतीक्षाया असंभवात् ।
अनन्यगतिकं नित्यमग्निहोत्रादि न त्यजेत् ॥ २४ ॥

---

१. कारीरी नाम यागविशेषः । अवग्रहे शुष्यतां शस्यानां वृद्धया सञ्जीवनं तत्फलम् । अतस्तत्र कालप्रतीक्षा न संभवति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गत्यन्तरयुतं नित्यं सोमयागादि वर्जयेत् ।
अगतिग्रहणं स्नानं [1]जातेष्टिर्गतिसंयुता ॥ २५ ॥

मलमास में सब प्रकार के काम्य कर्मों का आरंभ और समाप्ति नहीं हो सकती । मलमास के पूर्ववर्त्ती काल तक प्रारब्ध सत्रादि कर्मों की मलमास में समाप्ति हो सकती है, क्योंकि उसकी परिगणना सावनमान से होती है। सावनमान का लंघन उचित नहीं है । आरंभ और समाप्ति के मध्यवर्त्ती समय पर मलमास हो जाने से आरब्ध काम्य कर्म का अनुष्ठान में कोई दोष नहीं है । कारीरी प्रभृति काम्य कर्म और गत्यन्तर रहित कर्मों का अनुष्ठान के लिये काल प्रतीक्षा नहीं हो सकती । इसलिये काम्य कर्मों का आरंभ या समाप्ति और गत्यन्तर रहित अग्निहोत्रादि नित्य कर्मों का अनुष्ठान मलमास में हो सकता है ।

सोमयाग प्रभृति याग भिन्न समय में अनुष्ठित हो सकते हैं, परन्तु, मलमास में उनका वर्जन होता है । ग्रहण-स्नान भिन्न काल में नहीं हो सकता । इस लिये अगतिक कर्म होता है । जातेष्टि भिन्न काल में हो सकती है इस लिये सगतिक कर्म है । इन दोनों में ग्रहण स्नान मलमास में हो सकता। किन्तु जातेष्टि कर्म नहीं हो सकता ॥ २१-२५ ॥

द्वयं नैमित्तिकं तस्य व्यवस्था नित्यवन्मता ।
शुद्धमासमृतानां स्यान्मलिने प्रथमाब्दिकम् ॥ २६ ॥
मलमासमृतानां तु मले स्यादाब्दिकान्तरम् ।
दैवे मुख्यः शुक्लपक्षः कृष्णः पित्र्ये विशिष्यते ॥ २७ ॥

शुद्ध मास में मृतों के प्रथमाब्दिक श्राद्ध और मलमासों में मृतों में प्रथमाब्दिक श्राद्ध मलमास में होता है । दैव कार्य के लिये शुक्लपक्ष और पितृकार्य के लिये कृष्णपक्ष प्रशस्त है ॥ २६-२७ ॥

तृतीये तु प्रकरणे वर्णिता प्रतिपत्तिथिः ।
प्रतिपन्नाम विज्ञेया चन्द्रस्य प्रथमा कला ॥ २८ ॥

प्रस्तुत ग्रन्थ के तृतीया प्रकरण में प्रतिपत् तिथि का निर्णय वर्णित है। प्रतिपत् चन्द्र की सबसे पहली कला है ॥ २८ ॥

---

१. वैश्वानरं द्वादशकपालं निर्वपेत् पुत्रे जाते इति श्रुत्या विहिता जातेष्टि भिन्नकालेऽनुष्ठातुं शक्यते ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुक्लपक्षे विशेच्चन्द्रं कृष्णपक्षे विनिःसरेत् ।
शुद्धा विद्धा तिथिः शुद्धा हीना तिथ्याऽन्ययाऽह्नि ॥ २९ ॥

शुक्ल पक्ष में यह कला चन्द्र में प्रवेश करती है और कृष्णपक्ष में निकल जाती है । शुद्धा और विद्धा भेद से तिथि दो प्रकार की होती है ॥ २९ ॥

उदये पूर्वया तिथ्या विध्यते त्रिमुहूर्त्तकैः ।
सायं तूत्तरया तद्वत् न्यूनया तु न विध्यते ॥ ३० ॥

सूर्योदय से पुनः सूर्योदय का अन्तराल में अन्य तिथि का संसर्ग से रहित तिथि शुद्धा होती है । सूर्योदय में पूर्वतिथि तीन मुहूर्त्त होने से तिथि विद्धा होती है । अस्तकाल में उत्तरतिथि के तीन मुहूर्त्त न्यून होने से वह विद्ध नहीं हो सकती है ॥ ३० ॥

वेध्याऽपि त्रिमुहूर्त्तैश्च न न्यूना वेधमर्हति ।
शुद्धायां नास्ति सन्देहो दैवे पित्र्ये च कर्मणि ॥ ३१ ॥

अतः वेध के लिये तीन मुहूर्त्त काल की स्थिति अनिवार्य है । दैव और पितृकर्म के लिये शुद्धा तिथि में सन्देह नहीं है ॥ ३१ ॥

उपवासश्चैकभक्तं नक्तं चायाचितं व्रतम् ।
दानं च षड्विधं दैवं क्रमादत्र विविच्यते ॥ ३२ ॥

उपवास, एकभक्त, नक्त (दिवानक्त और रात्रिनक्त), अयाचित और दान—ये छ प्रकार देवकर्म की विवेचना यहाँ होती है ॥ ३२ ॥

एकोद्दिष्टं पार्वणं च पित्र्यं द्वैविध्यमीर्य्यते ।
शुक्लपक्षे दर्शविद्धा कृष्णे विद्धा द्वितीयया ॥ ३३ ॥

एकोद्दिष्ट और पार्वण नाम से पितृकर्म दो प्रकार है । शुक्लपक्ष की अमावास्या-विद्धा और कृष्ण पक्ष की द्वितीया-विद्धा प्रतिपत तिथि उपवास के लिये प्रशस्त होती है ॥ ३३ ॥

उपोष्या प्रतिपच्छुक्ले मुख्या स्यादापराह्णिकी ।
तदभावे तु सायाह्नव्यापिनी परिगृह्यताम् ॥ ३४ ॥

विशेषतः अपराह्णव्यापिनी शुक्लपक्ष की प्रतिपत् तिथि मुख्य होती है । अपराह्ण व्याप्ति के अभाव से सायाह्न व्याप्ति अङ्गीकृत होती है ॥ ३४ ॥

प्रातः-सङ्गव- मध्याह्नापराह्णाः सायमित्यसौ ।
अत्राह्नः पञ्चधा भागो मुख्यो द्वित्र्यादिभागतः ॥ ३५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रातः, संगव, मध्याह्न, अपराह्न और सायाह्न भेद से दिवस का पांच प्रकार विभाग है। दो प्रकार और तीन प्रकार विभाग से इस प्रकार विभाग मुख्य हैं ॥ ३५ ॥

अभावेऽपि प्रतिपदः संकल्पः प्रातरिष्यते।
तिथिस्त्रियामतोऽर्वाक् चेत्तिथ्यन्ते पारणं भवेत् ॥ ३६ ॥
यामद्वयोर्ध्वगामिन्यां प्रातरेव हि पारणम्।
बल्युत्सवं च पूर्वेद्युरुपवासवदाचरेत् ॥ ३७ ॥

संगवप्रभृति विभागों से अभाव होने पर भी दैवकार्य के लिये प्रातः काल में संकल्प होता है। पूर्वविद्धा प्रतिपत् प्रातः काल में तीन मुहूर्त्त नहीं होने पर भीं प्रातः काल में संकल्प होकर अन्त में पारण होता है। पूर्वविद्धा प्रतिपत तिथि में उपवास जैसा होता है वल्युत्सव भी वैसा होता है ॥ ३६–३७॥

मुख्यतिथ्यन्तराये तु तिथिशेषोऽपि गृह्यताम्।
शुद्धाधिका तु कृष्णाऽपि पूर्वा संपूर्त्तिसंभवात् ॥ ३८ ॥

पूर्व बिद्धा मुख्य तिथि अन्तराय होने से विहिति कर्म अगर नहीं हो सकता तो परवर्ती दिन में तिथि के अवशिष्ट भाग में (पूर्वाह्न में) कर्म हो सकता है। एक दिन में साठ दण्ड विशिष्ट तिथि शुद्ध होती है। इससे अधिक होने से तिथि शुद्धाधिका होती है ॥ ३८ ॥

ग्रहीतव्या त्वेकभक्ते मध्याह्नव्यापिनी तिथिः।
परेद्युरेव तद्व्याप्तिः पूर्वेद्युर्वा दिनद्वये ॥ ३९ ॥

शुद्धाधिका कृष्ण प्रतिपत तिथि भी पूर्वविद्धा होकर ग्रहणीय होती है। क्योंकि पूर्वदिन में तिथि की व्याप्ति संपूर्ण होतीं है। एकभक्त में मध्याह्न व्याप्ति स्वीकृत है ॥ ३९ ॥

नोभयत्रोभयत्रांशे साम्यं वैषम्यमित्यमी।
षट् पक्षास्तेषु चैकैकव्याप्तौ सैवात्र गृह्यताम् ॥ ४० ॥
दिनद्वयेऽपि तद्व्याप्तावव्याप्तौ चैकदेशतः।
समव्याप्तौ च पूर्वैव वैषम्ये त्वधिकेष्यताम् ॥ ४१ ॥

तिथि व्याप्ति छ प्रकार की होती है। यथा पूर्वदिन से विद्ध होने से परत्रव्याप्ति, उभयदिनों से विद्ध होने पर उभयत्रव्याप्ति, विद्ध न होने पर नोभयत्रव्याप्ति, उभयदिन व्याप्ति स्थल में समान अंश से विद्ध होने पर उभयत्र साम्यव्याप्ति और विषम अंश से विद्ध होने पर उभयत्रवैषम्यव्याप्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

होती है। छ प्रकार की व्याप्तिओं में पूर्वत्रव्याप्ति में पूर्वदिन और परत्र-व्याप्ति में परदिन ग्रहणीय होता है। उभयत्रसाम्यव्याप्ति तक पूर्व दिन ग्रहणीय है और यहाँ वैषम्यव्याप्ति होती है। इस स्थल में जिस दिन में अधिक व्याप्ति होती वह दिन ग्रहणीय होता है ॥ ४०–४१ ॥

अन्याङ्गस्यैकभक्तस्य कालस्त्वङ्ग्यनुसारतः।
उपवासप्रतिनिधेस्तिथिः स्यादुपवासवत् ॥ ४२ ॥

वहाँ एकभक्त स्वतन्त्र न होकर किस विशेष कर्म का अङ्ग होता है। यहाँ यह कर्म अङ्गी हो जाता है। एकभक्त अन्यांग हो जाने से एकभक्त के लिये स्वतन्त्र कर्मकाल नहीं है। अङ्गी का अनुष्ठान काल ही इसका अनुष्ठान काल होता है। उपवास का प्रतिनिधि होने पर इसका कर्मकाल उपवास की तरह होता है ॥ ४२ ॥

प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिर्व्याप्तिर्दिनद्वये।
अव्याप्तिर्वाऽथवांऽशेन व्याप्तिः स्यात् सर्वथोत्तरा ॥ ४३ ॥

नक्तव्रत (रात्रिव्रत) के लिये प्रदोष को व्याप्त होनेवाली तिथि गृहीत होती है। उभयदिनों में व्याप्ति होने से या न होने से या कुछ अंश में होने से उत्तर दिन गृहीत होता है ॥ ४३ ॥

सौरनक्ते तु सायाह्नव्यापिनी न प्रदोषगा।
अयाचिते तु तिथयः स्वीकार्या उपवासवत् ॥ ४४ ॥

सौरनक्त के लिये तिथि की प्रदोषव्याप्ति न होकर सायाह्न व्याप्ति गृहीत होनी है। अयाचित व्रत के लिये उपवास की तरह तिथियाँ स्वीकृत होती हैं ॥ ४४ ॥

सोदयत्रिमुहूर्त्तायां कुर्याद्दानं व्रतानि च।
उभयत्र तथात्वे तु पूर्वेद्युस्तदनुष्ठितिः ॥ ४५ ॥

सूर्योदय से परवर्त्ती तीन मुहूर्त्त तक तिथि रहने से उदयव्याप्ति होती है। दान और व्रत के लिये उदय व्याप्ति मानी जाती है। उभयदिनों में उदयव्याप्ति होने से पूर्वदिन में दान और व्रतों का अनुष्ठान होता है ॥४५॥

परत्रैव तथात्वं चेत् पूर्वा ग्राह्या तिथिक्षये।
तिथेः साम्ये च वृद्धौ च गृह्यतां तिथिरुत्तरा ॥ ४६ ॥

परदिन में व्याप्ति होने से या तिथि क्षय होने से पूर्वदिन गृहीत होता है। दो दिनों में तिथि की व्याप्ति समान होने से या तिथ की वृद्धि होने से परदिन ग्रहणीय होता है ॥ ४६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अस्पर्शे चैकदेशस्य व्याप्तौ पूर्वैव गृह्यताम् ।
एकोद्दिष्टे तु मध्याह्नयुक्ता स्यादेकभक्तवत् ॥ ४७ ॥

एकदेश में व्याप्ति होने पर पूर्व दिन गृहीत होता है। एकभक्त की तरह एकोद्दिष्ट में मध्याह्नकाल प्रशस्त है ॥ ४७ ॥

एकदेशसमव्याप्तौ क्षये पूर्वाऽन्यथोत्तरा ।
[1]कुतपाद्यपराह्णान्तव्याप्तिराब्दिके उत्तमा ॥ ४८ ॥

एक देश व्याप्ति या तिथिक्षय में पूर्वदिन गृहीत होता है। अन्यथा सब जगह उत्तर दिन प्रशस्त है। वार्षिक पार्वण श्राद्ध के लिये कुतप से अपराह्ण तक तिथि व्याप्ति प्रशस्त है ॥ ४८ ॥

तदभावेऽपराह्णस्य व्यापिका गृह्यतां तिथिः ।
क्षये पूर्वोत्तरा वृद्धौ व्याप्तिश्चेदपराह्णयोः ॥ ४९ ॥

इस प्रकार की व्याप्ति का अभाव से केवल अपराह्ण व्याप्ति गृहीत होती है। श्राद्ध के लिये तिथि क्षय हो जाने से पूर्व दिन और वृद्धि होने पर परदिन गृहीत होता है ॥ ४९ ॥

न ग्राह्यतिथिगौ वृद्धिक्षयावूर्ध्वतिथेस्तु तौ ।
साम्ये तूर्ध्वतिथेर्ग्राह्या परविद्धैव वृद्धिवत् ॥ ५० ॥
न स्पृशेदपराह्णौ चेत् पूर्वा स्यात् कुतपो वृथा ।
वैषम्येणैकदेशस्य व्याप्तौ ग्राह्या महत्त्वतः ॥ ५१ ॥

दो दिनों के अपराह्ण में व्याप्ति होने से तिथि की वृद्धि होती है किन्तु ग्राह्य तिथि का क्षय नहीं होता है। वृद्धि स्थल की तरह साम्य स्थल में भी परदिन गृहीत होता है। उभयदिनों के अपराह्ण को स्पर्श न होने से पूर्वदिन गृहीत होता है। परदिन के कुतपकाल में तिथि की अवस्थिति होने पर भी कुतप वृथा है। विषम एकदेश व्याप्ति स्थल में जिस दिन में अधिक व्याप्ति हो उस दिन का ग्रहण होता है ॥ ५०–५१ ॥

साम्येन चेत् क्षये पूर्वा परा स्याद् वृद्धिसाम्ययोः ।
वृद्धिसाम्यक्षया ग्राह्यतिथिगा नोर्ध्वगा इह ॥ ५२ ॥

साम्य एकदेश व्याप्ति स्थल में क्षय होने से पूर्वदिन और वृद्धि साम्य स्थलों में परदिन गृहीत होता हैं। वृद्धिसाम्य-क्षय के अवसर पर पूर्व तिथि की तरह निर्णय नहीं होता है। किन्तु ग्राह्य तिथि की वृद्धि प्रभृति यहाँ नियामक होती है ॥ ५२ ॥

---

१. अह्नोऽष्टमो मुहूर्त्तः कुतपः, तस्य द्वादशमुहूर्त्तेनापराह्णसमाप्तिः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वितीयाद्यास्तु पर्वान्तास्तुर्यप्रकरणोदिताः ।
सञ्चारणीयः सामान्यात् तिथिषु प्रतिपन्नयः ॥ ५३ ॥

द्वितीया से पंचदशी तक तिथिओं का निर्णय चौथा प्रकरण का विषय है । प्रतिपद का निर्णय के लिये अनुसृत नियम सब तिथि के लिये साधारण है ॥ ५३ ॥

क्वचित् क्वचित् विशेषोऽस्ति सोऽयमत्राभिधीयते ।
पूर्वेद्युरसती प्रातः परेद्युस्त्रिमुहूर्त्तगा ॥ ५४ ॥

स्थल विशेष में कुछ विशेष है जो यहाँ विचारणीय है । पूर्वदिन के प्रातः में द्वितीया न होकर परदिन में प्रातः में तीन मुहूर्त्त होने पर परदिन ग्रहणीय है ॥ ५४ ॥

सा द्वितीया परोपोष्या पूर्वविद्धा ततोऽपरा[1] ।
रम्भातृतीया पूर्वास्यादुत्तरा स्याद् व्रतान्तरे ॥ ५५ ॥

अन्यथा पूर्वदिन के प्रातः में तीन मुहूर्त्त होने से पूर्वदिन ग्रहणीय है । रम्भातृतीया पूर्वविद्धा गृहीत होती है । अन्य व्रतों में तृतीया परविद्धा होती है ॥ ५५ ॥

मुहूर्त्तमात्रसत्त्वेऽपि दिने गौरीव्रतं परे ।
शुद्धाधिकायामप्येवं गणयोगप्रशंसनात् ॥ ५६ ॥

परदिन में नहीं होने से अन्य व्रतों में तृतीया पूर्वविद्धा होती है । परदिन में तृतीया मुहूर्त्त मात्र होने से भी गौरी व्रत के लिये प्रशस्त है । यहाँ कहने का तात्पर्य यह है कि पूर्वदिन में मुहूर्त्तमात्र होने से द्वितीया विद्धा तृतीया त्याज्य है । परदिन में तीन मुहूर्त्त होने से तिथि शुद्धाधिका होती है ॥ ५६ ॥

चतुर्थी तु परोपोष्या गणनाथव्रतस्य तु ।
मध्याह्नव्यापिनी पूज्या तद्वन्नागचतुर्थ्यपि ॥ ५७ ॥

चतुर्थी के साथ युक्त तृतीया की प्रशंसा से परविद्धा तृतीया ग्रहणीय है ।

---

१. यद्यपि द्वितीया कृष्णा पूर्वा; शुक्ला परा इति सामान्यतो निर्णयस्तथापि पूर्वेद्युः त्रिमुहूर्त्तव्यापित्व एव कृष्णा पूर्वा नोचेत् परा स्यात् ॥ यदि परदिनेऽपि त्रिमुहूर्त्तन्यूना नास्त्येव वा तदापि पूर्वैव । एवं परदिने त्रिमुहूर्त्तव्यापित्व एव शुक्ला परा यदि परदिने ततो न्यूना नास्त्येव वा तदा सापि पूर्वैव ॥ इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गणेशव्रत में परविद्धा मध्याह्नव्याप्तियुक्त चतुर्थी पूजनीय (मान्य) है। नागचतुर्थी व्रत में भी यह नियम रहता है ॥ ५७ ॥

परेद्युरेव मध्याह्नव्याप्तौ विघ्नस्य सोत्तरा ।
अन्यथा पूर्वविद्धैव मातृयोगप्रशस्तितः ॥ ५८ ॥

परदिन में मध्याह्नव्याप्ति होने से विघ्नराज (गणेश) की पूजा के लिये चतुर्थी प्रशस्त है। अन्यथा मातृ (तृतीया) योग के कारण पूर्वविद्धा ही पूज्य है ॥५८॥

पूर्वेद्युरेव तद्व्याप्तौ पूर्वा सर्पप्रिया तिथिः ।
नोचेत् सर्पस्य पञ्चम्या योगोऽत्यन्तं प्रशस्यते ॥ ५९ ॥

गणेशव्रत के पूर्वदिन गौरीव्रत होता है। इसलिये पूर्वविद्धा चतुर्थी को मातृयोग कहते हैं। पूर्वदिन में मध्याह्नव्याप्ति होने से सर्प के लिये यह तिथि प्रिय है। अन्यथा पंचमी के साथ चतुर्थी का योग प्रशस्यतम है ॥५९॥

गौर्याः शुद्धजयाव्यस्तु नागविद्धा निषिध्यते ।
सर्वत्र पञ्चमी पूर्वा ग्राह्या स्कन्दव्रते परा ॥ ६० ॥

गोरी व्रत में तृतीया अगर संपूर्ण रहती और चतुर्थी का ह्रास हो जाता है तो चतुर्थी विद्धा तिथि व्रत के लिये गृहीत नहीं होती है। सर्वत्र पंचमी तिथि पूर्वविद्धा गृहीत होती है। किन्तु स्कन्द-पंचमी परविद्धा गृहीत होती है ॥ ६० ॥

नागविद्धा स्कन्दषष्ठी सा निषिद्धा व्रतान्तरे ।
उत्तरस्या अलाभे तु नागविद्धैव गृह्यताम् ॥ ६१ ॥

निषिद्ध होनेवाली पंचमी विद्धा षष्ठी स्कन्द व्रत के लिये ग्रहणीय है। अन्य व्रतों के लिये ये निषिद्ध है। साधारण व्रत के लिये परविद्धा न होने से अगत्या पंचमी विद्धा षष्ठी मानी जाती है ॥ ६१ ॥

विना द्वादशनाडीभि र्नागवेधो न दोषकृत् ।
सप्तमी पूर्वविद्धैव व्रतेषु निखिलेष्वपि ॥ ६२ ॥

क्योंकि वारह दण्ड विशिष्ट पंचमी तिथि के वेध से षष्ठी तिथि दूषित हो जाती है। सभी व्रतों के लिये सप्तमी पूर्वविद्धा गृहीत होती है ॥ ६२ ॥

अलाभे पूर्वविद्धायाः परविद्धैव गृह्यताम् ।
व्रतमात्रेऽष्टमी कृष्णा पूर्वा शुक्लाऽष्टमी परा ॥ ६३ ॥

पूर्वविद्धा के अभाव से परविद्धा सप्तमी मानी जाती है। कृष्णपक्ष की अष्टमी पूर्वविद्धा और शुक्ल पक्ष में परविद्धा गृहीत होती है ॥ ६३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दूर्वाष्टमी तु शुक्लाऽपि पूर्वविद्धा विधीयते।
पक्ष-द्वयेऽप्युत्तरैव शिवशक्तिमहोत्सवे॥ ६४॥

किन्तु दूर्वाष्टमी शुक्लपक्ष में भी पूर्वविद्धा मानी जाती है। शिवशक्ति उत्सव के लिये शुक्ल और कृष्ण पक्ष में अष्टमी परविद्धा गृहीत होती है॥ ६४॥

ज्येष्ठर्क्षयोगे पूर्वाऽपि ग्राह्या ज्येष्ठा व्रते तिथिः।
मध्याह्नादूर्ध्वमृक्षं चेत् परेद्युः सा प्रशस्यते॥ ६५॥

ज्येष्ठा नक्षत्र युक्त व्रत के लिये ज्येष्ठा नक्षत्र का योग पूर्वदिन में होने से पूर्वविद्धा अष्टमी मानी जाती है। मध्याह्न से उत्तर ज्येष्ठा नक्षत्र रहने से परविद्धा अष्टमी होती है॥ ६५॥

ज्येष्ठर्क्षभानुवाराभ्यां युक्ताष्टम्यतिदुर्लभा।
जयन्त्याख्यं व्रतं भिन्नं कृष्णजन्माष्टमीव्रतात्॥ ६६॥

रविवार और ज्येष्ठा नक्षत्र का योग सबसे दुर्लभ है। कृष्ण जन्माष्टमी व्रत से जयन्ती व्रत अलग है॥ ६६॥

शुद्धा च सप्तमीविद्धेत्येवं जन्माष्टमी द्विधा।
सप्तमी चेन्निशीथात् प्राक् विद्धा शुद्धाऽन्यथा भवेत्॥ ६७॥

जन्माष्टमी दो प्रकार की होती है। यथा शुद्धा और सप्तमी-विद्धा। सप्तमी यदि निशीथ से पूर्व होती तो अष्टमी सप्तमी-विद्धा होती है। अन्यथा अष्टमी शुद्धा होती है॥ ६७॥

शुद्धायां नास्ति सन्देहो विद्धा च त्रिविधेष्यते।
निशीथयोगः पूर्वेद्युः परेद्युर्वा द्वयोरुत॥ ६८॥

शुद्धा जन्माष्टमी में सन्देह नहीं है। विद्धा तीन प्रकार की है। यथा—पूर्वदिन में निशीथ योग, परदिन में निशीथ योग और उभय दिनों में निशीथ योग॥ ६८॥

पूर्वैव प्रथमे पक्षे परैवोत्तर-पक्षयोः।
अष्टमी रोहिणी-युक्ता जयन्ती सा चतुर्विधा॥ ६९॥

पूर्वदिन में निशीथयोग होने से पूर्वदिन और परदिन या उभयदिनों में निशीथ योग से परदिन गृहीत होता है। रोहिणी नक्षत्र से युक्त भाद्रपद अष्टमी जयन्ती है। ये चार प्रकार की है॥ ६९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शुद्धा शुद्धाधिकेत्येवं विद्धा विद्धाधिकेति च[1]।
शुद्धायामपि विद्धायां न संभाव्योत्तरा तिथिः ॥ ७० ॥

शुद्धा, शुद्धाधिका, विद्धा और विद्धाधिका। शुद्धा और विद्धा के लिये परदिन ग्रहणीय नहीं होता है ॥ ७० ॥

शुद्धाधिकायां योगश्चेदेकस्मिन् वा दिनद्वये।
नैकयोगेऽस्ति सन्देहो द्वि-योगे प्रथमं दिनम् ॥ ७१ ॥

जिस दिन में रोहिणी का योग है वह दिन स्वीकृत होता है। उभय-दिनों में योग होने पर पूर्व दिन ग्रहणीय होता है ॥ ७१ ॥

सदा निशीथे पश्चाद् वेत्युत्तमो मध्यमोऽधमः।
योगस्त्रिधाऽपि पूर्वेद्युः संपूर्णत्वादुपोषणम् ॥ ७२ ॥

निशीथ योग सबसे प्रशस्त है। निशीथ मध्यरात्र को कहा जाता है। अर्धरात्रि के बाद में भी रोहिणी का योग होता है। इस लिये यह योग उत्तम, मध्यम और अधम भेद से तीन प्रकार का है। तीन प्रकार के योग से पूर्वदिन गृहीत होता है, क्योंकि उस दिन में तिथि पूर्णरूप में रहती है ॥ ७२ ॥

विद्धाधिकायामप्येकदिनयोगे स गृह्यताम्।
द्वयोर्योगस्त्रिधा भिन्नो निशीथे वृत्तिभेदतः ॥ ७३ ॥

विद्धाधिका में एक दिन में योग होने से वह दिन गृहीत होता है। दो दिनों में होनेवाला योग तीन प्रकार का होता है। एकदिन में निशीथ योग, उभयदिनों निशीथ योग निशीथ और उभयदिनों में नहीं होनेवाला निशीथ योग ॥ ७३ ॥

तद्वृत्तिर्दिन एकस्मिन् उभयोर्नोभयोरिति।
एकस्मिंश्चेत् तद्दिनं स्यात् पक्षयोरन्त्ययोः परम् ॥ ७४ ॥

उस क्षेत्र में जिस दिन में निशीथ योग होता है वह दिन ग्राह्य होता है और दो पक्षों में परदिन ग्राह्य होता है ॥ ७४ ॥

बुधे सोमे जयन्ती चेत् वारे साऽतिफलप्रदा।
तिथ्यृक्षयोर्द्वयोरन्त उत्तमं पारणं भवेत् ॥ ७५ ॥

---

१. या पूर्वदिने सप्तमीयोगमप्राप्ता सती तत्रैव परिसमाप्यते साऽष्टमी शुद्धा। या पूर्वदिने संपूर्णा सती परदिनेऽपीषन्निःसरति सा शुद्धाधिका या पुनः सप्तमीयुक्तापि पूर्वदिन एव परिसमाप्यते सा विद्धा। या तु पूर्वदिने सप्तमीविद्धा सती परदिनेऽपि निःसरति सा विद्धाधिकेति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बुध और सोमवार में होनेवाली जयन्ती सबसे अधिक फल देनेवाली है। यहाँ पारण के लिये तीन प्रकार की रीति होती है। तिथि और नक्षत्र की समाप्ति में होनेवाला पारण उत्तम है ॥ ७५ ॥

एकस्यान्ते मध्यमं स्यादुत्सवान्तेऽधमं स्मृतम्।
यस्मिन् वर्षे जयन्त्याख्यो योगो जन्माष्टमी तदा ॥ ७६ ॥

तिथि या नक्षत्र की समाप्ति में मध्यम और उत्सव की समाप्ति में पारण अधम होता है। जिस वर्ष में जयन्ती योग और जन्माष्टमी आ जाती है उस वर्ष में जयन्ती में जन्माष्टमी अन्तर्मुक्त हो जाती है ॥ ७६ ॥

अन्तर्भूता जयन्त्यां स्यादृक्ष-योग-प्रशस्तितः।
नवमी पूर्वविद्धैव पक्षयोरुभयोरपि ॥ ७७ ॥

क्योंकि जयन्ती में होनेवाला नक्षत्रयोग सबसे प्रशस्त है। उभयपक्ष की नवमी पूर्वविद्धा गृहीत होती है ॥ ७७ ॥

मध्याह्ने[1] रामनवमी पुनर्वसु-समन्विता।
ग्राह्या नैवाष्टमी-युक्ता सनक्षत्राऽपि वैष्णवैः ॥ ७८ ॥

किन्तु पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त रामनवमी का कर्मकाल मध्याह्न होने से मध्याह्न व्याप्ति ही यहाँ मानी जातीं है। अष्टमी विद्धा नवमी के साथ पुनर्वसु का योग होते हुये भी वैष्णवों ने भी गृहीत नहीं होती है ॥७८॥

कृष्णा पूर्वोत्तरा शुक्ला दशम्येवं व्यवस्थिता।
जयन्ती व्रतवन्नित्यं काम्यं चैकादशीव्रतम् ॥ ७९ ॥

कृष्णपक्ष में नवमी पूर्वविद्धा और शुक्लपक्ष में परविद्धा गृहीत होती है। कृष्णपक्ष की दशमी पूर्वविद्धा और शुक्लपक्ष की परविद्धा गृहीत होती है। जयन्तीव्रत की तरह एकादशी व्रत नित्य और काम्य होता है ॥ ७९ ॥

अरुणोदयवेधोऽत्र[2] वेधः सूर्योदये यथा।
उक्तौ द्वौ दशमीवेधौ वैष्णवस्मार्तयोः क्रमात् ॥ ८० ॥

---

१. दिवसस्य त्रिधाविभागः पञ्चधाविभागश्चेति। अत्र लक्ष्मीटीका यथा "मध्याह्नोऽत्र पञ्चधा विभागेन त्रिधा विभागेनेति केचित्। अष्टममुहूर्त्त एवात्र मध्याह्नः मध्यरात्रवदित्यपरे। तथा च रामनवमी मध्याह्न—व्यापिनी ग्राह्या दिनद्वये मध्याह्नव्याप्तौ तदव्याप्तौ तदेकदेशव्याप्तौ वा पुनर्वसुयुता, दिनद्वये पुनर्वसुयोगे मध्याह्ने तद्योगवती, दिनद्वऽयेपि मध्याह्ने तद्योगे मध्याह्नं विहाय तद्योगे वा सर्वथाऽयोगे वोत्तरैवेति ॥

२. उदयात्प्राक् चतस्रो नाडिका अरुणोदयः। तत्र दशमीसंसर्गेऽरुणोदय-वेधः, सूर्योदये तथा सति सूर्योदयवेधः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसमें अरुणोदयवेध और सूर्योदयवेध माने जाते हैं। व्यवस्थित विकल्प के रूप में अरुणोदय वेध वैष्णवों के लिये और सूर्योदयवेध स्मार्त्त लोगों के लिये गृहीत होता है ॥ ८० ॥

कलाकाष्ठादिवेधोऽपि ग्राह्योऽत्र त्रिमुहूर्त्तवत् ।
वैखानसाद्यागमोक्तदीक्षां प्राप्तो हि वैष्णवः ॥ ८१ ॥

वह वेध तीन मुहूर्त्त विशिष्ट ही होना चाहिये। वैखानस शास्त्र के अनुसार दीक्षा ग्रहण करनेवाला वैष्णव होता है ॥ ८१ ॥

विद्धा त्याज्या वैष्णवेन शुद्धाऽप्याधिक्यसंभवे ।
एकादशी द्वादशी वाऽधिका चेत् त्यज्यतां दिनम् ॥ ८२ ॥

सर्वथा वैष्णवों के लिये विद्धा एकादशी ग्रहणीय नहीं है। शुद्धा भी त्याज्य है अगर तिथि की अधिकता उपलब्ध हुई है। शुद्धा में अधिकता एकादशीमात्र की वृद्धि द्वादशीमात्र की वृद्धि से होती है ॥ ८२ ॥

पूर्वं, ग्राह्यं तूत्तरं स्यादेष वैष्णवनिर्णयः ।
एकादशी द्वादशी चेत्युभयं वर्धते यदा ।
तदा पूर्वदिनं त्याज्यं स्मार्त्तैर्ग्राह्यं परं दिनम् ॥ ८३ ॥

यहाँ पूर्वदिन त्याज्य है और परदिन ग्रहणीय है। यह वैष्णवों के लिये एकादशी का निर्णय है। एकादशी और द्वादशी की वृद्धि में पूर्वदिन को छोड़कर स्मार्त्त लोग परदिन को ग्रहण करते हैं ॥ ८३ ॥

एकादशीमात्रवृद्धौ गृहि-यत्योर्व्यवस्थितिः ।
उपोष्या गृहिभिः पूर्वा यतिभिस्तूत्तरा तिथिः ॥ ८४ ॥

अगर एकादशी की केवल वृद्धि होती है तो गृहस्थ के लिये पूर्वदिन और संन्यासी के लिये परदिन व्यवस्थित रूप में ग्रहणीय है ॥ ८४ ॥

द्वादशी मात्रवृद्धौ तु शुद्धाविद्धे व्यवस्थिते ।
शुद्धा पूर्वोत्तरा विद्धा स्मार्त्तनिर्णय ईदृशः ॥ ८५ ॥

द्वादशी मात्र की वृद्धि में शुद्धा और विद्धा के भेद से व्यवस्था होती है। शुद्धा में पूर्वदिन और विद्धा में उत्तरदिन स्मार्त्त लोग के लिये ग्रहणीय है ॥ ८५ ॥

श्रवणेन युता चेत्स्याद्द्वादशी सा हि वैष्णवैः ।
स्मार्त्तैश्चोपोषणीया स्यात्त्यजेदेकादशीं तदा ॥ ८६ ॥

श्रवणा नक्षत्र से युक्त द्वादशी में वैष्णव और स्मार्त्त लोगों ने उपवास करणीय है। इस स्थल में एकादशी छोड़ दी जा सकती है ॥ ८६ ॥

उपवासव्रतादन्यव्रते चार्द्धमुहूर्त्तकैः ।
सप्तभिर्दशमी-विद्धामेतामेकादशीं त्यजेत् ॥ ८७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उपवास व्रत से भिन्न व्रतों में अगर दशमी का दिनार्ध से एकादशी का वेध होता है तो विद्धा एकादशी त्याज्य होती है ॥ ८७ ॥

द्वादशीपूर्वविद्धैव व्रतेषु निखिलेष्वपि ।
शुक्लत्रयोदशी पूर्वा परा कृष्णा त्रयोदशी ॥ ८८ ॥

इस दिनार्ध का काल-परिमाण सार्ध सात मुहूर्त्त है । सभी व्रतों में पूर्वविद्धा द्वादशी मान्य है । शुक्लपक्ष की त्रयोदशी पूर्वविद्धा और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी परविद्धा होती है ॥ ८८ ॥

अलाभे साऽपि पूर्वैव पराऽनङ्ग-त्रयोदशी ।
या शुक्ला गृह्यते पूर्वा, गृह्यतां साऽपराह्णिकी ॥ ८९ ॥

परदिन में होनेवाली त्रयोदशी अगर नहीं रहती तो पूर्वदिन में हो सकती । लेकिन अनंग त्रयोदशी पूर्वविद्धा ही होती है । शुक्लपक्ष में गृहीत होनेवाली पूर्वविद्धा त्रयोदशी अपराह्ण को व्याप्त होनी चाहिये ॥ ८९ ॥

चतुर्दश्युत्तरा शुक्ला पूर्वा कृष्णा चतुर्दशी ।
उदये त्रिमुहूर्त्ताऽपि ग्राह्याऽनन्तव्रते तिथिः ।
शुक्लापि रात्रियुक्ता स्याच्चैत्रश्रावणमासयोः ॥ ९० ॥

शुक्लपक्ष की चतुर्दशी परविद्धा और कृष्णपक्ष की चतुर्दशी पूर्वविद्धा होती है । अनन्त व्रत के लिये उदयकालीन चतुर्दशी की स्थिति तीन मुहूर्त्त तक कम से कम होनी चाहिये । चैत्र और श्रावण मासों की चतुर्दशी रात्रि युक्ता होकर ग्रहणीय होती है ॥ ९० ॥

शुक्ला सर्वापि पूर्वैव यदि स्यादापराह्णिकी ॥ ९१ ॥

शुक्लपक्ष की सभी चतुर्दशी पूर्वविद्धा मानी जाती है अगर अपराह्ण को व्याप्त होती है ॥ ९१ ॥

प्रदोषे वा निशीथे वा द्वयोर्वा याऽस्ति सा भवेत् ।
शिवरात्रिव्रते तत्र द्वयोः सत्ता प्रशस्यते ॥ ९२ ॥

शिवरात्रि व्रत के लिये प्रदोष व्याप्ति या निशीथ व्याप्ति या दोनों की भी व्याप्ति मानी जाती है क्योंकि उसमें दोनों की सत्ता रहती है ॥ ९२ ॥

तदभावे निशीथैकव्याप्ताऽपि परिगृह्यताम् ।
तस्याश्चासंभवे ग्राह्या प्रदोषव्यापिनी तिथिः ॥ ९३ ॥

उसके अभाव से निशीथ व्याप्ति ग्रहणीय होती है । निशीथव्याप्ति के अभाव से प्रदोषव्याप्ति मानी जाती है ॥ ९३ ॥

तिथ्यन्ते पारणं यामत्रयादर्वाक् समापने ।
अन्यथा पारणं प्रातरन्यतिथ्युपवासवत् ॥ ९४ ॥

तीन याम से पूर्व चतुर्दशी की समाप्ति होने से तिथि की समाप्ति में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पारणा होती है। अन्यथा अन्य तिथि के उपवास की तरह प्रात में पारण हो सकती है ॥ ९४ ॥

पूर्वविद्धैव सावित्रीव्रते पञ्चदशी तिथिः।
नाड्योऽष्टादश भूतस्य स्युश्चेत्तन्न[1] परेऽहनि ॥ ९५ ॥

सावित्री व्रत के लिये कृष्ण पंचदशी अर्थात् अमावास्या पूर्वविद्धा होनी चाहिये। अगर पूर्वदिन में चतुर्दशी अठारह दण्ड अवस्थित रहती तो पर-दिन नहीं गृहीत होती है (किन्तु पूर्वदिन में चतुर्दशी अठारह दण्ड तक रहती तो सावित्री व्रत के लिये पूर्वदिन त्याज्य है) ॥ ९५ ॥

व्रतान्तराणि सर्वाणि परेऽहन्येव सर्वदा।
श्राद्धेऽपराह्णकालीनो दर्शं आब्दिकवन्मतः ॥ ९६ ॥

सब प्रकार व्रतों के लिये पंचदशी परविद्धा होनी चाहिये। सांवत्सरिक श्राद्ध की तरह साधारणतः श्राद्ध के लिये अमावास्या की अपराह्णव्याप्ति मानी जाती है ॥ ९६ ॥

दिनद्वयेऽप्येकदेशे वृत्तौ ग्राह्यो महत्त्वतः।
तुल्यत्वं चेदेकदेशे क्षये पूर्वोऽन्यथोत्तरः ॥ ९७ ॥

दो दिनों में अपराह्ण के एकदेश में व्याप्ति होने से जिस दिन में अधिक व्याप्ति होती है वह दिन ग्राह्य है। तिथि क्षय होकर एकदेश में दर्श की व्याप्ति होने से पूर्वदिन श्राद्ध के लिये ग्रहणीय है ॥ ९७ ॥

कृत्स्नव्याप्तौ द्वयोरह्नोरुत्तरस्तिथिवृद्धितः।
साऽग्न्यनग्निव्यवस्था स्यान्न स्याच्चेदपराह्णयोः ॥ ९८ ॥

उभयदिनों में तिथि की वृद्धि के कारण दर्शकी व्याप्ति होने से परदिन ग्रहणीय है। उभयदिन के अपराह्ण में दर्शकी यदि व्याप्ति न हो तो साग्निक और निरग्निक भेद से व्यवस्था होती है और पूर्वदिन साग्निक के लिये और परदिन निरग्नि के लिये व्यवस्थित है ॥ ९८ ॥

---

१. स्युश्चेन्न च परेऽहनि इति पाठान्तरम्। "यद्यपि पूर्वदिने चतुर्दश्या अष्टादश नाड्यः सन्ति तथापि पूर्वविद्धैवेत्यर्थः। एवकारव्यवच्छेद्य-माह न परेऽहनीति। पाठान्तरे तु तत्र पूर्वदिने भूतस्याष्टादशनाड्यः सन्ति चेत् तदा परेऽहनि व्रतं न तत्र पूर्वविद्धा ग्राह्येत्यर्थः साहजिकः टीकायां तु तत्र परेऽहनीति पाठेऽपि तस्मिन् परे उत्कृष्टे पूर्वरूपेऽहनि, तस्य ताः स्युर्यद्यपि इति कष्टकल्पनया व्याख्यानम्" इति चन्द्रकान्त-तर्कालङ्कारस्य टिप्पणी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पूर्वेद्युः साग्निकः कुर्यादुत्तरेद्युरनग्निकः।
पर्वप्रतिपदोः सन्धिर्मध्याह्ने वा ततः पुरा ॥ ९९ ॥

पूर्वदिन में साग्निक और परदिन में निरग्निक के द्वारा की जाती है। पर्व और प्रतिपद की सन्धि अगर मध्याह्न में या उससे पहले होती है तो पूर्वदिन में अन्वाधान करके सन्धिदिन में याग किया जाता है ॥ ९९ ॥

अन्वाधानं पूर्वदिने यागः सन्धिदिने भवेत्।
ऊर्ध्वं मध्याह्नतः सन्धावन्वाधानन्तु तद्दिने ॥ १०० ॥

मध्याह्न से ऊपर अगर सन्धि होती है तो वाजसनेयी के द्वारा उस दिन में अन्वाधान करके परदिन में इष्टि की जाती है ॥ १०० ॥

इष्टिं परदिने कुर्यादन्यो वाजसनेयिनः।
यस्तु वाजसनेयी स्यात् तस्य सन्धिदिनात्पुरा ॥ १०१ ॥
न काप्यन्वाहितिः किन्तु सदा सन्धिदिने हि सा।
सन्धिश्चेत् [1]सङ्गवादूर्ध्वं प्राक् पर्यावर्त्तनाद्रवः ॥ १०२ ॥
सा पौर्णमासी विज्ञेया सद्यस्कालविधौ तिथिः।
वृद्धिः[2] प्रतिपदो याऽस्ति तदर्धं पर्वणि क्षिपेत् ॥ १०३ ॥

जो वाजसनेयी है उसके जरिये सन्धिदिन से पहले कोई अन्वाधान नहीं होता है अपितु सन्धिदिन में ही होता है। सूर्य के आवर्त्तन से पहले और संगव से ऊपर इनके बीच में सन्धि होने से सद्यःकाल (प्रातःकाल) विधि में

---

१. सङ्गवः पञ्चधा विभक्तस्य दिनस्य द्वितीयो भागः स च अह्नोऽष्टममुहूर्त्तः ॥

२. अत्र चन्द्रकान्ततर्कालङ्कारटिप्पणी यथा—प्रसिद्धसन्धिनिरासाय विशेषमाह वृद्धिरिति। यदा घटिकान्यूने मध्याह्ने पर्वसमाप्तिः परेद्युश्च घटिकाचतुष्टयवृद्धेरर्द्धस्य घटिकाद्वयस्य पर्वणि प्रक्षेपे पूर्वेद्युर्मध्याह्नादूर्ध्वमपि घटिकामात्रं पर्वानुवृत्तिर्लभ्यते। ततश्च तत्र सन्धिदिनेऽन्वाधानं परेद्युरिष्टिरिति फलितम्। दृश्यपर्वसमाप्त्यनुसारेण सन्धिनिर्णये तु तत्र सन्धिदिने इष्टिः तत्पूर्वदिनेऽन्वाधानमिति प्राप्नोति। एवं यत्र पूर्वदिने मध्याह्नात् परतो घटिकामात्रं पर्वानुवृत्तिः परदिने च घटिकाचतुष्टयं प्रतिपदुपक्षयः, तत्र क्षयार्धस्य घटिकाद्वयस्य पर्वणि प्रक्षेपे मध्याह्नात् पूर्वघटिकातः सन्धिर्भवति। तत्र स्वाभाविकसन्ध्यनुसारेण सन्धिदिनेऽन्वाधानं परदिने चेष्टिः प्राप्नोति, क्षयप्रक्षेपे तु सन्धिदिने इष्टिः पूर्वदिनेऽन्वाधानमिति विशेषः। इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वहीं पर तिथि पूर्णिमा होती है। ऐसा समझ में आता है। उस अवसर पर (मध्याह्न के पहले पर्व की समाप्ति होने पर) परदिन में प्रतिपद की अगर वृद्धि हो तो उस वृद्धि अंश के आधा भाग पर्व के साथ योग कर सन्धि को निश्चित की जाती है। (आश्वलायन के मतानुसार इस प्रकार निर्णय होता है) ॥१०१–१०३॥

क्षयस्यार्धं तथा हित्वा सन्धिर्निश्चीयतां सदा।
बोधायनमते दर्श-श्राद्धं चेष्टिर्विशिष्यते ॥ १०४ ॥
द्वितीया त्रिमुहूर्त्ता चेत् प्रतिपद्यापराह्णिकी।
अन्वाधानं चतुर्दश्यां दर्शे स्वल्पेऽपि वर्तयेत् ॥ १०५ ॥
दर्शश्राद्धं तथा कार्यमिति बौधायनोऽब्रवीत्।
इष्टयादि[1]विकृतिः सर्वा पर्वण्येवेति निर्णयः ॥ १०६ ॥

बौधायन के मतानुसार दर्श श्राद्ध और इष्टि (दश पौर्णमास इष्टि) विशिष्ट है। जिस पर प्रतिपद अपराह्ण को व्याप्त होकर रहती और सूर्यास्त से पहले तीन मुहूर्त्त तक द्वितीया रहती तो दर्श का अंश स्वल्प रहने पर भी चतुर्दशी में अन्वाधान होता है। दर्श श्राद्ध इस प्रकार होता है ऐसा बौधायन का मत है। इष्टि प्रभृतिओं की सब विकृति पर्वदिन में ही होती है; ऐसा निर्णय होता है ॥ १०४–१०६ ॥

पञ्चमे तु प्रकरणे पूर्वार्द्धे भादिनिर्णयः।
उत्तरार्द्धे कालभेदात् कर्मभेदोपदर्शनम् ॥ १०७ ॥

पांचवां प्रकरण के पूर्वार्ध में नक्षत्रप्रभृति का निर्णय और उत्तरार्ध में कालभेद के अनुसार कर्मभेद का प्रदर्शन किया गया है ॥ १०७ ॥

यस्मिन्नस्तमियाद्भानुस्तन्नक्षत्रमुपोषणे।
मुख्यं तस्यासम्भवे तु ग्रहीतव्यं निशीथयुक् ॥ १०८ ॥

जिस नक्षत्र में सूर्य अस्त होते हैं वह नक्षत्र उपवास के लिये मुख्य है। इस प्रकार की संभावना न होने पर निशीथ अर्थात् मध्यरात्रि में रहने वाला नक्षत्र माना जाता है ॥ १०८ ॥

उपवासे यदृक्षं स्यात् तद्धि नक्तैकभक्तयोः।
उदये त्रिमुहूर्त्तस्थं नक्षत्रं व्रतदानयोः ॥ १०९ ॥

उपवास में जो नक्षत्र है, नक्त और एकभक्त में भी वह माना जाता है;

---

१. सर्वासामिष्टानां दर्शपौर्णमासेष्टिः प्रकृतिः सा च दर्शपौर्णमासाभ्यां यजेत स्वर्गकाम इति वाक्येन विधीयते। ऐन्द्राग्नमेकादशकपालं निर्वपेदिति विकृतिभूतेष्टिसूचकं विधिवाक्यम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

व्रत और दान के लिये उदय काल में नक्षत्र की तीन मुहूर्त्त तक अवस्थिति आवश्यक है ।। १०९ ।।

दिनद्वये तथात्वे तु पूर्वं स्याद् बलवत्त्वतः ।
श्रवणं तूत्तरं ग्राह्यमुपाकरणकर्मणि ।। ११० ।।

दो दिनों में इस प्रकार अवस्थिति होने पर (अर्थात् दो दिनों के उदय में रहने पर) पूर्वदिन (संपूर्ण अहोरात्र को व्याप्त होकर रहने के कारण) माना जाता है । उपाकरण कर्म के लिये श्रवणा नक्षत्र का परवर्त्ती नक्षत्र के अर्थात् धनिष्ठा के साथ योग आवश्यक है ।। ११० ।।

पित्र्ये तु तिथिवत्सर्वो नक्षत्रस्य विनिर्णयः ।
पूर्वः स्यादुपवासादावुत्तरो व्रतदानयोः ।। १११ ।।

योगः श्राद्धे कर्मकालव्याप्तस्तु परिगृह्यताम् ।
करणं यद्दिने तत्तु ग्राह्यं, रात्रौ यदा, तदा ।। ११२ ।।

तिथि निर्णय की तरह पितृ-कार्य के लिये नक्षत्रों का भी निर्णय होता है । उपवासादि के लिये (नक्त और एकभक्त) पूर्वदिन के संबन्धित योग और दान व्रत के लिये परदिन के संबन्धित योग और श्राद्ध के लिये कर्मकाल को व्याप्त होनेवाला योग गृहीत होता है । करण जिस दिन में है उस दिन ग्रहणीय होता है, रात में होने पर भी रात ग्रहणीय होता है ।। १११-११२ ।।

दिनद्वयैकभक्ताभ्यामुपवासः प्रसिद्ध्यति ।
वारेषु संशयाभावात् ग्रहीतव्यं यथास्थितम् ।। ११३ ।।

दो दिनों में व्याप्त होने पर एकभक्त करके दो दिनों का उपवास समाहित होता है । वारों में सन्देह न रहने के कारण स्थिति के अनुसार निर्णय होता है ।। ११३ ।।

आसन्ननाड्यः संक्रान्तेः पुण्याः स्नानादिकर्मसु ।
चरेषु[1] कर्कटे पूर्वा मकरे विंशतिः पराः ।। ११४ ।।

संक्रान्ति में स्नान और दान के लिये आसन्न (पूर्व और पर) नाड़ी पुण्य काल के रूप में मानी जाती है । चर (मेष, कर्कट, तुला और मकर) संक्रान्तिओं में कर्कट संक्रान्ति की पूर्व बीस नाडी और मकर की पर बीस नाडी पुण्य काल है ।। ११४ ।।

---

१. चरादीनां लक्षणं यथा—चरस्थिरद्वयात्मकनामधेया ।
मेषादयोऽमी क्रमशः प्रदिष्टाः ।। इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्त्तमाने तुलामेषे नाड्यस्तूभयतो दश।
वृषभादौ स्थिरे पुण्याः प्राक् पश्चादपि षोडश ॥ ११५॥

तुला और मेष संक्रान्तिओं में उभय पार्श्वों की दस नाडी पुण्य काल हैं। वृषभ प्रभृति स्थिर (वृष, सिंह, वृश्चिक और कुंभ) संक्रान्तिओं में पूर्व और पर सोलह नाडी पुण्य काल है ॥ ११५ ॥

मिथुनादौ द्विस्वभावे उत्तराः षष्टिनाडिकाः।
अह्नःसंक्रमणे रात्रावनुष्ठाननिषेधतः ॥ ११६ ॥

मिथुन प्रभृति दो स्वभाव वाली (मिथुन, कन्या, धनु, मीन) संक्रान्तिओं में परवर्त्ती साठ नाडी पुण्य काल है। दिन में संक्रमण होने से (दिन पुण्य काल होता है) रात में कर्मानुष्ठान का निषेध होने पर उक्त दो काल उनके अनुसार पूर्व और पर काल को लेकर व्यवस्थापित होते हैं ॥ ११६ ॥

उक्तौ कालौ व्यवस्थाप्यौ तद्वशात्पूर्वपश्चिमौ।
रात्रौ संक्रमणे भानो दिनार्धे स्नानदानयोः ॥ ११७ ॥

रात में संक्रमण होने पर दिन का अर्ध भाग स्नान और दान के लिये प्रसिद्ध है ॥ ११७ ॥

अर्धरात्रादधस्तस्मिन् मध्याह्नस्योपरि क्रिया।
ऊर्ध्वं संक्रमणे चोर्ध्वं उदयात् प्रहरद्वयम् ॥ ११८ ॥

अर्धरात्र से पहले संक्रमण होने से मध्याह्न के ऊपर याग क्रिया होती है और अर्धरात्र से ऊपर होने से परदिन में सूर्योदय के बाद दो प्रहर तक पुण्य काल रहता है ॥ ११८ ॥

पूर्णे चेदर्धरात्रे तु यदा संक्रमते रविः।
प्राहु र्दिनद्वयं पुण्यं मुक्त्वा मकरकर्कटौ ॥ ११९ ॥

पूर्ण अर्थात् निशीथ में संक्रमण होने पर मकर और कर्कट संक्रान्ति को छोड़कर सर्वत्र दो दिन पुण्य काल होते हैं ॥ ११९ ॥

कर्कटे मकरे रात्रावप्याचारादनुष्ठितिः[1]।
पूर्णिमाप्रतिपत्सन्धौ राहुः संपूर्णमण्डलम् ॥ १२० ॥

कर्कट और मकर-संक्रान्ति में रात में संक्रमण होने पर आचारानुसार

---

१. अत्र तर्कालङ्कारटिप्पणी यथा—शिष्टाचारानुसारेणानुष्ठानमितमर्थः। तत्र रात्रावयनसंक्रमे रात्रावेव पूर्वापरभावेन स्नानादिक्रियेति प्राच्यशिष्टाचारः। रात्रौ कर्कटसंक्रान्तौ पूर्वमेव दिनं मकरसंक्रतौ तु परमेव दिनं ग्राह्यमिति दाक्षिणात्यशिष्टाचारः। तथा च शिष्टाचारादुभयं प्रमाणमिति भावः ॥ इति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अर्थात् शिष्टाचार को देखकर निर्णय करना चाहिये। पूर्णिमा और प्रतिपद की सन्धि में राहु चन्द्र के संपूर्ण मंडल को और अमावासा तथा प्रतिपद की सन्धि में सूर्य के संपूर्ण मंडल को ग्रसता है ॥ १२० ॥

ग्रसते चन्द्रमर्कं च पर्वप्रतिपदन्तरे।
ग्रस्यमाने भवेत् स्नानं ग्रस्ते होमो विधीयते ॥ १२१ ॥
मुच्यमाने भवेद्दानं मुक्ते स्नानं विधीयते।

ग्रास होने के समय में स्नान किया जाता है और ग्रस्त होने पर होम, मोचन (मुक्त-मोक्ष) होने के समय में दान और मुक्ति होने पर स्नान किया जाता है ॥ १२१ ॥

सूर्यग्रहे तु नाश्नीयात् पूर्वं यामचतुष्टयम् ॥ १२२ ॥
चन्द्रग्रहे तु यामांस्त्रीन् बालवृद्धातुरैर्विना।
अपराह्णे न मध्याह्ने मध्याह्ने न तु सङ्गवे ॥ १२३ ॥

भुञ्जीत, संगवे चेत्स्यात् न पूर्वं भुजिमाचरेत्।
ग्रस्तोदये विधोः पूर्वं नाहर्भोजनमाचरेत् ॥ १२४ ॥

सूर्योपराग में पराग स्पर्श के चार याम समय से पहले और चन्द्र ग्रहण में तीन याम समय पहले बालक और वृद्ध को छोड़कर दूसरे लोगों के जरिये भोजन नहीं किया जाता है। अपराह्ण में होने पर मध्याह्न में, मध्याह्न में होने पर संगव में, और संगव में होने पर उससे पहले भोजन छोड़ देना चाहिये। ग्रस्त होकर चन्द्रोदय होने से पूर्व दिन में भोजन नहीं किया जाता है ॥ १२२–१२४ ॥

ग्रस्तावेवास्तमानञ्च रवीन्दू प्राप्नुतो यदि।
तयोः परेद्युरुदये स्नात्वाऽभ्यवहरेन्नरः ॥ १२५ ॥

ग्रस्त होकर चन्द्र और सूर्य के अस्त होने पर परदिन में उदय होने के बाद स्नान करके भोजन करना चाहिये ॥ १२५ ॥

त्रयोदश्यादितो वर्ज्यं दिनानां नवकं ध्रुवम्।
मङ्गलेषु समस्तेषु ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ॥ १२६ ॥

चन्द्र और सूर्य के ग्रहण हेतु त्रयोदशी से लेकर नौ दिन तक सब प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जनीय है ॥ १२६ ॥

द्वादश्यादिस्तृतीयान्तो वेध इन्दुग्रहे स्मृतः।
एकादश्यादिकः सौरे चतुर्थ्यन्तः प्रकीर्त्तितः ॥ १२७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चन्द्रग्रहण में द्वादशी से लेकर तृतीया तक और सूर्य ग्रहण में एकादशी से लेकर चतुर्थी तक काल वेध काल के रूप में प्रसिद्ध है ॥ १२७ ॥

खण्डग्रहे तयोः प्रोक्तमुभयत्र दिनद्वयम् ।
नित्ये नैमित्तिके जप्ये होमयज्ञक्रियासु च ॥ १२८ ॥

दोनों के (सूर्य और चन्द्र) खण्ड ग्रह होने पर उभयत्र दो दिन दोषः दुष्ट है। नित्य और नैमित्तिक जप, होम, यज्ञ, क्रिया, उपकर्म और उत्सर्जन कर्मो के लिये ग्रह दोष नहीं होता है ॥ १२८ ॥

उपाकर्मणि चोत्सर्गे ग्रहदोषो न विद्यते ।
तमेवं निर्णयं शास्त्रन्यायाभ्यां कर्त्तुमुद्यतः ॥ १२९ ॥

इस प्रकार विषयों का निर्णय करने के लिये शास्त्रवचन और शास्त्रानुसार न्याय युक्ति को उपस्थापन करके माधवाचार्य जी ने उद्यम किया है ॥ १२९ ॥

श्रीमाधवविद्यारण्य प्रणीत कालमाधव (कालनिर्णय) की कारिका
के ऊपर श्रीव्रजकिशोरस्वाई पुरुषोत्तमपुरीवास्तव्य कृता
तुलसी हिन्दीभाषाटीका समाप्त ।

नीलाकाशविशालनीलजलदच्छायास्फुरद्विग्रहं
लीलालोलगलद्दलं मधुरिमोद्वेलच्चलेन्दीवरम् ।
खेलोत्तुङ्गविभङ्गसङ्गमभवद्गोपालबालं शुभां
वेलामाकलयच्छिवं दिशतु नो नीलाद्रिनीलं महः ॥

तुलसीदलपूतात्मसाधुमण्डलमण्डिताः ।
धर्मशास्त्रानुगा लोका माधवीय-पथाश्रयाः ॥
विहितैव कृते तेषां व्रजकिशोरधीमता ।
टिप्पणीसहिता टीका तुलसी कालमाधवे ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ श्रीः ॥

कालमाधवः

'तुलसी'-हिन्दीभाषाटीकाविभूषितः

प्रथमप्रकरणम्

ननु नायमुद्यमः सफलः कालस्य गगन-कुसुमायमानत्वात् । तदेतत्परमरहस्यमभिजानानः कपिलमहामुनिस्तत्त्वानि विवेक्तुकामः कालमुपेक्ष्यान्यान्येव पञ्चविंशतितत्त्वानि विविवेच—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त ।
षोडशकश्च विकारो न प्रकृति र्न विकृतिः पुरुषः[1] ॥ इति

न चैतेष्वेव तत्त्वेषु कालस्यान्तर्भावो मुनिना विवक्षित इति शङ्कनीयम् । त्वदभिमतस्य कालस्य यथोक्तपञ्चविंशतितत्त्वानां च परस्परमत्यन्तविलक्षणत्वात् । तथाहि चिरक्षिप्रादि[2]व्यवहारस्यासाधारणहेतुः काल इति त्वदभिमतं काललक्षणम् । तत्त्वानां त्वन्यादृशानि लक्षणानि । सत्त्वरजस्तमोगुणानां साम्यावस्था मूलप्रकृतिः ।

प्रणिपत्य जगन्नाथं माधवं तुलसीप्रियम् ।
कालमाधवटीकेयं क्रियते तुलसीमुदा ॥

कालतत्त्व की स्थिति के बारे में माधवाचार्य जी स्वयं पूर्वपक्ष के मतको उपस्थापित करते हैं कि कालसत्ता को प्रमाणित करने के लिये उद्यम सफल नहीं हो सकता क्योंकि आकाश के कुसुम की तरह काल एक अत्यन्त अभाव पदार्थ है । इस परम रहस्यमय तत्त्व को जान कर स्वयं सांख्यदर्शन के प्रवर्त्तक आचार्य कपिल मुनि ने तत्त्वों की गणना में कालतत्त्व को छोड़-

---

१. सांख्यकारिका—कारिका ३

२. द्रष्टव्यम्—अपरस्मिन्नपरं युगपच्चिरं क्षिप्रमिति कालांगानि । द्रव्यत्वनित्यत्वे वायुना व्याख्याते तत्त्वं भावेन । नित्येष्वभावादनित्येषु भावात्कारणे कालाख्येति ॥ वैशेषिकदर्शनम्—२।२।६–९

अत्र प्रशस्तपादो यथा—परापरव्यतिकरयौगपद्यायौगपद्यचिरक्षिप्रप्रत्ययलिङ्गम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कर पचीश तत्त्वों की विवेचना की। मौलिक प्रकृति किसकी विकृति नहीं है। महत् तत्त्व से लेकर सात तत्त्वों तक प्रकृति और विकृति होते हैं। सोलह तत्त्वों तक विकृति होते हैं। पुरुष जिसकी प्रकृति या विकृति नहीं होता है। इन तत्त्वों में कालतत्त्व का अन्तर्भाव करने के लिये मुनि की विवक्षा है ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिये। आपके मतानुसार काल और पचीश तत्त्वों में परस्पर विलक्षणता दिखाई पड़ती है। चिर या क्षिप्र प्रभृति व्यवहार के सामान्यकारण काल है ऐसा आपके प्रतिपादित काल का लक्षण है। किन्तु तत्त्वों के लक्षण इससे अलग हैं। सत्त्व, रज और तम इन तीन गुणों की समान अवस्था मूलप्रकृति होती है।

महदहङ्कारपञ्चतन्मात्राख्यानां सप्तानां प्रकृतिविकृतीनां मध्येऽध्यवसायहेतु र्महत्तत्त्वम्। अभिमानहेतुरहङ्कारः। शब्दस्पर्शरूपरसगन्धात्मकानि पञ्च तन्मात्राणि। पृथिव्यादिपञ्चमहाभूतानामेकादशेन्द्रियाणां च षोडशविकाराणां लक्षणानि प्रसिद्धानि। अप्रकृतिरविकृतिः पुरुषश्चिदात्मकः न ह्येवंलक्षणकेषु तत्त्वेषु कालस्यान्तर्भावः संभाव्यते। नापि षड्विंशतत्त्वान्तरं मुनिरनुमन्यते। कथं तर्हि मुनिप्रणीतानि तत्त्वानि आर्याभिः संगृह्णान ईश्वरकृष्णो बहिःकरणान्तःकरणे विविचन् कालं व्यवजहार—

साम्प्रतकालं बाह्यं त्रिकालाभ्यन्तरं करणम्[1]॥ इति।

परप्रसिद्ध्या परो बोधनीय इति न्यायेनायं व्यवहारो न तु स्वसिद्धान्ताभिप्रायेणेति वदामः।

महत्, अहङ्कार और पांच तन्मात्राएँ ये सात तत्त्व प्रकृति-विकृति के रूप में अवगम्य हैं। इनमें अध्यवसाय का हेतु महत् तत्त्व के नाम से अभिहित है। अभिमान के हेतु अहंकार। शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पांच तन्मात्राओं के नाम से प्रसिद्ध हैं। पृथिवी प्रभृति पांच महाभूतों के साथ ग्यारह इन्द्रियों को मिलाकर सोलह विकार पदार्थों का लक्षण प्रसिद्ध है। पुरुष किसीकी प्रकृति या विकृति न होकर चित्स्वरूप या ज्ञानमय है। इस प्रकार लक्षण से लक्षित तत्त्वों में काल को अन्तर्भाव कराने की संभावना नहीं है। मुनि (कपिल जी) ने इस लिये छब्बीस तत्त्वों के लिये अनुमति नहीं दी। इसके बारे में प्रश्न आता है कि सांख्यकारिका के रचयिता ईश्वरकृष्ण ने कैसे मुनिप्रणीत तत्त्वों को आर्याछन्दों में संग्रह करके बहिःकरण और

---

१. अन्तःकरणं त्रिविधं दशधा बाह्यं त्रयस्य विषयाख्यम्।
साम्प्रतकालं बाह्यं त्रिकालमाभ्यन्तरं करणम्॥
सांख्यकारिका—३३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्तःकरण की भी विवेचना करके काल शब्द का व्यवहार किया। उत्तर यह होता है कि अन्य लोक को समझाने के लिये उसकी प्रसिद्धि जिस मार्ग पर है, उस मार्ग से ही समझाना चाहिये। इस न्याय से काल शब्द का व्यवहार यहाँ हुआ न तु स्वसिद्धान्त के अभिप्राय को प्रकाश करने के लिए।

अत एवैतद्वचनं व्याचक्षाणा वाचस्पतिमिश्रास्तत्त्वकौमुद्यामेवमाहुः। कालस्तु वैशेषिकाभिमत एकोऽतीतानागतादिव्यवहारभेदं प्रवर्त्तयितुमर्हति। तस्मादयं यैरुपाधिभेदैरतीतानागतादिभेदभावं प्रतिपद्यते, सन्तु त एवोपाधयो व्यवहारहेतवः, कृतमन्तर्गडुना कालेनेति सांख्याचार्याः[1]। तस्मान्न कालरूपतत्त्वान्तराभ्युपगम इति। अथोच्यते-भूतकालो, वर्त्तमानकालो, भविष्यत्काल इत्येवं त्रिष्वपि भूतादिष्वनुगतः कालप्रत्यय एकमनुगतं कालतत्त्वमन्तरेणानुपपन्न इति। तन्न। पदार्थप्रत्ययवदुपपत्तेः[2]। यथा भवन्मते द्रव्यपदार्थो गुणपदार्थ इति षट्सु[3]भावेषु चतुर्ष्वभावेष्वपि[4] अनुगतः पदार्थप्रत्ययः एकमनुगतं पदार्थशब्दवाच्यं तत्त्वान्तरमन्तरेणाप्युपपन्नः, तथा कालप्रत्ययः कुतो नोपपद्यते। तस्मान्निस्तत्त्वं कालं निर्णेतुं महानयमुद्यमः प्रेक्षावच्छिरोमणे र्माधवाऽऽचार्यस्य न कथंचिदप्युपपन्न इत्येवं प्राप्ते ब्रूमः।

अतः इस वचन की व्याख्या करके वाचस्पति मिश्र जी ने कहा है कि काल वैशेषिक दर्शन के अनुसार प्रसिद्ध है। वह एक ही है। अतीत और अनागतादि के रूप में इसकी प्रवृत्ति होती है। इस कारण से जिस उपाधि को लेकर काल अतीत या अनागतादि के भेदभाव को प्राप्त हुआ है व्यवहार के हेतुभूत उन उपाधियों को रहने दिया जाय, निरर्थक एक कालतत्त्वों को स्वीकार करना आवश्यक नहीं है। ये हैं सांख्याचार्यों के सिद्धान्त। यहाँ से उत्तर शुरू होता है। भूतकाल, वर्तमान काल और भविष्यत् काल इन तीनों में जो काल प्रत्यय संलग्न है, वह एक निर्दिष्ट काल तत्त्व के बिना जैसे

१. सांख्यतत्त्वकौमुदी।

२. नवपदार्थेषु कालोऽन्तर्भवति पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि।

३. द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवायाख्याः षट् भावपदार्थाः॥

४. प्रागभावः प्रध्वंसाभावः, अन्योन्याभावः, अत्यन्ताभाव इति चत्वारोऽभावाः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पैठीनसि ने कहा है—मलमास में मृत लोगों के श्राद्ध मलमास में किया जाता है; दूसरों का नहीं। अतः शुद्धमास में मृत लोगों का मलमास में श्राद्ध कराना ठीक नहीं है। इसमें कोई दोष नहीं है। ये सब वचन पहला सांवत्सरिक श्राद्ध के लिये प्रयुक्त होते हैं। "आब्दिकं प्रथमं तु यत्" इस वचन के अनुसार प्रथम सांवत्सरिक श्राद्ध मलमास में होता है। हारीत ने कहा है—संक्रान्तिरहित मलमास में पहला सांवत्सरिक श्राद्ध द्विज लोगों द्वारा किया जाता है। इसी तरह मासिक श्राद्ध और सपिण्डीकरण भी होता है।

लघुहारीत ने कहा है—प्रतिसंवत्सर पुत्रों द्वारा पितृश्राद्ध बारह मासों में किया जाता है, किन्तु तेरहवें मासमें अर्थात् मलमास में पहला अशुद्ध को छोड़कर शुद्ध में किया जा सकता है। यहाँ बारहमास की समाप्ति के अनन्तर दिन में श्राद्ध किया जा सकता है, ऐसी व्याख्या करनी चाहिये। मास, पक्ष, तिथि को लेकर जो जिस दिवस में करता है, उसी रीति के अनुसार प्रत्याब्दिक श्राद्ध होता है। वह दिवस ही उसके मृताह तिथि के रूप में परिगणित होता है, ऐसा व्यास ने कहा है।

कुछ लोग "आद्यं मुक्त्वा तु वत्सरम्" इस वचन के अनुसार इस मास के बीच में अधिमास को जोड़कर कार्तिकमास में मृत के श्राद्ध आश्विन में करते हैं। यह ठीक नहीं है, क्योंकि इसी रीति के अनुसार "मासपक्ष" वचन का विरोध हो जाता है। अन्तिम अधिमास के विषय में रीति लागू होती है। इस सिद्धांत के अनुसार शुद्धमास में मृत लोगों के प्रथमाब्दिक श्राद्ध मलमास में होता है। द्वितीयाब्दिक श्राद्ध प्रभृति शुद्धमास में होता है। इसी विवक्षा से उभयविध मास श्राद्ध की कर्त्तव्यता प्राप्त हुई।

मलमासमृतानां यदि कदाचित् स एव मास आगतस्तदा तत्प्रत्याब्दिकं मलमासे एव कर्त्तव्यं न तत्तूपरितने शुद्धमासे। तथा च भृगुः—

मलमासमृतानां तु यच्छ्राद्धं प्रतिवत्सरम् ।
मलमासे तु तत्कार्यं नान्येषां तु कदाचन ॥ इति

अतो मलमासमृतानां तु कादाचित्कं प्रत्याब्दिकं मलमासे कार्यम्। शुद्धमासमृतानां च प्रथमाब्दिकं तत् कार्यम्। द्वितीयाद्याब्दिकं तु शुद्धमास इति।

६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एतं निर्णयमभिप्रेत्य—

'श्राद्धीयेऽहनि संप्राप्ते मलमासो भवेद्यदि ।
मासद्वयेऽपि कुर्वीत श्राद्धमेवं न लुप्यते ॥
षष्ठ्या तु दिवसैर्मासः कथितो बादरायणैः ॥
उत्तरे दैवकर्माणि पितृकार्याणि चोभयो-

रित्यादीनि वचनानि प्रवृत्तानि । क्षयमासस्य मलमासत्वेऽपि तत्र च निषेधः ।

वर्षे वर्षे तु यत् श्राद्धं माता-पित्रोर्मृताहनि ।
मासद्वयेऽपि तत् कुर्याद् व्याघ्रस्य वचनं यथा ॥

इति स्मरणात् । अत्र मासद्वयेऽपीति सङ्क्रान्तिद्वयात्मके क्षयोपरमासे इत्यर्थः[२] ॥

अनित्यमनिमित्तं चेत्यादिना यानि वर्ज्यानि संगृहीतानि तेषु स्मृतय उदाह्रियन्ते ।

तत्र वृद्धमनुः—

अऽग्न्याधेयं प्रतिष्ठां च यज्ञदानव्रतानि च ।
वेदव्रतवृषोत्सर्गचूडाकरणमेखलाः ॥
माङ्गल्यमभिषेकं च मलमासे विवर्जयेत् ।
बाले वा यदि वा वृद्धे शुक्रे वास्तमुपागते ॥
मलमास इवैतानि वर्जयेद्देवदर्शनम् ॥ इति

पैठीनसिज्योतिःपराशरयोरप्येवमेव पाठः । कौथुमिः—

अधिमासे न कर्त्तव्ये श्राद्धे संवत्सराब्दिके
वर्षवृद्ध्यभिषेकादि कर्त्तव्यमधिके न तु ॥
अधिमासे न कर्त्तव्यं श्राद्धमाभ्युदयं तथा ।
तथैव काम्यं यत्कर्म वत्सरान् प्रथमाद्दते ॥
सपिण्डीकरणादूर्ध्वं यत् किञ्चिच्छ्राद्धिकं द्विजैः ।
इष्टं वाप्यथवा पूर्त्तं तन्न कुर्यान्मलिम्लुचे ॥ इति ।

मलमास में अगर कोई मरता है या उसका पहला संवत्सर का श्राद्ध मलमास में पड़ता है तो उस मलमास में ही उसका पहला संवत्सर का

१—ख पुस्तके पूर्णपाठः

२—ख' पुस्तके पाठोऽयं पूर्णतयोपलब्धः पुस्तकान्तरेषु नास्ति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्राद्ध होता है; किन्तु शुद्धमास में नहीं। भृगु ने कहा है—मलमास में मृत लोगों का श्राद्ध मलमास में होता है, दूसरों का नहीं। अतः मलमास में मृत लोगों का श्राद्ध मलमास में होता है। दूसरा संवत्सर का श्राद्ध शुद्धमास में होता है। इस निर्णय को लेकर "श्राद्ध के लिये निश्चित दिवस प्राप्त होने पर मलमास हो जाने से दोनों ही मासों में श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध का लोप नहीं हो सकता। बादरायण व्यास ने कहा है कि साठ दिनों का मलमास होने पर उत्तरार्ध में देवकार्य और दो भागों में पितृकार्य होते हैं।" इस वचन की प्रवृत्ति हुई। क्षयमास भी मलमास है, इसलिये वहां भी निषेध है। क्यों कि स्मृत्ति में मिलता है कि व्याघ्र वचन के अनुसार हर साल में पिता और माता के मृत्यु दिवस में जो श्राद्ध किया जाता है, वह दो मासों में भी किया जाता है। यहां 'मासद्वय में भी' दो संक्रातिओं के योग से क्षय भिन्न मास ऐसा अर्थ मालूम पड़ता है। संग्रह में अनित्य और अनिमित्त के बारे में जो कहा गया है, उनके समर्थक स्मृति वचन मिलते हैं—

वृद्ध मनु ने कहा—अग्न्याधान, देवताप्रतिष्ठा, यज्ञ, दान, व्रत वेदारंभ वृषोत्सर्ग, चूडाकरण, व्रतोपनयन, विवाह और अभिषेक मलमास में नहीं होते हैं। शुक्र के बाल, वृद्ध और अस्त की अवस्था मलमास की तरह होती है। उसमें भी ये सब वर्जनीय हैं। पैठिनसि और पराशर के ज्योतिशास्त्र में इसी तरह पाठ मिलता है।

कौथुमि ने कहा है—अधिमास में आब्दिकश्राद्ध और अभिषेक नहीं होते हैं। अधिमास में आभ्युदयिक श्राद्ध, काम्य कर्म, सपिण्डीकरण से ऊर्ध्व अन्य श्राद्ध, इष्ट, पूर्त्तकाम नहीं होते हैं।

असंक्रान्तं प्रकृत्य ज्योतिःशास्त्रे—

तत्र दत्तमदत्तं वा हुतं न हुतमेव वा।
सुजप्तमप्यजप्तं स्यान्नोपवासः कृतं भवेत् ॥
न यात्रां न विवाहं तु न च वास्तुनिवेशनम्।
न प्रतिष्ठां च देवानां प्रासादग्रामभूरुहाम् ॥
न हिरण्यं न वासांसि कारयेदिति निश्चयः ॥ इति।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

वापीकूपतडागादिप्रतिष्ठा यज्ञकर्म च ।
न कुर्यान्मलमासे च महादानफलानि च ॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

महादानानि तुलापुरुषादीनि षोडशापि मत्स्यपुराणोक्तानि। कनकादीनि दश कूर्मपुराणोक्तानि। एवमन्यान्यपि प्रतिषेधवचनान्युदाहरणीयानि। उपाकर्मोत्सर्जनं चेत्यादिना शुद्धमास एव कर्तव्यान्युक्तानि।

तत्र ज्योतिःपराशरः—

रविणा लङ्घितो मासश्चान्द्रः ख्यातो मलिम्लुचः।
तत्र यद्विहितं कर्म उत्तरे मासि कारयेत्॥ इति।

प्रजापतिः—

उपाकर्म च हव्यं च कव्यं पर्वोत्सवं तथा।
उत्तरे नियतं कुर्यात् पूर्वे तन्निष्फलं भवेत्॥ इति।

हारीतोऽपि—

उपाकर्म तथोत्सर्गं काम्यमुत्सवमष्टकाः।
मासवृद्धौ पराः कार्या वर्जयित्व तु पैतृकम्॥

ज्योतिः पितामहोऽपि—

मासः कन्यागते भानावसंक्रान्तो भवेद्यदि।
दैवं पित्र्यं तदा कर्म तुलास्थे कर्त्तुरक्षयम्॥ इति।

असंक्रान्त प्रकरण को लेकर ज्योतिष में कहा है—इसमें दत्त अदत्त होता है। हवन अहवन होता है। जप अजप होता है। उपवास नहीं किया जाता। यात्रा, विवाह, गृहप्रवेश, देवता, प्रासाद और ग्रामों की प्रतिष्ठा, वृक्षरोपण, हिरण्य दान, वस्त्र दान नहीं होते हैं। अन्य स्मृति में कहा है—वापी, कूप, पुष्करिणी की प्रतिष्ठा, यज्ञ कर्म नहीं किये जाते हैं।

तुलापुरुष दान प्रभृति महादान के रूप में सोलह प्रकार का मत्स्य पुराण में प्रसिद्ध है। सुवर्णदान दश प्रकार का कर्म पुराण में कहा है। इसी तरह प्रतिषेध वचन उदाहरण के रूप में मिलते हैं। उपाकर्म और उत्सर्ग शुद्धमास में अनुष्ठान के लिये कहे गये हैं।

ज्योतिपराशर ने कहा है—रवि के द्वारा लंघित चान्द्रमास मलमास होता है। उसमें विहित कर्म उत्तर शुद्धमास में किया जाता है। प्रजापति ने कहा है—उपाकर्म, हव्य, कव्य, पर्व, उत्सव उत्तरमास में किये जाते हैं, पूर्व मलमास में ये सब निष्फल हो जाते हैं। हारीत ने कहा है—उपाकर्म, उत्सव, काम्य और अष्टकाश्राद्ध मास वृद्धि होने से परवर्त्ती शुद्धमास में किये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जाते हैं किन्तु पितृकर्म को छोड़कर। ज्योति पितामह ने कन्या राशि में रवि की अवस्थिति के समय अगर असंक्रान्त मास हो गया तो दैव और पितृकर्म तुलाराशि में रवि की अवस्थिति के समय होते हैं ऐसा कहा है।

अत्र कन्यागते सवितरि योऽसंक्रान्तः असौ मलिन आश्वयुजः भाद्रपदान्ते कन्याप्रवेशात्। एवं च सति कन्यामुपजीव्य विहितं यद्दैवं पित्र्यं च तन्मलिन आश्वयुजे न कर्त्तव्यं, किं तर्हि, तुलासंक्रान्त्युपेते शुद्ध अश्वयुजे।

नन्वेवं सति महालयापरपक्षश्राद्धस्यापि तुलामासे कर्त्तव्यता प्रसज्यते। तस्यापि कन्यामुपजीव्य विहितत्वात्। तथा च पुराणम् —

कन्यागते सवितरि यान्यहानि तु षोडश।
क्रतुभिस्तानि तुल्यानि पितॄणां दत्तमक्षयम्॥ इति।

मैवम्। भाद्रपदकृष्णपक्षस्य कन्यासंक्रान्तिस्पर्शित्वेन कन्योपजीविनोऽप्यपरपक्षस्य तुलामासेऽनुष्ठातुमशक्यत्वात्। तथा च कार्ष्णाजिनिः—

अन्ते वा यदि वा मध्ये यत्र कन्यां रविर्व्रजेत्।
स पक्षः पञ्चमः पूज्यः श्राद्धषोडशकं प्रति॥ इति।

बृहन्मनुरपि—

मध्ये वा यदि वाऽप्यन्ते यत्र कन्यां रवि व्रंजेत्।
स पक्षः सकलः पूज्यः श्राद्धं तत्र विधीयते॥ इति।

किञ्च, नेदमपरपक्षश्राद्धं कन्यामुपजीवति तस्यामनादरस्मरणात्।

तथा च जातूकर्ण्यः—

आषाढीमवधिं कृत्वा यः स्यात् पक्षस्तु पञ्चमः।
श्राद्धकालः स विज्ञेयः कन्यां गच्छतु वा न वा॥ इति।

कन्या में रवि की अवस्थिति के समय जो असंक्रान्त मास वह आश्विन मास का मल होता है। क्योंकि भाद्रपद के अन्त में कन्या का प्रवेश होता है। इसलिये कन्या को लेकर विहित जो दैव और पितृकर्म उनको आश्विन मलमास में नहीं करते हैं। तुला-संक्रान्ति युक्त शुद्ध आश्विन में करते हैं।

यहाँ एक प्रश्न आता है—कि महालया के अपरपक्ष श्राद्ध तुलामास में आ जाता है किन्तु उसको कन्या में करने के लिये विधान है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुराण में कहा है—कन्या में रवि की अवस्थिति के समय जो सोलह दिन होते हैं, याग की तरह उनकी प्रधानता आती है। उस समय में पितृ लोक के लिये प्रदत्त पदार्थ अक्षय होता है। ऐसा ठीक नहीं। भाद्रपद कृष्ण पक्ष कन्या संक्रान्ति को स्पर्श करने से कन्या को घरने वाला अपरपक्ष श्राद्ध तुला मास में अनुष्ठान नहीं किया जा सकता। कार्ष्णाजिनि ने कहा है। अन्त में हो या बीच में हो जब सूर्य कन्याराशि में रहते हैं वह पक्ष सोलह श्राद्ध के लिये पूज्य है। बृहन्मनु भी कहते हैं—बीच में या अन्त में जब रवि कन्या को जाते हैं वह पक्ष सबसे पूज्य और श्राद्ध के लिये सबसे प्रशस्त है।

लेकिन और भी एक प्रश्न आता है कि अपरपक्ष श्राद्ध कन्या राशि को आश्रय करके नहीं होता है। इसके लिये कन्या का अनादर सूचक प्रमाण उपलब्ध होता है। जातुकर्ण्य ने कहा है—आषाढ़ मास को अवधि करके जो (पंचम) पाँचवाँ पक्ष होता हे वह श्राद्ध के लिये प्रशस्त है। उसमें कन्या हो या न हो।

अतः "कन्यागते सवितरि" इति वचनं कृष्णपक्षस्य कन्यायोगं प्रशंसति। अत एव क्रतुभिस्तानि तुल्यानीति तत्रैवोक्तम्। एवं सति तुलास्थे कर्त्तुरक्षयमिति वचनं महालयव्यतिरिक्तविषयम्।

अथवा महालयस्यापि गौणकालनिषेधात् तदर्थं तदस्तु। तथाहि कन्यासंक्रान्तियुक्तो भाद्रपदकृष्णपक्षस्तस्य मुख्यः कालः। केनापि निमित्तेन मुख्यकालासंभवे यावद्वृश्चिकदर्शनं तस्य गौणकालः स्मृतिसिद्धः। तत्र किं कन्यायुक्ते मलिनाश्वयुजे तच्छ्राद्धं कर्त्तव्यम् उत कन्यारहिते तुलोपेते शुद्धाश्वयुजे इति वीक्षायां तुलास्थे कर्त्तुरक्षयमिति विधीयते। एवमन्यान्यपि उत्तरमासैककर्त्तव्यविषयाणि वचानान्यप्युदाहार्याणि।

तदेवं कार्याकार्यविवेकः पञ्चधा संपन्नः। तत्र किञ्चिन्मलमास एव कर्त्तव्यम्। तद्यथा—मलमासमृतानां यदा कदाचित् प्रत्याब्दिकम् अन्यमासमृतानां प्रथमाब्दिकं च किञ्चित् शुद्धमास एव कर्त्तव्यम्। तद्यथोपाकर्मादि। किञ्चिदुभयत्रापि कर्त्तव्यम्। तद्यथाब्दोदकादि। किञ्चिदुभयोरन्यतरस्मिन्निमित्तवशात् कर्त्तव्यम्। तद्यथा द्वादशाहसपिण्डान्तादि। किञ्चिन्मलमासे वर्ज्यम्। तद्यथा अनित्यमनिमित्तं चेत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ मलमासस्यैव द्विराषाढसंज्ञको विशेष उच्यते। तत्र वृद्धमिहिरः—

माधवाद्येषु षट्स्वेकमासि दर्शद्वयं यदा।
द्विराषाढः स विज्ञेयः शेते कर्कटकेऽच्युतः॥ इति।

इयं च द्विराषाढसंज्ञा उत्तराभविनि संवत्सरे हरिस्वापविवेकायोपयुज्यते। अत एव वृद्धमिहिरः—

मेषादिमिथुनान्तेषु यदा दर्शद्वयं भवेत्।
अब्दान्तरे तदावश्यं मिथुनार्के हरिः स्वपेत॥
कर्कटादित्रिके वापि यदा दर्शद्वयं भवेत्।
अब्दान्तरे तदावश्यं कर्काटके हरिः स्वपेत्॥ इति।

इति मलमासनिर्णयः॥

अतः "कन्यागते सवितरि" यह वचन कृष्णपक्ष के कन्या योग की प्रशंसा करता है। इसलिए याग के साथ इसकी तुल्यता आती है। ऐसे होने से "तुलास्थे कर्त्तरक्षयम्" यह वचन महालय व्यतिरिक्त विषय में उपयुक्त होता है।

अथवा महालय का गौण काल निषिद्ध होने से उस परक यह वचन हो। ऐसा होने से कन्या संक्रान्तियुक्त भाद्र पद का कृष्ण पक्ष इसके लिए मुख्य काल है। कुछ निमित्त कारण से अगर मुख्य काल की संभावना नहीं होती तो वृश्चिक मास के दर्शन तक उसके गौणकाल स्मृति शास्त्र में प्रसिद्ध है। यहाँ कन्यायुक्त आश्विन मल में वह श्राद्ध करणीय है या कन्या रहित तुलायुक्त शुद्ध आश्विन में करणीय है। ऐसी शंका में "तुलास्थे कर्त्तरक्षयम्" य वचन व्यवस्थित होता है। इसी तरह उत्तर मास में कर्त्तव्य को सूचित करने के लिए वचन उदाहरणीय है।

इस प्रकार पाँच प्रकार कार्याकार्यविवेचन हुआ। मलमास में कुछ क्रिया जाता है। मलमास में मरने वालों का जब वार्षिक श्राद्ध आता है और मासान्तर में मरने वालों का पहला सांवत्सरिक श्राद्ध मलमास में आता है तो मलमास में ही श्राद्ध होता है। कुछ कर्म शुद्ध मास में किए जाते हैं। यथा—उपाकर्म। कुछ उभयमास में किये जाते हैं। यथा—जलादान प्रभृति। कुछ कर्म उभयमास के अन्यभाग में गत्यन्तरवशात् किये जाते हैं। यथा—सपिण्डीकरण। कुछ मलमास में छोड़ दिये जाते हैं। यथा—अनित्य कर्म, अनिमित्त कर्म इत्यादि।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मलमास की द्विराषाढसंज्ञा को लेकर कुछ विशेष कहा जाता है। वृद्ध-मिहिर ने कहा है—माधव मास से लेकर छ महिने के अन्दर कोई एक महीने में दो अमावास्या हो गई तो इस मास को द्विराषाढ कहा जाता है, भगवान् अच्युत के शयन कर्कट में होता है।

इसी द्विराषाढ संज्ञा परवर्त्ती संवत्सर में हरिशयन के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्धमिहिर ने कहा है—मेष से लेकर मिथुन मास के अन्दर कुछ मास में अगर दो दर्श होता है तो परवर्त्ती संवत्सर के मिथुन में हरिशयन होता है। कर्कट से लेकर तीन महिने के भीतर कुछ मास में दो अमावास्या आ गई तो परवर्त्ती वर्ष में कर्कट में हरिशयन होता है।

यहाँ मलमास निर्णय समाप्त हुआ।

अथपक्षः

पक्षशब्दः पक्षपरिग्रहे इत्यस्माद्धातोर्निष्पन्नः। देवकार्यार्थं वा पितृकार्यार्थं वा पक्ष्यते परिगृह्यते यः कालविशेषः स पक्षः। अथवा चन्द्रस्य पञ्चदशानां कलानामापूरणं क्षयो यस्मिन् गृह्यते स पक्षः। तथा च वाजसनेयिनश्चन्द्ररूपस्य संवत्सरनिर्वाहकस्य प्रजापतेः कलापूरणाय क्षयाय चाऽऽमनन्ति। स एष संवत्सरः प्रजापतिः षोडशकलः। तस्य रात्रय एव पञ्चदशकलाः ध्रुवैवास्य षोडशी कला। स रात्रिभिरेवावपूर्यतेऽपक्षीयत इति।

तथात एव पञ्चाग्निविद्यायां दक्षिणोत्तरमार्गयोः कृष्णशुक्लपक्षावपक्षयपूरणात्मकौ इष्टापूर्त्तादिकारिभिरुपासकैश्च प्राप्येते इति पठन्ति। "अथ ये यज्ञेन दानेन तपसा लोकं जयन्ति ते धूममभिसंभवन्ति धूमाद्रात्रिं रात्रेरपक्षीयमाणपक्षमिति ते य एवमेतद्विदुः"। ये चामी अरण्ये श्रद्धामुपासते तेऽर्चिरभिसंभवन्ति अर्चिषोऽहरह आपूर्यमाणपक्ष इति च।

तैत्तिरीयाश्च सावित्रचयने पूर्वोत्तरपक्षौ प्रत्येकं पञ्चदशाहोरात्रकावामनन्ति संज्ञानं विज्ञानं दर्शादृष्टेति एतावनुवाकौ पूर्वपक्षस्याहोरात्राणां नामधेयानि। प्रस्तुतं विष्टुतं सुता सुन्वतीत्येतावनुवाकावुत्तरपक्षस्याहोरात्राणां नामधेयानीति।

यहाँ पक्ष के विषय मे विवेचना की जाती है। परिग्रह अर्थ को प्रकाश करने वाला पक्ष धातु से पक्ष शब्द की निष्पत्ति होती है। देवकार्य के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लिये या पितृकार्य के लिए जो काल परिगृहीत होता है उसको पक्ष कहते हैं। अथवा—चन्द्र की पन्द्रह कला के पूरण और क्षय को परिगृहीत करने वाला काल विशेष पक्ष नाम से अभिहित होता है। शुक्ल यजुर्वेदी संवत्सर को निर्वाह करने वाला चन्द्ररूप प्रजापति के कला पूरण करने के लिये कहते हैं—ऐसा प्रजापति रूपक संवत्सर की सोलह कला है। इसी में पन्द्रह कला रात्रि होती हैं। सोलहवाँ कला नित्य शाश्वत है। इसका नाश नहीं होता है। इसी पन्द्रह कला के द्वारा क्षय वृद्धि होती है।

अत एव पंचाग्नि विद्या में इष्टापूर्त्त कार्य करने वाले उपासक लोग कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष को लेकर कृष्ण में क्षय और शुक्ल में पूरण को लक्ष्य करते हैं। जो यज्ञ, दान और तपस्या के द्वारा लोक को जय करते हैं वे धूम रात्रि में जन्म लेते हैं। धूम से रात्रि और रात्रि से जो कृष्णपक्ष लक्षित होता है।

वे लोग इसको ऐसा जानते हैं। जो लोग अरण्य में श्रद्धा की उपासना करते हैं वे ज्योतिर्लोक में जन्म लेते हैं। ज्योति से दिन और दिन से शुक्ल पक्ष लक्षित होता है।

तैत्तिरीय शाखा वाले कहते हैं कि सावित्रचयन में पन्द्रह अहोरात्र विशिष्ट प्रत्येक पक्ष को संज्ञान, विज्ञान दर्शादृष्ट के नाम से मानते हैं। ये दोनों अनुवाक उत्तर अहोरात्र के नाम होता है।

अयमर्थः। संज्ञानं विज्ञानमित्येकोऽनुवाको मन्त्रकाण्डे पठितः। तस्मिन्ननुवाके शुक्लपक्षस्याह्नां नामधेयानि पञ्चदश नपुंसकानि पठ्यन्ते। दर्शादृष्टेत्यपरोऽनुवाकः। तत्र शुक्लपक्षस्य रात्रीणां नामधेयानि पञ्चदश स्त्रीलिङ्गानि पठितानि। तथा प्रस्तुतं विष्टुतमित्येकोऽनुवाकः। सुता सुन्वतीत्यपरोऽनुवाकः। तावुभौ कृष्णपक्षविषयौ पूर्ववद् योजनीयाविति। ते चाऽनुवाका एवं श्रूयन्ते-संज्ञानं विज्ञानं जानदभिजानत् संकल्पमानं प्रकल्पमानमुपकल्पमानमुपकॢप्तं कॢप्तं श्रेयो वसीय आयत्संभूतं भूतम्। दर्शा दृष्टा दर्शना विश्वरूपा सुदर्शना आप्यायमाना प्यायमाना प्याया सूनृता इरा आपूर्यमाणा पूर्यमाणा पूरयन्ती पूर्णा पौर्णमासी। प्रस्तुतं विष्टुतं संस्तुतं कल्याणं विश्वरूपं शुक्रममृतं तेजस्वि तेजः समिद्धम्। अरुणं भानुमन्मरीचिमदभितपत्तपस्वत्। सुता सुन्वती प्रसुता सूयमानाऽभिषूयमाणा पीती प्रपा संपा तृप्तिस्तर्पयन्ती कान्ता काम्या कामजाताऽऽयुष्मती कामदुघेति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसका अर्थ यह है कि—संज्ञान, विज्ञान एक ही अनुवाक मन्त्र कांड में मिलता है। इस अनुवाक में शुक्लपक्ष के दिनों से पन्द्रह नाम नपुंसक होते हैं। दर्शाद्दृष्टा एक दूसरा अनुवाक होता है। इसमें शुक्लपक्ष की रात्रियों के पन्द्रह नाम स्त्रीलिंग मिलते हैं। प्रस्तुत विष्टुत एक अनुवाक होता है। सुता सुन्वती दूसरा अनुवाक होता है। ये दोनों कृष्णपक्ष में विनियुक्त होते हैं। ये सब प्रकार के अनुवाक यथा—संज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान, जानद, अभिजानत्, संकल्पमान, प्रकल्पमान, उपकल्पमान, उपक्लृप्त, क्लृप्त, श्रेय, वसीय, आयत् संभूत, भूत। दर्शा, दृष्टा, दर्शना, विश्वरूपा, आप्यायमाना, प्यायमाना, प्याया, सूनृता, इरा, आपूर्यमाणा, पूर्यमाणा, पूरयन्ती, पूर्णा पौर्णमासी, प्रस्तुत, विष्टुत, संस्तुत, कल्याण, विश्वरूप, शुक्र, अमृत, तेजस्वि; तेज, समिद्ध, अरुण, भानुमत्, मरीचिमद्, अभितपत्, तपस्वत। सुता सुन्वती, प्रसूता, सूयमाना, अभिषूयमाणा, पीती, प्रपा, संपा, तृप्ति, तर्पयन्ती, कान्ता, काम्या, कामजाता, आयुष्मती, कामदुघा ॥

रूढो वाऽयं पक्षशब्दः। स च द्वेधा विभक्तस्य मासस्यैकैकमर्धं ब्रूते। पञ्चदशस्तोमनामकेन सामसमूहेन मध्ये छिन्नस्य[1] त्रिवृत्स्तोमनामकस्य सामसमूहस्य पूर्वोत्तरभागाभ्यामुत्पन्नत्वात्तयोः पूर्वापरपक्षत्वम्। तौ च द्वौ पक्षावनुदेवानामसुराणां च क्रमेण सृष्टत्वात्तयोः पक्षयोः प्रशस्तत्वाप्रशस्तत्वे। तदेतत् सर्वं होतृब्राह्मणे तैत्तिरीयाः पठन्ति। प्रजापतिरकामयत प्रजायेयेति। स तपोऽतप्यत स त्रिवृतं स्तोममसृजत्। तं पञ्चदशस्तोमो मध्यत उदतृणत्। तौ पूर्वपक्षश्चापरपक्षश्चाभवताम्। पूर्वपक्षं देवा अन्वसृज्यन्त। अपरपक्षमसुराः ततो देवा अभवन् परासुराः। यं कामयेत वसीयान् स्यादिति तं पूर्वपक्षे याजयेत्। वसीयानेव भवति। यं कामयेत पापीयान् स्यादिति तमपरपक्षे याजयेत् पापीयानेव भवति। तस्मात् पूर्वपक्षोऽपरपक्षात् कारुण्यतर इति। वसीयान् वसुमत्तरः। पापीयान् द्रव्यहीनः। कर्तॄणां शुभफलप्रापकत्वेन करुणामतिशयेनार्हतीति कारुण्यतरः। तदेवमस्मिन् प्रकरणे संवत्सरायणर्त्तुमासपक्षा निर्णीताः ॥

इति माधवीये कालनिर्णये संवत्सराख्यं द्वितीयं प्रकरणम् ॥

—००✕००—

१—स्थितस्य इति पाठान्तरम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कुछ विचारक पक्ष शब्द को रूढ़ की तरह मानते हैं। मास को दो भागों में विभक्त करने से एक ही भाग पक्ष के नाम से अभिहित करते हैं। पंचदशस्तोम नामक एक साम समूह के द्वारा बीच में छिन्न होने वाला त्रिवृत्सोम नामक साम समूह के पूर्व और उत्तर भाग के द्वारा पूर्व और अपर पक्ष उत्पन्न होते हैं। इन दोनों पक्षों की सृष्टि देवता और असुर के पीछे हुई। इसलिए एक पक्ष प्रशस्त और दूसरा पक्ष अप्रशस्त होता है। इसके बारे में होतृब्राह्मण में तैत्तिरीय शाखा वाले पढ़ते हैं। प्रजाप्राप्ति के लिए प्रजापति ने कामना की। तपस्या करके त्रिवृत्स्तोम की सृष्टि की। पन्द्रह स्तोम के अन्दर उसको रख दिया। फलतः पूर्वपक्ष और उत्तर पक्ष हो गये। पूर्वपक्ष को देवता लोग और अपरपक्ष को असुर लोग ले गए। देवताओं से फलप्राप्ति के लिए पूर्वपक्ष में अर्थात् शुक्लपक्ष में याग किया जाता है। असुरों को सन्तुष्ट कराने के लिए अपर पक्ष में अर्थात् कृष्णपक्ष में याग नहीं किया जाता है। अतः अपरपक्ष से पूर्वपक्ष या शुक्ल पक्ष कारुण्यतर होता है। वसीयान् धनराशि होता है। पापीयान् द्रव्यहीन होता है। कर्त्ता को शुभ फल देने के लिए करुणा से युक्त शुक्लपक्ष कारुण्यतर होता है। इसी प्रकार इस प्रकरण में संवत्सर, अयन, ऋतु, मास और पक्ष के बारे में निर्णय हुआ।

माधवीय कालनिर्णय ग्रन्थ में संवत्सर नामक दूसरा प्रकरण समाप्त हुआ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ तृतीयं प्रतिपत्प्रकरणम्

अथ तिथयो निर्णीयन्ते। तत्र तिथिशब्दस्तनोते र्धातो र्निष्पन्नः। तनोति विस्तारयति वर्धमानां क्षीयमाणां वा, चन्द्रकलामेकां यः कालविशेषः सा तिथिः। यद्वा यथोक्तकलया तन्यत इति तिथिः। तदुक्तं सिद्धान्तशिरोमणौ —

तन्यते कलया यस्मात्तस्मात्तास्तिथयः स्मृताः॥ इति

एतदेवाभिप्रेत्य स्कान्दे पठ्यते —

अमा षोडशभागेन देवि प्रोक्ता महाकला।
संस्थिता परमा माया देहिनां देहधारिणी॥
अमादिपौर्णमास्यन्ता या एव शशिनः कलाः॥
तिथयस्ताः समाख्याताः षोडशैव वरानने॥ इति

अयमर्थः—या महामाया आधारशक्तिरूपा देहिनां देहधारिणी संस्थिता सा चन्द्रमण्डलस्य षोडशभागेन परिमिता चन्द्रदेहधारिणी अमानाम्नी महाकलेति प्रोक्ता, क्षयोदयरहिता नित्या तिथिसंज्ञकैव। इतरा अपि पञ्चदश कलाः दिवसव्यवहारोपयोगिन्यः क्षयोदयवत्यः पञ्चदश तिथयो भवन्तीति तिथयः षोडशैवेत्यविरुद्धं वचनमिति।

अब तिथि निर्णय हो रहा है। तिथि शब्द विस्तार अर्थ को प्रकाश करने वाला तनु धातु से निष्पन्न है। बढ़ने वाली और क्षय होने वाली चन्द्रकला को विस्तार करता है जो विशेष काल में उस को तिथि कहा जाता है। अथवा प्रकरण प्रतिपादित काल के द्वारा विस्तृत करता है जो विशेष काल वह तिथि है। यह विषय सिद्धान्तशिरोमणि में कहा गया है। इस विषय को लक्ष्य करके स्कन्दपुराण में कहा है कि हे देवि! सोलह भागों से विभक्त होकर अमाके नाम से परिचित जो महाकला वही माया और परमा, शरीरधारियों के लिये शरीरधारण करती है। हे शोभन मुख वाली! अमासे लेकर पौर्णमासी तक चन्द्र की जो कलाएँ हैं उन्ही को तिथि के नाम से अभिहित किया जाता है।

इसका अर्थ यह है कि जो महामया आधारशक्तिरूपा देहिओं की देहधारण होकर विराजमान है, चन्द्रमण्डल के सोलह भागों से परिमित चन्द्रदेह

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धारिणी अमानाम से परिचित होती है उसी को महाकला कहते हैं। उसकी वृद्धि और क्षय नहीं होती है। वह नित्य और तिथि संज्ञा से अभिहित होती है। अन्य पन्द्रह कलाएँ दिन के रूप में व्यवहार के लिये उपयोगी होती हैं। इन्हीं के क्षय और वृद्धि होती है। तिथि के नाम से अभिहित होकर अमा कला के साथ सोलह कला होने के लिये कोई विरोध वचन नहीं है।

श्रुतिस्त्वस्मिन्नेवार्थे पक्षनिर्णय एवोदाहृता। 'तस्य रात्रयः पञ्चदश कला ध्रुवैवास्य षोडशी कलेति।

एवं सत्यत्र सामान्यविशेषरूपेण तिथिद्वैविध्यमुक्तं भवति। तत्र येयममेत्युक्ता क्षयोदयवर्जिता ध्रुवा षोडशी कला, तद्युक्तः कालस्तिथिसामान्यम्। यास्त्ववशिष्टा वृद्धिक्षयोपेताः पञ्चदश कलास्ताभिर्विशिष्टाः कालविभागास्तिथिविशेषास्तासां पञ्चदशानामेकैकां कलां वह्न्यादयः प्रजापत्यन्ताः पञ्चदश देवताः क्रमेण पिबन्ति।

तत्र वह्निपेया कला प्रथमं पीयत इति प्रथमेत्युच्यते। तया युक्तः कालविशेषः प्राथम्यवाचिना प्रतिपच्छब्देनाभिधीयते। एवं द्वितीयादीनां पञ्चदश्यन्तानां तिथीनां नामान्यवगन्तव्यानि। ता एताः कृष्णपक्षतिथयो भवन्ति। पुनश्च ताः पीताः कलाः अनेनैव क्रमेण तत्तत्पातृवह्न्यादिदेवताभ्यो निर्गत्य चन्द्रमण्डलं पूरयन्ति। ताभिर्युक्ताः कालविशेषाः शुक्लपक्षगताः प्रतिपदाद्यास्तिथयो भवन्ति।

इसके बारे में पक्षनिर्णय के अवसर पर श्रुतिवचन उदाहृत किया गया है। "तस्य रात्रयः पञ्चदश······" ऐसे। ऐसा होने पर सामान्य और विशेष के रूप से तिथि दो प्रकार की होती है। क्षय और वृद्धि से विवर्जित सोलहवीं कला जो नित्य होती है उसी कला से युक्त काल सामान्य होता है। वृद्धि और क्षय के साथ संयुक्त अवशिष्ट पन्द्रह कलाएँ हैं। उन्हीं से युक्त काल तिथि विशेष के नाम से अभिहित होता है। पन्द्रह कलाओं से एक एक कला को अग्नि से लेकर प्रजापति तक देवता लोग पी जाते हैं।

अग्नि के द्वारा पी जाने वाली पहली कला प्रथमा कही जाती है। उसी से युक्त काल विशेष पहला अर्थ को प्रकाश करने वाला प्रतिपत् शब्द से अभिहित होता है। इसी तरह द्वितीया से लेकर पञ्चदशी तक होने वाली तिथियों का नाम जानना चाहिये। ऐसी तिथि कृष्णपक्ष की होती है। पान होने वाली कलाएँ क्रम के अनुसार पान करने वाली अग्नि प्रभृति देवता से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निर्गत होकर चन्द्रमण्डल को पूरण करती हैं। इन्हीं कलाओं से युक्त काल विशेष शुक्लपक्ष की प्रतिपत् प्रभृति तिथियाँ होती हैं।

वह्न्यादिदेवतानां कलापानं सोमोत्पत्तौ पठ्यते। तथाहि –

प्रथमां पिबते वह्निर्द्वितीयां पिबते रविः।
विश्वेदेवास्तृतीयां तु चतुर्थीं सलिलाधिपः॥
पञ्चमीं तु वषट्कारः षष्ठीं पिबति वासवः।
सप्तमीमृषयो दिव्यामष्टमीमज एकपात्॥
नवमीं कृष्णपक्षस्य यमः प्राश्नाति वै कलाम्।
दशमीं पिबते वायुः पिबत्येकादशीमुमा॥
द्वादशीं पितरः सर्वे समं प्राश्नन्ति भागशः।
त्रयोदशीं धनाध्यक्षः कुबेरः पिबते कलाम्।
चतुर्दशीं पशुपतिः पञ्चदशीं पजापतिः॥
निष्पीतः कलावशेषश्चन्द्रमा न प्रकाशते।
कला षोडशिका या त्वपः प्रविशते सदा॥
अमायां तु सदा सोम औषधीः प्रतिपद्यते।
तमोषधिगतं गावः पिबन्त्यम्बुगतं च यत्॥
तत्क्षीरममृतं भूत्वा मन्त्रपूतं द्विजातिभिः।
हुतमग्निषु यज्ञेषु पुनराप्यायते शशी॥
दिने दिने कलावृद्धिः पौर्णमास्यां तु पूर्यते॥ इति।

अग्नि प्रभृति देवताओं के द्वारा कलापान विषय सोमोत्पत्ति प्रसङ्ग में कहा गया है। जैसा कि—प्रथमा को अग्नि, द्वितीया को रवि, तृतीया को विश्वेदेव, चतुर्थी को वरुण, पञ्चमी को वषट्कार, षष्ठी को इन्द्र, सप्तमी को ऋषिगण, अष्टमी को एकपात, नवमी को यम, दशमी को वायु, एकादशी को उमा, द्वादशी को पितृगण, त्रयोदशी को कुबेर, चतुर्दशी को पशुपति रूद्र और पञ्चदशी (अमावास्या) को प्रजापति पी जाते हैं।

अवशिष्ट कला के साथ चन्द्र प्रकाशित नहीं होता है। सोलहवीं कला पानी में प्रवेशकर जाती है। अमा में चन्द्र ओषधि को प्राप्त करता है। इस औषधि और पानी को पीकर गाय दूध देती है। यह मन्त्र के द्वारा पवित्र होकर अमृत हो जाता है। अमृत आग में आहुती के रूप से जाकर याग संपादन करता है। याग से सन्तुष्ट होकर चन्द्र फिर अमृत को प्राप्त करता है। दिन के अनन्तर दिन में हर रोज चन्द्र की कलावृद्धि होती है और पूर्णिमा में चन्द्र पूर्ण हो जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ज्योतिःशास्त्रे तु सिद्धान्तशिरोमणिकारेण तिथिरेवं प्रदर्शिता—

अर्काद् विनिसृतः प्राचीं यद् यात्यहरहः शशी ।
तच्चान्द्रमानमंशैस्तु ज्ञेया द्वादशभिस्तिथिः ॥ इति ।

अयमर्थः—सूर्यमण्डलस्य अधःप्रदेशवर्त्ती शीघ्रगामी चन्द्रः । ऊर्ध्वप्रदेशवर्त्ती मन्दगामी सूर्यः । तथा सति तयोर्गतिविशेषवशाद्दर्शे चन्द्रमण्डलमन्यूनमनतिरिक्तं सूर्यमण्डलस्याधोभागे व्यवस्थितं भवति । तदा सूर्यरश्मिभिः साकल्येनाभिभूतत्वाच्चन्द्रमण्डलमीषदपि न दृश्यते । उपरितने दिने शीघ्रगत्या सूर्याद्विनिःसृतः शशी प्राचीं याति । त्रिंशदंशोपेतराशौ द्वादशभिरंशैः सूर्यमुल्लङ्घ्य गच्छति । तदा चन्द्रस्य पञ्चदशसु भागेषु प्रथमभागो दर्शनयोग्यो भवति । सोऽयं भागः प्रथमकलेत्यभिधीयते । तत्कलानिष्पत्तिपरिमितः कालः प्रतिपत् तिथि र्भवति । एवं द्वितीयादितिथिष्ववगन्तव्यमिति ।

तदेतद् विष्णुधर्मोत्तरे विस्पष्टमभिहितम्—

चन्द्रार्कगत्या कालस्य परिच्छेदो यदा भवेत् ।
तदा तयोः प्रवक्ष्यामि गतिमाश्रित्यनिर्णयम् ॥
भगणेन समग्रेण ज्ञेया द्वादश राशयः ।
त्रिंशांशश्च तथा राशेर्भाग इत्यभिधीयते ॥
आदित्याद् विप्रकृष्टस्तु भागद्वादशकं यदा ।
चन्द्रमाः स्यात्तदा राम तिथिरित्यभिधीयते ॥ इति ।

ज्योतिःशास्त्र में सिद्धान्तशिरोमणिकार ने तिथि का प्रयोग ऐसा किया कि सूर्यमंडल के निम्नस्थानवर्त्ती चन्द्र खूब शीघ्र यातायात करता है । चन्द्र से ऊर्ध्ववर्त्ती स्थान में सूर्य क्षीण गति में यातायात करता है । ऐसे होने से दोनों की गति में फरक आता है । अमावास्था में सूर्यमंडल के ठीक निम्नभाग में चन्द्रमण्डल अवस्थित होता है । तब सूर्यरश्मि के द्वारा संपूर्ण रूप से चन्द्रमंडल अभिभुत होकर कुछ भी नहीं दिखाई पड़ता है । उस दिन के बाद शीघ्रगति से सूर्य से निःसृत होकर चन्द्र पूर्व दिशा को जाता है । तीस अंशों से युक्त राशि में बारह अंशों के द्वारा सूर्य को लंघन करके चन्द्र घूमता है । ऐसे होने से चन्द्र के पन्द्रह भागों से पहला भाग दिखाई पड़ता है । इसी कला से परिमित काल प्रतिपत् तिथि होती है । इस प्रकार से द्वितीया प्रभृति तिथियों के बारे में जानना चाहिये ।

यह सब विषय विष्णुधर्मोत्तरपुराण में स्पष्ट रूप से कहा गया है—जब चन्द्र और सूर्य की गति के द्वारा कालका जो परिच्छेद होता है । तब उभय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

की गति को लेकर मैं निर्णय को विस्तार पूर्वक कहूँगा। समग्र नक्षत्रों का गण के द्वारा बारह राशियों का ज्ञान होता है। राशि के तीस अंशों से भाग होता है। सूर्य से विप्रकृष्ट होकर बारह भागों को लेकर जब चन्द्र रहता है, हे राम! तब एक तिथि होती है।

सेयं द्वादशभिर्भागैः सूर्यमुल्लङ्घितवती प्रथमा चन्द्रकला शृङ्गद्वयोपेतसूक्ष्मरेखाकारा शौक्ल्यमीषदुपयाति। उत्तरोत्तरदिनेषु सूर्यमण्डल-विप्रकर्षतारतम्यानुसारेण शौक्ल्यमुपचीयते। अनयैव रीत्या सन्निकर्षतारतम्येन मेचकत्वमुपचीयते। तदेतदुक्तं सिद्धान्तशिरोमणौ—

उपचयमुपयाति शौक्ल्यमिन्दो-
स्त्यजत इनं व्रजतश्च मेचकत्वम्।
जलमयजलजस्य गोलकत्वात्
प्रभवति तीक्ष्णविषाणरूपताऽस्य॥ इति।

सूर्याचन्द्रमसो यौ निकर्षविप्रकर्षौ तयोरवसानं दर्शपूर्णिमयोः संपद्यते।

तदाह गोभिलः—"यः परो विप्रकर्षः सूर्याचन्द्रमसोः सा पौर्णमासी, यः परसन्निकर्षः साऽमावास्येति।

नन्वत्र चन्द्रकलानां सूर्यप्रवेशनिर्गमौ प्रतीयेते, सोमोत्पत्तौ तु वह्न्यादिदेवतासु। नायं दोषः। अस्मदादिदर्शनापेक्षया ज्योतिःशास्त्रस्य प्रवृत्तत्वात्। सोमोत्पत्तौ तु वह्न्यादिदेवतानां तत्तत्कला प्रयुक्ता तृप्तिर्विवक्षिता। यदि सूर्ये प्रवेशनिर्गमौ यदि वा वह्न्यादिदेवतासु सर्वथापि कला प्रयुक्ता एव प्रतिपदादितिथयः॥

बारह भागों के द्वारा सूर्य को लंघन करने वाली पहली चन्द्रकला दो शृङ्ग विशिष्ट एक रेखाकार होकर कुछ शुक्ल वर्ण को धारण करती है। दूसरे दिनों में सूर्यमंडल की दूरवर्त्तिता के तारतम्य से शुक्लिमा बढ़ती रहती है। इसी रीति से चन्द्र की निकटवर्त्तिता के कारण कृष्णिमा बढ़ती है। इसके बारे में सिद्धान्तशिरोमणि में भी कहा है—जब चन्द्र सूर्य को छोड़ देता है तब शुक्लिमा को प्राप्त होता है। जब सूर्य को ले आता है तब कृष्णिमा को प्राप्त होता है। सूर्य और चन्द्र की जो निकटवर्त्तिता और दूरवर्त्तिता है वह उन्ही के अवसान अमावास्या और पूर्णिमा में होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गोभिल ने कहा है—सूर्य और चन्द्र के बीच में जो दूरवर्त्तिता वह पूर्णिमा और निकटवर्त्तिता अमावास्या होती है। यहाँ एक प्रश्न आता है—सूर्य में चन्द्रकलाओं का प्रवेश और निर्गम प्रतीत होते हैं। चन्द्रोत्पत्ति प्रकरण में अग्नि प्रभृति देवताएँ कला को पी जाती है ऐसा कहा है। इसमें कोई दोष नहीं है। हमारे मत को लेकर ज्योतिषशास्त्र में विषय की प्रवृत्ति होती है। सोमोत्पत्ति विषय में अग्नि प्रभृति देवताओं की तृप्ति चन्द्रकला को पीकर होती है ऐसा कहा गया है। सूर्य में प्रवेश और निर्गम हो या अग्नि प्रभृति देवताओं में हो, कला के द्वारा ही प्रतिपत् प्रभृति तिथिओं की प्रवृत्ति होती है।

ननु सावनदिनेषु सौरदिवसेषु च निर्णयमुपेक्ष्य चान्द्रतिथिष्वेव कुतो निर्णयोयम इति चेत्, सन्देहसद्भावादिति ब्रूमः। न खलु सौर-सावन-दिवसयोः सन्देहसद्भावोऽस्ति नियतपरिमाणत्वात्। तच्च ब्रह्मसिद्धान्तेऽभिहितम्—

सावनं स्यादहोरात्रमुदयादुदयाद्रवेः।
रवेस्त्रिंशस्तु राश्यंशस्तिथिसंभोग ऐन्दवम्॥ इति।

एकस्मिन् राशौ यावन्तं कालं रवि वर्त्तते, तावतः कालस्य त्रिंशो योऽयमंशः स सौरो दिवसः। तिथिरेका कला तत्संभोग इन्दो र्यावता कालेन निष्पद्यते तदैन्दवं दिनम् न चात्र सौरसावनयोरिव चान्द्रेऽपि दिने सन्देहाभावः शङ्कनोयः, ह्रासवृद्धिवशेन सन्देहसद्भावात्। ह्रास-वृद्धौ च गर्गेण दर्शिते—

खर्वो दर्पस्तथा हिंस्रास्त्रिविधं तिथिलक्षणम्।
धर्माधर्मवशादेव तिथिस्त्रेधा विवक्षिता॥ इति।

खर्वा समतिथिः। दर्पा वृद्धियुक्ता। हिंस्रा क्षययुक्ता। तस्यैतस्य त्र्यैविध्यस्य विपरिवर्त्तनविशेषेण तिथिः संपूर्णा खण्डा चेति द्वैविध्य-मापद्यते। तत्र संपूर्णा स्कन्दपुराणे दर्शिता—

प्रतिपत्प्रभृतयः सर्वा उदयादोदयाद्रवेः।
संपूर्णा इति विख्याता हरिवासरवर्जिताः॥ इति

फिर एक प्रश्न आता है कि सावन दिनों पर और सौर दिनों पर निर्णय की अपेक्षा करके चान्द्र तिथियों का निर्णय करने के लिये क्यों उद्यम हो रहा है। उत्तर ऐसा है कि चान्द्र तिथिओं के बारे में सन्देह आता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नियत परिमाण के कारण सौर और सावन दिनों में सन्देह नहीं है। ब्रह्म-सिद्धान्त में कहा है।

सूर्योदय से सूर्योदय तक होने वाला अहोरात्र एक सावन दिन होता है। सूर्य के राशि के अंश का जो तीस अंश वह चान्द्रतिथि के नाम से अभिहित होता है।

एक राशि में जितने काल तक सूर्य अवस्थान करते हैं उस काल का तीस अंश को सौर दिवस के रूप में अभिहित किया जाता है। तिथि एक कला है। इसी कला का भोग चन्द्र के जितने काल से निष्पन्न होता है, इस काल को चान्द्र दिवस कहा जाता है। सौर और सावन की तरह चान्द्रदिवस में सन्देह नहीं है ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। चान्द्र कला की ह्रास वृद्धि के कारण चान्द्र दिवस के तिथि में सन्देह आता है।

ह्रास और वृद्धि के बारे में गर्गजी ने कहा है—धर्माधर्म को लेकर खर्व, दर्प और हिंस्र ऐसे तीन प्रकार की तिथि होती है।

समतिथि खर्वतिथि, वर्धित होने वाली दर्प तिथि और क्षय युक्त होने से हिंस्रातिथि होती है। तिथि की तीन प्रकारता के विपरित्तन का विशेष स्वरूप से संपूर्णा और खण्डा के रूप में तिथि दो प्रकार की होती है। स्कन्दपुराण में संपूर्णा के बारे में कहा है—सूर्योदय से लेकर पुनः सूर्योदय तक एकादशी को छोड़कर प्रतिपद प्रभृति तिथिओं का नाम संपूर्णा होता है।

हरिवासर एकादशी। या तु नोक्तलक्षणा सा खण्डतिथिः। तत्र संपूर्णायां विधिनिषेधयो र्नास्ति सन्देहः। खण्डतिथौ तु विधिनिषेध-व्यवस्थामाह गार्ग्यः—

निमित्तं कालमादाय वृत्तिर्विधिनिषेधयोः।
विधिः पूज्यतिथौ तत्र निषेधः कालमात्रके॥
तिथीनां पूज्यता नाम कर्मानुष्ठानयोग्यता।
निषेधस्तु निवृत्त्यात्मा कालमात्रमपेक्षते॥ इति

एवं च सति खण्डतिथौ पूज्यत्वं निर्णेतव्यं भवति तत्र प्रतिपद-मारभ्य पञ्चदश्यन्तास्तिथयः क्रमेण निर्णीयन्ते।

तत्र प्रतिपच्छब्द उपक्रमे वर्त्तते। चान्द्रः पक्षो मासो वा प्रति-पद्यते प्रारभ्यते यस्यां तिथौ सा तिथिः प्रतिपत्। प्रारम्भवाचित्वं च प्रतिपच्छब्दस्य बह्वृचब्राह्मणारण्यकसूत्रेषु प्रयोगादवगम्यते। तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

च श्रुतिः–"आत्वा रथं यथोतये इदं वसो सुतमन्ध इति मरुत्वतीयस्य प्रतिपदनुचरा"विति ।

अयमर्थः—मरुत्वतीयं नाम किञ्चिच्छस्त्रम्[1] । तस्यात्वारथमित्ययं मन्त्रः प्रतिपत् प्रथमं पाठ्यः । इदं वसो सुतमन्ध इत्ययं मन्त्रोऽनुचरः पश्चात् पाठ्य इति । तथा तैत्तिरीयाश्चाश्वमेधब्राह्मण आमनन्ति—"पवस्व वाजिसातय इत्यनुष्टुप् प्रतिपद् भवती"ति । तथात एव दर्शपूर्णमासब्राह्मणे पठन्ति—"सामिधेनीरनुवक्ष्यन्ते ता व्याहृतीः पुरस्ताद्दध्यात् ब्रह्मैव प्रतिपदं कुरुते" इति ।

हरिवासर का अर्थ एकादशी इस लक्षण से जो नहीं आती है । उसी को खण्डा तिथि कही गई है । संपूर्णा में विधि और निषेध के बारे में सन्देह नहीं है । खण्डा तिथि में विधि और निषेध के बारे में गर्ग ने कहा है । काल को निमित्त करके विधि और निषेध की प्रवृत्ति होती है । पूज्य तिथि में विधि की प्रवृत्ति होती है और कालमात्र को लेकर निषेघ की प्रवृति होती है । ऐसा होने से खण्डा तिथि में पूज्यता का निर्णय करना पड़ता है । प्रतिपद से लेकर पूर्णिमा तक होनेवाली तिथिओं का निर्णय क्रमानुसार है ।

प्रतिपद शब्द उपक्रम अर्थ को प्रकाश करता है । चान्द्र पक्ष या मास का जिस तिथि में प्रारम्भ किया जाता है उसी तिथि को प्रतिपद नाम से अभिहित किया जाता हे । प्रारम्भ अर्थ को प्रकाश करने वाला प्रतिपद शब्द का प्रयोग वहवृच बाह्मण और आरण्यक सूत्र में मिलता है । यथा—"आत्मा रथं······प्रतिपदनुचराविति" ॥ इसका अर्थ यह है—मरुत्वतीय के नाम से कुछ शस्त्र है । "आत्वा रथ" यह मन्त्र इस शस्त्र का प्रतिपद अर्थात् पहला पाठ्य है । "इदं वसो" यह मन्त्र पश्चात् पाठ्य है । तैतिरीय शाखा वाले आश्वमेध ब्राह्मण में इसका पाठ देखते हैं । यथा—"पवस्व······प्रतिपद् भवतीति । दर्श पूर्णमास ब्राह्मण में भी "सामिघेनी······प्रतिपदं कुरुत" ऐसा पाठ मिलता है ।

सा च प्रतिपत्तिथिः यदा सूर्योदयमारभ्य पुनरुदयपर्यन्ता भवति तदा शुद्धत्वात् प्रतिपदि विहितं सर्वं निःशङ्कैस्तत्रानुष्ठेयम् । शुद्धत्वं च नारदीयपुराणे दर्शितम्—

आदित्योदयवेलाया आरभ्य षष्टिनाडिका ।
तिथिस्तु सा हि शुद्धा स्यात् सर्वतिथिष्वयं विधिः ॥ इति

[1] शस्त्र नाम अप्रगीतमन्त्रसाध्यगुणिनिष्ठगुणाभिधानम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूर्यसिद्धान्तेऽपि—

सर्वा ह्येताश्च तिथयः उदयादोदयं स्थिताः।
शुद्धा इति विनिश्चेयाः षष्टि नाड्यो हि वै तिथिः॥ इति।

यदा तु सा प्रतिपत् खण्डतिथिः सती पूर्वोत्तरयोरह्नोर्दर्शद्वितीयाभ्यां युज्यते तदा दर्शयुक्तायाः पूज्यत्वात् तत्रानुष्ठेयम्। तत्पूज्यत्वं च पैठीनसिराह—

पञ्चमी सप्तमी चैव दशमी च त्रयोदशी।
प्रतिपन्नवमी चैव कर्त्तव्या संमुखी तिथिः॥ इति।

संमुखत्वं च स्कन्दपुराणे विवेचितम्—

संमुखी नाम सायाह्नव्यापिनी दृश्यते यदा।
प्रतिपत् संमुखी कार्या या भवेदापराह्णिकी॥

व्यासोऽपि—

प्रतिपत्सैव विज्ञेया या भवेदापराह्णिकी।
दैवं कर्म तथा ज्ञेयं पैत्र्यं च मनुरब्रवीत्॥

सायाह्नाऽपराह्णादयः कालविशेषाः सावनदिवसगतस्याह्नो भागभेदा अवगन्तव्याः। स च दिवसो विष्णुधर्मोत्तरपुराणे विवेचितः—

सूर्योदय से सूर्योदय तक रहने के कारण प्रतिपद तिथि शुद्ध होती है। इसलिये इसमें विहित कर्मों का अनुष्ठान बिना शंका में किया जाता है। शुद्धता के बारे में नारदीय पुराण में कहा है—सूर्योदय से लेकर साठ दण्ड पर्यन्त रहने वाली तिथि शुद्धा होती है। सभी तिथियों में यह नियम लागू होता है। सूर्यसिद्धान्त में भी ऐसा कहा गया है—जब वही प्रतिपद खण्डा तिथि होकर पूर्व और पर अर्थात् अमावास्या और द्वितीया के साथ युक्त होती है तब अमावास्या युक्त प्रतिपद की पूज्यता के कारण वहाँ कर्मों का अनुष्ठान होता है।

इसी पूज्यता के बारे में पैठीनसि ने कहा है-पञ्चमी, सप्तमी, त्रयोदशी, प्रतिपद और नवमी संमुखी होकर ग्रहणीय होती है। संमुखीता स्कन्दपुराण में विवेचित की गई है। सायाह्न को व्याप्त होने वाली तिथि संमुखी होती है। अपराह्न में रहने वाली प्रतिपद तिथि मानी जाती है। व्यास ने भी कहा है—वही तिथि प्रतिपद होती है जो अपराह्न को व्याप्त कर रहती है। उसी तिथि में दैव और पितृकार्य होते हैं, ऐसा मनु ने कहा है। सायाह्न और अपराह्न प्रभृति कालविशेष सावन दिवस के भागों का भेद है ऐसा जानना चाहिये। वह दिवस विष्णुधर्मोत्तर में विवेचित है—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

लध्वक्षरसमा मात्रा निमेषः परिकीर्त्तितः ।
अतः सूक्ष्मतरः कालो नोपलभ्यो भृगूत्तम ॥
नोपलभ्यं यथा द्रव्यं सुसूक्ष्मं परमाणुतः ।
द्वौ निमेषौ त्रुटि र्ज्ञेया प्राणो दशत्रुटिः स्मृतः ॥
विनाडिका तु षट् प्राणास्ते षष्टि र्नाडिका स्मृता ।
अहोरात्रं तु तत्षष्ट्या नित्यमेतत् प्रकीर्त्तितम् ॥
त्रिंशन्मुहूर्त्ताश्च तथा अहोरात्रेण कीर्तिताः ।
तत्र पञ्चदश प्रोक्ता राम रात्रिर्दिवा तथा ॥
उत्तरां तु यदा काष्ठां क्रमादाक्रमते रविः ।
तदा तदा भवेद् वृद्धिः र्दिवसस्य महाभुज ॥
दिवसश्च यदा राम वृद्धिं समधिगच्छति ।
तदाश्रितमुहूर्त्तानां तदा वृद्धिः प्रजायते ॥
दिनवृद्धौ रात्रिहानिस्तद्धानिश्च यथा यथा ।
तदाश्रितमुहूर्त्तानां हानि र्ज्ञेया तथा तथा ॥
दक्षिणां च यदा काष्ठां क्रमादाक्रमते रविः ।
दिवसस्य तदा हानि र्ज्ञातव्या तावदेव तु ॥
क्षीयन्ते तस्य हानौ च तन्मुहूर्त्तास्तथैव च ।
रात्र्याश्रिताश्च वर्द्धन्ते रात्रिवृद्धिस्तथैव ॥
यदा मेषं सहस्रांशुस्तुलां चैव प्रपद्यते ॥
समरात्रिन्दिवः कालो दिनशब्दस्य वाचकः ॥ इति ।

वाचको वाच्यार्थ इति यावत् । अत्र ये मुहूर्त्ता अभिहितास्तेषां नामानि श्रुति—ज्योतिःशास्त्र-स्मृतिषु विविधानि दर्शितानि । तत्र श्रुतिं तावत् तैत्तिरीयाः पठन्ति—"चित्रः केतु र्दाता प्रदाता सविता प्रसविता अभिशास्ताऽनुमन्तेति" एते अनुवाका मुहूर्त्तानां नामधेयानीति । अत्र द्वाभ्यां द्वाभ्यां पदाभ्यामेकैकस्यानुवाकस्य प्रतीकमुक्तम् । तथा सति चत्वारोऽनुवाकाः संपद्यन्ते । तत्र प्रथमे शुक्लपक्षगतस्याह्नो मुहूर्त्ताः द्वितीये तद्रात्रेः । तृतीये कृष्णपक्षगतस्याह्नः । चतुर्थे तद्रात्रेरिति विवेकः ।

हे भृगुवंश के उत्तम ! एक लघु अक्षर की समान मात्रा निमेष के नामा से प्रसिद्ध है । यहाँ से सूक्ष्मतर काल नहीं मिलता है । परमाणु से सूक्ष्मतर द्रव्य भी नहीं मिलता है । दो निमेषों से एक त्रुटि होती है । दश त्रुटि से एक प्राण होता है । छ प्राणों से एक विनाडिका होती है । साठ विनाडिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

से एक नाडी होती है। साठ नाडिओं को लेकर अहोरात्र होता है। यहाँ से पन्द्रह मुहूर्त्तों को लेकर एक रात्रि और एक दिवाभाग होते हैं।

उत्तर दिशा को जब रवि क्रम के अनुसार आक्रान्त करते हैं तब दिवस की वृद्धि होती है, उस दिवस को आश्रय करके रहने वाले मुहूर्त्तों की भी वृद्धि होती है। दिन की वृद्धि में जब रात की हानि जैसे होती है वैसे रात को आश्रय करके रहने वाले मुहूर्त्तों की भी हानि होती है। दक्षिणायन समय में जब दक्षिण दिशा को रवि जाते हैं तब दिवस की हानि होती है। इस रीति के अनुसार मुहूर्त्तों की भी हानि होती है। रात में रहने वाले मुहूर्त्तों की वृद्धि से रात की वृद्धि होती है। जब मेष और तुला-संक्रान्ति में सूर्य रहते हैं तब रात और दिन के काल समान रहता है।

इसमें रहने वाले मुहूर्तों के नाम वेद, धर्मशास्त्र और ज्योतिशास्त्र में नाना प्रकार से प्रदर्शित किये गए है। श्रुति वचन तैत्तिरीय शाखा वाले कहते हैं—चित्र, केतु, दाता प्रदाता, सविता, प्रसविता, अभिशस्ता, अनुमन्ता—ये अनुवाक मुहूर्त्तों के नाम होते हैं। यहां दो-दो पदों से एक-एक अनुवाक का प्रतीक कहा गया है। ऐसे होने से चार अनुवाक होते हैं। वहाँ पहले अनुवाक में शुक्लपक्ष दिवस के मुहूर्त्तों, दूसरे अनुवाक में रात के मुहूर्त्तों, तीसरे में कृष्णपक्ष दिवस के मुहूर्त्तों और चौथे अनुवाक में उसकी रात के मुहूर्त्त माने जाते हैं।

ते चानुवाका एवं श्रूयन्ते—चित्रः केतुः प्रभानाभान् सम्भान् ज्योतिष्मान् तेजस्वानातपस्तपन्नभितपन् रोचनो रोचमानः शोभनः शोभमानः कल्याणः। दाता प्रदातानन्दो मोदः प्रमोदः अवेशयन्निवेशयन् संवेशनः संशान्तः शान्तः आभवन् प्रभवन् संभवन् संभूतो भूतः। सविता प्रसविता दीप्तो दीपयन् दीप्यमानः। ज्वलन् ज्वलिता तपन् वितपत्सन्तपद्रोचनो रोचमानः। शुम्भूः शुम्भमानो वामः। अभिशास्ताऽनुमन्तानन्दो मोदः आसादयन् निषादयन् संसादनः संसन्नः सन्नः। अभूर्विभूः प्रभूः शम्भूर्भुव इति। एतेषु मुहूर्त्तेष्वेकैकमुहूर्त्तस्य पञ्चदशभागाः सूक्ष्ममुहूर्त्ताः। तथा च देवब्राह्मणे—

वे अनुवाक श्रुति में ऐसे हैं—चित्र केतु, प्रभान, नाभान, संभान, ज्योतिष्मान्, तेजस्वान, आतप, तपन, अभितपन, रोचन, रोचमान, शोभन, शोभमान, कल्याण, दाता, प्रदाता, नन्द, मोद, प्रमोद, अवशेयन, निवेशयन, संवेशन, संशान्त, शान्त, आभवन, प्रभवन, संभवन, संभूत, भूत, सविता, प्रसविता, दीप्त, दीपयन, दीप्यमान, ज्वलन, ज्वलिता, तपन, वितपत, संतपत,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रोचनो, रोचमान, शुम्भ, शुम्भमान, वाम। अभिशास्ता, अनुमन्ता, नन्द, मोद, प्रमोद, आसादयन, निषादयन, संसादन, संसन्न, सन्न। आभू, विभू, प्रभू, शंभू, भुव। इन मुहूर्त्तों से एक एक मुहूर्त्त का पन्द्रह भाग सूक्ष्म मुहूर्त्त होते हैं। देव ब्राह्मण में कहा है—

"इदानीं तदानीमिति एते वै मुहूर्त्तानां मुहूर्त्ता" इति। इदानीमित्यादिकोऽनुवाको मन्त्रकाण्ड एवं पठ्यते। "इदानीं तदानीमेतर्हि क्षिप्रम् अजिरम् आशु निमेषः कणोद्रवन्[1] अतिद्रवन् त्वरन्, त्वरमाण आशुराशीयान् जव" इति। ज्योतिः शास्त्रे तु अहोरात्रयोस्त्रिंशन्मुहूर्त्तानां नामानि कश्यपेन उक्तानि—

गौरी वल्लभसर्पमित्र-पितरोवस्वम्बुविश्वाह्वया।
ब्रह्माम्भोरुहसंभवेन्दुहुतभुग्देवेशनक्तञ्चराः॥
तोयेशोर्यमयोनयो दश तथा पञ्च क्षणा वासरे॥
रूद्राजाहिर्बुध्न्य पूषाऽश्विनाः स्युः।
कोनाशोऽग्नि र्धातृचन्द्रादितीज्या॥
विष्णुर्भानुस्त्वष्टृधाता मुहूर्त्ताः।
रात्रौ क्रूरास्त्वन्तकाजाग्निरुद्राः॥ इति।

स्मार्तानि तु नामानि पुराणे दर्शितानि—

रौद्रः श्वेतश्च मैत्रश्च तथा [2]सारभटः स्मृतः।
सावित्रो वैश्वदेवश्च गान्धर्वः कुतपस्तथा॥
रौहिणस्तिलकश्चैव विभवो निकृतस्तथा॥
शम्बरो विजयश्चैव भेदा पञ्चदश स्मृताः॥ इति।

एते पञ्चदश सूर्योदयादारभ्य क्रमाद्दिवामुहूर्त्तास्तथा रात्रिमुहूर्ताः—

शङ्करश्चाजपादश्च तथाहिर्बुध्न्यमैत्रकौ।
आश्विनो याम्यवाह्नेयौ वैधात्रश्चान्द्र एव च॥
आदितेयोऽथ जैवश्च वैष्णवः सौर एव च।
ब्राह्मो नाभस्वतश्चैव मुहूर्त्ताः क्रमशो निशीति॥

इदानीं तदानीं। भूते वै··· इत्यादि। इदानीं इत्यादि अनुवाक मन्त्रकाण्ड में पठित होता है। इदानीं, तदानीं, एतर्हि, क्षिप्र, अजिर, आशु,

---

१. फणोद्धवन् इति ख. पु

२. द्वारभट इति ख. पु.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

निमेष, कणोद्रवन्, अतिद्रवन, त्वरन्, त्वरमाण, आशु, (पुं), आशीयान्, जब ॥ ज्योतिःशास्त्र में अहोरात्रों का तीस मुहूर्त्तों के नाम कश्यप ने कहा है—"गौरीवल्लभ" इस वचन से प्रतिपादित होता है। स्मार्त्त नाम तो पुराणों में प्रदर्शित किया गया है। रौद्र, श्वेत, मैत्र, सारभट, सावित्र, वैश्वदेव, गान्धर्व, कुतप, रौहिण, तिलक, विभव, निर्ऋत, शबर और विजय इन पन्द्रह सूर्योदय से लेकर क्रमानुसार दिवाभाग के मुहूर्त्त होते हैं। शंकर, अजपाद, अहिर्बुध्न्य, मैत्रक, आश्विन, याम्य, वाह्नेय, वैधात्र, चान्द्र, आदितेय, जैव, वैष्णव, सौर, ब्राह्म और नाभस्वत—ये पन्द्रह रात के मुहूर्त्त होते हैं।

यथोक्तना[1]नाविधनामकत्रिंशन्मुहूर्त्तोपेतस्य सावनाहोरात्रस्य यदहः पञ्चदशमुहूर्त्तात्मकं तस्याह्नो भागा [2]प्रातर्मध्याह्नापराह्णादयः, ते चाह्नो भागा मतभेदेन पञ्चधा विकल्पन्ते। द्विधा त्रेधा चतुर्धा पञ्चधा पञ्चदशधा चाहर्विभज्यत इति पञ्च मतभेदाः। अत्र द्विधा विभागः स्कन्दपुराणे दर्शितः—

आवर्त्तनात्तु पूर्वाह्णो ह्यपराह्णस्ततः परः॥ इति।

एतदेवाभिप्रेत्य मनुराह—

यथा चैवापरः पक्षः पूर्वपक्षाद् विशिष्यते।
तथा श्राद्धस्य पूर्वाह्णादपराह्णो विशिष्यते॥ (मनु०—३.२७८)

त्रेधा विभागोऽपि स्कन्दपुराणे दर्शितः—

---

१. ज्योतिःशास्त्रे प्रकारान्तरेण पठ्यते—
रौद्राहिमित्रपितरो वसु वारिविश्च
विश्वप्रजापतिशशाङ्ककृशानुरिन्द्रः।
नक्तञ्चराश्च वरुणार्य्यमयोनयश्च
प्रोक्ता दिने दश च पंच तथा मुहूर्त्ताः॥
निशामुहूर्ता गिरिजाऽजपादाऽ-
हिर्बुध्न-पूषाश्वियमाग्नयश्च
विधातृचन्द्रादितिजीवविष्णुः
तिग्मद्युतित्वष्टृसमीरणश्च॥ इति 'क' पुस्तकेऽधिकः पाठः।
२. अपराह्णसायाह्नप्रातरादय इति क. पु.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऊर्ध्वं सूर्योदयात् प्रोक्तं मुहूर्त्तानां तु पञ्चकम् ।
पूर्वाह्णः प्रथमः प्रोक्तो मध्याह्नस्तु ततः परः ॥
अपराह्णस्ततः प्रोक्तो मुहूर्त्तानां च पञ्चकम् ॥ इति ।

शातातपोऽपि—तस्मादह्नस्तु पूर्वाह्णे देवा अशनमभ्यवहरन्ति मध्यंदिने मनुष्या अपराह्णे पितरः ॥ इति । एतमेव विभागमभिप्रेत्य सहस्रसंवत्सरसत्र-ब्राह्मणे आम्नायते—

नाना प्रकार के नामों से प्रसिद्ध तीस मुहूर्त्त वाला सावन अहोरात्र का जो दिवा भाग होता है, उसका परिमाण पन्द्रह मुहूर्त्त है। उस दिवाभाग का प्रातः, मध्याह्न, अपराह्न, नाम से भाग होते हैं। मतभेद से यह दिवाभाग विकल्प से पांच भागों में विभक्त होता है। दो, तीन, चार, पांच और पन्द्रह भागों से दिवाभाग विभक्त होता है। दो भागों में विभक्त होने वाला दिवस के बारे में स्कन्द पुराण में इस प्रकार कहा जाता है—सूर्य के आवर्त्तन से पूर्वाह्न और अपराह्न होते हैं।

इस विभागों को लक्ष्य करके मनु ने कहा है कि जैसे पूर्वपक्ष (शुक्ल) से अपरपक्ष विशिष्ट होता है वैसे श्राद्ध के लिये पूर्वाह्न से अपराह्न विशिष्ट होता है। तीन भागों से विभाग के बारे में स्कन्दपुराण में कहा है—सूर्योदय के बाद पहले पांच मुहूर्त्तों को लेकर पूर्वाह्न, दूसरे पांच मुहूर्त्तों को लेकर मध्याह्न और अन्तिम पांच मुहूर्त्तों को लेकर अपराह्न होता है।

शातातप ने कहा है—दिवाभाग के पूर्वाह्न में देवता लोग, मध्याह्न में मनुष्य लोग और अपराह्न में पितृलोग भोजन करते हैं।

इस विभाग को लक्ष्य करके सहस्रसंवत्सरमत्र ब्राह्मण में कहा है—

ऋग्भिः पूर्वाह्णे दिवि देव ईयते ।
यजुर्वेदे तिष्ठति मध्य अह्नः ॥
सामवेदेनास्तमिते महीयते ।
वेदैरशून्यास्त्रिभिरेति सूर्यः ॥ इति ।

श्रुत्यन्तरेऽपि पूर्वाह्णो वै देवानां मध्यन्दिनो मनुष्याणामपराह्णः पितॄणामिति । चतुर्धा विभागमाह गोभिलः—

पूर्वाह्णः प्रहरं सार्धं मध्याह्नः प्रहरं तथा ।
आतृतीयादपराह्णः सायाह्नश्च ततः परम् ॥ इति ।

पञ्चधा विभागं व्यास आह—

मुहूर्त्तत्रितयं प्रातस्तावानेव तु सङ्गवः ।
मध्याह्नस्त्रिमुहूर्त्तं स्यादपराह्णोऽपि तादृशः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सायाह्नस्त्रिमुहूर्त्तस्तु सर्वधर्मबहिष्कृतः ॥ इति ।

वृद्धपराशरोऽपि—

लेखाऽदित्यात्प्रभृतयो मुहूर्त्तास्त्रय एव तु ।
प्रातस्तु स स्मृतः कालो भागश्चाह्नः स पञ्चमः ॥
सङ्गवस्त्रिमुहूर्त्तोऽथ मध्याह्नस्तत्समः स्मृतः ।
ततस्त्रयो मुहूर्त्ताश्चाथापराह्णो विधीयते ।
पञ्चमोऽथ दिनांशो यः स सायाह्न इति स्मृतः ॥ इति ।

पूर्वाह्न में सूर्य ऋग्वेद को लेकर उदित होते हैं, बीच में यजुर्वेद को लेकर अवस्थान करते हैं, सामवेद को लेकर अस्तमित होते हैं। इस प्रकार वेदों से शून्य न होकर सूर्य उदित हैं।

दूसरी श्रुति में कहा गया है कि पूर्वाह्न देवताओं का, मध्याह्न मनुष्यों का और अपराह्न पितृलोगों का होता है। चार प्रकार के विभाग के बारे में गोभिल ने कहा है—पहला पहर पूर्वाह्न, दूसरा मध्याह्न, तीसरा पहर अपराहृण और चौथा प्रहर सायाह्न होता है।

पांच प्रकार के विभाग व्यास ने कहा है—तीन तीन मुहूर्त्तों को लेकर प्रात, संगव, मध्याह्न, और सायाह्न की प्रवृति होती है। सायाह्न में कोई भी धर्म का अनुष्ठान नहीं है। वृद्ध पराशर ने भी कहा है—

सूर्यरश्मि की रेखा जब दिखाई पड़ती है, उस समय में तीन मुहूर्त्त प्रातः काल होता है। दिवा में यह संगव, मध्याह्न और अपराह्न तीन तीन मुहूर्त्त होते हैं। दिन के पांचवाँ भाग सायह्न होता है।

एतमेव विभागमभिप्रेत्य कश्चिन्मन्त्रः सङ्गवकालमवलम्ब्य व्यवजहार। तं मन्त्रं च बह्वृचा आश्विनसूक्ते आमनन्ति—[1]

उतायातं सङ्गवे प्रातरह्नो
मध्यन्दिन उदिता सूर्यस्य
दिवा नक्तमवसा शन्तमेन
नेदानीं पीतिरश्विनाततान ॥ इति ।

अस्मिन् मन्त्रे प्रातःसङ्गवमध्यन्दिनानां स्वसंज्ञाभिर्व्याहृतत्वात् अवशिष्टयो र्भागयोरप्येतत्त्रितयमुपलक्षणं द्रष्टव्यम्। तैत्तिरीयब्राह्मणे

१. ऋ. वे. ५।७६।३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यथोक्तानां पञ्चानां प्रातरादीनां भागानां मध्यवर्त्तिषु चतुर्षु सन्धिष्व-ग्निष्टोमोक्थ्यषोडश्यतिरात्राख्यानां चतसृणां सोमसंस्थानां निर्माणं वक्तुं यथोक्तपञ्चभागाः साधिष्ठातृदेवाः समाम्नाताः। "देवस्य सवितुः प्रातर्मित्रस्य सङ्गवः बृहस्पतेर्मध्यन्दिनं भर्गस्यापराह्णः वरुणस्य सायमिति"।

छन्दोगाश्च सप्तभक्त्युपेतसाम्न आदित्यात्मनोपासनं वक्तुमादि-त्यस्य संबन्धिनः कालभेदान् विभज्य तेषां हिङ्कारादिसप्तभक्तिरूपतां विवक्षन्त आमनन्ति। तस्य यत्पुरोदयात् स हिङ्कारः। अथ यत्प्रथमो-दिते स प्रस्तावः। अथ यत् संगववेलायां स आदिः। अथ यत् संप्रति मध्यन्दिने स उद्गीथः। अथ यदूर्ध्वं मध्यन्दिनात् प्रागपराह्णात्स प्रतिहारः। अथ यदूर्ध्वमपराह्णात् प्रागस्तमयात् स उपद्रवः। अथ यत्प्रथमास्तमिते तन्निधनमिति। वाजसनेयिनोऽप्येवमामनन्ति— "आदित्यो वै सर्वं ऋतवः। स यदैवोदेत्यथ वसन्तो यदा सङ्गवोऽथ ग्रीष्मो यदा मध्यन्दिनोऽथ वर्षा यदापराह्णोऽथ शरद्यदैवास्तमेत्यथ हेमन्त" इति।

इस विभाग को अभिप्रेत करके संगव काल को अवलम्बन कर कुछ मन्त्र का व्यवहार मिलता है। यह मन्त्र ऋग्वेदी लोग आश्विन सूक्त में पाठ करते हैं। उतायातं इत्यादि। अर्थ छूटा है—

इस मन्त्र में प्रात, संगव और मध्याह्न की संज्ञा से व्यवहार मिलता है। अवशिष्ट (अपराह्न सायाह्न) दो भागों में भी तीन को उपलक्षण करके देखना होगा। तैत्तिरीयब्राह्मण में प्रातः प्रभृति पांच भागों के मध्यवर्त्ती चार सन्धियों में अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी और अतिरात्र नामक चार सोम संस्था के निर्माण के अधिष्ठात्री देवताओं के लिए साथ पांच भाग कहे गये हैं। सविता के प्रात, मित्र का संगव, बृहस्पति का मध्याह्न भर्गका अपराह्न और वरुण का सायं काल निर्दिष्ट होते हैं।

सामवेदी लोग भी सात भागों से विभक्त साम के आदित्य उपासना को कहने के लिये इच्छा करके आदित्य के सम्बन्धी कालभेद को विभाग कर हिंकार प्रभृति सात विभाग रूप को प्रकाश करते हैं, जिस का पुरोदय होता है वह हिंकार, पहला जिसका उदय वह प्रस्ताव, जो संगव वेला में उदित होता है वह आदि, जो मध्याह्न में है वह उद्गीथ है।

जो मध्याह्न से ऊर्ध्व अपराह्न से पहले है वह प्रतिहार, जो अपराह्न से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ऊर्ध्व अस्तमन से पहले हो वह उपद्रव और अस्तमन के पहला भाग में उदित होने वाला निधन के नाम से अभिहित होते हैं। वानसनेयिओं ने भी ऐस कहा है—आदित्य ही सब ऋतु है। जब दिवाभाग का प्रारम्भ होता है, वह वसन्त, जब संगव हो वह ग्रीष्म, जब मध्याह्न हो वह वर्षा जब अपराह्न वह शरत, जब अस्तमन होता है वह हेमन्त होता है।

पञ्चदशधा विभागः शङ्खेन दर्शितः—

रौद्रश्चैत्रश्च मैत्रश्च तथा शालकटः स्मृतः।
साविक्षश्च जयन्तश्च गान्धर्वः कुतपस्तथा।
रौहिणश्च विरिञ्चश्च विजयो नैर्ऋतस्तथा।
महेन्द्रो वरुणश्चैव भेदाः पञ्चदश स्मृताः॥ इति।

तत्र पञ्चधा विभागपक्षस्य बहुश्रुतिस्मृतिषु दृष्टत्वात् प्रायेणैतमेव पक्षमाश्रित्य विधिनिषेधशास्त्राणि प्रवर्त्तन्ते। "सूर्यो ज्योति ज्योतिः सूर्यः स्वाहेति प्रात"रिति श्रुतौ[1]। प्रातःकालमुपजीव्य तत्कालीनस्य होमस्य मन्त्रविशेषोऽभिहितः। स्मृतावपि—

"सन्ध्यामुपास्य विधिवत् प्रातर्होमं समाचरेत्"

इति होमाङ्गत्वेन प्रातःकाल आश्रितः। सङ्गवस्तु कात्यायनेन व्यवहृतः।

सन्धिश्चेत् सङ्गवादूर्ध्वं प्राक् चेदावर्त्तनाद्रवेः।
सा पौर्णमासी विज्ञेया सद्यस्कालविधौ तिथिः॥ इति।

पन्द्रह प्रकार का विभाग शंख ने कहा है--रौद्र, चैत्र, मैत्र, शालकट, सावित्र, जयन्त, गान्धर्व, कुतप, रौहिण, विरिञ्च, विजय, नैर्ऋत, महेन्द्र और वरुण—ये पन्द्रह भाग प्रसिद्ध हैं। पांच प्रकार के विभाग पक्ष बहुत श्रुति और स्मृतियों में दिखाई पड़ते हैं। इसलिये इस पक्ष को लेकर विधि निषेध शास्त्र की प्रवृत्ति है। "सूर्यो ज्योति" इस मन्त्र से वेद में प्रातःकाल को उपजीव्य करके प्रातः कालीन होम का ही विधान होता है।

प्रश्न होता है—इस वचन में "स्वकर्मणि" ऐसा कहा गया है। फिर भी अपने कर्म के लिए वृद्धिक्षय प्रक्षेप होता है, ऐसा अर्थ होता है। किन्तु इस प्रकरण के अनुसार द्वितीया में होने वाला सांवत्सरिक श्राद्ध अपने कर्म के रूप में नहीं ग्रहण किया जाता है। अतः इसकी वृद्धि और क्षय कैसे इस वचन के विषय हो सकता है। होने पर इसमें दोष नहीं है। सावत्सरिक द्वितीया का स्वकर्म न हो, प्रतिपद का तो होगा। ऐसे होने पर प्रतिपद कर्म का निमित्त होती है—ऐसा अर्थ होता है। यह वृद्धि और क्षय प्रक्षेप का अधिकरण भूत तिथि की उत्तरतिथि में अन्तर्गत होते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ननु तिथ्यन्तरगतयोर्वृद्धिक्षययोस्तिथ्यन्तरप्रक्षेपे सति ज्योतिःशास्त्रप्रसिद्धिः सर्वत्र विप्लवेत। ततस्तां प्रसिद्धिमुपजीव्य प्रवर्त्तमानः स्मार्त्तनिर्णयः सर्वोऽपि विप्लवेतेति चेत्। मैवम्। न खल्वयं वृद्धिक्षयप्रक्षेपोऽनुष्ठेयतिथिनिर्णयायोपन्यस्यते किं तर्हि शास्त्रान्तरेणाऽनुष्ठेयतिथौ निर्णीतायां तदुपपादनायैतावापाद्यौ वृद्धिक्षयावुपन्यस्येते। यथा दानव्रतयोः शास्त्रान्तरेण त्रिमुहूर्त्तव्यापिन्यां तिथौ निर्णीतायां कर्मकालव्याप्त्यभावशङ्कामपनेतुं "सा तिथिः सकला ज्ञेये"ति अविद्यमानमपि साकल्यमापद्यते। एवमत्राप्यपराह्णद्वयव्यापिनीत्यनेन बौधायनवचनेन ज्योतिःशास्त्रप्रसिद्धं द्वितीयायाः क्षयमुपजीव्य पूर्वविद्धायां प्रतिपदि निर्णीतायां कुतपादिकर्मकालव्यापिन्युत्तरविद्धा प्रतिपत् कुतो न ग्राह्येति शङ्कामपनेतुं तिथ्यादाविति वचनेनोत्तरविद्धायां प्रतिपद्यपराह्णे क्षय आपद्यते। अतो ज्योतिःशास्त्रप्रसिद्धेः स्मार्त्तनिर्णयस्य वा न कोऽपि विप्लवः। यदा दिनद्वयेऽप्यपराह्णमस्पृष्ट्वाऽवशिष्टः किञ्चित् कालं व्याप्नोति तदा पूर्वविद्धा प्रतिपद् ग्रहीतव्या॥

प्रश्न होता है—दूसरी तिथियों में होने वाली वृद्धि और क्षय का प्रयोग अगर दूसरी तिथियों में होता तो ज्योतिशास्त्र की प्रसिद्धि विप्लवग्रस्त हो जायगी। इस कारण से ज्योतिषशास्त्र की प्रसिद्धि को लेकर होने वाला स्मार्त्त-निर्णय विप्लवग्रस्त हो जायगा। किन्तु यह मत ठीक नहीं है। अनुष्ठान योग्य तिथि का निर्णय के लिये इस प्रकार वृद्धिक्षय प्रक्षेप का उपन्यास नहीं किया जाता है। भिन्न शास्त्र के द्वारा अनुष्ठान योग्य तिथि का निर्णय होने के बाद यह वृद्धि-क्षय प्रक्षेप क्या उपन्यस्त किया जाता है ? यथा दान और व्रत के लिये भिन्न शास्त्र के द्वारा तीन मुहूर्त्त तक व्याप्त होने वाली तिथि निर्णीत होने के बाद कर्मकाल व्याप्ति की अभावात्मक शंका को नाश करने के लिये "सा तिथि सकला ज्ञेया" इस वचन के द्वारा अविद्यमान तिथि भी संपूर्ण रूप से रहती है ऐसा साकल्य न्याय से संपादित की जाती है। इसी तरह यहाँ भी होता है। दो अपराह्णों को व्याप्त होने वाली बौधायन के इस वचन से ज्योतिषशास्त्र में प्रसिद्ध द्वितीया क्षय को उपजीव्य कर पूर्वविद्धा प्रतिपद निर्णीत होती है। इसके बाद कुतप प्रभृति कर्मकाल को व्याप्त होने वाली उत्तरविद्धा प्रतिपद क्यों ग्रहणीय नहीं होती ? ऐसी शंका को निवारित करने के लिये "तिथ्यादौ" इस वचन से उत्तरविद्धा प्रतिपद के अपराह्ण में क्षय आ जाता है। अत एव ज्योतिषशास्त्र की प्रसिद्धि और स्मार्त्त-निर्णय विप्लवित नहीं होते हैं। जब दो दिनों में अपराह्ण को स्पर्श

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

न कर अवशिष्ट काल को प्रतिपद व्याप्त होती है, तब पूर्वविद्धा प्रतिपद ग्रहीत होती है।

तदाह मनुः—

द्व्यहेऽप्यव्यापिनी चेत् स्यान्मृताहे तु यदा तिथिः।
पूर्वविद्धैव कर्त्तव्या त्रिमुहूर्त्ता भवेद्यदि ॥ इति।

सुमन्तुरपि—

द्व्यहेऽप्यव्यापिनी चेत् स्यान्मृताहस्य तु या तिथिः।
पूर्वस्यां निर्वपेत् पिण्डमित्याङ्गिरसभाषितम् ॥ इति।

नन्वपराह्णस्पर्शः उभयत्रापि समानः। प्रारम्भकाले तु कुतपे परेद्युः सद्भावो विशिष्यते। ततः परविद्धैव कुतो न ग्राह्येति चेद् गुणाधिक्यादिति ब्रूमः। परेद्यु: कुतपव्याप्तिरेक एव गुणः। पूर्वेद्युस्तु तिथिमूलत्वमस्तमयव्याप्तिश्चेति गुणद्वयम्। मूलस्य प्राशस्त्यं नारदीयपुराणे दर्शितम्—

पैत्र्यं मूलतिथेः प्रोक्तं शास्त्रज्ञैः कालकोविदैः। इति

शिवरहस्यसौरपुराणयोरपि—

प्रायः प्रात उपोष्या हि तिथिर्दैवफलेप्सुभिः।
मूले हि पितृतृप्त्यर्थं पैत्र्यं चोक्तं महर्षिभिः ॥ इति।

अस्तमयव्याप्तेः प्राशस्त्यमाह मनुः—

यस्यामस्तं रविर्याति पितरस्तामुपासते।
स पितृभ्यो यतो दत्तो ह्यपराह्णः स्वयंभुवा ॥ इति।

मनु ने कहा है—जब मृताह तिथि दो दिनों में व्याप्त नहीं होती तब पूर्वविद्धा ग्रहीत होती है, अगर तीन मुहूर्त्त तक रहती है। सुमन्तु ने भी कहा है—आङ्गिरस के मतानुसार मृताह तिथि दो दिनों में व्याप्त नहीं होती, तो पूर्वविद्धा तिथि में पिण्ड-निर्वपण किया जाता है।

प्रश्न होता है—अपराह्ण के स्पर्श उभय दिनों में भी समान होता है। प्रारंभकाल में परदिन के कुतप में तिथि की अवस्थिति विशेष रूप से लक्ष्य की जाती है। इस कारण से परविद्धा क्यों ग्रहणीय नहीं होती? गुण के आधिक्य से निर्णय होता है, ऐसा उत्तर के रूप में हम बोलेगें। पर दिन में कुतप व्याप्ति एक ही गुण के रूप में रहती है, लेकिन पूर्व दिन में तिथि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

के मूल और अस्तकाल व्याप्ति ये दो गुण ही रहते हैं। मूल की प्रशस्ति के बारे में नारदीय पुराण में प्रदर्शित किया गया है—

काल को जानने वाले शास्त्रज्ञों ने कहा है कि पितृकार्य के लिये तिथि के मूल ही प्रधान है। शिवरहस्य और सौरपुराण में भी कहा है—दैव कर्म के फल लाभ करने के लिए प्रायः प्रातः रहने वाली तिथि में उपवास किया जाता है। महर्षियों ने कहा है कि पितृतृप्ति के लिए मूल रहने वाली तिथि मानी जाती है। मनु ने असमय व्याप्ति की प्रशस्ति के बारे में कहा है—जिस तिथि में सूर्य अस्त होते हैं, इस तिथि में पितर गण उपासना करते हैं. क्योंकि स्वयंभु ब्रह्मा ने पितरों के लिए अपराह्ण दिया गया है।

एतत्प्राप्त्यर्थमेवोत्तरविद्धां प्रतिषेधति व्यासः—

अह्नयस्तमयवेलायां कलामात्राऽपि या तिथिः।
सैव प्रत्याब्दिके श्राद्धे नेतरा पुत्रहानिदा ॥ इति।

नचापराह्णवेलायामविद्यमानतया कर्मकालव्याप्तिरहितायास्तिथेरनुपादेयत्वमिति शङ्कनीयम्। आपाद्यायास्तद्व्याप्तेर्विद्यमानत्वात्। अतएव वसिष्ठः—

पित्र्येऽस्तमयवेलायां स्पृष्टा पूर्णा निगद्यते ॥ इति।

नारदीयपुराणेऽपि—

पारणे मरणे नृणां तिथिस्तात्कालिकी स्मृता
पित्र्येऽस्तमयवेलायां स्पृष्टा पूर्णा निगद्यते ॥ इति।

उदाहृताभ्यामस्तमयवाक्याभ्यां कलामात्रवाक्ये नच पूर्वेद्युः सायङ्कालव्याप्तिर्विवक्षिता। परेद्युरपराह्णस्पर्शहीनस्य पूर्वदिने सायं प्रातेरवश्यंभावात्। अन्यथा षण्मुहूर्तक्षयप्रसङ्गात्। एतदेवाभिप्रेत्य गोभिलः—

सायाह्नव्यापिनी या तु पार्वणे सा उदाहृता ॥ इति।

ईदृशे विषये पूर्वविद्धायाः कर्त्तव्यता शिवरहस्य-ब्रह्मवैवर्त्तसौरनारदीयपुराणेषु व्यतिरेकमुखेन दर्शिता—[1]

दर्शं च पूर्णमासं च पितुः सांवत्सरं दिनम्।
पूर्वविद्धमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते ॥ इति।

---

१. तत्सत्त्वे तत्सत्ताऽन्वयः, तदभावे तदभावो व्यतिरेक इति तार्किकाः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नन्वस्त्वेवमुभयत्रापराह्णस्पर्शाभावे तथाऽपराह्णद्वयव्यापिन्यामुत्तरतिथिगतवृद्धिक्षयाभ्यां निर्णयोऽप्यस्तु। उत्तरतिथेः साम्ये तु कथञ्चित्तिथिमूलत्वाऽस्तमयव्याप्तिगुणद्वयवशात् पूर्वविद्धा सा कर्त्तव्या, किं वा कुतपसद्भाववशात् उत्तरविद्धा?

इस प्रकार अर्थ प्राप्त करने के लिए व्यास ने उत्तरविद्धा निषिद्ध की गयी है। दिवाभाग के अस्तमय वेला में जो तिथि कला के परिमाण अगर रहती है तो सांवत्सरिक श्राद्ध के लिए वही तिथि प्रशस्त है, दूसरी तिथि पुत्रहानि कराती है। अपराह्ण में तिथि की अविद्यमानता के कारण कर्मकाल-व्याप्ति रहित तिथि की अनुपादेयता आ जाती है ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए। आपाततः तिथि की व्याप्ति विद्यमान रहती है। अत एव वसिष्ठ ने कहा है—पितृकर्म (श्राद्ध) के लिए अस्तमय वेला में केवल स्पर्श से ही तिथि की पूर्णता कही जाती है। नारदीय पुराण में कहा है—मनुष्यों के पारण और मरण में तिथि की तात्कालिक उपस्थिति मानी जाती है। पितृ-कर्म के लिए अस्तमय वेला में केवल मात्र स्पर्श से तिथि पूर्णा कही जाती है। उदाहृत वाक्यों से कलामात्र अवस्थिति को सूचित करने वाले वाक्य में पूर्व दिन की सायं काल व्याप्ति विवक्षित होती है। क्योंकि पर दिन में अपराह्ण स्पर्श न होने से पूर्व दिन के सायं काल में तिथि अवश्य रहती है। अन्यथा छ मुहूर्त्त तक होने वाला क्षय के प्रसंग आ जाता है।

इसको लक्ष्य करके गोभिल ने कहा है--सायाह्न को व्याप्त होने वाली तिथि पार्वण श्राद्ध के लिए उदाहृत की गयी है। शिवरहस्य, ब्रह्मवैवर्त्त पुराण और नारदीय पुराण में व्यतिरेक (जिसके अभाव से जिसका अभाव) पद्धति के द्वारा इस विषय में पूर्वविद्धा तिथि की कर्त्तव्यता के विषय में कहा गया है। अमावास्या और पूर्णिमा पिता के सांवत्सरिक दिन होते हैं। पूर्वविद्धा तिथि में श्राद्ध नहीं करने वाला नरक जाता है।

प्रश्न होता है--उभयदिनों के अपराह्ण में तिथि का स्पर्श न होने पर और होने पर भी उत्तर तिथि के वृद्धि-क्षय के द्वारा निर्णय होने दीजिए। उत्तर तिथि के साम्य रहने से किसी भी प्रकार तिथिमूलत्व और अस्तमय व्यापित्व रूप दो गुणों के कारण पूर्वविद्धा करनी चाहिए या कुतप रहने के कारण उत्तरविद्धा करनी चाहिए?

तत्रापराह्णद्वयस्पर्शाभावविषये न्यायेन पूर्वविद्धायां प्राप्तायां देवस्वामिदेवलादि वचनादुत्तरविद्धेति निश्चयः। वचनं हि न्यायाद्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बलीयः। यदा तु दिनद्वयेऽप्यपराह्णैकदेशव्याप्तिस्तदापि वैषम्येण तद्व्याप्तौ महत्त्वेन निर्णेतव्यम्। तदाह मरीचिः—

> द्व्यपराह्णव्यापिनी चेदाब्दिकस्य यदा तिथिः।
> महती यत्र तद्विद्धां प्रशंसन्ति महर्षयः॥ इति।

साम्येनोभयत्रव्याप्तिश्च तत्तिथिगतैर्वृद्धिक्षयसाम्यैस्त्रिधा भिद्यते। तथाहि। पूर्वेद्युरपराह्णस्य द्वितीयघटिकामारभ्य परेद्युरपराह्णस्य चरमघटिकां विहाय अवशिष्टासु पञ्च घटिकासु यदा तिथिर्वर्त्तते तदा पूर्वापराह्णस्य प्रथमघटिकां द्वितीयापराह्णस्य चरमघटिकां च विहायावशिष्टासु पञ्चसु घटिकासु वर्त्तमानत्वात् साम्येनैकदेशव्याप्तिर्भवति। तिथिश्च तदा घटिकाचतुष्टयेन वर्धते यदा पूर्वापराह्णस्य चरमघटिका, उत्तराऽपराह्णस्य प्रथमघटिकायां वर्त्तते। तदापि साम्येन एकदेशव्याप्तिर्भवति। घटिका चतुष्टयेन तदा तिथिः क्षीयते यदा पूर्वापराह्णस्य चरमे घटिकात्रये द्वितीयापराह्णस्य चाद्ये घटिकात्रयेऽपि वर्त्तते तदापि साम्येनैकदेशव्याप्तिस्तदवस्था। तिथिस्तु न वर्द्धते नाऽपि क्षीयते। किन्तु समैव। ईदृशे विषये खर्वदर्पवाक्यान्निर्णयः। तदेवं प्रतिपत्पार्वणरूपमाब्दिकं निर्णीतम्। पार्वणरूपस्य काम्यस्य तु दर्शविकारत्वात् प्रातिस्विकविशेषाभावाच्च वक्ष्यमाणेन दर्शनिर्णयेनैव निर्णयोऽवगन्तव्यः॥

इति श्रीमाधवीये कालनिर्णये प्रतिपन्निर्णयाख्यं तृतीयं प्रकरणम्॥

इस स्थल में दोनों अपराह्नों में तिथि स्पर्श के अभाव विषय का न्याय से पूर्वविद्धा प्राप्त होने पर भी देव स्वामी और देवल के वचनानुसार उत्तरविद्धा तिथि निश्चित होती है। क्योंकि न्याय से वचन बलवान् होता है। जब दिनों में भी अपराह्न के एकदेश में व्याप्ति होती, तब विषमता के कारण इस प्रकार व्याप्ति स्थल में जिस अपराह्न में व्याप्ति अधिक होती है, वह अपराह्न निर्णीत होता है। इस लिये मरीचि ने कहा है—सांवत्सरिक श्राद्ध के लिये जब दो दिनों के अपराह्न को व्याप्त होकर तिथि रहती, उस स्थल में जिस दिन में अधिक व्याप्ति होती; इस प्रकार विद्धा तिथि की महर्षिगण प्रशंसा करते हैं।

उभयदिनों में समान व्याप्ति होने पर तिथिगत वृद्धि, क्षय और साम्य के रूप में तीन प्रकार भेद होते हैं। यथा—पूर्वदिन में अपराह्न की दूसरी घटिका से प्रारंभ होकर परदिन में अपराह्न की अन्तिम घटिका को

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

छोड़कर अवशिष्ट पांच घटिकाओं में जब तिथि रहती है, तब पूर्वदिन में अपराह्ण की पहली घटिका को और दूसरा अपराह्ण की अन्तिम घटिका को छोड़कर अवशिष्ट पांच घटिकाओं में रहने से समान रूप से एकदेश व्याप्ति होती है। तब चार घटिकाओं से तिथि की वृद्धि होती है जब पूर्वदिन में अपराह्ण की अन्तिम घटिका और परदिन के अपराह्ण की पहली घटिका में तिथि रहती है, इस स्थल में भी समान रूप से एकदेश व्याप्ति होती है। चार घटिकाओं से भी तिथि का क्षय तब होता है जब पूर्वदिन के अपराह्ण में अन्तिम तीन घटिकाओं और परदिन के अपराह्ण में पहली तीन घटिकाओं में भी तिथि रहती है। इस स्थल में भी समान रूप से एकदेश व्याप्ति की वही अवस्था होती है। तिथि की वृद्धि नहीं होती या क्षय भी; किन्तु समान रहती है। इस विषय में खर्व-दर्प वाक्य के अनुसार निर्णय होता है। इस प्रकार प्रतिपद में होने वाला सांवत्सरिक पार्वण श्राद्ध का निर्णय हुआ। पार्वण रूपक काम्य श्राद्ध दर्शश्राद्ध की विकृति रूप होने से विशेष वचन या विशेष व्यवस्था का अभाव से दर्श निर्णय के अनुसार निर्णीत होता है।

इस प्रकार माधवीय काल-निर्णय में प्रतिपद्-निर्णय नामक
तीसरा प्रकरण समाप्त हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चतुर्थप्रकरणम्

अथ द्वितीयामारभ्य पर्वावसानाश्चतुर्दश तिथयोऽस्मिन् प्रकरणे निर्णीयन्ते। प्रथमद्वितीयादीनां पञ्चदशकलानां क्रमेण चन्द्रमण्डलप्रवेश-निर्गमनाभ्यां शुक्लकृष्णपक्षयोःप्रतिपद्द्वितीयादिनामधेयास्तिथयो भवन्ति। तत्र प्रतिपदि यो निर्णयः पूर्वप्रकरणेऽभिहितः स एवोत्तरासु सर्वासु तिथिषु सामान्येन[1] सञ्चारयितव्यः। विशेषस्तु तत्राभिधास्ये। प्रतिपदि दैवं पित्र्यं व्यवस्थापितम्। दैवं षड्विधम्। उपवासैकभक्तनक्ता-याचितदानव्रतभेदेन तीर्थस्नानजपहोमादयस्तु व्रतशब्देनैव संगृहीताः। पित्र्यं द्विविधम्। एकोद्दिष्टं पार्वणं चेति। तत्र सर्वत्र कर्मकालव्याप्ति युक्ताया एव तिथेरनुष्ठानाङ्गत्वं स्मृतिष्वभिप्रेतम्। कर्मकालश्च द्विविधो मुख्यो गौणः। तिथिव्याप्ति र्द्विविधा। स्वाभाविकतिथिव्याप्तिः साक-ल्यापादिततिथिव्याप्तिश्चेति।[2] तद्यथा, यदा सङ्गवपर्यन्ताऽमावास्या तदानीमुपरितनो मध्याह्नो मुख्ययैव प्रतिपदा व्याप्तो भवति।

यदा त्वपराह्णादिमारभ्य तिथिः क्षयवशात् परेद्युः सङ्गवान्ता प्रतिपद्भवति, तदा पूर्वेद्यु गौणकालव्याप्तिमुपजीव्यैकभक्तानुष्ठानाय तत्स्वीकारे सति मध्याह्नेऽवश्यानुष्ठेयत्वात्तत्रस्वाभाविकप्रतिपद्व्याप्त्यभावेऽपि साकल्यवचनापादितप्रतिपद्व्याप्तिः स्वीकृता। एवं च सति कर्मकालव्याप्तौ सर्वस्मृतीनामत्यन्तनिर्बन्धदर्शनात् कर्मकाल-व्याप्तिशास्त्र[3]मितरेभ्यः प्रबलमिति निश्चीयते। तदनुसारेण द्वितीयाद्या अपि तिथय उपवासादौ दैव एकोद्दिष्टादौ पैत्र्ये च कर्मकालव्याप्तियुक्ताः स्वीकर्त्तव्याः। उपवासस्तु सर्वतिथिषु नारदीये दर्शितः—

इस प्रकरण में द्वितीया से लेकर पर्व प्रकरण की समाप्ति तक चौदह तिथिओं का निर्णय हो रहा है। प्रथम-द्वितीय प्रभृति पन्द्रह तिथियों का चन्द्रमण्डल में प्रवेश और निर्गम के द्वारा क्रमानुसार प्रतिपद्-द्वितीया प्रभृति नाम होते हैं। पूर्व प्रकरण में प्रतिपद् के बारे में जो निर्णय अभिहित हुआ है दूसरी सब तिथियों में समानरूप से उसकी रीति लागू होगी। उसमें जो

---

१. साम्येन इति पाठान्तरम्।

२. स्वाभाविकतिथिव्याप्तिर्ज्योतिःशास्त्रगोचरा, साकल्यापादिततिथि-व्याप्तिर्धर्मशास्त्रे प्रसिद्धा। ३. शास्त्रं नाम वचनम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विशेष है, उसको हम बोलेंगे। प्रतिपद में दैव और पितृकर्म के बारे में व्यवस्था की गई है। दैव कर्म छ प्रकार होते हैं। उपवास एकभक्त, नक्त, अयाचित, दान और व्रत उसके भेद हैं। तीर्थ, स्नान, जप और होम प्रभृति व्रत शब्द के द्वारा संगृहीत होते हैं। पितृकर्म दो प्रकार होते हैं। एकोद्दिष्ट और पार्वण। इन सब स्थलों में कर्मकाल को व्याप्त होनेवाली तिथि ही अनुष्ठान का अङ्गरूप से स्मृतियों में अभिप्रेत की गयी है। मुख्य और गौण के भेद से कर्मकाल दो प्रकार होता है। तिथि व्याप्ति दो प्रकार होतो है। अपनी स्वाभाविक रीति से तिथि व्याप्ति और साकल्य वचन से प्रतिपादित तिथि व्याप्ति जब संगव तक अमावास्या रहती, तब इस समय के बाद में होनेवाला मध्याह्न मुख्य प्रतिपद से व्याप्त होता है।

जब अपराह्न प्रभृति से लेकर तिथिक्षय के कारण परदिन में सङ्गव के अन्त तक प्रतिपद रहती है, तब पूर्वदिन में गौणकाल व्याप्ति को आश्रय कर एकभक्त का अनुष्ठान के लिये उसका स्वीकार होने पर मध्याह्न में ही अनुष्ठान हो सकता है। इसलिये इस स्थल में स्वाभाविक रीति से प्रतिपद की व्याप्ति के अभाव होने पर भी साकल्यवचन के द्वारा प्रतिपादित प्रतिपद की व्याप्ति स्वीकृत होती है। ऐसे होने से कर्मकाल की व्याप्ति के ऊपर सब स्मृतियों की व्यवस्था निर्भरशील रहती है। इस कारण से कर्मकाल व्याप्ति को प्रतिपादित करने वाला शास्त्र वचन दूसरे शास्त्रों से प्रबल है ऐसा निश्चित होता है। इसके अनुसार द्वितीया प्रभृति तिथियों, उपवास दैवकार्य, एकोद्दिष्ट और पितृकार्य में भी कर्मकालव्याप्ति के साथ युक्त होने पर ही स्वीकृत होती हैं।

शुक्लान् वा यदि वा कृष्णान् प्रतिपत्प्रभृतींस्तिथीन्।
उपोष्यैव बलिं दत्त्वा विधिना ह्यपरे दिने॥
ब्राह्मणान् भोजयित्वा तु सर्वपापैः प्रमुच्यते॥ इति

उपवासस्याहोरात्रः कर्मकालः। तस्मात् तद्व्यापिनी तिथिर्ग्राह्या। तदसंभवे खण्डातिथिर्ग्राह्येति निरूप्यते। तत्र च सूर्योदये त्रिमुहूर्त्ता ततोऽधिका वा तृतीया भवति। सेयमुभयविद्धा द्वितीया। तत्र वेधकतिथेरुदयेऽस्तमये वा त्रिमुहूर्त्तत्वं वेधप्रयोजकं न तु ततो न्यूनत्वम्। तदेव पैठीनसि वाक्येन पूर्वमुदाहृतम्। वेध्यतिथेश्च त्रिमुहूर्त्तसद्भावोऽपेक्षित इति द्विमुहूर्त्तत्वं त्रिरह्नश्चेत्यनेन सुमन्तुवचनेन दर्शितम्। उदयास्तमययोरेव वेध इत्ययमर्थः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उदये सा तिथिर्ग्राह्या विपरीता तु पैतृके ।

सब तिथिओं में अनुष्ठान योग्य उपवास के बारे में नारद पुराण में कहा गया है—शुक्ल हो या कृष्ण प्रतिपद हो, विधि पूर्वक बलि (पूजा) दान करके अगर उपवास किया जाय, और पर दिन में ब्राह्म भोजन के साथ की व्रत समाप्ति होती है तो सब प्रकार पापों से मुक्ति मिलती है ।

अहोरात्र उपवास का कर्मकाल होता है । इस लिये अहोरात्र को व्याप्त होने वाली तिथि उपवास के लिये ग्रहणीय है । इसके अभाव से खण्ड तिथि का निरूपण किया जाता है । इस स्थल में सूर्योदय के साथ तीन मुहूर्त्त या इससे अधिक काल तक तृतीया रहती है । यह उभयविद्धा द्वितीया होती है । वेध करने के लिये उदय और अस्त के समय वेधक तिथि की स्थिति तीन मुहूर्त्त तक होनी चाहिये किन्तु इनसे कम नही मानी जाती है । पूर्व से उदाहृत पैठिनसि का वाक्य से यह विषय जाना जाता है । वेध्य तिथि की अवस्थिति तीन मुहूर्त्त तक होनी चाहिये । इसके बारे में "द्विमुहूर्त्तत्वं" इस सुमन्तु के वचन में प्रदर्शित किया गया है । उदय और अस्त के समय वेध है, यह इसका अर्थ होता है । 'उदय काल में अगर वेध होता तो तिथि दैव कार्यों' के लिये मानी जाती है, किन्तु पितृकार्यों के लिये विपरीत होता है अर्थात् अस्तमय वेध माना जाता है ।

इत्यादिभिः कात्यायनवचनैरवगन्तव्यः । एवं च सति यथोदाहृते पूर्वविद्धोत्तरविद्धे ये द्वितीये तयोरुत्तरविद्धा द्वितीयोपोष्या युग्माग्निवाक्येनान्वय[1]व्यतिरेका[2]भ्यामुत्तरविद्धायाः प्राशस्त्याभिधानात् । यद्यप्युपोष्यत्वं साक्षान्नाभिहितं तथापि कर्मान्तर[3]विशेषस्यानुपादाना दुपवासविषयत्वं परिशिष्यते । तथाहि । न तावत् पित्र्यविषयत्वं संभवति । व्यासेन युग्मादिशास्त्रस्य खर्वादिशास्त्रस्य च दैवपित्र्यविषयत्वेन व्यवस्थापितत्वात् । नाऽप्येकभक्तनक्तविषयत्वम् । तयोर्मध्याह्नप्रदोषव्याप्त्यधीनत्वेन युग्मादिशास्त्रानधीनत्वात् ।

---

१. तत्सत्त्वे तत्सत्ता अन्वयः । २. तदभावे तदभावो व्यतिरेकः ।

३. अन्यत् कर्म कर्मान्तिरम् एकं कर्म इतरस्मात् कर्मणो भिद्यते शब्दान्तरात्, अभ्यासात्, संख्यया, संज्ञया, गुणात्, प्रकरणान्तराश्चेति । श्राद्धप्रदीपे मत्कृता रश्मिः । पृ–५४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इस प्रकार कात्यायन वचनों से मालूम पड़ता है। ऐसे होने से पूर्व से उदाहृत पूर्वविद्धा और उत्तरविद्धा–ये दो प्रकार द्वितीया में उत्तरविद्धा द्वितीया उपवास में गृहीत होती है। इसके बारे में युग्मवाक्य के द्वारा और अन्वय व्यतिरेक उपायों से उत्तरविद्धा की प्रशस्ति मिलती है। अगर यहाँ उपवास के बारे में साक्षात नहीं कहा है, तथापि दूसरे कर्मों को विशेष रूप से अभिहित नहीं किया है। इस लिये उपवास के पक्ष में इसकी संलग्नता है ऐसा परिशेष में स्फुटित होता है। फिर भी पितृकार्यों के बारे में यह नहीं लगता है। क्योंकि व्यासजी ने युग्म वचन और खर्वादि वचन क्रमानुसार दैव और पितृ के लिये व्यवस्थापित किये हैं। फिर एक भक्त और नक्त व्रत के बारे में भी नहीं लगता है। क्योंकि एक भक्त का कर्मकाल मध्याह्न और नक्त का कर्मकाल प्रदोष हैं। इस कारण से युग्म वचन के अधीन यह नहीं होता है।

अयाचितस्य तूपवासवदनुष्ठेयत्वेन न पृथग्विषयत्वम्। न च दानादिविषयत्वम्। दानादेः पौर्वाह्णिकतिथौ कर्त्तव्यतया निर्णीतत्वात्। अत उपवासविषयत्वं परिशिष्यते। कदाचिदेकभक्तादितिथौ युग्मादि-शास्त्रस्य संवादो भवति। तदा तच्छास्त्रमुपोद्बलकं भवतु, न वयं वारयामः। वचनान्तरे तु युग्मादितिथेरुपोष्यत्वं साक्षात् प्रतीयते। तथा च प्रतिपत्प्रकरणे प्रतिपदमावास्यायुग्मस्यायुग्मस्योपोष्यत्व-वचनमुदाहृतम्। तत्रापि युग्मत्वाभिप्रायेणैव द्वितीयायाः परविद्धाया उपोष्यत्वं भृगुस्मृतिविष्णुधर्मोत्तराभ्यां दर्शितम्—

एकादश्यष्टमी षष्ठी द्वितीया च चतुर्दशी।
त्रयोदशी चतुर्थी च उपोष्याः स्युः परान्विताः॥ इति

यदा पूर्वेद्युरुदयस्योपरि त्रिमुहूर्त्तं वर्धते तदा पूर्वेद्युरेवोपवासः। न च उदाहृतेन परान्विता इति वचनेन विरोधः शङ्कनीयः। परा-न्वितपूर्वान्वितयोः प्रसक्तयोः सतोरस्य वचनस्य नियामकत्वात्। न चात्र परान्वितत्वं प्रसक्तमस्ति। पूर्वस्य दिनस्य संपूर्णतिथित्वात् संपूर्णखण्डयोः संपूर्णस्यासन्देहत्वेन प्रबलत्वात्।

उपवास की तरह अयाचित का अनुष्ठान होता है। इस लिये इसका अलग रूप से उपस्थान नहीं किया है। दान प्रभृति के विषय में भी नहीं कहा गया है। क्योंकि पूर्वाह्न को व्याप्त होने वाली तिथि में दान प्रभृतियों का

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनुष्ठान के लिये निर्णय हुआ है। अत एव उपवास विषय ही यहाँ परिशेष में रह गया है। कभी-कभी एकभक्त प्रभृति का अनुष्ठान के लिये निर्णीत तिथि के बारे में युग्म वचनों का मेल मिलता है। इस स्थल में यह शास्त्र उपोद्बलक हो, यहाँ हम नहीं वारित करेंगे। किन्तु दूसरे वचनों के स्थल में युग्मवचन के अनुसार निर्णीत तिथि में उपवास का अनुष्ठान साक्षात् प्रतीत होता है। इसी तरह भी प्रतिपद प्रकरण में प्रतिपद अमावास्या का युग्म और अयुग्म के बारे में उपवास करने के लिये वचन उदाहृत हुआ है। वहां भी युग्मता को उद्देश्य करके परविद्धा द्वितीया में उपवास का अनुष्ठान भृगुस्मृति और विष्णुधर्मोत्तर पुराण में प्रदर्शित किया है। यथा—

एकादशी, अष्टमी, षष्ठी, द्वितीया, चतुर्दशी, त्रयोदशी और चतुर्थी परविद्धा होकर उपवास योग्य होती हैं।

जब पूर्वदिन के उदय से लेकर परदिन का उदय के ऊपर तीन मुहूर्त्त तक तिथि की वृद्धि होती है, तब पूर्वदिन में उपवास होता है। किन्तु उदाहृत परविद्धा वचन के साथ इसका विरोध है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये? क्योंकि परविद्धा और पूर्वविद्धा वचन जब एक जगह प्रसक्त होते हैं, तब यह वचन नियामक होता है। यहां तो परविद्धा वचन की प्रसक्ति नहीं है। पूर्वदिन में तिथि की संपूर्ण अवस्थिति के कारण संपूर्ण और खण्डा तिथि में संपूर्ण व्याप्ति में सन्देह नहीं है। इसलिये यह प्रबल होता है।

[1]असञ्जातविरोधित्वकृत्स्नकर्मकालव्याप्तिभ्यां पूर्वदिनस्यैव प्राबल्यम्। तस्मात्तत्रैवोपवासः। ननु पूर्वदिनोपवासं प्रतिषेधति व्यासः—

तृतीयया युता कार्या द्वितीया न तु पूर्वया॥ इति।

मैवम्। अस्य वचनस्य खण्डतिथिविषयत्वेन संपूर्णतिथावप्रवृत्तेः। खण्डतिथिविषयत्वं च पूर्वया युता नैव कार्येत्यभिधानादवगम्यते। ननु खण्डतिथावपि द्वितीया पूर्वविद्धैवोपोष्या।

प्रतिपत्सद्वितीया स्याद् द्वितीया प्रतिपद्युता॥

इत्यापस्तम्बेन प्रतिपद्द्वितीययोर्युग्मत्वाभिधानात्। एतदेव

---

१. पूर्वतोऽविचारितस्य वस्तुनो नूतनतयाऽभिक्रमणेन विरोधिनोऽभावतयाऽसञ्जातविरोधित्वं फलति उपक्रमेऽयं विषयः स्फुटमवगम्यते। प्रकृतो तिथेः प्रारंभाद् पूर्णतयाऽवस्थित्या विरोधिनोऽप्रजननात् असञ्जातविरोधित्वमायाति। स्कन्दपञ्चमीविचारे विषयोऽयं दृष्टः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वचनमुपजीव्य कृष्णप्रतिपत् परविद्धैवोपोष्येति पूर्वं निर्णीतम्। एवं तर्हि द्वितीयापि क्वचित् पूर्वविद्धा भवतु। तदुक्तं स्कन्दपुराणे—

प्रतिपत् संमुखी कर्या या भवेदापराह्णिकी।
पूर्वाह्णिकी च कर्त्तव्या द्वितीया तादृशी विभो॥ इति।

तादृशी [1]संमुखी पूर्वयुतेत्यर्थः। पूर्वेद्युरुदये मुहूर्त्तं परित्यज्यावशिष्टपूर्वाह्णसबन्धिनी यदा भवति तदा वेधकारिण्याः पूर्वतिथेर्मुहूर्त्तत्रयाभावेन वेद्धुमसामर्थ्यात् स्वयं खण्डापि सती संपूर्णवत् पूर्वत्रोपवासे युज्यते।

अतंजात विरोधिता और संपूर्ण काल व्याप्ति इन दो कारणों से पूर्वदिन की प्रबलता प्रतीत होती है। अतः उस दिन में ही उपवास होता है। यहाँ एक प्रश्न आता है कि व्यास के पूर्वदिन में होने वाला उपवास प्रतिषिद्ध किया है। यथा—तृतीया के साथ रहने वाली द्वितीया ही ग्रहणीय होती है, किन्तु पूर्व तिथि के साथ नहीं।

यह मत ठीक नहीं है। क्योंकि खण्डा तिथि के विषय में इस वचन की प्रवृत्ति होने से संपूर्ण तिथि के बारे में इसकी प्रवृत्ति नहीं होगी। पूर्वतिथि के साथ युक्त द्वितीया में नहीं करनी चाहिये इस प्रकार उक्ति से खण्ड तिथि विषय स्पष्ट अवगत होता हैं। फिर भी प्रश्न आता है कि खण्डतिथि होकर भी पूर्वविद्धा द्वितीया उपवास के लिये प्रशस्त है। यथा—द्वितीया के साथ प्रतिपद और प्रतिपद के साथ द्वितीया ग्रहणीय होती है। इस प्रकार आपस्तम्ब के वचनानुसार प्रतिपद और द्वितीया की युग्मता कहीं गयी है। इस वचन को आश्रय कर कृष्णपक्ष की प्रतिपद उपवास के लिये परविद्धा ही मानी जाती है, ऐसा पूर्व से निर्णय किया है। इसी तरह द्वितीया भी कहीं पर पूर्वविद्धा हो। इसके बारे में स्कन्दपुराण में कहा है—

अपराह्ण को व्याप्त होने वाली संमुखी प्रतिपद माननीय है। इसी तरह पूर्वाह्ण को व्याप्त होने वाली द्वितीया माननीय होती है।

इसी तरह का अर्थ है संमुखी। पूर्वदिन के उदय में एक मुहूर्त्त छोड़कर जब अवशिष्ट पूर्वाह्ण को व्याप्त होती है, तब वेध कराने वाली तिथि की तीन मुहूर्त्त तक अवस्थिति का अभाव होने पर खण्डा तिथि होती है। खण्डा तिथि होने पर भी संपूर्ण तिथि की तरह पूर्वदिन में उपवास युक्तितः होता है।

१. संमुखीनाम सायाह्णव्यापिनी दृश्यते यदा॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र द्वितीया नवधा भिद्यते। पूर्वेद्युरुदयमारभ्य प्रवृत्ता, उदयं परित्यज्य प्रवृत्ता, पूर्वाह्णं सर्वं परित्यज्य प्रवृत्तेति त्रयो भेदाः। तेष्वेकैकस्य परेद्युस्त्रिमुहूर्त्तत्वतन्न्यूनत्वशून्यत्वैस्त्रैविध्ये सति मिलित्वा नवविधत्वं संपद्यते। अत्र पूर्वेद्युरुदयमारभ्य प्रवृत्तायाः संपूर्णत्वेन परेद्युर्मुहूर्त्तत्रयत्वतन्न्यूनत्वशून्यत्वेषु त्रिष्वपि पक्षेषु विवादाऽविषयत्वत् पूर्वत्रैवोपवासो युक्तः।

उदयं परित्यज्य कियत्पूर्वाह्णभागं प्रक्रम्य प्रवृत्तायाः परेद्युस्त्रिमुहूर्त्ततायां सत्यपि परयुतोपवाससंभवे तां परित्यज्य पौर्वाह्णिकवचनेन पूर्वेद्युरेवोपवासो न विधीयते। परेद्युस्त्रिमुहूर्त्तन्यूनत्वे च वेधकारिण्यास्तृतीयायाः सत्यपि वेद्धुं सामर्थ्ये वेध्याया द्वितीयायास्त्रिमुहूर्त्तत्वाभावेन वेधयोग्यत्वाभावात् तत्रोपवासो न प्रसक्तः।

अतः परिशेषात् पूर्वाह्णवाक्याच्च पूर्वत्रैवोपवासः। पूर्वेद्युः पूर्वाह्णं सर्वं परित्यज्य प्रवृत्तायाः परेद्युस्त्रिमुहूर्त्ततयोभयत्र तिथिसत्त्वात् कुत्रोपवास इति सन्देहे सति व्यासेनोत्तरदिनविधानात् पूर्वदिननिषेधाच्चोत्तरत्रोपवासः। न चात्र शुक्लकृष्णव्यवस्था शङ्कनीया।

यहाँ द्वितीया नौ प्रकार की होती है। पूर्व दिन में (१) उदय से लेकर प्रवृत्त होने वाली (२) उदय को छोड़कर प्रवृत्त होने वाली (३) संपूर्ण पूर्वाह्ण को छोड़कर प्रवृत्त होने वाली इस प्रकार यह भेद तीन प्रकार होते हैं। उनमें एक एक प्रकार परदिन में तीन तीन भेद वाली हैं। यथा तीन मुहूर्त्त विशिष्ट तीन मुहूर्त्तों से कम होने वाली और तीन मुहूर्त्त भी नहीं होने वाली इस प्रकार मिलकर नौ प्रकार भेद होते हैं। यहां पूर्वदिन में उदय से लेकर प्रवृत्त होने वाली तिथि संपूर्णा होने के कारण तीन मुहूर्त्त तक अवस्थिति, उससे कम काल तक अवस्थित और अवस्थिति के अभाव रूप तीन प्रकार के पक्षों में भी विवाद नहीं है। इसलिये पूर्वदिन में उपवास करना युक्ति संगत होता है।

उदय काल को छोड़कर पूर्वाह्ण भाग के कुछ काल को लेकर प्रवृत्त होने वाली तिथि तीन मुहूर्त्त तक पर दिन में अवस्थित होने से पर दिन के साथ युक्त होने के कारण उपवास प्राप्त होने पर भी इसको छोड़कर पूर्वाह्ण वचन के अनुसार पूर्व दिन में उपवास विहित होता है। परदिन में तीन मुहूर्त्त न्यून होने के कारण वेध करने वाली तृतीया की वेध करने के लिये शक्ति है, किन्तु वेध्य होने वाली द्वितीया की तीन मुहूर्त्तों से न्यून काल तक अव-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्थिति होने से वेध योग्यता नहीं रहती है। इसलिये वहाँ उपवास की प्रसक्ति नहीं होती है।

अतः अन्त में पूर्वाह्न वाक्य के अनुसार पूर्वदिन में ही उपवास की प्राप्ति होती है। पूर्व दिन में संपूर्ण पूर्वाह्न को छोड़कर प्रवृत्त होने वाली द्वितीया की पर दिन में तीन मुहूर्त्त तक अवस्थिति होने से उभय दिनों में तिथि की प्राप्ति होती हैं। इस पर कब उपवास करना होगा इस प्रकार सन्देह आता है। इसका उत्तर के रूप में कहा जाता है कि व्यास ने उत्तर दिन विहित किया है, और पूर्व दिन निषिद्ध किया है। इसलिये परदिन में उपवास होता है। यहा शुक्लपक्ष कृष्णपक्ष की व्यवस्था को आश्रय कर शंका नहीं करनी चाहिये।

युग्मवाक्येशुक्लकृष्णपक्षसाधारण्येन परदिनविधानात् कृष्णपक्षेऽपि तत्प्रवृत्तौ बाधाभावाच्च। अन्ययोस्तु पक्षयोः पूर्ववद्वेधानर्हत्वेन पूर्वेद्युः पौर्वाह्णिकत्वाभावेऽपि परिशेषादापस्तम्बोक्तयुग्मवाक्याच्च पूर्वत्रोपवास इति स्थितम्। एकभक्तादिपार्वणश्राद्धान्तेषु कर्मसु द्वितीयाप्रयुक्तस्य विशेषस्य क्वचिदप्यस्मरणात् पूर्वोक्तप्रतिपन्न्यायो योजनीयः।

इति द्वितीयानिर्णयः॥

युग्म वाक्य में शुक्ल और कृष्णपक्ष को साधारण भाव से गृहीत कर परदिन का बिधान हुआ है। इसलिये कृष्ण पक्ष में वही निष्पत्ति प्रवृत्त होने से कोई बाधा नहीं आती है। दूसरे दो पक्षों में पहला पक्ष की तरह वेध योग्य न होने से पूर्व दिन में पौर्वाह्णिक व्याप्ति के अभाव स्थल में भी अन्त में आपस्तम्ब के मतानुसार और युग्मवाक्य से भी पूर्व दिन में उपवास होता है ऐसी स्थिति है। एकभक्त प्रभृति से लेकर पार्वण श्राद्ध के अन्तिम तक होने वाले कर्मों में द्वितीया के लिये कोई विशेष स्मृति वाक्य नहीं है। इसलिये पूर्व न्याय के अनुसार वहां योजना करनी चाहिये।

इस प्रकार द्वितीया का निर्णय समाप्त हुआ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ तृतीया निर्णीयते

तत्र त्रिविधानि वचनानि स्मर्यन्ते। कानिचित् पूर्वविद्धाविधायकानि, कानिचित् पूर्वविद्धानिषेधकानि कानिचिदुत्तरविद्धाविधायकानीति। तत्र युग्मवाक्यं तावत् पूर्वविद्धाविधायकं प्रसिद्धम्। पूर्वविद्धानिषेधकं वाक्यमाहापस्तम्बः—

तृतीया तु न कर्त्तव्या द्वितीयोपहिता विभो॥
द्वितीयया युतां तां तु यः करोति नराधमः।
संवत्सरकृतेनेह स तु धर्मेण लुप्यते॥
द्वितीयाशेषसंयुक्तां तृतीयां कुरुते तु यः।
स याति नरकं घोरं कालसूत्रं भयङ्करम्॥
द्वितीयाशेषसंयुक्तां या करोति विमोहिता।
सा वैधव्यमवाप्नोति प्रवदन्ति मनीषिणः॥ इति।

यहाँ से तृतीया का निर्णय होता है। इसके लिये तीन प्रकार वचनों का स्मरण किया जाता है। यथा—पूर्वविद्धा तिथि को विधान करने वाले कुछ वचन, पूर्वविद्धा को निषिद्ध करने वाले कूछ वचन और कुछ परविद्धा को विधान करने वाले वचन। पूर्वविद्धा को विधान करने वाला युग्म वाक्य प्रसिद्ध है। पूर्वविद्धा को निषिद्ध करने वाला वचन आपस्तम्ब का ही प्रसिद्ध है। यथा—

हे विभु, द्वितीया के साथ युक्त होने वाली तृतीया का ग्रहण नहीं किया जाता है। जो नराधम द्वितीया युक्त तृतीया को ग्रहण करता है, वर्ष तक अर्जित धर्म को हराता है, लोप करता है। द्वितीया के अंश मात्र से युक्त तृतीया को जो करता है, वह कालसूत्र के नाम से प्रसिद्ध भयंकर नरक में डुबता है। जो स्त्री मोह वश होकर द्वितीया का अंश युक्त तृतीया को करती है, वह वैधव्य कष्ट को पाती है ऐसा मनीषियों ने कहा है।

स्कन्दपुराणेऽपि—

तृतीया तु न कर्त्तव्या द्वितीयासंयुता तिथिः।
या करोति विमूढा स्त्री पुरुषो वा शिखिध्वज।
द्वितीयासंयुतां तात पूर्वधर्माद् विलुप्यते।
विधवात्वं दुर्भगत्वं भवेन्नास्त्यत्र संशयः॥
कला काष्ठाऽपि वा चैव द्वितीया संप्रदृश्यते।
सा तृतीया न कर्त्तव्या कर्त्तव्या गणसंयुता।
यदिच्छेत् परमं पुण्यं व्रतकर्त्ता शिखिध्वज॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र पूर्वविद्धाया निषेधबाहुल्यात् सा न ग्राह्या। युग्मवाक्यं तु रम्भाव्रतविषयं भविष्यति। रम्भाव्रतं तु भविष्यत्पुराणे दर्शितम्—

भद्रे कुरुष्व यत्नेन रम्भाख्यं व्रतमुत्तमम्।
ज्येष्ठशुक्लतृतीयायां स्नाता नियमतत्परा॥ इत्यादि।

तत्रैवापरं रम्भाव्रतं पठितम्—

रम्भातृतीयां वक्ष्यामि सर्वपापप्रणाशिनीम्।
मार्गशीर्षेऽथवा मासि तृतीयायां नराधिप॥
शुक्लायां प्रातरुत्थाय दन्तधावनपूर्वकम्॥

इत्यादिव्रतमभिधायोपसंहृतम्—

सौभाग्यार्थं पुरा चीर्णं रम्भया राजसत्तम।
तेन रम्भातृतीयेयं परं सौभाग्यदायिनी॥ इति

स्कन्दपुराण में कहा है—

द्वितीया से मिश्रित तृतीया नहीं करनी चाहिये। जो विमूढ स्त्री या पुरुष द्वितीया युक्त तृतीया को करता है, वह पूर्वार्जित धर्म को हराता है तथा वही स्त्री विधवा होती है और दुर्भगा भी होती है। द्वितीया की एक कला या काष्ठा से युक्त होने पर भी वह तृतीया नहीं करनी चाहिये, चतुर्थी के साथ अन्वित तृतीया करनी चाहिए। हे शिखिध्वज! जो परम पुण्य को अभिलषित करता है, वह इस प्रकार तृतीया को करता है।

इस स्थिति में पूर्वविद्धा का निषेध बहु परिमाण से मिलता है, इस लिये पूर्वविद्धा ग्रहण नहीं की जाती है। युग्मवाक्य के अनुसार पूर्वविद्धा तृतीया रम्भा तृतीया को ही लक्षित करती है। रम्भाव्रत भविष्यत्पुराण में दर्शित किया है—हे भद्र! जेष्ठमास के शुक्लपक्ष की तृतीया में नियम से तत्पर होकर स्नान करके यत्न पूर्वक रंभा व्रत कीजिये।

वहां भी दूसरा रंभाव्रत का पाठ मिलता है—सब पापों का नाश करने वाली रंभा तृतीया को कहूँगा। हे नराधिप, मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया में प्रातः शय्या त्याग कर दन्त धावन करने के बाद इस व्रत का प्रारंभ किया जाता है। इस व्रत को अभिहित कर इसका उपसंहार किया जाता है। यथा—हे राजसत्तम! सौभाग्य लाभ के लिये रम्भा ने यह व्रत आचरित किया था। इसलिये सौभाग्य को देनेवाली रंभा तृतीया इसका नाम हो गया।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एतस्य रम्भाव्रतस्य पूर्वविद्धायां कर्त्तव्यत्वं स्कन्दपुराणे दर्शितम् —

बृहत्तपा तथा रम्भा सावित्री वटपैतृकी।
कृष्णाष्टमी च भूता च कर्त्तव्या संमुखी तिथिः॥ इति

तत्रैव पूर्वविद्धानिषेधो रम्भाव्रतव्यतिरिक्तविषयत्वेन पठ्यते —

द्वितीयया तु विद्धा च तृतीया न कदाचन।
कर्त्तव्या व्रतिभिस्तात धर्मकामार्थतत्परैः॥
विहायैकां च रम्भां च तृतीयां पुण्यवर्धिनीम्॥ इति

उत्तरविद्धाविधायकं तु ब्रह्मवैवर्त्ते दर्शितम्—

चतुर्थीसंयुता या तु सा तृतीया फलप्रदा॥ इति

आपस्तम्बोऽपि—

चतुर्थीसंयुता या च सा तृतीया फलप्रदा।
अवैधव्यकरी स्त्रीणां पुत्रसौभाग्यवर्धिनी॥ इति

बृहस्पतिरपि—

एकादश्यष्टमी षष्ठी पौर्णमासी चतुर्दशी।
अमावास्या तृतीया च ता उपोष्याः परान्विताः॥ इति

अस्य चोत्तरविद्धाविधायकस्य रम्भाव्यतिरिक्तविषयत्वं ब्रह्मवैवर्त्ते दर्शितम्—

इस रंभाव्रत को पूर्वविद्धा तृतीया में करने के लिये स्कन्द पुराण में कहा है—बृहत्तपा, रंभा, सावित्री, वटपैतृकी, कृष्णपक्ष की अष्टमी और चतुर्दशी सम्मुखी होकर पालनीय होती हैं। वहां भी रंभाव्रत को छोड़कर दूसरे व्रतों के विषय में पूर्वविद्धा का निषेध मिलता है। हे तात! धर्म, काम और अर्थ पाने के लिये तत्पर लोग ने द्वितीया के साथ युक्त तृतीया किसी भी अवस्था में नहीं करनी चाहिये। केवल पुण्यदायिनी रंभा तृतीया को छोड़कर सर्वत्र तृतीया परविद्धा होती है।

परविद्धा को विधान करने वाला वचन ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में दर्शित हैं। चतुर्थी के साथ युक्त होने वाली तृतीया फल देने वाली है। अपस्तम्ब ने भी कहा है—चतुर्थी के साथ युक्त तृतीया फलप्रद होकर स्त्रियों के वैधव्य का नाश करती है और पुत्ररूपक सौभाग्य देती है। बृहस्पति ने भी कहा है। एकादशी, अष्टमी, षष्ठी, पौर्णमासी, चतुर्दशी, अमावास्या

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और तृतीया परविद्धा होकर उपास्य होती है। परविद्धा को विधान करने वाला रंभा व्रत से भिन्न तृतीया के लिये वचन ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में कहा है—

रम्भाख्यां वर्जयित्वा तु तृतीयां द्विजसत्तम ॥
अन्येषु सर्वकार्येषु [1]गणयुक्ता प्रशस्यते ॥ इति

क्वचित्तु सर्वव्रतेषु पूर्वविद्धैव । तदाह वशिष्ठः—

एकादशी तृतीया च षष्ठी चैव त्रयोदशी ।
पूर्वविद्धा तु कर्त्तव्या यदि न स्यात्परेऽहनि ॥ इति

अत्र परेऽहन्यसत्त्वं त्रेधा भिद्यते । सर्वथैवासत्त्वं, द्विमुहूर्त्तासत्त्वं, त्रिमुहूर्त्तासत्त्वं चेति । सर्वथैवासत्त्वे पूर्वदिनानुष्ठानमस्तु । यदा तु परेऽहनि घटिकात्रयं घटिकापञ्चकं वा स्थिता भवति—तदा कथमस्त्विति महान् सन्देहः । त्रिमुहूर्त्तसद्भावस्य मुख्यकल्पत्वात् । पञ्चघटिकापक्षे मुख्यासंभवः । द्विमुहूर्त्तसद्भावस्यानुकल्पत्वात्, घटिकात्रयपक्षे तस्याप्यसंभवः । तदा किं मुख्यानुकल्पयोरभावात् पूर्वेद्युरनुष्ठानं किं वा पूर्वविद्धाया निषेधबाहुल्यादपरेऽहनि अल्पमपि सत्त्वमाश्रित्यानुष्ठानम् । न चात्र किञ्चिन्नियामकं वचनमस्ति नाऽपि न्यायेन निर्णेतुं शक्यते । न तावत् परदिनं न्याय्यम्, प्रापकाभावात् । नापिमुख्यानुकल्पव्यतिरिक्तं कल्पान्तरं संभवति, येन प्रापकमाशङ्क्यते । नापि पूर्वदिनं न्याय्यं निषेधबाहुल्यात् । वशिष्ठवचनोक्तप्रतिप्रसवेन[2] निषेधो बाध्यते इति चेत् । मैवम् । तस्य वचनस्य परेद्युरत्यन्तासत्त्वेऽप्युपपन्नत्वात् ।

हे द्विज सत्तम! रंभा नामक तृतीया को छोड़कर दूसरे सब कार्यों में चतुर्थी युक्त तृतीया मानी जाती है।

कुछ स्थान में सब व्रतों के लिये पूर्वविद्धा तृतीया मानी जाती है। इसलिये वसिष्ठ ने कहा है—एकादशी, तृतीया, षष्ठी, त्रयोदशी अगर पर दिन में न हो तो पूर्वविद्धा होने पर भी करनी चाहिये।

परदिन में तिथि का अभाव तीन प्रकार है—सर्वथा अभाव, दो मुहूर्त्त तक अभाव और तीन मुहूर्त्त तक अभाव। सर्वथा अभाव स्थलों में पूर्व दिन में

---

१. गणो नाम चतुर्थी ।
२. निषेधस्य पुनरभ्यनुज्ञानं प्रतिप्रसवः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनुष्ठान हो जब पर दिन में तीन मुहुर्त्तों या पांच दण्डों तक तिथि रहती है, तब कैसे तिथि की स्थिति स्वीकृत होगी ? ऐसे महान् सन्देह होता है। यहाँ तीन मुहूर्त्तों तक तिथि की अवस्थिति मुख्य विषय के रूप में मानी जाती है। जिस पर पांच दण्डों तक स्थिति होती, उस पर मुख्य कल्प नहीं रहता है। दो मुहूर्त्तों तक तिथि की अवस्थिति से अनुकल्प विधान अर्थात् गौण पक्ष स्वीकृत होता है। इस तीन मुहूर्त्तों की स्थिति के बारे में यह असंभव होता है। इस स्थल में मुख्य और अनुकल्प के अभाव से पूर्व दिन में अनुष्ठान होता है या पूर्व विद्धा का निषेध बहुल रूप से उपलब्ध होने पर परदिन में कुछ भी रहने के कारण क्या अनुष्ठान हो सकता है ? इस प्रकार सन्देह होता है। यहाँ इस पक्ष के कोई नियामक वचन नहीं है। कोई न्याय या युक्ति के अनुसार भी निर्णय नहीं किया जा सकता। पर दिन में अनुष्ठान करना न्याय्य नहीं होता है क्योंकि इसके लिए कोई प्रापक अर्थात् विधिवाक्य नहीं है। फिर मुख्य और अनुकल्प को छोडकर कोई दूसरा प्रकार की संभावना भी नहीं हैं जिसके द्वारा प्रापक वचन की आशंका हो सकती। पूर्वदिन भी न्याय्य नहीं है क्योंकि इसके लिए अनेक निषेध वचन मिलते हैं। वसिष्ठ वचन के द्वारा होने वाला प्रतिप्रसव से निषेध बाधित हो जाता है। ऐसा अगर प्रश्न होता तो ठीक नहीं है। क्योंकि वसिष्ठ के यह वचन पर दिन में सर्वथा अभाव के स्थल पर माना जाता है।

तस्मादागम[1]न्याययोरत्राप्रवृत्तेरयोगिनोऽसर्वज्ञस्य धर्मसाक्षात्कारासंभवाच्च शिष्टाचार[2] एवात्र शरणम्। अत एव व्यासः[3] —

तर्कोऽप्रतिष्ठः श्रुतयो विभिन्ना।
न वा ऋषे दर्शनमस्ति किञ्चित्॥
धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायां।
महाजनो येन गतः स पन्थाः॥ इति

शिष्टाश्च मुहूर्त्तमात्रसद्भावमाश्रित्य गौरीव्रतं परेद्युरेवानुतिष्ठन्ति। अतो गौरीव्रतं परेद्युरेवानुष्ठेयम्। अन्येषु भविष्यत्पुराणाद्युक्तेषु वित्तेशपूजादिषु मुख्यकल्पेनाऽनुकल्पेन चाऽपरेद्युरनुष्ठानम्।

---

१. आगमः शाब्दप्रमाणम् न्यायो युक्तिविजृम्भणम्, शिष्टाचारः सदाचारः। आगमन्याययोरभावेन सदाचारस्य प्रामाण्यमङ्गीक्रियते।

२. साधवः शीलसंपन्नाः शिष्टाचारस्य लक्षणम्। महा० भा० १३।१६२।३४

३. महा० भा० ३।२।११

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तद्विषयाश्च पूर्वविद्धानिषेधाः। कल्पद्वयासत्त्वे तु विद्यमानायामपि परेद्युः स्वल्पायामपि तृतीयायां तां परित्यज्य वसिष्ठवचनेन पूर्वेद्युरनुष्ठानम्। एकभक्तनक्ते तु व्रताङ्गे व्रतानुसारेणानुष्ठेये। स्वतन्त्रयोस्तु मध्याह्नप्रदोषव्याप्तिवशेनानुष्ठानम्। रम्भाव्रतेऽप्यस्तमयादर्वाक् तृतीयायास्त्रिमुहूर्त्तसद्भावे तस्यामेव पूर्वविद्धायामनुष्ठानम्। तद्विधायकवाक्येषु संमुखीत्यभिधानात् सांमुख्यस्य च सायाह्नव्याप्तिरूपत्वात्।

इसलिये आगम अर्थात् शास्त्रवचन की और न्याय अर्थात् युक्ति की प्रवृत्ति नहीं होती है। अयोगी लोग असर्वज्ञ लोग ने धर्म को साक्षात् करना अर्थात् समझना असंभव होने पर शिष्टाचार ही यहां शरण के रूप में लिया जा सकता है। अत एव व्यास ने कहा है—धर्म के बारे में तर्क की प्रतिष्ठा नहीं है, श्रुतिओं की भिन्नता दिखाई पड़ती है। कोई एक ही ऋषि नहीं है, जिसका दर्शन या मत सब लोगों के जरिये माननीय है। धर्म के तत्त्व सर्वदा गुहा में निहित है। महाजन या शिष्ट लोग जिस पन्था (मार्ग) को आश्रय कर चल गये हैं, वही मार्ग है।

शिष्ट लोग मुहूर्त्त मात्र की स्थिति को आश्रय लेकर गौरी व्रत को पर दिन में करते हैं। अतः गौरी व्रत परदिन में अनुष्ठित होना चाहिये। भविष्यपुराण प्रभृति में कहे गये कुबेर पूजा प्रभृति दूसरे व्रतों के बारे में मुख्य पक्ष और गौणपक्ष को लेकर परदिन में अनुष्ठान होता है। यह विषय पूर्वविद्धा का निषेध के बारे में अवगत होता है। दोनों ही पक्षों का अभाव स्थल में परदिन में अल्प परमाण से तृतीया की अवस्थिति में भी उसको छोड़कर वसिष्ठवचत के अनुसार पूर्वदिन में अनुष्ठान होता है। व्रत के अङ्ग रूप से एकभक्त और नक्त व्रत के अनुसार अनुष्ठित होते हैं। अगर स्वतन्त्र होकर एकभक्त और नक्त व्रत हैं तो मध्याह्न और प्रदोष को व्याप्त होने पर क्रमानुसार अनुष्ठित होते हैं। रंभाव्रत में भी अस्त से पहले तृतीया की तीन मुहूर्त्त तक स्थिति होने पर उस प्रकार पूर्व विद्धा तृतीया ही अनुष्ठान के लिये मानी जाती है। इसके विधायक रूप से "सम्मुखी" ऐसे कहा है। सम्मुखीत्व तो सायाह्न को व्याप्त होनेवाली तिथि का ही रहता है।

मुहूर्त्तत्रयन्यूनत्वे सति पूर्वविद्धायाः प्रापकाभावाद्रम्भाव्रते परविद्धाया अनिषिद्धत्वाच्च सामान्यवचनैः परविद्धाप्रशंसकैः परेद्युरनुष्ठानम्। यानि द्वितीयाविद्धाया निषेधकानि वाक्यानि, तेषु द्वितीया कियती विवक्षितेति चेत् मुहूर्त्तत्रयपरिमितेति ब्रूमः। वेधशास्त्रे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथाऽभिधानात्[1]। यत्तु "कलाकाष्ठापी"-ति वचनं, तत् कैमुतिक-न्यायेन[2] त्रिमुहूर्त्तसत्त्वं द्रढ़यति।

इति तृतीयानिर्णयः॥

तीन मुहूर्त्तों तक न्यून होने से पूर्वविद्धा को प्राप्त करने वाला कोई साधन का अभाव होने पर रंभाव्रत में परविद्धा का निषेध के अभाव से परविद्धा की प्रशंसा करने वाले सामान्य वचनों के द्वारा परदिन में अनुष्ठान होता है। जहाँ द्वितीयाविद्धा को निषिद्ध करने वाले वाक्य हैं, वहाँ द्वितीया का परिमाण कितना होगा ऐसा प्रश्न आया है। उत्तर में तीन मुहूर्त्त तक होना चाहिये ऐसा कहा है। क्योंकि वेध के लिये तीन मुहूर्त्तों की अवस्थिति अनिवार्य है। कला और काष्ठा के परिमाण रहने पर भी जो वचन मिलता है, वह कैमुतिक न्याय से अर्थात् अर्थापत्ति से तीन मुहूर्त्त वाला वेध को दृढीभूत कराता है।

इस प्रकार तृतीया का निर्णय समाप्त हुआ।

अथ चतुर्थी निर्णीयते

सा च युग्मवाक्यात् परविद्धा पूज्या। न च शुक्लपक्षे तथात्वेऽपि कृष्णपक्षे पूर्वैव स्यादिति शङ्कनीयम्। युग्मवाक्यस्य पक्षद्वयसाधारणत्वात्। "चतुर्दश्या च पूर्णिमे"त्येतच्छुक्लपक्षविषयत्वे लिङ्गमिति चेत् न तस्यैकस्य युग्मस्य शुक्लपक्षविषयत्वेऽपि द्वितीयादिकानां युग्मानां पक्षद्वयसाधारण्यस्य वारयितुमशक्यत्वात् साहचर्यात्तान्यपि शुक्लपक्षविषयाण्येवेति चेन्न। "प्रतिपद्यप्यमावास्ये"त्यनेन पक्षद्वयस्पर्शिना युग्मेन साहचर्यादितरेषामपि पक्षद्वयस्पर्शित्वं किं न स्यात्। एवं तर्हि साहचर्ययोर्द्वयोरपि परस्परकलहादनिर्णय इति चेन्न, कारणान्तरेण निर्णेतव्यत्वात्।

तर्हि चतुर्दशीपूर्णिमायुग्ममेकपक्षवर्त्तितिथिद्वयात्मकत्वाद् द्वितीयादियुग्मैः सदृशं प्रतिपदमावास्यायुग्मं तु भिन्नपक्षद्वयवर्त्तितिथिद्वयरूपत्वाद् विलक्षणम्। अतः पूर्णिमायुग्मसाहचर्येणैव निर्णय इति चेन्मैवम्। श्रुत्या साहचर्यस्य बाध्यमानत्वात्। द्वितीयादिशब्दो मुख्यया वृत्त्या पक्षद्वयवर्त्तिनस्तिथीन् ब्रूते।

१. त्रिभिर्मुहूर्त्तै विध्यन्ति सामान्योऽयं विधिः स्मृतः।

२. कैमुतिकन्यायोऽर्थापत्तिं सूचयति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अब चतुर्थी तिथि का निर्णय हो रहा है। युग्म वाक्य के अनुसार परविद्धा होकर पूज्य होती है। शुक्लपक्ष में इस प्रकार निर्णय होने से कृष्णपक्ष में पूर्वविद्धा ही होगी ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। क्योंकि युग्म वाक्य दोनों ही पक्षों को साधारण रूप से सूचित करता है। चतुर्दशी के साथ पूर्णिमा इस वचनांश के द्वारा शुक्लपक्ष विषय का चिह्न युग्म वाक्य में रहता है ऐसा भी प्रश्न हो सकता है। यह ठीक नहीं है। क्योंकि एक ही युग्म शुक्लपक्ष विषय में संलग्न होने पर भी द्वितीया प्रभृति युग्मों की दोनों पक्षों में साधारण रूप से रहनेवाली संलग्नता को वारित नहीं कर सकता। एक साथ रहने के कारण संपूर्ण युग्म वाक्य को शुक्लपक्ष विषय में संलग्न किया जायगा ऐसा अगर प्रश्न होता तो ठीक नहीं। "प्रतिपद के साथ अमावस्या" यह वचनांश दोनों ही पक्षों को स्पर्श करता है। इस युग्मता के कारण एक साथ रहने से दूसरे युग्म भी दो पक्षों के बारे में क्यों नहीं संलग्न किये जायेंगे? ऐसे होने पर दो प्रकार साहचर्यों से परस्पर कलह होने के कारण निर्णय नहीं हो सकता, ऐसा अगर प्रश्न होता तो ठीक नहीं; क्योंकि दूसरे कारणों से इसका निर्णय हो जा सकता है।

चतुर्दशी और पूर्णिमा एक पक्ष में दो तिथियों के रूप में रहने से द्वितीया प्रभृति युग्मों के साथ इनके सादृश्य रहता है। प्रतिपद और अमावास्या भिन्न पक्ष में रहने के कारण उनसे विलक्षण होती हैं। अतः पूर्णिमा युग्म के साहचर्य से ही निर्णय होता है, ऐसा भी ठीक नहीं है। क्योंकि श्रुति के द्वारा साहचर्य अर्थात् स्थान बाधित होता है। द्वितीया प्रभृति शब्द मुख्य वृत्ति से दो पक्षों में रहने वाली तिथियों को ही कहते हैं।

सेयं श्रुतिलिङ्गादिषु षट्सु प्रथमं प्रमाणम्। साहचर्यं तु सन्निधिः, स च स्थानावान्तरभेदत्वात् पञ्चमं प्रमाणम्। तच्च प्रथमादत्यन्तदुर्बलम्। सोऽयमर्थः पूर्वमीमांसायां तृतीयाऽध्याये श्रुतिलिङ्गादिसूत्रे महता प्रबन्धेन प्रपञ्चितः। सूत्रञ्चैतत् श्रुतिलिङ्गवाक्यप्रकरणस्थानसमाख्यानां समवाये पारदौर्बल्यमर्थविप्रकर्षादिति:[1] इत्थमेव च श्रुतिसन्निध्ययोर्विरोधमुद्दिश्योत्तरमीमांसायां गुणोपसंहारे विचारितम्।

तथाहि। ताण्डिशाखायां[2] श्रूयते—ॐ मित्येतदक्षरमुद्गीथमुपासीतेति। अस्यायमर्थः। पञ्चभक्तियुक्तस्य साम्न उद्गीथाख्या भक्तिः

१. पू० मी० ३।३।१४ २. छान्दोग्योपनिषत् १।१।१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कश्चिदवयवः तं चावयवमुद्गाता यागकाले गायति। गीयमानं तमुद्गीथं स एवोद्गाता ताण्डिशाखागतोपनिषद्विहितैरनेकै गुणै-रूपासीतेति। ते च गुणास्ताण्डिशाखायामेव विहिताः। उद्गीथ-भक्तिस्तु ताण्डिशाद्लजैमीनीयतलवकारादिषु सर्वासु सामशाखासु पठिता।

तत्र यदिदं ताण्डिशाखोक्तगुणमुपासनं तत् किं ताण्डिशाखागत एवोद्गीथविशेषे व्यवतिष्ठते, किं वा सर्वशाखागत उद्गीथसामान्ये सञ्चरतीति संशयः। तत्र सन्निधिवशादुद्गीथविशेषेऽवतिष्ठत इति पूर्वः पक्षः। उद्गीथशब्दो मुख्यया वृत्त्योद्गीथसामान्यं[1] ब्रूते। न च सन्निधिना[2] पञ्चमप्रमाणेन प्रथमप्रमाणस्य श्रुतेः सङ्कोचो युक्तः। तस्मादुपासनमुद्गीथसामान्ये संचरतीति राद्धान्तः।

श्रुति और लिङ्ग प्रभृति छः में यह है पहला प्रमाण। साहचर्य तो सन्निधि को सूचित करता है। वह स्थान का अवान्तर भेद होने के कारण पांचवा प्रमाण होता है। पहला प्रमाण श्रुति से वह खुब दुर्बल होता है। इसका अर्थ या प्रयोजनीयता के बारे में पूर्वमीमासा के तीसरा अध्याय में श्रुतिलिग प्रभृति सूत्र में विस्तार से आलोचित किया है। सूत्र इस प्रकार है—"श्रुति, लिंग, वाक्य, प्रकरण, स्थान और समाख्या इनके समवाय में परवर्त्ती प्रमाण क्रमानुसार पूर्वतर्त्ती प्रमाण से दुर्वल है क्योंकि इनकी दूरवर्त्ती प्रयोजनीयता ही यहां कारण है। फिर भी श्रुति और सन्निधि (स्थान) के बीच में विरोध को लक्ष्य कर उत्तरमीमांसा में गुणोपसंहार के अवसर पर विचार किया है।

इसलिये ताण्डिशाखा में सुना है—ॐ यह अक्षर उद्गीथ है। इसका अर्थ यह है—पांच भागों से विभक्त साम का उद्गीथ नामक एक विभाग एक अवयव होता है। उस अवयव को उद्गाता यागसमय में गाता है।

---

१. मुख्यावृत्ति नाम अभिधावृत्ति सा च श्रुतिः प्रथमं प्रमाणं स्वतन्त्रं निरपेक्षत्वात्।

२. सन्निधिर्नाम स्थानं श्रुतिप्रभृतिषट् प्रमाणेषु पञ्चमे आपतति। नैतेन प्रमाणेन अपवादो द्योत्यते। सामान्यस्य उत्सर्गाभिधत्वे तच्चाभिधावृत्त्या श्रुतिप्रमाणात्मकत्वे अपवादरूपात् दुर्बलम्। नात्र तथा संभवति शास्त्रे श्रुति-स्थानयोः उत्सर्गापवादप्रसिद्धेरभावात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उस उद्गीथ को गान करने वाला उद्गाता ताण्डि शाखा के अन्तर्गत उपनिषद् के द्वारा विहित अनेक गुणों को लेकर उपासना करता है। ये गुणों का विधान ताण्डि शाखा में मिलता है। उद्गीथ विभाग का ताण्डि, शार्दूल, जैमिनीय, और तलबकार प्रभृति सब सामशाखा में पाठ किया जाता है।

यहां एक संशय होता है कि ताण्डि शाखा में उक्त यह उपासना ताण्डि शाखा के अन्तर्गत उद्गीथ विशेष को व्यवस्थित करती है या सब शाखा के अन्तर्गत उद्गीथ सामान्य को लेकर संचारित होती हैं? यहां पूर्वपक्ष का आशय यह है कि सन्निधि या साहचर्य के कारण उद्गीथ विशेष में ही व्यवस्था होगी? सिद्धान्त में कहा जाता है—कि उद्गीथ शब्द मुख्य वृत्ति से उद्गीथ सामान्य को ही कहता है। किन्तु (साहचर्य से) सन्निधि रूपक पांचवां प्रमाण से पहला प्रमाण जो श्रुति उसका संकोच नहीं किया जा सकता। इसलिए उद्गीथ सामान्य में ही उपासना का संचार होना चाहिए।

अनेन न्यायेन प्रकृतेऽपि साहचर्याख्येन सन्निधिना द्वितीयादिश्रुतेः सङ्कोचायोगाद्युग्मादिशास्त्रं पक्षद्वयविषयं द्रष्टव्यम्। यदि च चतुर्दशीपूर्णिमयोः कृष्णपक्षविषयत्वं न संभाव्यते तर्हि तत्रैकत्र शुक्लपक्षविषयत्वमस्तु। तथा प्रतिपद्युग्ममपि गत्यन्तराभावात् पक्षद्वयसन्धिविषयम्। एवं व्यवस्थितौ सत्यां युग्मशास्त्रेण पक्षद्वयेऽपि चतुर्थी परविद्धैव प्राप्नोति।

ननु वचनान्तरेण चतुर्थीद्वयस्य व्यवस्था प्रतीयते।

तथा च मार्कण्डेयपुराणे—

शुक्लपक्षे तिथिर्ग्राह्या यस्यामभ्युदितो रविः।
कृष्णपक्षे तिथिर्ग्राह्या यस्यामस्तमितो रविः॥ इति

अत्र च वक्तव्यम्। किमिदं शुक्लादिवाक्यं युग्मादिशास्त्रनियमनद्वारा एकवाक्यतया तिथीनां व्यवस्थापकम्, उत स्वातन्त्र्येण। यदि नियमनद्वारा तर्हि युग्माग्नीत्यादियुग्मे पूर्वतिथीनामुत्तरविद्धानां पूज्यत्वेन।

शुक्लपक्षे तिथिर्ग्राह्या यस्यामभ्युदितो रविः॥

इत्येतत् पूर्वार्धमविरोधि। उत्तरार्धं तु विरोधि। तथा तेष्वेव युग्मेषु चरमतिथीनां पूर्वविद्धानां पूज्यत्वेन।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कृष्णपक्षे तिथीर्ग्राह्या यस्यामस्तमितो रविः ।

इत्युत्तरार्धमविरोधि । पूर्वार्धं तु विरोधि । तथा—

इस न्याय से इस प्रकरण में साहचर्य अर्थात् सन्निधि के द्वारा द्वितीया प्रभृति श्रुति का संकेन नहीं होता है। अतएव युग्म वचन शुक्ल और कृष्ण इन दो पक्षों को ही सूचित करता है। यदि चतुर्दशी और पूर्णिमा की संभावना कृष्णपक्ष के विषय में नहीं होती तो एकत्र शुक्लपक्ष विषय में होनी चाहिये। इस प्रकार दूसरी गति के अभाव से प्रतिपद युग्म दो पक्षों की सन्धि के विषय में भी उपपन्न होगा । इस प्रकार व्यवस्था होने पर युग्म वचन के द्वारा दो पक्षों में चतुर्थी परविद्धा उपलब्ध होती है।

यहां एक प्रश्न होता है कि दूसरा वचन से दोनों ही चतुर्थी की व्यवस्था प्रतीत होती है।

इसलिए मार्कण्डेय पुराण में कहा है—जिस तिथि में सूर्य अस्त होते हैं, उस तिथि कृष्णपक्ष में गृहीत होती है।

यहां वैसा कहा जा सकता है कि क्या शुक्लादि वाक्य युग्मादि शास्त्र के नियमन से इस वाक्य के द्वारा तिथिओं का व्यवस्थापक होता है या स्वतन्त्र रूप से! अगर नियमन के द्वारा होता है तो युग्माग्नि वाक्य से द्योतित द्वितीया और तृतीया प्रभृति युग्मों में पूवं तिथिओं की पूज्यता उत्तरविद्धा होने पर ही आती है। इसलिए शुक्ल पक्ष की तिथि गृहीत हो सकती है। यदि सूर्योदय इस तिथि में होती है। इस वचनांश से युग्म का पूर्वभाग विरोधी नहीं होता है। किन्तु परभाग तो विरोधी होता ही है। इन सब युग्मों में अन्तिम तिथिओं की पूज्यता पूर्वविद्धा होने पर ही संभावित है। इस कारण से "कृष्ण पक्ष में तिथि गृहीत होती है यदि सूर्यास्त इस तिथि में होता है" इन वचनांश के द्वारा युग्म का परभाग विरोधी नहीं होता है, किन्तु पूर्वभाग तो विरोधी होता ही है।

दर्शप्रतिपद्युग्मेऽपि कृष्णपक्षगतस्य दर्शस्योदये पूज्यत्वं, शुक्लपक्षगतायाः प्रतिपदोऽस्तमये पूज्यत्वम् । तथा सति तत्रोभयत्र विरोधः स्फुटतरः। तस्मान्न युग्मादिशास्त्रमनेन नियन्तुं शक्यम्। नापि स्वातन्त्र्येण तिथीनां व्यवस्थापकम्। तत्र युग्मादिशास्त्रविरोधस्यापरिहार्यत्वात्। अविरोधेन तु शुक्लादिवाक्यस्य दशमीविषयत्वं प्रतिपत्प्रकरणे प्रसङ्गादुदाहृतम् । तस्माच्छुक्लकृष्णयोरपि पक्षयो र्युग्मादिशास्त्राच्चतुर्थी परविद्धा ग्राह्या।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृद्धवसिष्ठोऽपि—

एकादशी तथा षष्ठी अमावास्या चतुर्थिका।
उपोष्याः परसंयुक्ताः पराः पूर्वेण संयुताः॥

ननु परविद्धोपवासः क्वचित् प्रतिषिद्ध्यते।

द्वितीया पञ्चमीवेधाद् दशमी च त्रयोदशी।
चतुर्दशी चोपवासे हन्युः पूर्वोत्तरे तिथी॥ इति

अयमर्थः। पञ्चमी वेधेन पूर्वां चतुर्थीं तिथिमुत्तरां च षष्ठीं तिथिमुपवासविषये हन्ति। अतः पञ्चमीविद्धायां चतुर्थ्यां नोपवास इति। नैष दोषः। व्रतभेदेन व्यवस्थोपपत्तेः। सन्ति हि चतुर्थ्यां भिन्नदेवताविषयाणि बहूनि व्रतानि। तत्र विष्णुधर्मोत्तरप्रोक्ते चतुर्मूर्त्तिव्रते मूर्त्तिचतुष्टयोपेतो विष्णु र्देवता। स्कन्दपुराणोक्ते अङ्गारकचतुर्थीव्रते

एवमेकैकाधिक्ये द्वितयाधिक्येऽपि निर्णयो दर्शितः । अनुभयाधिक्ये तु नास्ति सन्देहः । इति शुद्धायाश्चत्वारो भेदा व्यवस्थिताः । अथ विद्धायाश्चत्वारो भेदा व्यवस्थाप्यन्ते । तत्राप्येकादश्याधिक्ये पूर्ववत् गृहियत्योर्व्यवस्था द्रष्टव्या । तदाह प्रचेताः—

एकादशी विवृद्धा चेच्छुक्ले कृष्णे विशेषतः ।
उत्तरान्तु यतिः कुर्यात् पूर्वामुपवसेद् गृही ॥ इति ।

न चैतद् वाक्यं शुद्धाधिक्ये चरितार्थमिति शङ्कनीयम् । बाधकाभावेन विद्धाधिक्येऽपि तद्वचनप्रवृत्तेर्निवारयितुमशक्यत्वात् । द्वादश्याधिक्ये परेद्युरुपपासः । तदाह व्यासः--

एकादशी यदा लुप्ता परतो द्वादशी भवेत् ।
उपोष्या द्वादशी तत्र यदीच्छेत्परमां गतिम् ॥ इति ।

जिस स्थल में संपूर्ण रूप से एकादशी रहकर परदिन के प्रभात में फिर रहती है, उस स्थल में परदिन में द्वादशी रहने से उपवास किया जाता है। वराह पुराण में भी—विष्णु के साथ युक्त एकादशी यदि रहती है और परदिन में द्वादशी रहती है, तो द्वादशी में उपवास किया जाता है अगर परमपद लाभ करने के लिये इच्छा है। दूसरी स्मृति में भी—

संपूर्ण एकादशी जब प्रभात में फिर रहती है, वह अगर वैष्णवी है और त्रयोदशी में एक घटिका भी दृश्य है तो गृहस्थ के जरिये भी परदिन में उपवास किया जाता है, पूर्वदिन में उपवास नहीं किया जाता है। पूर्णा एकादशी होने पर भी परित्याज्य है अगर दोनों की वृद्धि हो।

इस प्रकार एक एक का आधिक्य से दोनों का आधिक्य होने पर भी निर्णय दर्शित किया गया है। जब उभयों का आधिक्य नहीं है, उसमें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सन्देह नहीं है। इस प्रकार शुद्धा में चार भेदों की व्यवस्था हुई। जब विद्धा का भी चार भेदों की व्यवस्था होगी वहाँ भी एकादशी का आधिक्य में भी पूर्ववत् गृही और यतिओं की तरह होती है। इसके बारे में प्रचेता ने कहा है—

विशेषतः शुक्ल और कृष्ण पक्ष में एकादशी अगर बढ़ती है तो परदिन में यति द्वारा और पूर्वदिन में गृही–गृहस्थ के जरिये उपवास किया जाता है।

यह वाक्य शुद्धाधिका में चरितार्थ होता है ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। बाधक का अभाव से विद्धाधिका में भी उस वचन की प्रवृत्ति होने पर उसका निवारण नहीं किया जा सकता है। द्वादशी का आधिक्य में परदिन में उपवास किया जाता है। इस विषय के बारे में व्यास ने कहा है—

जब एकादशी लुप्त होती है तथा परदिन में द्वादशी रहती है, तो उस स्थल में द्वादशी में उपवास किया जाता है अगर परम गति को लाभ करने के लिये इच्छा है।

लुप्ता, आदौ दशमीमिश्रत्वात्परतो वृद्ध्यभावाच्च क्षयं गतेति यावत्। उभयाधिक्येऽपि परेद्युरुपवासः। तदुक्तं भविष्यत्पुराणे--

एकादशीं दिशा युक्तां वर्धमाने विवर्जयेत्।
क्षयमार्गस्थिते सोमे कुर्वीत दशमीयुताम्॥ इति।

उभयान्नाधिक्ये तु नैवास्ति सन्देहः कोट्यन्तराभावात्। न च विद्धत्वादस्ति सन्देहः इति वाच्यम्। असति कोट्यन्तरे विद्धाया अप्युपादेयत्वात्। तथा च विष्णुरहस्यम्--

एकादशी भवेत् काचित् दशम्या दूषिता तिथिः
वृद्धिपक्षे भवेद्दोषः क्षयपक्षे तु पुण्यदा ॥ इति।

इति विद्धाभेदा व्यवस्थापिताः। अत्र शुद्धाविद्धयोरुभयोरप्येष निर्णयसङ्ग्रहः। एकादशी–द्वादश्योरुभयोरपि वृद्धौ परेद्युरुपवासः। द्वयोरप्यवृद्धौ पूर्वेद्युः। एकादशीमात्रवृद्धौ गृहियत्यो र्व्यवस्था। द्वादशीमात्रवृद्धौ शुद्धायां सर्वेषां पूर्वेद्युर्विद्धायां परेद्युरिति।

तदेवं शास्त्रार्थे व्यवस्थिते यानि यावन्ति मुनिवाक्यानि विधायकानि निषेधकानि वा तानि सर्वाणि यथोक्तनिर्णयाविरोधेन व्यवस्थापनीयानि। तत्र व्यवस्थापनप्रकारं दर्शयामः। स्कान्दे--

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिपत्प्रभृतयः सर्वा उदयादोदयाद्रवेः।
संपूर्णा इति विख्याता हरिवासरवर्जिताः ॥ इति।

जिस स्थल में पहले दशमी से मिश्रित होने पर पर दिन में वृद्धि के अभाव से एकादशी का क्षय होता है, उस स्थल में एकादशी लुप्त होती है। उभयाधिक्य में भी पर दिन में उपवास किया जाता है। यह विषय भविष्यत्पुराण में कहा है—

दशमी के साथ युक्त होकर एकादशी की वृद्धि होने पर वर्जित होती है। यदि क्षय मार्ग में है, तो दशमी युक्त एकादशी करनी चाहिये। उभयों का आधिक्य न होने पर सन्देह नहीं है क्योंकि यहाँ कोई दूसरी कोटि नहीं हैं। विद्धा होने पर सन्देह नहीं है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। दूसरी कोटि के अभाव होने पर विद्धा भी उपादेय होती है। इसलिये विष्णुरहस्य में कहा है—

कभी एकादशी दशमी से युक्त होकर दूषित हो जाती है। वृद्धि होने पर दोष है, किन्तु क्षय होने पर पुण्य देनेवाली है।

इस प्रकार विद्धा के भेद व्यवस्थापित किया गया। यहाँ शुद्धा और विद्धा इन दोनों का यह निर्णय संगृहीत हुआ। एकादशी और द्वादशी इन दोनों की भी वृद्धि होने पर परदिन में उपवास किया जाता है। दोनों की वृद्धि के अभाव स्थल में पूर्वदिन में उपवास किया जाता है। केवल एकादशी की वृद्धि होने पर गृही-यति के अनुसार व्यवस्था होती है। द्वादशी की केवल वृद्धि होने पर शुद्धा में सभी के उपवास पूर्वदिन में और विद्धा में परदिन में प्राप्त होता हैं।

इस प्रकार शास्त्रार्थ व्यवस्थित होने पर मुनियों के जो कुछ वाक्य विधायक या निषेधक होते हैं, उन सबको वैसे व्यवस्थित करना चाहिये जैसे उपर्युक्त निर्णय का विरोध नहीं हो। इस व्यवस्थापन का प्रकार हम बताते हैं। स्कन्दपुराण में कहा है—

प्रतिपद प्रभृति से सब तिथियों को उदय से लेकर उदय तक संपूर्णा कहते हैं। किन्तु यह व्यवस्था हरिवासर अर्थात् एकादशी को छोड़कर प्रवर्त्तित होती है।

हरिवासरे तु संपूर्णत्वं प्रकारान्तरेणोक्तं गारुडे—

उदयात्प्राग् यदा विप्र मुहूर्त्तद्वयसंयुता।
संपूर्णैकादशी ज्ञेया तत्रैवोपवसेद् गृही ॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भविष्यत्पुराणेऽपि—

आदित्योदयवेलायाः प्राङ्मुहूर्त्तद्वयान्विता ।
एकादशी तु संपूर्णा विद्धाऽन्या परिकल्पिता ॥ इति ।

तदेतद्वचनद्वयमरुणोदयवेधोपजीवनेन प्रवृत्तत्वाद् वैष्णव-विषयम् । दशमीवेध-निन्दकानि तु वचनानि द्विविधान्युपलभ्यन्ते । कानिचिदरुणोदयानुवादेन प्रवृत्तानि, कानिचित्तदनुवादेनेति । तथा भविष्ये—

अरुणोदयकाले च दशमी यदि दृश्यते ।
तत्र नैकादशी कार्या धर्मकामार्थनाशिनी ॥ इति ।

कौत्सः—

अरुणोदयवेलायां विद्धा काचिदुपोषिता ।
तस्याः पुत्रशतं नष्टं तस्मात्तां परिवर्जयेत् ॥ इति ।

एतादृशानि सर्वाणि वैष्णवविषयाणि द्रष्टव्यानि । अरुणोदयानुवादमन्तरेण दशमीविद्धानिन्दकानि च कानिचिद् वचनान्युपलभ्यन्ते तद्यथा । नारदः—

दशम्यनुगता यत्र तिथिरेकादशी भवेत् ।
तत्रापत्यविनाशश्च परेत्य नरकं व्रजेत् ॥ इति ।

हरिवासर की संपूर्णता के बारे में दूसरा प्रकार गरुडपुराण में कहा है—हे विप्र, जब उदय से पहले दो मुहूर्त्तों से युक्त एकादशी संपूर्णा होती है। वहीं गृही द्वारा उपवास किया जाता है। भविष्यत्पुराण में भी कहा है—आदित्य अर्थात् सूर्य की उदय बेला से पहले दो मुहूर्त्तों से अन्वित एकादशी संपूर्णा होती है।

दूसरी एकादशी विद्धारूप से परिकल्पित होती है। इन दो वचनों की प्रवृत्ति अरुणोदय को उपजीव्य करके होती है। इसलिये ये वैष्णव विषय में आते हैं। दशमीवेध को निन्दित करनेवाले वचन दो प्रकार मिलते हैं। कुछ अरुणोदय को अनुवाद कर प्रवृत्त होते हैं। कुछ परम्परा से प्रवृत्त होते हैं।

इसलिये भविष्यपुराण में कहा है—अरुणोदय काल में जो दशमी दिखाई पड़ती है, धर्म, अर्थ और काम को नाश करनेवाली यह एकादशी नहीं की जाती है। कौत्सने भी कहा है—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अरुणोदय वेला में कोई विद्धा एकादशी अगर की जाती तो सौ पुत्रों को नष्ट कर देती है। इसलिये इस एकादशी को छोड़ देनी चाहिये।

इस प्रकार सब वैष्णव विषयों को देखना होगा। अरुणोदय का अनुवाद के विना दशमी विद्धा को निन्दित करनेवाले कुछ वचन मिलते हैं। यथा नारद ने कहा है—

जब दशमी को अनुगत होकर एकादशी होती है, वह एकादशी अपत्य अर्थात् सन्तान को नष्ट कर देती है और परलोक में नरक देती है।

ब्रह्मवैवर्त्तेऽपि—

दशमीशेषसंयुक्तां यः करोति विमूढधीः।
एकादशीफलं तस्य न स्याद् द्वादशवार्षिकम्॥ इति।

विष्णुरहस्ये—

दशमीशेषसंयुक्तामुपोष्यैकादशीं किल।
संवत्सरकृतेनेह नरो धर्मेण मुच्यते॥ इति।

ईदृशानि सर्वाणि अरुणोदयवेधसूर्योदयवेधद्वयसामान्येन प्रवृत्तत्वाद् वैष्णवस्मार्त्तोभयविषयाणि। तत्र वैष्णवविषये निरङ्कुशानि प्रवर्त्तन्ते। स्मार्त्तविषये तूभयाधिक्ये द्वादश्याधिक्ये च सर्वपुरुष विषयाणि द्रष्टव्यानि।

दशमीविद्धाऽभ्यनुज्ञापकानि कानिचिद् वचनान्युपलभ्यन्ते। तद्यथा स्कन्दपुराणे—

त्रयोदश्यां न लभ्येत द्वादशी यदि किञ्चन।
उपोष्यैकादशी तत्र दशमीमिश्रिताऽपि च॥ इति।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

उपोष्यैकादशी तत्र द्वादशी न भवेद्यदि।
दशम्या हि विमिश्रैव एकादश्येव धर्मकृत्॥ इति।

वृद्धवसिष्ठः—

द्वादशी स्वल्पमल्पाऽपि यदि न स्यात्परेऽहनि।
दशमीमिश्रिता कार्या महापातकनाशिनी॥ इति।

ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में भी-दशमी के कुछ अंश से संयुक्त एकादशी कोई अगर विमूढ़ होकर करें तो वह बारह वर्ष में की गई एकादशी का फल नहीं पाता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

है। विष्णुरहस्य में कहा है—दशमी के अंश से युक्त एकादशी में उपवास करने से लोक वर्ष भर अर्जित धर्मों से वियुक्त हो जाता है।

इस प्रकार सब अरुणोदय वेध, सूर्योदय वेध इन दोनों के सामान्यरूप से प्रवृत्त होते हैं, इसलिये वैष्णवों और स्मार्तों के लिये ही प्रवृत्त होते हैं। वहाँ वैष्णव विषय में निरंकुश प्रवृत्ति होती है, इसमें कोई बाधा नहीं है। स्मार्त्त विषय में तो उभयाधिक्य और द्वादशी के आधिक्य में सब पुरुषों के लिये द्रष्टव्य है।

दशमी विद्धा को स्वीकृति देने वाले कुछ वचन उपलब्ध होते हैं। यथा स्कन्दपुराण में—त्रयोदशी में यदि द्वादशी नहीं मिलती है, दशमी से मिश्रित (विद्धा) एकादशी भी की जाती है। दूसरी स्मृति में भी एकादशी के बाद यदि द्वादशी नहीं है तो दशमी के साथ मिश्रित एकादशी का अनुष्ठान धर्म कृत लोगों के जरिये की जाती है। बृहद्वसिष्ठ भी—परदिन में यदि द्वादशी अल्प भी नही रहती तो महापातकों को नाश करनेवाली दशमी मिश्रित एकादशी करनी चाहिये।

ऋष्यशृङ्गः—

एकादशी न लभ्येत द्वादशी सकला भवेत्।
उपोष्या दशमीविद्धा ऋषिरुद्दालकोऽब्रवीत् ॥ इति।

हारीतोऽपि—

त्रयोदश्यां यदा नष्टा द्वादशी घटिकाद्वयम्।
दशम्यैकादशी विद्धा सैवोपोष्या सदा तिथिः ॥ इति।

एतादृशानि वाक्यानि सर्वाण्यनुभयाधिक्ये सर्वपुरुषविषयाणि, एकादश्याधिक्ये तु स्मार्त्तगृहस्थमात्रविषयाणि द्रष्टव्यानि, न त्वेतानि वैष्णवविषयाणि। वैष्णवप्रकरणेषु विद्धाऽभ्यनुज्ञाया अदर्शनात्। संपूर्णैकादशीपरित्यागविषयाणि कानिचिद्वचनान्युपलभ्यन्ते।[1]

---

१. चैत्रशुक्लप्रतिपद आरभ्य चतुर्विंशत्येकादशीनां नामानि पद्मपुराणे (६।४१–४५) अभिहितानि, तानि यथा—(१) कामदा (२) वरूथिनी (३) मोहिनी (४) अपरा (५) निर्जला (६) योगिनी (७) शयनी (८) कामिका कामदा (९) पुत्रदा (१०) अजा (११) परिवर्त्तिनी (१२) इन्दिरा (१३) पाशाङ्कुशा (१४) रमा (१५) प्रबोधिनी (१६) उत्पत्ति (१७) मोक्षदा (१८) सकला (१९) पुत्रदा (२०) षट्तिला (२१) जया (२२) विजया (२३) आमलकी। आमर्दकी (२४) पापमोचनी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तद्यथा स्कन्दपुराणे—

एकादशी भवेत्पूर्णा परतो द्वादशी यदि ।
तदा ह्येकादशीं त्यक्त्वा द्वादशीं समुपोषयेत् ॥ इति ।

तथा च कालिकापुराणे—

एकादशी यदा पूर्णा परतो द्वादशी भवेत् ।
उपोष्या द्वादशी तत्र तिथिवृद्धिः प्रशस्यते ॥ इति ।

गारुडपुराणे—

पूर्णा भवेद्यदा नन्दा भद्रा चैव विवर्धते ।
तदोपोष्या तु भद्रा स्यात् तिथिवृद्धिः प्रशस्यते ॥ इति।

ऋष्यशृङ्गने भी–यदि एकादशी नहीं है, परदिन में संपूर्ण रूप से द्वादशी रहती है तो उद्दालक ऋषि के मतानुसार उस स्थल में दशमी विद्धा एकादशी में उपवास किया जाता है। हारीत ने भी—त्रयोदशी में यदि द्वादशी दो घटिका तक भी न रहकर नष्ट हो जाती है, तो दशमी से विद्ध एकादशी में उपवास किया जाता है।

इस प्रकार सब वाक्य उभयाधिक्य स्थल में सभी के लिये हैं। एकादशी आधिक्य में तो स्मार्त्त, गृहस्थ के लिये व्यवस्था है। किन्तु यह वैष्णव के लिये व्यवस्था नहीं है, उनका विषय नहीं है। क्योंकि वैष्णव प्रकरणों में (दशमी) विद्धा एकादशी के लिये कोई स्वीकृति नहीं दिखाई पड़ती है। संपूर्ण दशमी को परित्याग करने के लिये सूचित करने वाले कुछ वचन मिलते हैं। स्कन्दपुराण में—एकादशी यदि पूर्ण रूप से रहती और परदिन में द्वादशी रहती हैं, तव एकादशी को छोड़कर द्वादशी में उपवास किया जाता है।

कालिका पुराण में कहा है—एकादशी जब पूर्ण रहती है और द्वादशी परदिन में रहती है, वहाँ द्वादशी में एकादशी के लिये उपवास किया जाता है। क्योंकि तिथि की वृद्धि प्रशस्त है। गरुड़पुराण में कहा है—जब नन्दा (एकादशी) पूर्ण रहती और भद्रा (द्वादशी) बढ़ती है तब भद्रा में उपवास किया जाता है, क्योंकि तिथि वृद्धि ही प्रशस्त है।

ईदृशानि सर्वाणि वैष्णवविषयाणि। दिनत्रयविषयकाणि कानिचिद्वचनान्युपलभ्यन्ते। नारदः—

यदि दैवात्तु संसिद्धेदेकादश्यां दिनत्रयम् ।
तत्र क्रतुशतं पुण्यं द्वादशीपारणं भवेत् ॥ इति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कूर्मपुराणेऽपि—

द्विस्पृगेकादशी यत्र तत्र सन्निहितो हरिः ।
तामेवोपवसेत्काममकामो विष्णुतत्परः ॥ इति ।

अत्राद्यन्तयो र्दशमीद्वादश्योर्मध्ये एकादशीत्येतादृशं दिनत्रयं यदा प्राप्नोति तदा परतो द्वादशी वृद्धिरवृद्धिश्चेत्युभयं संभवति । तत्र यद्यवृद्धिस्तदा यथोक्तं दिनत्रयमुपोष्यम् । तदुक्तं स्कन्दपुराणे—

दिनत्रयमृते देवि नोपोष्या दशमीयुता ।
सैवोपोष्या सदा पुण्या परतश्चेत् त्रयोदशी ॥ इति ।

द्वादशीवृद्धौ एकादशी यदा लुप्ता इत्यनेन व्यासवचनेन परेद्युरुपवास इति पूर्वमेव निर्णीतम् । यदा त्वाद्यन्तयोरेकादशीत्रयोदश्योर्मध्ये द्वादशीत्येतादृशं दिनत्रयं, तदा नारदेन स्मर्यते—

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी ।
तत्र क्रतुशतं पुण्यं त्रयोदश्यां तु पारणम् ॥
एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी ।
त्रिस्पृशा नाम सा प्रोक्ता ब्रह्महत्या व्यपोहति ॥ इति ।

ये सब वैष्णवों के लिये कहे गये हैं । तीन दिन के विषय में कुछ वचन मिलते हैं । नारद ने कहा है—यदि तीन दिनों को लेकर एकादशी होती है, तो सौ क्रतुओं का पुण्य इससे मिलता है । द्वादशी में पारण होता है । कूर्म-पुराण में भी—जब द्वादशी दो दिनों को स्पर्श करती है वहां हरि सन्निहित होते हैं । विष्णु के बारे में तत्पर लोग अकाम होकर उसमें उपवास करते हैं ।

यहाँ आदि और अन्त में दशमी और द्वादशी के बीच में एकादशी की अवस्थिति से जब तीन दिन होते हैं, तब परदिन में द्वादशी की वृद्धि और द्वादशी की अवृद्धि इस प्रकार दो भेद होते हैं । वहाँ जब अवृद्धि अर्थात् वृद्धि नहीं होती है, तब यथोक्त तीन दिनों में उपवास प्राप्त होता है । स्कन्दपुराण में कहा है—

जिस स्थल में तीन दिनों को स्पर्श नहीं करती है, उस स्थल में दशमी-युक्त एकादशी को नहीं करते हैं । वही एकादशी की जाती है, जिसके परदिन में त्रयोदशी है ।

द्वादशी वृद्धि के स्थल में 'एकादशी जब लुप्त है' इस व्यास वचन के अनुसार परदिन में उपवास होता है । वैसे पूर्व दिन का निर्णय हुआ है । जब

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आदि और अन्त में एकादशी और त्रयोदशी रहकर बीच में द्वादशी रहती है। इस प्रकार भी तीन दिन होते हैं। इनके बारे में नारद ने कहा है—

जब एकादशी, द्वादशी और त्रयोदशी रात के अन्त में रहती हैं वहाँ सौ क्रतुओं का पुण्य होता है। त्रयोदशी में पारण होता है। एकादशी, द्वादशी और रात के अन्त में त्रयोदशी होने से त्रिस्पृशा नाम से प्रसिद्ध है जो एकादशी ब्रह्महत्या को नाश करनेवाली है।

तदेतद्वैष्णवविषयं यतिविषयं वा द्रष्टव्यम्। गृहस्थे तु तन्निषिद्धम्। तथा च कूर्मपुराणे—

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।
उपवासं न कुर्वीत पुत्रपौत्रसमन्वितः॥ इति।

पद्मपुराणेऽपि—

एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।[1]
त्र्यहस्पृक् तदहोरात्रं नोपोष्यं तत्सुतार्थिभिः॥ इति।

यत्तु ऋष्यशृङ्गेणोक्तम्—

अविद्धानि निषिद्धैश्च न लभ्यन्ते दिनानि तु।
मुहूर्त्तैः पञ्चभिर्विद्धा ग्राह्यैवैकादशी तिथिः॥
तदर्धविद्धान्यन्यानि दिनान्युपवसेद्बुधः।
पूर्वविद्धा न कर्त्तव्या षष्ठ्येकादश्यथाष्टमी॥
एकादशीन्तु कुर्वीत क्षयते द्वादशी यदि॥ इति।

अत्र निषेधो यतिविषयः, विधिर्गृहस्थविषयः। वेधबाहुल्येन हेयत्वशङ्का माभूदिति पञ्चभिर्मुहूर्त्तैरित्युक्तम्। तदेवं, नानाविधवचनव्यवस्थापनप्रकारो व्युत्पादितः। अनया व्युत्पत्त्या मन्दबुद्धिरपि व्यवस्थापयितुं शक्नोत्येव।

इत्युपवासतिथिर्निरूपिता॥

यह सब वैष्णव के विषय में अथवा यति के विषय में भी देखना चाहिये। गृहस्थ के बारे में तो यह निषिद्ध है—फिर भी कूर्मपुराण में जिस दिन में

१. गरुडपुराणे वचनमित्थमुपलभ्यते—(१।१२३।१२)
एकादशी द्वादशी च निशान्ते च त्रयोदशी।
नित्यमेकादशी यत्र तत्र सन्निहितो हरिः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

एकादशी और द्वादशी रात के अन्त में रहनेवाली त्रयोदशी है तो उसमें पुत्र-पौत्र से युक्त गृहस्थ द्वारा उपवास नहीं किया जाता। पद्मपुराण में— एकादशी द्वादशी और रात के शेष में त्रयोदशी रहने पर तीन तिथियों का स्पर्श से उस अहोरात्र त्र्यहस्पृक् होता हो तो सुतार्थी गृहस्थ उसमें उपवास नहीं करता है। फिर ऋष्यशृङ्ग ने भी कहा है—

निषेधों के द्वारा अविद्ध दिनों की प्राप्ति नहीं होती है। पांच मुहूर्त्तों से विद्ध एकादशी ग्राह्य होती है। उससे अर्धविद्ध दिनों में भी उपवास पण्डितों द्वारा किया जाता है। षष्ठी, एकादशी और अष्टमी पूर्वविद्धा होने पर नहीं की जाती हैं। यदि द्वादशी का क्षय होता है, तो एकादशी की जाती है।

यहाँ निषेध यति का विषय है। विधि गृहस्थ का विषय है। वेध का बाहुल्य से निषेध शंका न हो इसलिये पांच मुहूर्त्तों से वेध ऐसा कहा है। इस प्रकार नानाविध वचनों की व्यवस्था के लिये इस प्रकार व्युत्पत्ति की गई है। इस व्युत्पत्ति से भी मन्द-बुद्धि लोग भी व्यवस्था कर सकते हैं।

इस प्रकार उपवास के लिये ग्रहणीय तिथि का निरूपण हुआ।

अथाधिकारी निरूप्यते

तत्र नारदः—

अष्टब्दादधिको मर्त्यो ह्यपूर्णाशीतिहायनः।
भुङ्क्ते यो मानवो मोहादेकादश्यां स पापकृत्॥ इति।

कात्यायनोऽपि—

अष्टवर्षाधिको मर्त्यो ह्यशीतिन्यूनवत्सरः।
एकादश्यामुपवसेत् पक्षयोरुभयोरपि॥ इति।

गृहस्थस्य शुक्लैकादश्यामेव नित्योपवासः। तथा च कूर्मपुराणे—

एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि।
वानप्रस्थो यतिश्चैव शुक्लामेव सदा गृही॥ इति।

भविष्योत्तरेऽपि—

एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि।
ब्रह्मचारी च नारी च शुक्लामेव सदा गृही॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नारी विधवा तस्या एव यतिधर्मत्वात्। पतिमत्यास्तूपवासं निषेधति विष्णुः[1]—

पत्यौ जीवति या नारी उपोष्य व्रतमाचरेत्।
आयुष्यं हरते भर्त्तुर्नरकं चैव गच्छति॥ इति[2]

मनुः (५।१५५)—

नास्ति स्त्रीणां पृथग्यज्ञो न व्रतं नाप्युपोषणम्।
पतिं शुश्रूषते यत्तु[3] तेन स्वर्गे महीयते॥ इति।

अब अधिकारी का निरूपण होता है। वहां नारद ने कहा है—

आठ वर्ष से अधिक और असी वर्ष से कम उमर वाला जो मरणधर्मी लोक मोह के कारण एकादशी में खाता है वह पापी है। कात्यायन ने भी—

आठ वर्ष से अधिक और असी वर्ष से कम वयस्क लोक दोनों पक्षों में एकादशी में उपवास करता है। गृहस्थ केवल शुक्लपक्ष की एकादशी में नित्य उपवास करता है। इसके बारे में कूर्मपुराण में कहा है—

दोनों पक्षों में एकादशी में उपवास नहीं किया जाता है। यह वानप्रस्थ और संन्यास के लिये है। गृही शुक्ल एकादशी में ही उपवास करता है। भविष्योत्तरपुराण में भी—

उभय पक्षों की एकादशी में ब्रह्मचारी और नारी नहीं खाते हैं। गृही शुक्लपक्ष म केवल एकादशी करता हैं।

यहां नारी कहने से विधवा लक्षित होती है। क्योंकि उसकी व्यवस्था यति की तरह होती है। सधवा पतिमती के लिये उपवास का विधान नहीं है। विष्णु ने कहा है--

पति के जीवन काल में व्रताचरण करके जो नारी उपवास करती है, उससे स्वामी का आयुष नष्ट होता है और नरक भी जाती है। मनु ने कहा है—

---

१. वचनमिदं मनोः प्रक्षिप्तवचनत्वेन पठ्यते। मनुस्मृतिः ५।२२

२. पत्यौ जीवति या योषिदुपवासव्रतं चरेत्।
आयुः सा हरते भर्तुर्नरकं चैव गच्छति॥ २५।१६ इति मुद्रितविष्णुस्मृतौ पाठः।

३. 'येन' इति मुद्रितमनुस्मृतौ पाठः। ५।१५५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नारिओं के पृथक् कोई यज्ञ करने के लिये नहीं है, व्रत नहीं है, उपवास भी नहीं है। जो पति की शुश्रूषा करती है वह स्वर्ग लाभ करती है।

मार्कण्डेयः[1]—

नारी खल्वननुज्ञाता भर्त्रा पित्रा सुतेन वा।
निष्फलन्तु भवेत्तस्या यत् करोति व्रतादिकम्॥ इति।

आदिशब्दादलङ्कारगन्धपुष्पधूपाञ्जनानामुपसङ्ग्रहः। तदाह मनुः[2]—

पुष्पालङ्कारवस्त्राणि गन्धधूपानुलेपनम्। इति।

पत्युरनुमत्या तु पत्नी व्रतादिष्वधिकारिणी भवति। तदाह कात्यायनः[3]—

भार्या पत्युर्मतेनैव व्रतादीनाचरेत् सदा॥ इति।

शुक्लाभेवेत्येवकारः कृष्णैकादश्यामुपवासनिषेधपरः। तथा च कूर्मपुराणे—

सङ्क्रान्त्यां कृष्णपक्षे च रविशुक्रदिने तथा।
एकादश्यां न कुर्वीत उपवासञ्च पारणम्॥ इति।

गौतमोऽपि—

आदित्येऽहनि सङ्क्रान्त्यामसितैकादशीषु च।
व्यतीपाते कृते श्राद्धे पुत्री नोपवसेद् गृही॥ इति

अत्र पुत्रीति विशेषणं पुत्रवतो दोषविशेषप्रदर्शनार्थम्। तथा च पद्मपुराणे—

---

१. वचनमिदं केशववैजयन्त्यां (विष्णुस्मृतिः २५।१५) मार्कण्डेयमनुवचनत्वेन पठितम्। मुद्रितमनुस्मृतौ न लभ्यते पूर्णप्रकरणस्थवचनं यथा—

न व्रतेनोपवासेन धर्मेण विविधेन च।
नारी स्वर्गमवाप्नोति प्राप्नोति पतिपूजनात्॥
नारी खल्वननुज्ञाता भर्त्रा पित्रा सुतेन वा।
निष्फलं तु भवेत् तस्या यत् करोति व्रतादिकम्॥ इति

२. मुद्रितमनुस्मृतौ नोपलभ्यते।

३. वचनमिदं केशववैजयन्त्या-(वि० स्मृ० २५।११६)-मुपलभ्यते तत्पृष्ठवचनत्वेन शङ्खवचनं स्पष्टम्। "कामं भर्तुरनुज्ञया व्रतोपवासादीन्याचरेत्"॥ (शङ्खः) (ABORI) भा–८, पृ० ११२)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सङ्क्रान्त्यामुपवासेन पारणेन युधिष्ठिर।
एकादश्यां च कृष्णायां ज्येष्ठः पुत्रो विनश्यति ॥ इति।

नारदीयेऽपि--

इन्दुक्षयार्कसङ्क्रान्त्योरेकादश्यां सितेतरे।
उपवासं न कुर्वीत यदीच्छेत् सन्ततिं ध्रुवाम् ॥ इति।

मार्कण्डेय ने कहा है—नारी अगर अपने स्वामी, पिता या पुत्र की अनुमति के विना जो व्रतादि करती है तो उसके सब व्रतादिक निष्फल हो जाते हैं।

यहाँ आदि शब्द से अलंकार; गन्ध, पुष्प, धूप और अञ्जन की सूचना दी गई है। मनु ने कहा है—पुष्प, अलंकार, वस्त्र, गन्ध, अनुलेपन से मण्डित होनी चाहिये। पति की अनुमति से व्रतादि में पत्नी अधिकारिणी होती है। इसके बारे में कात्यायन ने कहा है - पति के मत से भार्या सर्वदा व्रतों का आचरण करती है। शुक्लपक्ष के साथ जो 'एव' का अर्थात् निश्चित है, वह कृष्णपक्ष का निषेध सूचित करता है। फिर भी कूर्मपुराण में कहा है—संक्रान्ति में कृष्णपक्ष में रवि और शुक्रवार में एकादशी होने पर उपवास नहीं किया जाता है और पारण भी।

गौतम ने भी—रविवार न संक्रान्ति होने पर कृष्णपक्ष की एकादशी में व्यतिपातयोग में श्राद्ध करने से पुत्रवान् गृही उपवास नहीं करता है। यहां 'पुत्री' यह विशेषण पुत्रवान गृही के दोष विशेष को प्रदर्शन करने के लिये कहा है। पद्म पुराण ने भी—हे युधिष्ठिर! संक्रान्ति में उपवास या पारण करने से कृष्ण पक्ष की एकादशी में भी करने पर ज्येष्ठ पुत्र का विनाश होता है। नारद पुराण में भी—चन्द्रक्षय में, संक्रान्ति में, कृष्ण एकादशी में निश्चित सन्तति को लाभ करने के लिये इच्छुक लोक उपवास नहीं करता है।

अत्र संक्रान्त्यादिषूपवासस्य निषेधः संक्रान्त्यादिनिमित्तकस्य। तथा च कात्यायनः—

एकादशीषु कृष्णासु रविसंक्रमणे तथा।
चन्द्रसूर्योपरागे च न कुर्यात् पुत्रवान् गृही ॥
तत्प्रयुक्तोपवासस्य निषेधोऽयमुदाहृतः।
प्रयुक्त्यन्तरयुक्तस्य[1] न विधिर्न निषेधनम् ॥ इति।

---

१. प्रयुक्त्यन्तरं नाम भिन्नप्रयोयोऽर्थात् कार्यान्तरम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जैमिनिरपि—

तन्निमित्तोपवासस्य निषेधोऽयमुदाहृतः ।
नानुषङ्गकृतो[1] ग्राह्यो यतो नित्यमुपोषणम् ॥ इति ।

अयमर्थः एकादश्युपवासस्य नित्यत्वात् सङ्क्रान्त्याद्युपवासस्य च काम्यत्वात् काम्योपवासनिषेधे न नित्योपवासनिषेधः सिध्यतीति । सङ्क्रान्त्यादिनिमित्तकोपवासः संवर्त्तेनोक्तः—

अमावास्या द्वादशी च सङ्क्रान्तिश्च विशेषतः ।
एताः प्रशस्तास्तिथयो भानुवारस्तथैव च ॥
अत्र स्नानं जपो होमो देवतानाञ्च पूजनम् ।
उपवासस्तथा दानमेकैकं पावनं स्मृतम् ॥ इति ।

गृहस्थस्य तु शुक्लायामेव नित्योपवास, इत्युक्तम् । नैमित्तिक-काम्योपवासौ तु कृष्णायामपि कर्त्तव्यौ तत्र नैमित्तिकः स्मृत्यन्तरे पठ्यते—

शयनी-बोधिनी मध्ये या कृष्णैकादशी भवेत् ।
सैवोपोष्या गृहस्थेन नान्या कृष्णा कदाचन ॥ इति ।

यहां संक्रान्ति प्रभृतिओं में उपवास का जो निषेध कहा गया, वहां संक्रान्ति को निमित्त करके ही होनेवाला जो उपवास उसका ही होता है । इसके बारे में कात्यायन ने कहा है कि कृष्ण पक्ष की एकादशिओं में, सूर्य संक्रान्ति में, चन्द्र और सूर्य के उपराग में पुत्रवान् गृही उपवास नहीं करता है । इसलिये यहां इस काल को निमित्त करके जो उपवास है, उसका निषेध कहा गया है । दूसरे के विधि या निषेध यहां नहीं कहा गया है ।

---

१. जैमिनिना नैमित्तिकोपवासस्य निषेधः कथितः । सङ्क्रान्त्याद्युपवासोऽनुषङ्गः । सोऽत्र न गृह्यते । यतस्तत्र नित्योपवासविधिः । एकप्रकरणस्थ-पदार्थद्वयविधाने प्रथमपदार्थकं कृत्स्नं वाक्यं तद्गतां पूर्त्तिं विधत्ते । द्वितीय-पदार्थकेन वाक्येन तद्विधपूर्त्यभावे आकाङ्क्षावशात् प्रथमपदार्थकवाक्यात् पूरणसाधनकांशोऽनु पश्चात् आनीय सज्यते योजयित्वा पूर्त्तिर्विधीयते इति अनुषङ्गः । सोऽयमनुषङ्गोऽध्याहाराद् भिन्नः । अध्याहारे एकविधिकतया नानाशेषार्थपूरणाङ्गकतया च विध्यंशोऽध्याह्रियते । अत्र तु एकप्रकरणस्थत्वेऽपि वाक्यद्वये एकवाक्यस्य पूर्त्तिद्वारा भिन्नवाक्यस्य आकांक्षया तदाकाङ्क्षा पूर्त्तिः क्रियते । यथा--ज्योतिष्टोमे आम्नायते--(१)'या ते अग्नेऽयाशया तनूर्वर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा, उग्रं वचो अपावधीत् त्वेषं वचो अपावधीत् स्वाहा (२) या ते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जैमिनि ने भी कहा है—उस काल को निमित्त करके जो उपवास किया जाता है, उसका यह निषेध उदाहृत किया है।

यहां अनुषंग का ग्रहण नहीं किया गया है क्योंकि उसका नित्य उपवास प्राप्त है।

इसका आशय यह है—एकादशी में उपवास नित्य है। संक्रान्ति प्रभृतिओं में उपवास काम्य है। काम्य उपवास का निषेध होने पर नित्य उपवास का निषेध सिद्ध नहीं होता है। संक्रान्तिओं को निमित्त कर उपवास उपसंवर्त्त ने कहा है—

अमावास्या, द्वादशी विशेषतः संक्रान्ति और रविवार ये तिथियाँ प्रशस्त हैं। यहां स्नान, जप, होम, देवता पूजा, उपवास और दान एक-एक पवित्र रूप में स्मरण किये जाते हैं।

शुक्ल एकादशी में गृहस्थ के लिये उपवास किया जाता है, वैसा कहा गया है। नैमित्तिक और काम्य उपवास तो कृष्ण पक्ष में भी किया जाता है। नैमित्तिक के बारे में दूसरी स्मृतियों में पठित है—हरिशयनी एकादशी से लेकर उत्थापन (प्रबोधिनी) देवोत्थानी एकादशी के बीच में जितनी कृष्ण एकादशी आती हैं. उन सब में गृहस्थों द्वारा उपवास किया जाता है, किन्तु दूसरे कृष्ण एकादशी में नहीं किया जाता है।

काम्यस्तु स्कन्दपुराणे—

पितॄणां गतिमन्विच्छन् कृष्णायां समुपोषयेत्। इति।

अग्ने रजाशया (३) या ते अग्ने हराशया' इति। एतेषु त्रीषु वाक्येषु प्रथमवाक्यं स्वाहान्तं संपूर्णं विद्यते। द्वितीयतृतीयवाक्ये तथाऽभावादाकाक्षा जागर्त्ति। साऽऽकाङ्क्षा प्रथमवाक्यस्य पूरणसाधनकांशेन अनु अर्थात् पश्चादानीय सज्यते इति अनुषङ्गः। अत्रायं भावः—अग्नेस्तिस्रस्तनवः। ता अयसा नाम लौहेन रजतेन नाम रौप्येण हिरण्येन नाम सुवर्णेन निर्मिताः, तासु आद्या तनुः वर्षिष्ठानाम वृद्धतमा गह्वरेष्ठा नाम तीक्ष्णलौहावस्थिता। तयो तन्वा क्षुत्पिपासे उपपातकं वीरहत्यादि महापातकं च हे अग्नि त्वं हतवान् असि इति। सोऽयं विषयो जैमिनोये (२।१।१६–१७) अधिकरणद्वये विचारितः बुद्धिस्थसंकल्पनीयस्य सन्निकर्षाध्याहारोऽनुषङ्ग इति सामान्यविमर्शः संक्रान्त्याद्युपवासस्य तथाऽभावात् नानुषङ्गः। अनुषङ्गस्यार्थद्वयमिति अस्मद्गुरुचरणाः। यथा—प्रसङ्गः,लघीयान्। (धर्मशास्त्रशब्दकोषः भा० १, पृ० २९) किन्तु प्रसङ्गो जैमिनीयेऽनुषङ्गापेक्षया भिन्नपदार्थो द्वादशाध्यायविषयः।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सनत्कुमार :—

भानुवारेण संयुक्ता कृष्णा सङ्क्रान्तिसंयुता ।
एकादशी सदोपोष्या सर्वसंपत्करी तिथिः ॥ इति ।

मत्स्यपुराणेऽपि—

एकादश्यान्तु कृष्णायामुपोष्य विधिवन्नरः ।
पुत्रानायुः समृद्धिश्च सायुज्यं च स गच्छति ॥ इति ।

दिनक्षये पुत्रवतो गृहस्थस्योपवासो निषिद्धः । तथा च पितामहः—

एकादश्यां दिनक्षये उपवासं करोति यः ।
तस्य पुत्रा विनश्यन्ति मघायां पिण्डतो यथा ॥ इति ।

मत्स्यपुराणे—

दिनक्षयेऽर्कसङ्क्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः ।
उपवासं न कुर्वीत पुत्रपौत्रसमन्वितः ॥ इति ।

दिनक्षयलक्षणं पद्मपुराणे—

द्वौ तिथ्यन्तावेकवारे यस्मिन् स स्याद्दिनक्षयः । इति ।

वसिष्ठोऽपि—

एकस्मिन् सावने त्वह्नि तिथीनां त्रितयं यदा ।
तदा दिनक्षयः प्रोक्तः तत्र साहस्रिकं फलम् ॥ इति[1]

फलमत्रोपवासव्यतिरिक्तदानादिजन्यं द्रष्टव्यम्, उपवासस्य निषिद्धत्वात् । ईदृशे विषये किं कर्त्तव्यमित्याकाङ्क्षायां वायुपुराणे पठ्यते-

काम्य उपवास के बारे में स्कन्दपुराण में कहा है--पितृलोक को जाने के लिये इच्छुक एकादशी में उपवास किया जाता है। सनत्कुमार ने कहा है--कृष्ण पक्ष की एकादशी अगर रविवार में संक्रान्ति के साथ होती है, तो सब समय में इस प्रकार एकादशी में उपवास किया जाता है, क्योंकि सभी प्रकार संपत् देनेवाली वही एकादशी है। मत्स्यपुराण में भी—कृष्ण पक्ष की एकादशी में विधिपूर्वक उपवास करके पुत्र, आयु, समृद्धि और सायुज्य मुक्ति पाता है।

---

१. विषयोऽयं त्रिस्पृशामाधृत्य विसर्पति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दिनक्षय के स्थल में पुत्रवान गृही के लिये उपवास निषिद्ध है। फिर भी पितामह ने कहा है—एकादशी में दिनक्षय में जो उपवास करता है, उसके पुत्र मरते हैं, जैसे मघानक्षत्र में पिण्ड देने से मरते हैं। मत्स्यपुराण में भी–दिनक्षय में अर्कसंक्रान्ति में, चन्द और सूर्य के ग्रहण में पुत्र और पौत्र से समन्वित गृहस्थ उपवास नहीं करता है। दिनक्षय का लक्षण पद्मपुराण में कहा है—यदि एक दिन में दो तिथियों की समाप्ति होती है तो उसको दिनक्षय कहते हैं।

वसिष्ठ में भी कहा है—एक सावन दिन में तीन तिथिओं की प्राप्ति होने पर दिनक्षय होता है, उससे सहस्रगुणा फल मिलता है।

यहाँ फल उपवास को छोड़कर दानादि से होनेवाला फल को कहते हैं, क्योंकि वहाँ उपवास निषिद्ध है। इस विषय में क्या कर्त्तव्य है, इस प्रकार आकांक्षा होने पर वायुपुराण में कहा है—

उपवासे निषिद्धे तु भक्ष्यं किंचित् प्रकल्पयेत्।
न दुष्यत्युपवासेन उपवासफलं लभेत् ॥
नक्तं हविष्यान्नमनोदनं वा
फलन्तिलाः क्षीरमथाम्बुचाज्यम्।
यत्पंचगव्यं यदि चापि वायुः
प्रशस्तमत्रोत्तरमुत्तरञ्च ॥ इति।

उपवाससमर्थस्तु एकभक्तादीनि कुर्यात्। तथा च स्मृतिः—

उपवासे त्वशक्तानामशीतेरूर्ध्वजीविनाम्।
एकभक्तादिकं कार्यमाह बौधायनो मुनिः ॥ इति।

मार्कण्डेयपुराणे—

एकभक्तेन नक्तेन तथैवायाचितेन च।
उपवासेन दानेन न निर्द्वादशिको भवेत् ॥ इति।

कूर्मपुराणेऽपि—

एकभक्तेन नक्तेन क्षीणवृद्धातुरः क्षिपेत्।
नातिक्रामेत् द्वादशीं तु उपवासव्रतेन च ॥ इति।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

एकभक्तेन नक्तेन बालवृद्धातुरः क्षिपेत्।
पयो मूलं फलं वापि न निर्द्वादशिको भवेत् ॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भविष्यत्पुराणे—

एकादश्यामुपवसेन्नक्तं वाऽपि समाचरेत्। इति।

नित्यकाम्ययोरशक्तास्तु प्रतिनिधिभिर्व्रतं कारयेयुः॥

उपवास निषिद्ध होने पर कुछ भक्ष्य का विधान है। इससे उपवास का फल दूषित नहीं होता है। उपवास का फल मिलता है। नक्त, हविष्यान्न, पक्व अन्न से भिन्न, फल, तिल, दूध, पानी, घृत, पंचगव्य और वायु इनके विधान हैं। इनमें पूर्ववर्त्ती से परवर्त्ती प्रशस्त है।

उववास करने के लिये जो समर्थ है, उसके जरिये एकभक्त किया जा सकता है। स्मृति में कहा है—उपवास के लिये जो असमर्थ हैं, अस्सी उमर से भी अधिक उमर वाले हैं उनके जरिये बौधायन मुनि के मतानुसार एकभक्त प्रभृति विधान किया जाता है। मार्कण्डेय पुराण में भी—एकभक्त, नक्त, अयाचित, उपवास और दान के द्वारा भी एकादशी करनी चाहिये। किन्तु (निर्द्वादशिक) द्वादशी युक्त एकादशी नहीं छोड़ी जाती है।

कूर्म पुराण में भी–दुर्बल, वृद्ध और रोगी में एकभक्त से या नक्त से एकादशी का कालदोष कहते हैं। किन्तु उपवास नहीं कर द्वादशी को (एकादशी) नहीं छोड़ते हैं। दूसरी स्मृति में भी—बाल, वृद्ध, रोगी ये सब एकभक्त से या नक्त से एकादशी करते हैं। दूध, मूल, फल, के द्वारा भी निर्द्वादशिक नहीं होते हैं। भविष्यत्पुराण में कहा है—"एकादशी में नक्त के द्वारा उपवास करते हैं। नित्य और काम्य में असमर्थ लोग प्रतिनिधियों के द्वारा व्रत कर सकते हैं।

तथाच विष्णुरहस्ये—

असामर्थ्ये शरीरस्य व्रते च समुपस्थिते।
कारयेद्धर्मपत्नीं वा पुत्रं वा विनयान्वितम्॥ इति।

पैठीनसिः—

भार्या पत्युर्व्रतं कुर्याद् भार्यायाश्च पतिर्व्रतम्।
असामर्थ्ये परस्तास्यां व्रतभङ्गो न जायते॥ इति।

स्कन्दपुराणे—

पुत्रं वा विनयोपेतं भगिनीं भ्रातरं तथा।
एषामभाव एवान्यं ब्राह्मणं विनियोजयेत्॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्यत्रापि—

भ्रातरं भगिनीं शिष्यं पुत्रं वा विनियोजयेत् ।
तदभावे तूपवासं कारयेत् ब्राह्मणादिभिः ॥ इति ।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

पितृ-मातृ-पति-भ्रातृ-श्वश्रू-गुर्वादि-भूभुजाम् ।
अदृष्टार्थमुपोषित्वा स्वयञ्च फलभाग्भवेत् ॥ इति ।

कात्यायनः—

पितृ-मातृ-स्वसृ-भ्रातृ-गुर्वर्थे च विशेषतः ।
उपवासं प्रकुर्वाणः पुण्यं शतगुणं लभेत् ॥
दक्षिणा नात्र दातव्या शुश्रूषा विहिता च सा
नारी च पतिमुद्दिश्य एकादश्यामुपोषिता ॥
पुण्यं शतगुणं प्राहुर्मुनयः पारदर्शिनः ।
उपवासफलं तस्याः पतिः प्राप्नोत्यसंशयम् ॥

विष्णुरहस्य में कहा है—शरीर असमर्थ होने के समय व्रत उपस्थित होने पर धर्मपत्नी या विनीत पुत्र के द्वारा भी व्रत किया जा सकता है। पैठीनसि ने भी—पति द्वारा भार्या का व्रत किया जाता हैं और भार्या से भी पति का व्रत किया जाता है। ऐसे होने से असामर्थ्य में भी व्रतभंग नहीं होता है।

स्कन्दपुराण में भी विनय युक्त पुत्र, बहिन, भाई इनके अभाव में भी ब्राह्मण को विनियुक्त कर व्रतानुष्ठान किया जाता है। दूसरी जगह में भी भाई, बहिन, शिष्य अथवा विनीत पुत्र को व्रत में विनियुक्त किया जाता है। इनके अभाव में ब्राह्मण के द्वारा उपवास किया जाता है।

दूसरी स्मृति में भी—पिता, माता, पति, भाई, सास, गुरु और राजा के अदृष्टार्थ के लिये जो उपवास करता है, वह स्वयं फल को पाता है। कात्यायन ने भी—पिता, माता, भगिनी, भ्राता और विशेषतः गुरुओं के लिये उपवास करनेवाला सौ गुणा फल पाता है। वहाँ दक्षिणा नहीं देनी चाहिए, शुश्रूषा विहित होती है। नारी पति के उद्देश्य में एकादशी में उपवास कर सौ गुणा पुण्य पाती है। यह पारदर्शी मुनियों ने कहा है और निःसन्देह उसका पति उपवास का फल पाता है?

राज्यस्य क्षत्रियार्थे च एकादश्यामुपोषितः ।
पुरोधाः क्षत्रियस्यार्धं फलं प्राप्नोति निश्चितम् ॥ इति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रतिनिधौ च कश्चित् विशेषः स्मर्यते—

काम्ये प्रतिनिधि र्नास्ति नित्ये नैमित्तिके च सः।
काम्येऽप्युपक्रमादूर्ध्वं केचित् प्रतिनिधिं विदुः॥ इति।

अयमर्थः— नित्यं नैमित्तिकं च प्रतिनिधिनाऽप्युपक्रमस्य कारयेत् काम्यन्तु स्वसामर्थ्यं परीक्ष्य स्वयमेवोपक्रम्य कुर्यात्। असामर्थ्ये उपक्रमादूर्ध्वं प्रतिनिधिनाऽपि तत्कारयेत्। उपवासाकरणे प्रायश्चित्तं स्मर्यते—

अष्टम्याञ्च चतुर्दश्यां दिवा भुक्त्वैन्दवञ्चरेत्।
एकादश्यां दिवा रात्रौ नक्तं चैव तु पर्वणि॥ इति।

स्मृत्यन्तरे—

अर्के पर्वद्वये रात्रौ चतुर्दश्यष्टमी दिवा।
एकादश्यामहोरात्रं भुक्त्वा चान्द्रायणं चरेत्॥

एकदशी में उपवास करने वाला क्षत्रिय राज्य पाता है। क्षत्रिय के लिये उपवास करने वाला पुरोहित निश्चित रूप से अर्ध फल पाता है। प्रतिनिधि के बारे में कुछ विशेष कहा गया है—काम्य कर्म में प्रतिनिधि का स्वीकार नहीं किया जाता है। नित्य में या नैमित्तिक में किया जा सकता है। काम्य में उपक्रम (आरंभ) से ऊर्ध्व प्रतिनिधि स्वीकार के लिये कुछ शास्त्रकारों ने कहा है।

इसका आशय यह है—नित्य और नैमित्तिक कर्म प्रतिनिधि के द्वारा उपक्रम पूर्वक किया जा सकता है। काम्य तो अपने सामर्थ्य रहने पर परीक्षा पूर्वक अपने ही उपक्रमपूर्वक किया जाता है। असामर्थ्य में उपक्रम से ऊर्ध्व प्रतिनिधि के द्वारा भी किया जा सकता है। उपवास न करने से प्रायश्चित्त करने के लिये स्मरण किया है अर्थात् स्मृति में कहा है—

अष्टमी में और चतुर्दशी में दिन में भोजन करने से चान्द्रायण के द्वारा प्रायश्चित्त किया जाता है। एकादशी में दिन और रात में भोजन करने से और पर्व के नक्त में भोजन करने से भी वैसा प्रायश्चित्त है।

दूसरी स्मृति में भी संक्रान्ति में दो पर्वों के रात में चतुर्दशी और अष्टमी के दिन में और एकादशी के अहोरात्र में भोजन करने पर चान्द्रायण में प्रायश्चित्त करना पड़ेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ काम्योपवासक्रमः

तत्राङ्गिराः—

सायमाद्यन्तयोरह्नोः सायं प्रातश्च मध्यमे ।
उपवासफलं प्रेप्सुर्जह्याद्भक्तं चतुष्टयम् ॥ इति ।

देवलः—

दशम्यामेकभक्तस्तु मांसमैथुनवर्जितः ।
एकादशीमुपवसेत् पक्षयोरुभयोरपि ॥
देवतास्तस्य तुष्यन्ति कामिकं तस्य सिद्ध्यति ॥ इति ।

अब काम्य उपवास का प्रकरण प्रारम्भ होता हैं । अंगिरा ने कहा है—पूर्वदिन के सायंकाल, उपवास दिन के सायं और प्रातः एवं पर दिन के प्रातः काल इन चार काल में चार बार भोजन उपवास के फल का इच्छुक कर्त्ता छोड़ देता है ।

देवल ने भी कहा है—मांस और मैथुन को छोड़कर दशमी में एकभक्त करके दोनों पक्षों की एकादशी में जो उपवास करता है, उसके ऊपर देवता सन्तुष्ट रहते हैं और काम्य फल सिद्ध होता है ।

बृहस्पतिरपि—

दिवा निद्रां परान्नञ्च पुनर्भोजनमैथुने ।
क्षौद्रं कांस्यामिषं तैलं द्वादश्यामष्ट वर्जयेत् ॥[1]

कूर्मपुराणे—

कांस्यं मांसं मसूरांश्च चणकान् कोरदूषकान् ।
शाकं मधु परान्नञ्च त्यजेदुपवसन् स्त्रियम् ॥ इति ।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

शाकं मांसं मसूरांश्च पुनर्भोजनमैथुने ।
द्यूतमत्यम्बुपानञ्च दशम्यां वैष्णवस्त्यजेत् ॥ इति ।

विष्णुधर्मे—

असम्भाष्यान् हि संभाष्य तुलस्यतसिकादलम् ।
आमलक्याः फलं वापि पारणे प्राश्य शुद्ध्यति ॥

---

१. हेमाद्रिः (काल) पृ. २०३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

असकृज्जलपानञ्च दिवा स्वापञ्च मैथुनम्।
ताम्बूलचर्वणं मांसं वर्जयेत् व्रतवासरे॥ इति।

वसिष्ठः—

उपवासे तथा श्राद्धे न खादेद्दन्तधावनम्।
दन्तानां काष्ठसंयोगो हन्ति सप्त कुलानि च॥ इति।

दन्तधावने प्रायश्चित्तं विष्णुरहस्ये—

श्राद्धोपवासदिवसे खादित्वा दन्तधावनम्।
गायत्र्याः शतसंपूतमम्बु प्राश्य विशुध्यति॥ इति।

हारीतः—पतित-पाखण्डि-नास्तिक-संभाषणमनृताश्लीलादिकमुपवासादिषु वर्जयेत्। इति।

बृहस्पति ने भी कहा है—दिन में निद्रा, दूसरे के अन्न, पुनर्वार भोजन, मैथुन, मधु से निर्मित पदार्थ, कांस्य पात्र में भोजन, आमिष और तैल इन आठ द्वादशी में परित्याज्य हैं।

कूर्मपुराण में भी—कांस्य पात्रस्थ पदार्थ, मांस, मसूर, चणक, कोदो, शाक, मधु, परान्न और स्त्रीसंग उपवास करने पर परित्याज्य हैं।

दूसरी स्मृति में भी—

शाक, मांस, मसूर, पुनर्वार भोजन, मैथुन, घृत, अत्यर्थ जल पान ये दशमी में वैष्णव लोगों से परित्याज्य हैं।

विष्णुधर्म में भी—असंभाष्य लोग के साथ संभाषण करने से काला तुलसी दल आँवले के फल को पारण करने पर शुद्ध होते हैं। बारंबार जलपान, दिन में निद्रा, मैथुन, ताम्बूल और मांस ये सब व्रत के दिन परित्याज्य हैं।

वसिष्ठ ने कहा है—उपवास में तथा श्राद्ध में दन्तधावन नहीं किया जाता है। दान्त के साथ काठ (दन्त काष्ठ) का संयोग होने पर सात कुलों का विनाश होता है।

दन्तधावन करने पर प्रायश्चित्त के लिये विष्णुरहस्य में कहा है—

श्राद्ध और उपवास दिन में दन्तधावन करके सौ बार गायत्री पूर्वक आचमन करने पर शुद्ध होते हैं। हारीत ने कहा है—पतित, पाखण्डी और नास्तिकों के साथ संभाषण, एवं मिथ्या, अश्लील भाषा प्रभृति उपवासादि में वर्जनीय है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कूर्मपुराणे—

बहिर्ग्रामान्त्यजान् सूतिं पतितञ्च[1] रजस्वलाम् ।
न स्पृशेन्नाभिभाषेत नेक्षेत व्रतवासरे ॥ इति ।

विष्णुरहस्ये—

स्मृत्यालोकनगन्धादि स्वादनं परिकीर्त्तनम् ।
अन्नस्य वर्जयेत् सर्वं ग्रासानाञ्चाभिकाङ्क्षणम् ॥
गात्राभ्यङ्गं शिरोऽभ्यङ्गं ताम्बूलञ्चानुलेपनम् ।
व्रतस्थो वर्जयेत् सर्वं यच्चान्यत्र निराकृतम् ॥ इति ।

ब्रह्माण्डपुराणेऽपि—

कांस्यं मांसं सुरां क्षौद्रं लोभं वितथभाषणम् ।
व्यायामञ्च प्रवासञ्च दिवास्वप्नं तथाञ्जनम् ॥
तिलपिष्टं मसूराञ्च द्वादशैतानि वैष्णवः ।
द्वादश्यां वर्जयेन्नित्यं सर्वपापैः प्रमुच्यते[2] ॥ इति ।

एकादश्यां श्राद्धं कृत्वाऽपि न भोक्तव्यम् । तदाह कात्यायनः—

उपवासो यदा नित्यः श्राद्धं नैमित्तिकं भवेत् ।
उपवासं तदा कुर्यादाघ्राय पितृसेवितम् ॥ इति ।

तथा—

मातापित्रोः क्षये प्राप्ते भवेदेकादशी यदा ।
अभ्यर्च्य पितृदेवांश्चाजिघ्रेत पितृसेवितम् ॥ इति ।

यत्तु वचनम्—

श्राद्धं कृत्वा तु यो विप्रो न भुङ्क्ते पितृसेवितम् ।
हविर्देवा न गृह्णन्ति कव्यञ्च पितरस्तथा ॥ इति ।

तदेकादशीव्यतिरिक्तविषयम्, आघ्राणेनापि भोजनकार्यं सिद्ध्यति, तस्य भोजनकार्ये विधानात् ।

---

१. द्विजातिकर्मभ्यो हानिः पतनम् । गौतमः पतनं यस्य स पतित इत्यर्थः

२. वचनमिदं गरुडपुराणे (१।१३६।३-४) उपलभ्यते

कांस्य मांसं तथा क्षौद्रं लोभं वितथभाषणम् ।
व्यायामं च व्यवायं च दिवा स्वप्नमथाञ्जनम् ॥
शिलापिष्टं मसूरं च द्वादश्यां वर्जयेन्नरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कूर्मपुराण में कहा है—व्रत दिन में गाँव के बाहर रहनेवाले अन्त्यज को, प्रसूति, पतित और रजस्वला को नहीं छूते हैं तथा उनके साथ संभाषण नहीं करते हैं एवं उनको देखते भी नहीं हैं।

विष्णुरहस्य में—अन्न का स्मरण, दर्शन, घ्राण, आस्वादन और अन्न के बारे में कीर्त्तन इन सब को वर्जित करना चाहिये। भोजन का ग्रास के बारे में आकांक्षा भी नहीं किया जाता है। शरीर में अभ्यग और शिर के ऊपर अभ्यंग, पान और चन्दनादि का अनुलेपन व्रत में रहने वाला व्यक्ति के जरिये वर्जित किया जाता है और भी जहां-जहां जो जो कुछ वर्जित होने के लिये कहा है, उसको भी वर्जित करना चाहिये।

ब्रह्मपुराण में—कांस्य पात्र में अवस्थित पदार्थ, मास, सुरा, मधु, लोभ, अथवा भाषण, व्यायाम, प्रवास, दिन में सोना, अञ्जन, तिल की पीठी (लड्डू), मसूर—ये बारह पदार्थ द्वादशी में वैष्णव लोगों द्वारा वर्जित किये जाते हैं। वैसे होने पर सब पापों से मुक्ति मिलती है। एकादशी में श्राद्ध करने पर भी भोजन नहीं करना है। इसके बारे में कात्यायन ने कहा है—

जब उपवास नित्य है और श्राद्ध नैमित्तिक है। उस अवसर में पितृ-सेवित अर्थात् श्राद्ध में पितरों के उच्छिष्ट को आघ्राण करके उनका सही करता हैं। फिर भी—माता और पिता के श्राद्धदिवस में जब एकादशी होती है। उस स्थल में पितृ देवताओं को अभ्यर्चित कर पितृभुक्त पदार्थ को नाक से सूंघता है? वचन में भी वैसा कहा है—

श्राद्ध करके जो विप्र पितृसेवित अन्न को नहीं खाता है, तो देवता लोग हवि को और पितृलोक कव्य को नहीं ग्रहण करते हैं।

यह विषय एकादशी व्यतिरिक्त विषय है। आघ्राण से भोजन कार्य सिद्ध होता है, क्योंकि भोजन कार्य इनके बारे में विहित है।

अयमिह व्रतानुष्ठानक्रमः

प्रथमं दशम्यामेकभक्तं कृत्वाऽनन्तरं दन्तधावनं कुर्यात्। तथा च स्मर्यते—

दशम्यामेकभुग्भूत्वा खादयेत् दन्तधावनम्॥ इति।

तदनन्तरं दशम्यां रात्रौ नियमग्रहणं कुर्यात्। तदुक्तं ब्रह्मवैवर्त्ते—

प्राप्ते हरिदिने सम्यग् विधाय नियमं निशि।
दशम्यामुपवासस्य प्रकुर्यात् वैष्णवं व्रतम्॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नियमो नारदीये स्मर्यते—

अक्षारलवणाः सर्वे हविष्यान्ननिषेविणः ।
अवनीतलपशयनाः प्रियसङ्गविवर्जिताः ॥ इति ।

ततः प्रातरुत्थायैकादश्यां बाह्याभ्यन्तरशुद्धिं विदध्यात् । तत्प्रकारस्तु—

शरीरमन्तःकरणोपघातं
वाचश्च विष्णुर्भगवानशेषम् ।
शमन्नयत्वस्तु ममेह शर्म
पयादनन्तो हृदि सन्निविष्टः ।
अन्तःशुद्धिं बहिः शुद्धिं शुद्धो धर्ममयोऽच्युतः ।
स करोतु ममैतस्मिन् शुचिरेवास्मि सर्वदा ॥
बाह्योपघातानघो वौद्धाँश्च भगवानजः ।
शमन्नयत्वनन्तात्मा विष्णुश्चेतसि संस्थितः ॥ इति ।

अनन्तरं प्रातः सङ्कल्पं कुर्यात् ।

अब व्रतानुष्ठान के लिये क्रम कहा जाता है ।

पहले दशमी में एकभक्त करके उसके बाद दन्तधावन दिया जाता है । इस लिये स्मरण किया जाता है कि—(कर्त्ता) दशमी में एक बार भोजन कर दन्तधावन करता है । उसके बाद दशमी की रात में नियम ग्रहण करता है । इसके बारे में ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में कहा है—

हरि के (एकादशी) दिन प्राप्त होने से दशमी की रात में ठीक रूप से नियम का विधान कर विष्णु के लिये होने वाला व्रत में उपवास करना चाहिये ।

नियमों के बारे में नारद पुराण में कहा है—सब व्रती लोग अक्षार लवण और हविष्यान्न भोजन करते हैं, भूमि में शयन कर मैथुनपरित्याग के लिये पत्नी संग छोड़ते हैं ।

इसके बाद प्रातः शय्या त्याग कर एकादशी में बाह्य और अन्तः शौच करते हैं । उसका प्रकार ऐसा है—

शरीर के अन्तःकरण में सन्निविष्ट होकर रहनेवाले अनन्त जी मेरे मङ्गल कर्म की रक्षा करें, जो भगवान विष्णु रूप से शरीर के अन्तःकरण और वचन के अशेष उपघात को शान्त करते हैं । धर्म के प्राचुर्य से तन्मय शुद्ध अच्युत अन्तः और बाह्य शुद्धि को संपादन करे । इसलिये सर्वदा में शुचि रहेगा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनमें अन्तरात्मा की तरह रहने वाले विष्णु अनघ के रूप में बाह्य उपघात को भगवान अज के रूप में बुद्धि को शान्त करे।

इसके बाद प्रातःकाल में संकल्प करना चाहिये।

तदुक्तं वाराहपुराणे—

गृहीत्वौदुम्बरं पात्रं वारिपूर्णमुदङ्मुखः।
उपवासन्तु गृह्णीयात् यद्वा वार्येव धारयेत्॥ इति।

औदुम्बरं ताम्रपात्रम्। सङ्कल्पमाह विष्णुः—

एकादश्यां निराहारः स्थित्वाऽहमपरेऽहनि।
भोक्षामि पुण्डरीकाक्ष शरणं मे भवाच्युत॥
इत्युच्चार्य ततो विद्वान् पुष्पाञ्जलिमथार्पयेत्॥ इति।

अनन्तरं तत्पात्रगतजलं पिबेत्। तदाह कात्यायनः—

अष्टाक्षरेण मन्त्रेण त्रिर्जप्तेनाभिमन्त्रितम्।
उपवासफलं प्रेप्सुः पिबेत्पात्रगतजलम्॥ इति।

विद्धैकादश्युपवासे रात्रौ सङ्कल्पः। तथा च नारदीये—

विद्धोपवासे सकलं दिनन्त्यक्त्वा समाहितः।
रात्रौ संपूजयेद् विष्णुं संकल्पञ्च तदाऽऽचरेत्॥ इति।

मध्यरात्रादुपरि दशमीयुक्ता चेदेकादशी तस्यां मध्याह्नस्योपरि संकल्पः। तथा च स्मृतिः—

दशम्या सङ्गदोषेण मध्यरात्रात्परेण तु।
वर्जयेच्चतुरो यामान् संकल्पार्चनयोः सदा॥ इति।

एकादश्यां देवस्योपरि पुष्पमण्डपं कारयेत्। तदुक्तं ब्रह्मपुराणे—

एकादश्यां शुभे पक्षे निराहारः समाहितः।
नानापुष्पै मुनिश्रेष्ठ विचित्रं पुष्पमण्डपम्॥
कृत्वा चावरणं पश्चात् जागरं कारयेन्निशि॥ इति।

इसके बारे में वाराह पुराण में कहा है—पानी से पूर्ण ताम्रपात्र को ग्रहण कर पानी को धारण करने की तरह उत्तर मुख होकर उपवास के लिये संकल्प करना है। औदुम्बर पात्र का अर्थ है ताम्रपत्र। विष्णु ने संकल्प के बारे में कहा है—हे पुण्डरीकाक्ष! एकादशी में निराहार होकर मैं परदिन में भोजन करूंगा। हे अच्युत, मुझे शरण दो। ऐसा कहकर विद्वान् लोग पुष्पाञ्जलि समर्पित करते हैं। बाद में उस पात्रस्थ जल को पान करना चाहिये।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

इसके बारे में कात्यायन ने कहा है—आठ अक्षरों से युक्त मन्त्र का तीन बार जप करके पात्रस्थ जल को अभिमन्त्रित किया जाता है और उपवास फल को प्राप्त करने वाला व्यक्ति उस जल को पीता है। विद्धा एकादशी में उपवास के लिये रात में संकल्प होता है। इसलिये नारदीय पुराण में कहा है—विद्धा उपवास में दिन भर त्याग करके समाहित होकर रात में विष्णु को पूजते हैं। इस समय में ही संकल्प करते हैं। मध्यरात्रि से ऊपर अगर एकादशी दशमी युक्त होती है तो उस एकादशी में मध्याह्न के बाद संकल्प होता है।

इस लिये स्मृति में कहा है—मध्यरात्र से पर दशमी का संग दोष के कारण संकल्प और अर्चन के लिये चार भाग छोड़ देते हैं। एकादशी में देवता के ऊपर फूलों से मण्डप करना है। इसके बारे में ब्रह्मपुराण में कहा है—

एकादशी के शुभ अर्थात् शुक्लपक्ष में निराहार होकर हे मुनिश्रेष्ठ; नाना प्रकार के पुष्पों से रचित पुष्पमण्डप करके आवरण भी देकर बाद में रात में जागरण करते हैं।

तस्मिन्मण्डपे देवमर्चयेत्। तदुक्तं ब्रह्मपुराणे—

एकादश्यां शुभे पक्षे निराहारः समाहितः।
स्नात्वा सम्यग्विधानेन सोपवासो जितेन्द्रियः॥
संपूज्य विधिवद् विष्णुं श्रद्धया सुसमाहितः।
पुष्पैर्गन्धैस्तथा धूपै दीपै नैवेद्यकैः परैः॥
उपचारै बहुविधैर्जपहोमैः प्रदक्षिणैः।
स्तोत्रैर्नानाविधैर्दिव्यै गीतवाद्यैर्मनोहरैः॥
दण्डवत् प्रणिपातैश्च जयशब्दैस्तथोत्तमैः।
एवं संपूज्य विधिवद्रात्रौ कृत्वा प्रजागरम्॥
याति विष्णोः परं स्थानं नरो नास्त्यत्र संशयः॥ इति।

द्वादश्यां कर्त्तव्यमाह कात्यायनः—

प्रातः स्नात्वा हरिं पूज्य उपवासं समर्पयेत्।
अज्ञानतिमिरान्धस्य व्रतेनानेन केशव॥
प्रसादसुमुखो नाथ ज्ञानदृष्टिप्रदो भव।
मन्त्रं जपित्वा हरये निवेद्योपोषणं व्रती॥
द्वादश्यां पारणं कुर्यात् वर्जयित्वा ह्युपोदकीम्॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सूतकादौ तु दानार्चनरहितमुपवासमात्रं कुर्यात्। तदुक्तं कूर्मपुराणे—

काम्योपवासे प्रक्रान्ते त्वन्तरा मृतसूतके।
तत्र काम्यव्रतं कुर्यात् दानार्चनविवर्जितम् ॥ इति।

वाराहपुराणे—

सूतके च नरः स्नात्वा प्रणम्य मनसा हरिम्।
एकादश्यां न भुञ्जीत व्रतमेवं न लुप्यते॥
मृतकेऽपि न भुञ्जीत एकादश्यां सदा नरः।
द्वादश्यान्तु समश्नीयात् स्नात्वा विष्णुं प्रणम्य च ॥ इति।

उस मण्डप में देवता की पूजा करें। इसके बारे में ब्रह्मपुराण में कहा है—

एकादशी के शुक्लपक्ष में निराहार होकर स्नान करके ठीक विधान से उपवास सहित जितेन्द्रिय होकर श्रद्धापूर्वक विधिवद् विष्णु की पूजा करते हैं। पुष्प, धूप, गन्ध, दीप, नैवेद्य, बहुविध उपचार, जव, होम प्रदक्षिण, नानाविध स्तोत्र, दिव्य गीत, मनोहर वाद्य, दण्डवत् प्रणिपात, उत्तम जय शब्द इन सब प्रकार से विधिवत् पूजा करके रात में जागरण कर मनुष्य विष्णुलोक को जाता है। इसमें कोई सन्देह नहीं है।

द्वादशी में करने के लिये कर्त्तव्य के बारे में कात्ययन ने कहा हैं—

प्रातः स्नान करके हरि की पूजा कर उपवास को समापित करते हैं। हे केशव! इस व्रत से अज्ञान अंधकार में रहने वाले मुझे प्रसाद दायी हो। हे नाथ, आप दृष्टिप्रद होवें। मन्त्र जप पूर्वक हरि (एकादशी) के लिये व्रती उपवास को निवेदन कर द्वादशी में पारण करते हैं।

सूतक प्रभृति अशौच में दान और अर्चन नहीं होते हैं, केवल उपवास मात्र किया जाता है। इसके बारे में कूर्मपुराण में कहा हैं—काम्य उपवास का प्रारम्भ होने के बाद बीच में मृत या सूतक होने से भी उस स्थल पर काम्यव्रत किया जाता है। किन्तु दान और अर्चन वर्जित है।

वाराहपुराण में भी सूतक में लोक स्नान करके मन में हरि को प्रणाम कर एकादशी में भोजन न करने से व्रत लोप नहीं होता है। मृत सूतक में भी एकादशी में भोजन नहीं किया जाता है। द्वादशी में स्नान पूर्वक विष्णु को प्रणाम कर भोजन किया जाता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तत्र परित्यक्तं देवार्चनादिकं सूतकान्ते कुर्यात्। तदुक्तं मत्स्यपुराणे--

सूतकान्ते नरः स्नात्वा पूजयित्वा जनार्दनम् ।
दानं दत्त्वा विधानेन व्रतस्य फलमश्नुते ॥ इति ।

स्त्रीणां रजोदर्शनेऽपि न व्रतत्यागः, किन्तु देवार्चनादिरहितं सूतकादाविवोपवासमात्रं कार्य्यम्। तदाह पौलस्त्यः—

एकादश्यां न भुञ्जीत नारी दृष्टे रजस्यपि ॥ इति ।

ऋष्यशृङ्गोऽपि—

संप्रवृत्तेऽपि रजसि न त्याज्यं द्वादशीव्रतम् ॥ इति ।

सत्यव्रतोऽपि—

प्रारब्धदीर्घतपसां नारीणां यद्रजो भवेत् ।
न तत्रापि व्रतस्य स्यादुपरोधः कदाचन ॥ इति ।

शुद्ध्यनन्तरं देवतार्चनादिकं कुर्यात्। तथा च स्मृतिः—

स्नात्वा भर्त्तुश्चतुर्थेऽह्नि शुद्धा स्यात्परिचारणे ।
पञ्चमेऽहनि शुद्धा स्यात् दैवे पित्र्ये च कर्मणि ॥ इति ।

नित्योपवासप्रकारो विष्णुरहस्येऽभिहितः—

अथ नित्योपवासी चेत् सायं प्रातर्भुजिक्रियाम् ।
वर्जयेन्मतिमान् विप्र संप्राप्ते हरिवासरे ॥ इति ।

ब्रह्मवैवर्त्तेऽपि—

इति विज्ञाय कुर्वीतावश्यमेकादशीव्रतम् ।
विशेषनियमासक्तोऽहोरात्रं भुक्तिवर्जितः ॥
निगृहीतेन्द्रियः श्रद्धासहायो विष्णुतत्परः ।
उपाष्यैकादशीं पापान्मुच्यते नात्रसंशयः ॥ इति ।

वहां परित्यक्त देवताओं के अर्चन प्रभृति कर्म सूतक के बाद किये जाते हैं। इसके बारे में मत्स्यपुराण में कहा है—

सूतक के बाद लोग स्नान करके जनार्दन की पूजा करके और विधिपूर्वक दान देकर व्रत का फल पाते हैं ।

स्त्रियों की रजस्वला अवस्था होने से भी व्रत का त्याग नहीं होता है,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

किन्तु देवता की पूजा नहीं होती केवल सूतक की तरह उववास ही किया जाता है। इसके बारे में पौलस्त्य ने कहा है—

रजोदर्शन होने पर भी नारी एकादशी में भोजन नहीं करती है। ऋष्यशृंग ने भी—रजोऽवस्था की प्रवृत्ति होने पर भी द्वादशी व्रत का त्याग नहीं हो सकता। सत्यव्रत ने भी—दीर्घ काल को अभिव्याप्त होकर पूर्व से तपस्या में लगी हुई स्त्रियों का रजोदर्शन व्रत का उपरोध कभी भी नहीं करता है।

शुद्धि के बाद देवताओं के अर्चन प्रभृति कर्म कर सकती है। फिर भी स्मृति में कहा है—रजोदर्शन के बाद स्नान करके चौथा दिन में पति के साथ मिलने के लिये शुद्धा है। किन्तु पांचवें दिन में देवता और पितृकर्म के लिये शुद्धा होती है। विष्णुरहस्य में नित्य उपवास का प्रकार अभिहित किया है—हरिवासर अर्थात् एकादशी को प्राप्त होने पर नित्य उपवास करने वाला मतिमान् विप्र प्रातः और सायंकाल में भोजन क्रिया को छोड़ता है।

ब्रह्मवैवर्त्त में भी—इस प्रकार समझ कर एकादशी में उपवास कर लोग विशेष नियमों से आसक्त दिन और रात में भोजन त्याग कर इन्द्रियनिग्रह करके श्रद्धापूर्वक विष्णु भावना से तत्पर होकर एकादशी व्रत करते हैं। वैसे होने से पाप से मुक्त होते हैं। इसमें कोई सन्देह नहीं हैं।

शक्तौ सत्यां नियमानाचरेत्। तथा च कात्यायनः—

शक्तिमांस्तु पुनः कुर्यान्नियमं सविशेषणम्॥ इति।

यदा द्वादश्यां श्रवणानक्षत्रं भवेत्तदा शुद्धैकादशीमपि परित्यज्य द्वादश्यामेवोपवसेत्। तथा च नारदीये—

शुक्ला वा यदि वा कृष्णा द्वादशी श्रवणान्विता।
तयोरेवोपवासश्च त्रयोदश्यान्तु पारणम्॥ इति।

तथा—

एकादश्यां त्वविद्धायां संप्राप्ते श्रवणे तदा।
उपोष्या द्वादशी शुद्धा सर्वपापक्षयावहा॥ इति।

यदा त्रयोदश्यां द्वादश्याः कलाद्वयश्चाप्युदये संभवति तदा द्वादशी-काल एव पारणं कार्यम्। तदुक्तं नारदीये—

भवेद्यत्र त्रयोदश्यां द्वादश्याश्च कलाद्वयम्।
"निर्मन्थ्य शब्दः यौगिक या योगरूढ़ ? इनमें किस प्रकार शब्द होता है ? व्युत्पत्ति अर्थात् योग रहने के कारण यौगिक शब्द हो सकता है। कुछ समय तक रहने के कारण अग्नि के अर्थ में यह शब्द नियत रूप से व्यवहृत होने पर योगरूढ़ होता है।

इसका आशय यह है। इष्टक चयन के प्रकरण में वेद में सुना है कि "निर्मन्थ्य के द्वारा ईंटे का पाक किया जाता है" इसमें संशय होता है कि क्या यह निर्मन्थ्य शब्द यौगिक या योगरूढ़ है। निःशेष रूप से मथन करना इस योग का प्रतीयमान होने के कारण प्रोक्षणी न्याय के अनुसार यह शब्द यौगिक होता है ऐसा पूर्वपक्ष का मत है।

यहाँ दो अग्नि हैं। एक चिरनिर्मथित और दूसरी अचिरनिर्मथित है। चयन प्रकरण में सुना है कि उखा निर्माण करके इस उखा में कुछ काल तक धारण करने के लिए जिस अग्नि का निमर्थन होता है वह अग्नि अचिर निर्मथित होती है। इससे ईंटों का पाक होता है क्योंकि वही अग्नि प्रत्यासन्न अर्थात् निकटवर्त्ती है। इस तरह दो प्रकार अग्नि के लिए मथन का ग्रहण होने से अचिर निर्मथित अग्नि को नियत करने के लिए रूढि का आश्रम लिया जाता है।

जैसे "नावनीत ही घृत है" इसमें नवनीत अर्थात् माखन से जात इस प्रकार योग का चिर और अचिर इनमें दोनों अग्नियों के अर्थ में सामान्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

रूप से गृहीत होने पर भी नूतन घृत के अर्थ में नवनीत शब्द समाज में प्रसिद्ध है। इस प्रकार यहाँ भी समझना चाहिए। वैसे होने से प्रतीयमान योग नहीं परित्यक्त होता है। नियतता संपादन करने के लिए रूढ़ि का स्वीकार होने से निर्मन्थ्य शब्द योगरूढ़ होता है। इस प्रकार सिद्धान्त होता है।

अनेनैव न्यायेन शिवरात्रिशब्देऽपि योगरूढिराश्रीयते। तत्र शिवस्य रात्रिः शिवरात्रिरिति तत्पुरुषसमासेन योगेन प्रवर्त्तमानः शब्दो रूढ्या माघकृष्णचतुर्दशीरूपे कालविशेषे नियम्यते। शिवस्य रात्रिर्यस्मिन् व्रते इति बहुव्रीहिसमासेन प्रवृत्तः शब्दो रूढ्या व्रतविशेषे नियम्यते।

तच्च शिवरात्रिव्रतमेकादशीजयन्तीव्रतवत् संयोगपृथक्त्व न्यायेन नित्यं काम्यं चेत्युभयविधम्। तत्र नित्यत्वमकरणप्रत्यवायवीप्सानित्यनिश्चल-शब्दैरवगन्तव्यम्। तत्राकरणे प्रत्यवायः स्कन्दपुराणे पठ्यते—

परात्परतरं नास्ति शिवरात्रिः परात्परम्।
न पूजयति भक्त्येशं रुद्रं त्रिभुवनेश्वरम्॥
जन्तु र्जन्मसहस्रेषु भ्रमते नात्र संशयः॥ इति।

वीप्साऽपि तत्र पठिता —

वर्षे वर्षे महादेवि नरो नारी पतिव्रता।
शिवरात्रौ महादेवं कामं भक्त्या प्रपूजयेत्॥ इति।[1]

नित्यनिश्चलशब्दौ च तत्रैव —

माघकृष्णचतुर्दश्यां यः शिवं शंसितव्रतः।
मुमुक्षुः पूजयेन्नित्यं स लभेदीप्सितं फलम्॥ इति।
अर्णवो यदि वा शुष्येत् क्षीयते हिमवानपि।
मेरुमन्दरलङ्काश्च श्रीशैलो विन्ध्य एव च॥
चलन्त्येते कदाचिद्वै निश्चलं हि शिवव्रतम्॥ इति च।

इसी प्रकार न्याय से शिवरात्रि शब्द में भी योगरूढ़ि का आश्रय लिया जाता है। वहाँ शिव की रात्रि शिवरात्रि इस तत्पुरुष समास के द्वारा होने वाला योग से प्रवर्तित शब्द रूढि के द्वारा माघ कृष्ण चतुर्दशीरूपक

१. पू० मी० ४।३।३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कालविशेष में नियत होता है। शिव की रात्रि जिस व्रत में इस बहुव्रीहि समास से प्रवृत्त शब्द रूढि के द्वारा व्रतविशेष के अर्थ में नियत होता है।

वह शिवरात्रि व्रत एकादशी और जयन्ती की तरह संयोग पृथक्त्व न्याय से नित्य और काम्य दो प्रकार है। वह नित्यत्व प्रत्यवाय, वीप्सा, नित्य और निश्चल प्रभृति शब्दों से समझ में आता है। अकरण से प्रत्यवाय होता है। इसके बारे में स्कन्दपुराण में कहा है—

शिवरात्रि व्रत से कोई बड़ा दूसरा व्रत नहीं है। परात्पर ईश रूद्र त्रिभुवनेश्वर को जो भक्ति पूर्वक नहीं पूजता है वह हजारों जन्म तक निःसंशय शरीर ग्रहण करता है। वीप्सा भी वहाँ पठित है—

हे महादेवी! वर्ष वर्ष में शिवरात्रि में नर और पतिव्रता नारी भक्ति पूर्वक महादेव को पूजते हैं। नित्य और निश्चल शब्द वहां मिलते हैं—

कथित व्रत के अनुसार माघकृष्ण चतुर्दशी में जो मुक्तिकामी शिव जी को नित्य पूजता है, वह इच्छित फल को पाता है। समुद्र शुष्क हो सकता है, हिमालय क्षीण हो सकता है, मेरू, मन्दर, लंका, श्रीशैल और विन्ध्य प्रभृति पर्वत कभी चल सकते हैं किन्तु शिवव्रत सर्वदा निश्चल है।

काम्यत्वं च फलश्रवणादवगन्तव्यम्। तच्च स्कन्दपुराणे—

शिवञ्च पूजयित्वा यो जागर्त्ति च चतुर्दशीम्।
मातुः पयोधररसं न पिबेत् स कदाचन॥
यदीच्छेद्वाञ्छितान् भोगान् दिवि देवि मनोरमान्।
आगमोक्तविधिं कृत्वा प्राप्नोति परमं पदम्॥
मम भक्तस्ततो देवि शिवरात्रिमुपोषकः।
गणत्वमक्षयं दिव्यमक्षयं शिवशासनम्॥
सर्वान् भुक्त्वा महाभोगान् मृतो भूयो न जायते॥ इति।

काम्यव्रतस्येशानसंहितायां वर्षसङ्ख्या पठ्यते—

एवमेतद्व्रतं कुर्यात् प्रतिसंवत्सरं व्रती।
द्वादशाब्दिकमेतत्स्याच्चतुर्विंशाब्दिकन्तु वा॥
सर्वान् कामानवाप्नोति प्रेत्य चेह च मानवः॥ इति।

नित्यकाम्यरूपस्यास्य व्रतस्य सर्वाधिकारिकत्वमीशानसंहितायामुक्तम्[1]—

---

१. एतत्प्रकृत्य किञ्चिद् विशिष्टमुच्यते— शैवो वा वैष्णवो वाऽपि यो वा स्यादन्यपूजकः। सर्वं पूजाफलं हन्ति शिवरात्रिबहिर्मुखः॥ तिथितत्त्वधृतमीशानसंहितावचनम्, पृ० १२५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शिवरात्रिव्रतं नाम सर्वपापप्रणाशनम् ।
आचाण्डालमनुष्याणां भुक्तिमुक्तिप्रदायकम् ॥ इति ।

अधिकारि-नियमाः स्कन्दपुराणे दर्शिताः—

माघमासे तु कृष्णा या फाल्गुनादौ चतुर्दशी ।
सा च पुण्या तिथि र्ज्ञेया सर्वपातकनाशिनी ॥
अहिंसा सत्यमक्रोधो ब्रह्मचर्यं दया क्षमा ।
शान्तात्मा क्रोधहीनश्च तपस्वी ह्यनसूयकः ॥
तस्मै देयमिदं देवि गुरुपादानुगो यदि ।
अन्यथा यो ददातीदं स तदा नरकं व्रजेत् ॥ इति ।

फल श्रुति के द्वारा काम्यत्व को समझना चाहिये । इस विषय में भी स्कन्दपुराण में कहा है—

शिवजी की पूजा करके जो चतुर्दशी में जाग्रत रहता है, वह कभी भी माँ का स्तन्यपान नहीं करता है अर्थात् उसका पुनर्जन्म नहीं होता है। हे देवि ! जो देवताओं के मनोरम लोगों को चाहता है वह आगम में उक्त विधि के अनुसार पूजा करके परम पद को प्राप्त होता है। हे देवि ! मेरे भक्त शिवरात्रि में उपवास करके गण, अक्षय, दिव्य और शिव शासन के रूप सब प्रकार महाभोग को भोग करके, फिर मरने के बाद पैदा नहीं होता है।

ईशानसंहिता में नित्य-काम्यरूप इस व्रत की संख्या कही गयी है—

इस प्रकार व्रत करनेवाला व्यक्ति हर साल व्रत करता है। बारह वर्षों तक और चौबीस वर्षों तक करने से इन्द्रलोक में और परलोक में भी सब प्रकार कामनाओं की पूर्ति करता है। ईशानसंहिता में नित्य और काम्य रूप इस व्रत को सभी लोगों के लिये निर्देश किया है—शिवरात्रि व्रत सब प्रकार पापों का नाश कर देनेवाला है। चण्डाल से लेकर (भद्र) मनुष्य तक सब के लिए यह व्रत भुक्ति और मुक्ति प्रदायक है।

इस व्रत के अधिकारी और नियमों के बारे में स्कन्दपुराण में प्रदर्शित किया है—

माघमास में फाल्गुनादि के जो कृष्ण चतुर्दशी है, वह सब प्रकार के पातकों को नाश करनेवाली पुण्य तिथि है। अहिंसा, सत्य, अक्रोध, ब्रह्मचर्य, क्षमा शान्तात्मा, क्रोधहीन, तपस्वी, अनसूयक, इन लोगों को ही हे देवि ! सब देय है जो गुरुपाद में निमग्न हैं। अन्यथा अयोग्य को देने पर नरक फल मिलता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उक्ताधिकारिणोऽनुष्ठेयं व्रतस्वरूपं त्रिविधम्। उपवासो जागरणं पूजा च। तदुक्तं नागरखण्डे—

उपवासप्रभावेन बलादपि च जागरात्।
शिवरात्रेस्तथा तस्य लिङ्गस्यापि च पूजया॥
अक्षयान् लभते भोगान् शिवसायुज्यमाप्नुयात्॥ इति।

सह्यखण्डे –

स्वयं च लिङ्गमभ्यर्च्य सोपवासः सजागरः।
अज्ञानन्नपि निष्पापो निषादो गणताङ्गतः॥

अत्रेदं चिन्त्यते। किमेता उपवास-जागर-पूजाः व्रतस्य स्वरूपे स्वेच्छया विकल्प्यन्ते, उत समुच्चीयन्ते इति। तत्र विकल्प्यन्ते इति तावत्प्राप्तम्। कुतः? एकैकस्यैवेतरनिरपेक्षतया विधानात्। तथा हि स्कन्दपुराणे केवलोपवासविधिः पठ्यते—

अखण्डितव्रतो यो हि शिवरात्रिमुपोषयेत्।
सर्वान् कामानवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥ इति।

तथा केवल-जागरणं पठ्यते—

कश्चित्पुण्यविशेषेण व्रतहीनोऽपि यः पुमान्।
जागरं कुरुते तत्र स रुद्रसमतां व्रजेत्॥ इति।

तथा केवलपूजा पठ्यते—

यः पूजयति भक्तेशमनेकफलतां व्रजेत्॥ इति।

इन अधिकारिओं के द्वारा अनुष्ठित होनेवाला व्रत का स्वरूप तीन प्रकार है: (१) उपवास (२) जागरण और (३) पूजा। नागरखण्ड में इसके बारे में कहा है—उपवास के प्रभाव से, जागरण के बल से और लिंगपूजा के द्वारा शिवरात्रि व्रत की पूर्त्ति होती है। इस से सब अक्षय भोग मिलते हैं और अन्त में शिव जी की सायुज्यमुक्ति मिलती है।

सह्यखण्ड में कहा है—कि स्वयं लिंग की अभ्यर्चना कर उपवास पूर्वक जागरण करके अज्ञान से भी निषाद निष्पाप होकर रूद्रगण में अन्तर्भुक्त हो गया।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यहां ऐसी चिन्ता होती है कि उपवास, जागरण और पूजा—ये तीन व्रत के स्वरूप होते हैं या इच्छा के अनुसार विकल्प होते हैं ? या इन सब का समुच्चय स्वीकृत होता है। यहाँ विकल्प होता है ऐसा एक पक्ष मिलता है। क्योंकि एक दूसरे से भिन्न होने के कारण ऐसा विधान है। इस लिए स्कन्दपुराण में केवल उपवास विधि के बारे में पाठ मिलता है—

व्रतका खण्डन न करके जो शिवरात्रि में उपवास करता है, वह सभी कामनाओं को पाता है और शिव के साथ अन्त में आनन्द से रहता है। केवल जागरण के बारे में भी पाठ मिलता है—कोई विशेष पुण्य के कारण व्रतहीन होने पर भी कोई व्यक्ति अगर जागरण करता है तो वह रुद्र की समता को लाभ करता है। इस प्रकार केवल पूजा के बारे में पाठ मिलता है। जो भक्तेश पूजता है, वह अनेक फलों को पाता है।

तस्मादुपवासादयस्त्रयोऽपि विकल्प्यन्ते। यदि नागरखण्डसह्यखण्डयोः समुच्चयविधिरस्तीत्युच्यते; तर्हि प्रत्येकं वा समुदायो वा यथेष्टमनुष्ठीयताम् इति प्राप्ते ब्रूमः। वैश्वानरविद्यो[1]पासनन्यायेन समुदाय एवात्रानुष्ठेयः। तस्य च न्यायस्य सङ्ग्राहकावेतौ श्लोकौ भवतः—

वैश्वानरमुपास्तेऽत्र प्रत्येकसमुदायतः।
विकल्पः समुदायो वा नियतो विविधाद् विधेः॥

विकल्प इति चेन्मैवं समुदायप्रशस्तितः।
अवयुत्यानुवादेन प्रत्येकोक्त्युपपत्तितः॥ इति।

अयमर्थः—छन्दोग्नैराम्नायते[2], "वैश्वानरमुपास्ते" इति विद्युल्लोकादित्यवाय्वाकाशोदकपृथिवीरूपैः षड्भिरवयवैरूपेतोऽवयवी सर्वात्मको

---

१. वैश्वानरविद्या छान्दोग्योपनिषदि आलोच्यते—आत्मानमेवेमं वैश्वानरं संप्रत्यध्येषि तमेव नो ब्रूहि (५।११।१, ६)। अधिकं तु द्रष्टव्यं ब्रह्मसूत्रे वैश्वानराधिकरणम् (१-२-२४-३२) सोऽयं विषयः ऋक्संहितायामपि (१०।८८।१२) विश्वस्मा अग्निं भुवनाय देवा, वैश्वानरं केतुमह्नामकृण्वन्॥ इति। बृहदारण्यकेऽपि (५।९) अयमग्नि वैश्वानरो योऽयमन्तः पुरुषे येनेदमन्नं पच्यते यदिदमद्यते॥ इति। ब्रह्मसूत्रे वैश्वानराधिकरणस्य प्रसरः छान्दोग्यस्य ५।११–२३ वचनान्याधृत्य भवति।

२. यस्त्वेतमेवं प्रादेशमात्रमभिविमानमात्मानं वैश्वानरमुपास्ते स सर्वेषु लोकेषु सर्वेषु भूतेषु सर्वेष्वात्मस्वन्नमत्ति॥ छान्दोग्योपनिषत् ५।१८।१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विराट्पुरुषो वैश्वानरशब्दवाच्यः। तत्र संशयः, किं विद्युल्लोकाद्यवयवा अवयवी च प्रत्येकं विकल्पेनोपास्यः, उतावयव्येव नियमेनोपास्यः। इति।

विकल्प इति तावत्प्राप्तम्। कुतः? द्विविधस्य विधेः श्रूयमाणत्वात्। प्राचीनशालसत्ययज्ञेन्द्रद्युम्नजनबुडिलोद्दालकनामभिः[1]षड्भिर्महर्षिभिः क्रमेण विद्युल्लोकादयः षडवयवाः प्रत्येकमुपासिताः। तद्वृत्तान्तकथनपरेषु वाक्येषु षण्णामवयवानां प्रत्येकमुपास्तिविधयो नियमाश्च फलसहिता उपलभ्यन्ते। पुनश्चान्ते षड्भ्यस्तेभ्यो महर्षिभ्योऽश्वपती राजा [2]समुदायोपास्तिमवोचत। अतो द्विविधर्विधिबलेन यथेच्छं विकल्पः। इति प्राप्ते ब्रूमः।

इसलिए उपवास प्रभृति में तीन विकल्प होते हैं। अगर नागरखण्ड और सह्यखण्ड में समुच्चय विधि कही गई है, तब प्रत्येक या फल का विकल्प इच्छा के अनुसार अनुष्ठान किया जा सकता है। ऐसे होने से उत्तर में कहा जाता है कि वैश्वानरविद्या उपासना न्याय से समुदाय ही यहाँ अनुष्ठित होता है। उस न्याय का संग्राहक दो श्लोक हैं—

वैश्वानर की उपासना करते हैं इस विधिवाक्य में प्रत्येक की उपासना होती या समुदाय की इस प्रकार संशय होता है? विकल्प में अनुष्ठान होता है या समुदाय? पूर्वपक्ष के मतानुसार विकल्प होता है। उत्तर पक्ष के मत में यह ठीक नहीं है। क्योंकि समुदाय विधिवाक्य के समर्थक प्रशंसा अर्थवाद मिलता है। अतः अवयुत्यानुवादन्याय से प्रत्येक की उपासना ही समुदाय की उपासना होती है।

इसका अर्थ यह है—सामवेद पढ़नेवालों ने सुना है कि वैश्वानर की उपासना करते हैं। यहाँ विद्युत् लोक, आदित्य, वायु, आकाश, उदक और पृथिवी इन छ रूपों के अवयवों से संयुक्त अवयवी सर्वात्मा विराट् पुरुष

---

१. उपमन्युपुत्रः प्राचीनशालः, पुलुषपुत्रः सत्ययस्तःभाल्लविपुत्रः इन्द्रद्युम्नः शर्कराक्ष्यपुत्रः जनः अश्वतराश्वपुत्रः बुडिलः अरुण पुत्रः उद्दालकः इति षट् महर्षयः छान्दोग्ये प्रसिद्धाः ५।११।१–२

२. समुदायोपासनाप्रकारो यथा—अश्वपतिर्वै भगवन्तोऽयं कैकेयः संप्रतीममात्मानं वैश्वानर मध्येति तं हन्ताभ्यागच्छामेति। तं हाभ्याजगुः। इति छान्दोग्योनिषत् ५।११।४

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वैश्वानर शब्द से अवगत होते हैं। वहां संशय है—क्या विद्युत् लोक प्रभृति अवयवों और अवयवी इन प्रत्येक की विकल्प से उपासना होती या नियम से अवयवों की उपासना होती है।

यहाँ विकल्प होता है ऐसा पहले मिलता है। क्यों ? दो प्रकार विधियों की श्रुति मिलती है। प्राचीनशाल, सत्ययज्ञ, इन्द्रद्युम्न, जन, बुडिल और उद्दालक इन छ महर्षियों ने क्रमानुसार विद्युत् लोक प्रभृति छ अवयवों की प्रत्येक उपासना की है। इस वृत्तान्त को कहनेवाले वाक्यों ने छ अवयवों में प्रत्येक की उपासना विधि और नियम फल के साथ मिलते हैं। फिर भी अन्त में उन छ महर्षियों को राजा अश्वपति समुदाय की उपासना के बारे में कहा है। अतः दो प्रकार विधियों की उपस्थिति से इच्छानुसार विकल्प मिलता है, ऐसा अगर कहा जाता, तो सिद्धान्त में उत्तर के रूप में कहा जाता है कि—

समुदाय एवात्र नियमेनोपासितव्यः। कुतः प्रशस्ततत्वात्। अवयवोपास्तिवाक्यान्यवयुत्यानुवाद[1]रूपत्वेनाऽप्युपपद्यन्ते। तस्मात् समुदाय एवोपास्यः इति राद्धान्तः।

अनेन न्यायेन प्रकृतेऽप्युपवासादीनां त्रयाणां समुदायस्यैव व्रतरूपत्वम्। ननु क्वचिदुपवासादित्रयं विधाय पुनः पक्षान्तरूपेणेपवास व्यतिरिक्तं द्वयं पठ्यते—

अथवा शिवरात्रिं च पूजाजागरणैर्नयेत्। इति।

नायं दोषः। अथवेत्यनुकल्पोपक्रमेणाशक्तविषयत्वोपपत्तेः। अत्र व्रते विहितानां त्रयाणां परस्परमङ्गाङ्गिभावबोधकप्रमाणाभावादाग्ने-

---

१. प्रकृतौ अवयुत्यानुवाद एव हृदयम्। अवयुत्य नाम पृथक्कृत्य। तत्संपृक्तो वादोऽवयुत्यानुपादः। अवयवस्य प्रशंसामवयवी अभ्येति। यथा हस्तस्य प्रशंसा न हस्तस्य अपि तु पुरुषस्य। तद्वत् वैश्वानराधिकरणे वैश्वानरस्य अवयवरूपविद्युदादीनामुपासना, न तेषामपि तु वैश्वानरस्य। केवलं पृथक्तयाऽनुवादो भवति अत्र। सेऽयं समुदायावगतिः पृथगवगत्यपेक्षया ज्यायसी न्यायोऽयं यथा शिवरात्रिं प्रकृत्य व्रतम्, उपवासः, जागरणं चेति त्रयाणां पृथगुपन्यासेऽपि शिवरात्रेः समुदायविषयो भवति। नात्र व्रतादीनां पृथक्त्वमस्ति तत्प्रकारकविधिवाक्यकल्पनाया असंभवात्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

या[१]दिषड्यागवत्प्रत्येकं कालसंबन्धविधानात् फलसंबन्धाच्च समप्राधान्यं द्रष्टव्यम् । अस्यैवोपोद्बलकं लिङ्गमभिधीयते । लुब्धकस्य भद्राश्वजन्म प्राप्तवतो दुर्वाससा सह संवादे पठ्यते—

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां न किञ्चिन्मृगमाप्तवान् ।
अण्वपि प्राणयात्रार्थं क्षुधासंपीडितोऽवसत् ॥

इत्युपक्रम्य—

धनुः कोट्या हतान्येव बिल्वपत्राणि मानद ।
पतितानि महाराज शंभोः शिरसि भूतले ॥
तत्रैव तस्थौ राजेन्द्र सर्वरात्रमतन्द्रितः ।
रात्रिशेषं स्थितो व्याधः स्तब्धदृष्टिरधोमुखः ॥
प्रभाते विमले जाते दृष्ट्वा तत्रैव शङ्करम् ।
बिल्वपत्रै नरश्रेष्ठ कन्दमूलैश्च पारितः ॥ इति ।

नियम के द्वारा समुदाय अर्थात् छ अवयवों की कुल उपासना यहां होती है, क्योंकि प्रशस्ति मिलती हैं । अवयवों की उपसना को सूचित करनेवाले वाक्य अनयुत्यानुवाद के रूप में उत्पन्न होते हैं । अतः समुदाय की ही उपासना होती है ऐसा सिद्धान्त है ।

इस न्याय से इस प्रकरण में भी उपवास प्रभृति तीन का समुदाय अर्थात् व्रत का स्वरूप है । यहाँ एक प्रश्न होता है कि कभी-कभी उपवास प्रभृति तीन का विधान करके फिर पक्षान्तर के रूप में उपवास को छोड़कर दूसरे दोनों का पाठ मिलता है । यथा—

अथवा शिवरात्रि को पूजा और जागरण के द्वारा समाप्त करनी चाहिए ।

यह कोई दोष का विषय नहीं है । अथवा ऐसा कहने से अनुकल्प का ही प्रारम्भ होता है । अतः अशक्त लोग के लिए यह विषय उपपन्न होता है । इस व्रत में तीन का विधान के द्वारा परस्पर अङ्गाङ्गित्व सूचित

---

१. आग्नेयः, अग्नीषोमीयः, उपांशुः, आग्नेयः, ऐन्द्रं दधि, ऐन्द्रं पयश्चेति षड्यागा दर्शपौर्णमासयोर्भवन्ति । एतेषां कालगतसंबन्धो गोष्ठीभेदेन भवति, यथा दर्शे पौर्णमासे च । फलसंबन्धस्तु एकत्वे पर्यवस्यति त्रिकापूर्वकल्पनया विषयोऽयं स्पष्टस्तद्वत् प्रकृते उपवासो जागरणं पूजा चेति त्रितयस्य कालगतसंबन्धः फलसंबन्धश्च एक एव । स च कालस्तु चतुदर्शी ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। इसलिए आग्नेय प्रभृति छ यागों की तरह प्रत्येक का काल के साथ और फल के साथ सम्बन्ध रहने से सभी का समान प्राधान्य है ऐसा देखना पड़ेगा। इसीका उपोद्बलक लिंग कहा जाता है। भद्राश्वजन्म को लाभ करनेवाला लुब्धक का दुर्वासा ऋषि के साथ हुआ जो संवाद के बारे में पाठ मिलता है। यथा—

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी में कोई मृग की प्राप्ति नहीं हुई। प्राण निर्वाह करने के लिए अणु के परिमाण भी नहीं मिला। इसलिए क्षुधा पीड़ित होकर उपवास में रह गया। यहाँ से शुरू होकर कहा है—हे मानद! हे महाराज धनुष के अग्रभाग से बिल्वपत्रों को छेदन कर भूतल में शंभु के सिर पर मैंने फेंक दिए हैं। हे राजेन्द्र! उस जगह ही मैंने सारी रात नींद के बिना रात्रि के शेष भाग में निम्न भोग को देखकर स्तब्ध हो गया।

निर्मल प्रभात होने के बाद शङ्कर को देखकर बिल्वपत्र और कन्द-मूल के द्वारा पारण करता था।

एतस्मिन् यथोक्ततिथिं निर्णेतुमिदं विचार्यते। किं व्रतान्तरेष्विवात्राप्युदयास्तमयवेध आदर्त्तव्यः, किं वा प्रदोषवेधः, आहोस्वित् निशीथवेध इति। तत्र पूर्वेद्युरुदये त्रयोदशीवेधः, परेद्युरस्तमये दर्शवेध इत्युदयास्तमयवेधो युक्तः, तस्य व्रतान्तरेषु क्लृप्तत्वात् क्लृप्तस्य च कल्प्याद्बलीयस्त्वात्। मैवम्, सामान्याद्विशेषस्य बलीयस्त्वात्। सामान्यरूपो ह्युदयास्तमयवेधः सर्वतिथिषु सर्वव्रतेषु समानत्वात्[1], विशेषरूपौ प्रदोषनिशीथवेधौ कृष्णचतुर्दशीलक्षणे तिथिविशेषे शिवरात्र्याख्यं व्रतविशेषमुपजीव्य प्रवृत्तत्वात्। एतदेवाभिप्रेत्य ईशानसंहितायामुक्तम्—

उदयेऽन्विताः क्वचिद्ग्राह्याः क्वचिदस्तमयेऽन्विताः।
व्रतिभिस्तिथयो यस्मात् वर्जयित्वा व्रतन्त्विदम्॥ इति।

अस्मिंस्तु व्रते प्रदोषवेधो वायुपुराणे दर्शितः—

त्रयोदश्यस्तगे सूर्ये चतसृष्वेव नाडिषु।
भूतविद्धा तु या तत्र शिवरात्रिव्रतं चरेत्॥ इति।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या शिवरात्रिचतुर्दशी।
रात्रौ जागरणं यस्मात्तस्मात्तां समुपोषयेत्॥ इति।

---

१. समानप्रवर्त्तमानत्वात्। इति पाठान्तरम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

कामिके—

आदित्यास्तमये काले अस्ति चेद्या चतुर्दशी ।
तद्रात्रिः शिवरात्रिः स्यात् सा भवेदुत्तमोत्तमा ॥ इति ।

इस अवसर पर कही गई तिथि का निर्णय करने के लिए विचार प्रस्तुत किया जाता है । प्रश्न होता है कि क्या दूसरे व्रतों की तरह यहां भी उदय वेध और अस्तमय वेध का आदर होता है या प्रदोष वेध अथवा निशीथ वेध ? वहां पूर्वदिन के उदय काल में त्रयोदशी वेध, परदिन के अस्तकाल में अमावस्या वेध, इस प्रकार उदयास्तमय वेध युक्तिसंगत होता है । क्योंकि दूसरे व्रतों में यह क्लृप्त (समर्थन रूप से निष्पत्ति) किया है । कल्प्य की अपेक्षा क्लृप्त बलवान है ।

यह ठीक नहीं है, क्योंकि सामान्य से विशेष बलवान है । सामान्य रूप से उदयास्तमय वेध सब तिथियों में और सब व्रतों में समान रूप से प्रवर्त्तित है । विशेष रूप से प्रदोष और निशीथ वेध कृष्ण चतुर्दशी के लक्षण तिथि-विशेष में शिवरात्रि नामक व्रतविशेष को उपजीव्य करके प्रवृत्त है । इस विषय को अभिप्रेत करके ईशान-संहिता में कहा है—

व्रतचारियों द्वारा उदय काल में रहनेवाली कुछ तिथि ग्रहीत होती है । कुछ अस्त काल में रहनेवाली तिथि ग्रहीत होती है किन्तु इस व्रत को छोड़ करके ।

इस व्रत में प्रदोष वेध वायुपुराण में दर्शित किया है—

"सूर्य के अस्तमय काल में यदि त्रयोदशी चार नाड़ी तक रहती है, तो चतुर्दशी विद्धा होने पर शिवरात्रि व्रत किया जाता है ।

दूसरी स्मृति में भी कहा है—

प्रदोष को व्याप्त होनेवाली शिवरात्रि की चतुर्दशी ग्रहीत होती है । रात में जागरण करने से उसमें उपवास किया जाता है ।

कामिक में कहा हैं—

सूर्य के अस्तमय काल में यदि चतुर्दशी रहती, तो वही रात्रि शिवरात्रि होती है और वही रात्रि सब उत्तम रात्रियों से भी उत्तम हैं ।

निशीथवेधो नारदीयसंहितायां दर्शितः—

अर्धरात्रयुता यत्र माघकृष्णचतुर्दशी ।
शिवरात्रिव्रतं तत्र सोऽश्वमेधफलं लभेत् ॥ इति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्मृत्यन्तरेऽपि—

भवेद्यत्र त्रयोदश्यां भूतव्याप्ता महानिशा ।
शिवरात्रिव्रतं तत्र कुर्याज्जागरणं तथा ॥

ईशानसंहितायाम्—

माघकृष्णचतुर्दश्यामादिदेवो महानिशि ।
शिवलिङ्गतयोद्भूतः कोटिसूर्यसमप्रभः ॥
तत्कालव्यापिनी ग्राह्या शिवरात्रिव्रते तिथिः ।
अर्धरात्रादधश्चोर्ध्वं युक्ता यत्र चतुर्दशी ॥
तत्तिथावेव कुर्वीत शिवरात्रिव्रतं व्रती ।
अर्धरात्रादधश्चोर्ध्वं नास्ति यत्र चतुर्दशी ॥
नैव तत्र व्रतं कुर्यादायुरैश्वर्यहानिदम् ।
व्याप्यार्धरात्रं यस्यान्तु लभ्यते सा चतुर्दशी ॥
तस्यामेव व्रतं कार्यं मत्प्रसादार्थिभि र्नरैः ।
पूर्वेद्युर्वा परेद्युर्वा महानिशि चतुर्दशी ॥
व्याप्ता सा दृश्यते यस्यां तस्यां कुर्याद् व्रतं नरः ।
लिङ्गाविर्भावकाले तु व्याप्ता ग्राह्या चतुर्दशी ॥
तदूर्ध्वाधोऽन्विता भूता सा कार्या व्रतिभिः सदा ।
मम प्रियकरी ह्येषा माघकृष्णचतुर्दशी ॥
महानिशान्विता या तु तत्र कुर्यादिदं व्रतम् ॥ इति ।

निशीथवेध के बारे में नारदीय संहिता में कहा है—

माघमास की कृष्णपक्ष चतुर्दशी अर्धरात्र से युक्त होने पर शिवरात्रि व्रत होता है, उससे अश्वमेधफल मिलता है ।

दूसरी स्मृति में भी कहा है—

जब महानिशा (निशीथ) चतुर्दशी को व्याप्त होकर त्रयोदशी में रहती है तब शिवरात्रि व्रत होता है, उसमें जागरण किया जाता है । ईशान संहिता में कहा हैं—

माघमास की कृष्ण चतुर्दशी की महानिशा में आदिदेव शिवलिङ्ग के रूप में करोड़ों सूर्यों की प्रभा की भाँति उद्भूत होते थे । इसलिए इस काल को व्याप्त होनेवाली तिथि शिवरात्रि व्रत के लिए ग्रहणीय होती है । जब चतुर्दशी अर्धरात्र से निम्न और ऊर्ध्व से युक्त होती है, वही तिथि शिवरात्रि के लिए व्रतियों द्वारा गृहीत होती है । अगर नहीं रहती तो व्रत नहीं होता है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

उस समय में व्रत करने से आयु और ऐश्वर्य की हानि होती है। जब अर्धरात्र में चतुर्दशी समाप्त होती है, उसीमें व्रत किया जाता है और मेरा अनुग्रह उसमें मिलता है। पूर्व दिन हो या परदिन हो जिस महानिशा में चतुर्दशी रहती है, उस रात्रि में व्रत किया जाता है। लिङ्ग के आविर्भाव काल को व्याप्त होनेवाली चतुर्दशी ग्रहणीय होती है। उस काल के पूर्व और पर भाग से संपृक्त चतुर्दशी व्रतियों के जरिये ग्रहणीय है। माघमास की कृष्ण चतुर्दशी मेरी प्रिय है। अगर महानिशा के साथ अन्वित होती है तो उसमें व्रत किया जाता है।

एवं सति पूर्वेद्युरेव वा परेद्युरेव वा यत्र प्रदोषनिशीथोभयव्याप्तिस्तत्र व्रतमाचरणीयम्। पूर्वेद्युरेवोभयव्याप्तौ स्कन्दपुराणे पठ्यते—

त्रयोदशी यदा देवि दिनभुक्तिप्रमाणतः।
जागरे शिवरात्रिः स्यान्निशि पूर्णा चतुर्दशी॥ इति।

दिनभुक्तिरस्तमयः। परेद्युरेवोभयव्याप्तौ कामिके पठ्यते—

निशाद्वये चतुर्दश्यां पूर्वा त्याज्या परा शुभा॥ इति।

दिनद्वयेऽप्युभयव्याप्तिस्तु न संभाव्यते, यामद्वयवृद्धेरभावात्। दिनद्वयेऽप्युभयव्याप्त्यभावोऽपि न संभाव्यते, यामद्वयक्षयस्याभावात् एकैकस्मिन् दिने एकैकव्याप्तौ तु कथमिति चेत् उच्यते। सा ह्येवं प्रसज्यते; पूर्वेद्युर्निशीथव्याप्तिः परेद्युः प्रदोषव्याप्तिरिति। तत्रैकव्याप्ते दिनद्वये समानत्वेऽपि जयायोगस्य प्रशस्तत्वाद् दर्शयोगस्य निन्दितत्वाच्च पूर्वेद्युरेवोपवासः। जयायोगप्राशस्त्यं चानेकवचनैराघ्रातत्वादवगम्यते। तथा च स्कन्दपुराणे पठ्यते—

कृष्णाष्टमी स्कन्दषष्ठी शिवरात्रिचतुर्दशी।
एता पूर्वयुताः कार्यास्तिथ्यन्ते पारणं भवेत्॥
जन्माष्टमी रोहिणी च शिवरात्रिस्तथैव च।
पूर्वविद्धैव कर्त्तव्या तिथिभान्ते च पारणम्॥
श्रावणी दुर्गनवमी तथा दूर्वाष्टमी च या।
पूर्वविद्धा तु कर्त्तव्या शिवरात्रि र्बलेर्दिनम्॥ इति।
जयन्ती शिवरात्रिश्च कार्ये भद्राजयान्विते॥ इति च।

ऐसा होने पर पूर्व दिन हो या पर दिन हो जिस दिन के प्रदोष और निशीथ इन दोनों को व्याप्त होकर चतुर्दशी रहती है, उस दिन में व्रत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

का आचरण किया जाता है। पूर्वदिन में उभय अंश की व्याप्ति के बारे में स्कन्दपुराण में कहा है—

हे देवि! दिन भुक्ति का प्रमाण के अनुसार जब त्रयोदशी रहती और रात्रि में पूर्णरूप से चतुर्दशी रहती है तो शिवरात्रि के जागरण के लिये वह दिन प्रशस्त है।

दिनभुक्ति का अर्थ अस्तमन काल है। परदिन में उभय अंश की व्याप्ति के बारे में कामिक में कहा है—

दोनों निशा को व्याप्त होकर चतुर्दशी रहने पर पूर्व निशा को छोड़कर परदिन को ग्रहण करने से शुभ होता है।

दो दिनों में उभय व्याप्ति की संभावना नहीं होती है क्योंकि दो याम (मुहूर्त्त) की वृद्धि नहीं हो सकती है। एक एक दिन में एक एक व्याप्ति कैसे होती है?

वैसा अगर प्रश्न होता, तो उत्तर के रूप में ऐसा कहा जायगा कि इस प्रकार की प्रसक्ति होती है—पूर्व दिन में निशीथ व्याप्ति और परदिन में प्रदोष व्याप्ति। वहां दो दिनों में एक व्याप्ति होने पर भी जया का योग प्रशस्त होने के कारण दर्श योग की भी निन्दा के कारण पूर्व दिन में उपवास होता है। अनेक वचनों के द्वारा जया योग की प्रशस्ति मिलने से उस योगका ही आदर किया जाता है, ऐसा समझ में आता है। स्कन्दपुराण में कहा है—

कृष्ण पक्ष की अष्टमी, स्कन्दषष्ठी और शिवरात्रि की चतुर्दशी ये सब तिथियाँ पूर्वविद्धा होकर ग्रहणीय होती हैं और तिथि के अन्त में पारण होता है। जन्माष्टमी, रोहिणी और शिवरात्रि पूर्वविद्धा की जाती हैं, तिथि और नक्षत्र के अन्त में पारण किया जाता है। श्रावण पूर्णिमा, दुर्गा नवमी और दूर्वाष्टमी पूर्वविद्धा ही की जाती हैं। इसी प्रकार शिवरात्रि और बलि दिन भी होते हैं। जयन्ती भद्रा के साथ और शिवरात्रि जया के साथ अन्वित होकर माननीय होती हैं।

नागरखण्डे—

माघफाल्गुनयोर्मध्ये असिता या चतुर्दशी।
अनङ्गेन समायुक्ता कर्त्तव्या सा सदा तिथिः॥ इति।

पद्मपुराऽणे—

अर्धरात्रात्पुरस्ताच्चेज्जयायोगो यदा भवेत्।
पूर्वविद्धैव कर्त्तव्या शिवरात्रिः शिवप्रियैः॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ब्रह्मवैवर्त्ते—

रुद्रव्रतेषु सर्वेषु कर्त्तव्या सम्मुखी तिथिः ।
अन्येषु व्रतकल्पेषु परयुक्तामुपावसेत् ॥ इति ।

दर्शयोगनिन्दा च स्कन्दपुराणे दर्शिता—

महतामपि पापानां दृष्टा वै निष्कृतिः पुरा ।
न दृष्टा कुर्वतां पुंसां कुहूयुक्तां तिथिं शिवाम् ॥ इति ।

अन्यान्यपि यानि कानिचिद्दर्शयोगनिन्दावचनानि तत्र तत्र स्मर्यन्ते तानि सर्वाण्यस्मिन् विषये योजनीयानि । यदा पूर्वेद्युर्निशीथादूर्ध्वं प्रवृत्ता चतुर्दशी परेद्युः क्षयवशान्निशीथादर्वागेव समाप्ता, तदा पूर्वेद्युः प्रदोषनिशीथव्याप्त्योरुभयोरप्यसंभवात्परेद्युः प्रदोषव्याप्तेरेकस्याः सद्भावाच्च परविद्धैव ग्राह्या । एतदेवाभिप्रेत्य स्मर्यते—

माघासिते भूतदिनं कदाचि-
दुपैति योगं यदि पञ्चदश्या ।
जया प्रयुक्तां न तु जातु कुर्या-
च्छिवस्य रात्रिं प्रियकृच्छिवस्य ॥ इति ।

नागर खण्ड में कहा है—माघ और फाल्गुन के बीच में जो कृष्ण-चतुर्दशी है वह अनङ्ग अर्थात् त्रयोदशी के साथ युक्त होने पर कर्त्तव्य है ।

पद्मपुराण में कहा है—

अर्धरात्रि के बाद अगर जया का योग हो, तो शिवप्रिय लोगों के जरिये शिवरात्रि पूर्वविद्धा ही करनी चाहिये । ब्रह्मवैवर्त्तपुराण में कहा है—

रुद्रव्रतों में सर्वत्र सम्मुखी तिथि मानी जाती है । दूसरे व्रतकल्पों में परविद्धा ही उपवास के लिए मानी जाती है ।

दर्शयोग की निन्दा स्कन्द पुराण में प्रदर्शित है—

प्राचीन काल में बड़े पापों से निष्कृति (प्रायश्चित्त) देखी गई है । शिवपूजा के लिए कुहू अर्थात् अमावास्या के साथ युक्त होनेवाली चतुर्दशी को करने से उत्पन्न पापों से निष्कृति नहीं देखी जाती है—

जो कोई दर्शयोग की निन्दा के बारे में दूसरे वचन वहाँ स्मरण में आते हैं उन सबको इस विषय में संयोजित किये जाते हैं । जब पूर्व दिन में निशीथ से ऊर्ध्व चतुर्दशी की प्रवृत्ति हुई और दूसरे दिन में क्षय के कारण निशीथ से पहले समाप्त हो जाती है, इस अवसर पर पूर्वदिन में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रदोष और निशीथ व्याप्ति इन दोनों की संभावना नहीं होती है। इस कारण से दूसरे दिन में केवल प्रदोष व्याप्ति होने से परविद्धा ही ग्रहणीय होती है। इसको अभिप्रेत करके स्मरण किया जाता है कि—

माघ कृष्ण चतुर्दशी का योग अगर पञ्चदशी अर्थात् अमावस्या के साथ हो तो जया युक्त तिथि कभी भी नहीं करनी चाहिए क्योंकि शिव की रात्रि शिव की प्रियकारिणी होती है।

यदा पूर्वेद्युः प्रदोषादूर्ध्वं प्रवृत्ता चतुर्दशी परेद्युः क्षयवशात् प्रदोषादर्वागेव समाप्ता, तदा परेद्यु र्व्याप्ति द्वयाभावात् पूर्वेद्युर्निशीथ-व्याप्तेः सद्भावाज्जयायोगाच्च पूर्वेद्युरेवोपवासः।

अत्रायं विवेकः संपन्नः। दिनद्वये निशीथव्याप्तौ तदव्याप्तौ च प्रदोषव्याप्ति र्नियामिका। तथा दिनद्वयेऽपि प्रदोषव्याप्तौ तदव्याप्तौ च निशीथव्याप्ति र्नियामिका। एकैकस्मिन् दिने एकैकव्याप्तौ जयायोगो नियामक इति।

अस्य शिवरात्रिव्रतस्याहोरात्रसाध्यत्वेनाहनि रात्रौ च संबन्धे साधारणे सति अह्नर्बंधमुपेक्ष्य प्रदोषनिशीथयोरेव कुतः शास्त्राणां पक्षपात इति चेत्। रात्रेरत्र प्रधानत्वादिति ब्रूमः। तत्प्राधान्ये चोपपत्तिः स्कन्दपुराणे पठ्यते—

निशि भ्रमन्ति भूतानि शक्तयः शूलभृद्यतः।
अतस्तस्यां त्रयोदश्यां सत्यां तत् पूजनं भवेत्॥ इति।

तस्यां त्रयोदश्यामिति व्याधिकरणे सप्तम्यौ। तथा चायमर्थः संपद्यते। त्रयोदशीनिशीथे तस्यां चतुर्दश्यां विद्यमानायां शिवपूजनं भवेत्॥ इति।

नागरखण्डेऽपि—

माघमासस्य कृष्णायां चतुर्दश्यां सुरेश्वर।
अहं यास्यामि भूपृष्ठे रात्रौनैव दिवा कलौ॥
लिङ्गेषु च समस्तेषु चरेषु स्थावरेषु च।
संक्रमिष्याम्यसन्दिग्धं वर्षपापविशुद्धये॥
रात्रौ तस्यां हि मे पूजां य करिष्यति मानवः।
मन्त्रैरेतैः सुरश्रेष्ठ विपापः स भविष्यति॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब पूर्वदिन में प्रदोष से ऊर्ध्व चतुर्दशी की प्रवृत्ति हुई है और दूसरे दिन में क्षय के कारण प्रदोष से पहले समाप्त हुई है, उस स्थल में दूसरे दिनमें दो प्रकार की व्याप्ति के अभाव से, पूर्वदिन में निशीथ व्याप्ति का सद्भाव से और जया के योग से भी पूर्वदिन में उपवास प्राप्त होता है।

यहाँ इस प्रकार विचार युक्तियुक्त होता है। दो दिनों में निशीथव्याप्ति में और निशीथव्याप्ति के अभाव में भी प्रदोष व्याप्ति नियामक होती है। इस प्रकार दो दिनों में भी प्रदोषव्याप्ति और प्रदोषव्याप्ति के अभाव स्थल पर निशीथ व्याप्ति नियामक होता है। एक एक दिन में एक एक व्याप्ति होने पर जया का योग नियामक होता है।

यहाँ एक प्रश्न होता है कि शिवरात्रि व्रत अहोरात्र साध्य होने के कारण दिन और रात में इसका सम्बन्ध रहता है। इसलिए दोनों में सम्बन्ध साधारण होने पर दूसरे दिन के साथ होनेवाला वेध को उपेक्षा करके प्रदोष और निशीथ को लेकर क्यों शास्त्रों का पक्षपात होता है? इनके उत्तर में ऐसा कहा जाता है कि रात्रि के साथ संबन्ध अधिक रहने के कारण रात यहाँ प्रधान होती है। रात के प्राधान्य के बारे में स्कन्दपुराण में उपपत्ति पढ़ी गई है—

रात में भूतगण और शिव की शक्तियाँ भ्रमण करती हैं, अतः उस त्रयोदशी की अवस्थिति रहने पर शिवरात्रि में पूजा होती है।

"उस त्रयोदशी में" ऐसा कहने से व्यधिकरण सप्तमी होती है। इस प्रकार भी फिर अर्थ होता है—त्रयोदशी के निशीथ (रात्रि) में चतुर्दशी रहने पर शिव की पूजा होती है। नागरखण्ड में भी कहा है—

हे सुरेश्वर! कलियुग में माघमास की कृष्णचतुर्दशी में रात में भूलोक को जाता हूँ किन्तु दिन में नहीं। वर्षों के पापों की विशुद्धि के लिए निःसंशय से सभी लिंगों में, चर और स्थावरों में भी संक्रमित होता हूँ। जो मानव इन मन्त्रों से रात में मुझे पूजता है, वह निष्पाप हो जाता है।

सा च शिवरात्रिचतुर्दशी त्रिधा भवति; एकतिथ्यात्मिका, तिथिद्वयात्मिका, तिथित्रयात्मिका चेति। तत्र सूर्योदयमारभ्य प्रवृत्ता परदिनोदयपर्यन्तैकतिथ्यात्मिका। सा वेधदोषाभावात् प्रशस्ता। तिथिद्वयात्मकत्वञ्च द्वेधा भवति जयायोगेन दर्शयोगेन च। तत्र यागद्वयमेवैकस्मिन् विषये प्रशस्तम्। स च विषयविशेषः पूर्वमुदाहृतः। तिथित्रयात्मकत्वं त्वतिप्रशस्तम्। एतदभिप्रेत्य पुराणे पठ्यते—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रयोदशीकलाप्येका मध्ये चैव चतुर्दशी।
अन्ते चैव सिनीवाली त्रिस्पृश्यां शिवमर्चयेत् ॥ इति।

तथा त्रिस्पृशी प्रशस्ता, तथा वारविशेषेण योगविशेषेण च प्रशस्ता भवति। तथा च स्कन्दपुराणे पठ्यते—

माघकृष्णचतुर्दश्यां रविवारो यदा भवेत्।
भौमो वाऽथ भवेद्देवि कर्त्तव्यं व्रतमुत्तमम् ॥

शिवयोगस्य योगे वै तद्भवेदुत्तमोत्तमम्।
शिवरात्रिव्रतन्त्वेतत्तद्भवेदुत्तमोत्तमम् ॥ इति।

ननु यदा पूर्वविद्धायामुपवासस्तदा परेद्युः किं तिथ्यन्ते पारणं भवति किं वा तिथिमध्ये? शास्त्रन्तु पक्षद्वयेऽपि समानम्। तच्च, तिथ्यन्तपारणवचनानि पूर्वमुदाहृतानि। तिथिमध्यपारणवचनन्तु स्कन्दपुराणे पठ्यते—

और वह शिवरात्रि की चतुर्दशी तीन प्रकार की होती है। यथा—एक तिथि में होनेवाली, दो तिथियों में होनेवाली और तीन तिथियों में होनेवाली। सूर्योदय से शुरू करके दूसरे दिन के उदय तक रहनेवाली एक तिथ्यात्मिका होती है, वेधदोष के अभाव से वह प्रशस्ता है। दो तिथियों में होनेवाली दो प्रकार होती है। यथा—जया योग के अनुसार और दर्शयोग के अनुसार (यहाँ जया का अर्थ चतुर्दशी है)। यह दो योग एक एक विषय में प्रशस्त है। इस विशेष विषय के बारे में पहले कहा गया है। तीन तिथिओं में रहनेवाली अति प्रशस्त है। इस विषय को अभिप्रेत करके पुराण में कहा है—

यदि त्रयोदशी की एक कला, बीच में चतुर्दशी आ जाती है और अन्त में अमावास्या आ जाती, तो वही तिथि त्रिस्पृश्या होती है। उसमें शिवजी की अर्चना की जाती है।

वही त्रिस्पृशी तिथि, वार और योग के विशेष से प्रशस्त भी होती है। स्कन्दपुराण में कहा है—

माघकृष्ण की चतुर्दशी में अगर रविवार या मङ्गलवार होता है तो हे देवि! उसमें किया हुआ व्रत सर्वोत्तम है। मङ्गल योग के कारण यह उत्तमोत्तम होता है। इस उत्तमोत्तम अवसर में शिवरात्रि व्रत किया जाता है।

यहाँ एक प्रश्न होता है कि जब पूर्वविद्धा में उपवास होता है, तब दूसरे दिन में क्या तिथि के अन्त में पारण होता है या तिथि के बीच में?

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

शास्त्रों के वचन दोनों पक्षों में भी समान रूप से उपलब्ध होते हैं। तिथि के अन्त में पारण के लिए वचन पहिले कहे गये हैं। तिथि के बीच में पारण के लिए स्कन्दपुराण में कहा है—

उपोषणं चतुर्दश्यां चतुर्दश्यान्तु पारणम्।
कृतैः सुकृतलक्षैश्च लभ्यते वाऽथवा न वा॥
ब्रह्मा स्वयं चतुर्वक्त्रैः पञ्चवक्त्रैस्तथाप्यहम्।
सिक्थे सिक्थे फलं तस्य शक्तो वक्तुं न पार्वति॥
ब्रह्माण्डोदरमध्ये तु यानि तीर्थानि सन्ति वै।
संस्थितानि भवन्तीह भूतायां पारणे कृते॥
तिथीनामेव सर्वासामुपवासव्रतादिषु।
तिथ्यन्ते पारणं कुर्याद् विना शिवचतुर्दशीम्॥ इति।

बाढम्। अस्ति हि द्विविधं शास्त्रम्। तस्य च द्विविधस्य शास्त्रस्य प्रतिपत्प्रकरणोक्तन्यायेन व्यवस्था द्रष्टव्या। यदा यामत्रयादर्वागेव चतुर्दशी परिसमाप्यते, तदा तिथ्यन्ते पारणम्। यदा तु चतुर्दशी यामत्रयमतिक्रामति तदा चतुर्दशीमध्ये पूर्वाह्णे पारणं कुर्यात्।

॥ इति चतुर्दशीनिर्णयः॥

"चतुर्दशी में उपवास करके, फिर पारण करने से लक्ष संख्यक सुकृत करने पर भी सुफल मिलता है या नहीं; (परन्तु) इसके बारे में हे पार्वती! स्वयं ब्रह्मा चार मुखों से और मैं भी पांच मुखों से स्तर-स्तर पर उसका फल को बतलाने में असमर्थ हैं।

ब्रह्माण्ड के उदर में जितने तीर्थ हैं, चतुर्दशी में पारण करने से सभी आकर एकत्रित होते हैं। सर्व तिथिओं में जो उपवास और व्रतों का अनुष्ठान होता है, उसमें सर्वत्र तिथि के अन्त में पारण किया जाता है, किन्तु शिवचतुर्दशी के बिना ही।

यह तो ठीक है। किन्तु इसके बारे में दो प्रकार के शास्त्र मिलते हैं। इन दो प्रकार के शास्त्रों की प्रतिपद् न्याय के अनुसार व्यवस्था देखनी चाहिए। जब तीन याम (मुहूर्त्त) से पहले चतुर्दशी समाप्त हो जाती है, तब तिथि के अन्त में पारण होता है। जब चतुर्दशी तीन यामों को अतिक्रम करके रहती है तब चतुर्दशी के बीच में भी पूर्वाह्न में पारण होता है।

इस प्रकार चतुर्दशी का निर्णय हुआ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथ पञ्चदशी निर्णीयते

सा द्विविधा; पौर्णमास्यमावास्या च। तत्र पौर्णमास्यां परस्पर-विरुद्धानि वाक्यान्युपलभ्यन्ते। तत्र परविद्धाया ग्राह्यत्वं पुराणे पठयते—

भूतविद्धा न कर्त्तव्या कर्त्तव्या प्रतिपद्युता।
पौर्णमासी व्रतारम्भे मनुजैः फलकांक्षिभिः॥ इति।

विष्णुधर्मोत्तरे—

एकादश्यष्टमी षष्ठी पौर्णमासी चतुर्दशी।
अमावस्या तृतीया च उपोष्याः स्युः परान्विताः॥ इति।

पद्मपुराणे—

पूर्वविद्धा तु कर्त्तव्या सप्तमी व्रतिभिर्नरैः।
पौर्णमास्या महीपाल पराया नियमाङ्गता॥ इति।

परविद्धानिषेधः पूर्वविद्धाविधिश्च ब्रह्मपुराणे—

षष्ठ्येकादश्यमावास्या पूर्वविद्धा तथाऽष्टमी।
पूर्णिमा परविद्धा च नोपोष्यन्तिथिपञ्चकम्॥ इति।

पूर्वविद्धाग्राह्यत्वञ्च युग्मवाक्ये 'चतुर्दश्या च पूर्णिमा' इति। एवं परस्परविरोधे सति या व्यवस्था सा ब्रह्मवैवर्त्ते दर्शिता—

पूर्वविद्धा न कर्त्तव्या अमावास्या च पूर्णिमा।
वर्जयित्वा मुनिश्रेष्ठ सावित्रीव्रतमुत्तमम्॥ इति।

यहाँ से पञ्चदशी का निर्णय हो रहा है। यह पञ्चदशी दो प्रकार होती है। यथा—पौर्णमासी और अमावास्या। पौर्णमासी के प्रसङ्ग में परस्पर विरुद्ध वाक्य मिलते हैं। वहाँ परविद्धा का ग्रहण के बारे में पुराण में पाठ मिलता है—

चतुर्दशी से विद्ध होनेवाली पञ्चदशी को स्वीकार नहीं किया जाता है। प्रतिपद से युक्त होने पर फलकामना करनेवाले मनुष्य व्रतारंभ के समय में पौर्णमासी को व्रत के लिए ग्रहण करते हैं। विष्णुधर्मोत्तर में कहा है—

एकादशी अष्टमी, षष्ठी, पौर्णमासी, चतुर्दशी, अमावास्या और तृतीया परविद्धा होने पर उनमें उपवास किया जाता है। पद्मपुराण में कहा है—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हे महीपाल ! व्रती लोग पूर्वविद्धा सप्तमी को मानते हैं और नियम के अनुसार परविद्धा पौर्णमासी को भी करते हैं।

परविद्धा को छोड़ देने के लिए और पूर्वविधा को स्वीकार करने के लिए ब्रह्मपुराण में कहा है—

षष्ठी, एकादशी, अमावास्या और अष्टमी अगर पूर्वविद्धा है, और पूणिमा परविद्धा हो तो इन पांच तिथिओं में उपवास नहीं करना है।

"चतुर्दश्या च पूर्णिमा" इस युग्म वाक्य के अनुसार पूर्वविद्धा पूर्णिमा ग्रहणीय होती है। इस प्रकार परस्पर विरोध होने पर जो व्यवस्था होती है वही ब्रह्मवैवर्त्त में देखी गई है—

हे मुनि श्रेष्ठ ! व्रतों के बीच में उत्तम सावित्री व्रत को छोड़कर अमावास्या और पूर्णिमा पूर्वविद्धा होने से ग्रहणीय नहीं होती है।

सावित्री राजकन्या। तया चीर्णं व्रतं सावित्रीव्रतम्। तच्च भविष्योत्तरपुराणे दर्शितम्—

कथयामि कुलस्त्रीणां महिम्नो वर्द्धनं परम्।
यथा चीर्णं व्रतं पूर्वं सावित्र्या राजकन्यया॥ इति।

एतच्च पौर्णमास्याममावास्यायां विहितम्। तस्मिन् व्रते पूर्वविद्धा ग्राह्या, व्रतान्तरे पूर्वविद्धा न कर्त्तव्या, किं वा परविद्धैव कर्त्तव्येति परस्परविरुद्धस्य शास्त्रद्वयस्य व्यवस्था। यदा तु चतुर्दश्यष्टादशनाडिका भवति, तदा सावित्रीव्रतमपि तत्र परित्याज्यम्—

भूतोऽष्टादशनाडीभि र्दूषयत्युत्तरां तिथिम्॥ इति स्मृतेः।

योऽयं पौर्णमासीनिर्णयः, स एवामावास्यायामप्यवगन्तव्यः। तत्रापि सावित्रीव्रतं पूर्वदिने कर्त्तव्यं व्रतान्तराण्युत्तरदिने। अस्याञ्च व्यवस्थायां ब्रह्मवैवर्त्तवचनं पूर्वमुदाहृतम्। स्कन्दपुराणेऽपि—

भूतविद्धा सिनीवाली न तु तत्र व्रतं चरेत्।
वर्जयित्वा तु सावित्रीव्रतं तु शिखिवाहन॥ इति।

एवं च सति, युग्मशास्त्रं सावित्रीव्रतव्यतिरिक्तेषु व्रतेषु द्रष्टव्यम् प्रचेता अपि—

नागविद्धा तु या षष्ठी सप्तम्या च युताष्टमी।
दशम्येकादशी विद्धा त्रयोदश्या चतुर्दशी॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

भूतविद्धाऽप्यमावास्या न ग्राह्या मुनिपुङ्गवैः।
उत्तरोत्तरविद्धास्ताः कर्त्तव्याः काठकी श्रुतिः॥ इति।

पद्मपुराणेऽपि—

षष्ठ्यष्टमी तथा दर्शः कृष्णपक्षे त्रयोदशी।
एताः परयुताः कार्याः पराः पूर्वेण संयुताः॥ इति।

सावित्री राजकन्या है। उससे आचरित (किये) होने पर सावित्रीव्रत के नाम से वह व्रत प्रसिद्ध है। इसके बारे में भविष्योत्तरपुराण में प्रदर्शित किया गया है—

कुल स्त्रियों की महिमा का संवर्धन करने वाला तथा राजकन्या सावित्री द्वारा आचरित व्रत को यथारीति कहता हूँ।

यह व्रत पौर्णमासी और अमावास्या में विहित है। उस व्रत में पूर्वविद्धा तिथि गृहीत होती है। किन्तु दूसरे व्रतों में पूर्वविद्धा गृहीत नहीं होती है या परविद्धा गृहीत होती है, इस प्रकार परस्पर विरूद्ध होनेवाले दो शास्त्र वचनों की व्यवस्था मिलती हैं। जब चतुर्दशी अठारह दण्ड तक रहती, उस स्थल में पूर्वविद्धा होने पर भी सावित्री व्रत परित्याज्य है; क्योंकि स्मृति में कहा है कि चतुर्दशी अठारह दण्डों के द्वारा परवर्त्ती तिथि को दूषित करती है।

पौर्णमासी का यह जो निर्णय हो रहा है, अमावास्या में भी इसकी ग्रहणरीति रखनी चाहिये। उस पर भी सावित्री व्रत पूर्वदिन में होती है और दूसरे व्रतों का अनुष्ठान परदिन में होता है। इस व्यवस्था का पृष्ठपोषक ब्रह्मवैवर्त्तपुराण का वचन पहले उदाहृत किया गया है। स्कन्दपुराण में भी कहा है—

चतुर्दशी से विद्ध होनेवाली अमावास्या में व्रत नहीं किया जाता है। परन्तु हे शिखिवाहन! सावित्रीव्रत को छोड़कर।

ऐसा होने से सावित्रीव्रत से व्यतिरिक्त विषय में युग्मवचन द्रष्टव्य है। प्रचेता ने कहा है—

पञ्चमी से विद्धा षष्ठी, सप्तमी से विद्धा अष्टमी, दशमी विद्धा एकादशी, त्रयोदशी से विद्धा चतुर्दशी और चतुर्दशी से विद्धा अमावास्या मुनिपुंगवों में ग्रहणीय नहीं होती हैं। काठकश्रुतिके अनुसार वे तिथियाँ परविद्धा होने पर ही मानी जाती हैं।

पद्मपुराण में भी कहा है—कृष्णपक्ष में षष्ठी, अष्टमी, अमावास्या और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्रयोदशी परविद्धा होने पर मानी जाती हैं, उनकी परतिथियाँ पूर्वविद्धा ही मानी जाती हैं।

यत्तु नारदीयपुराणे—

दर्शं च पौर्णमासञ्च पितुः सांवत्सरं दिनम्।
पूर्वविद्धमकुर्वाणो नरकं प्रतिपद्यते ॥ इति।

तत्सावित्रीव्रतविषयं श्राद्धविषयं वा। अमावास्यायामिव पौर्णमास्यामपि श्राद्धं विहितम्। तथा च पितामहः—

अमावास्याव्यतीपातपौर्णमास्यष्टकासु च।
विद्वान् श्राद्धमकुर्वाणः प्रायश्चित्तीयते हि सः ॥ इति।

अमावास्याश्राद्धस्य च पार्वणरूपत्वमपराह्णस्य तत्कर्मकालत्वं कुतपस्य प्रारम्भकालत्वमित्येतत्त्रितयं प्रतिपत्प्रकरणे प्रत्याब्दिकनिर्णये प्रपञ्चितम्। तथा सति अपराह्णस्य कर्मकालत्वात् पूर्वेद्युरेव परेद्युरेव वाऽपराह्णव्यापिन्यमावास्या ग्रहीतव्या। तत्रापराह्णव्यापिन्याः पूर्वतिथेर्ग्राह्यतामाह हारीतः—

यस्यां सन्ध्यागतः सोमो मृणालमिव दृश्यते।
अपराह्णे तु या तस्यां पिण्डानां करणं ध्रुवम् ॥ इति।

यत्तु कार्ष्णाजिनिनोक्तम्—

भूतविद्धाममावास्यां मोहादज्ञानतोऽपि वा।
श्राद्धकर्मणि ये कुर्युस्तेषामायुः प्रहीयते ॥ इति।

तदपराह्णव्याप्त्यभावविषयं द्रष्टव्यम्। अपराह्णव्यापिन्या उत्तरतिथेर्ग्राह्यतामाह हारीतः—

अपराह्णः पितॄणान्तु याऽपराह्णानुयायिनी।
सा ग्राह्या पितृकार्ये तु न पूर्वाऽस्तानुयायिनी ॥ इति।

उभयत्रापराह्णव्यापित्वं द्वेधा भिद्यते, एकदेशेन कार्त्स्न्येन चेति। एकदेशव्याप्तिश्च द्वेधा भिद्यते; वैषम्येण साम्येन चेति, तत्र वैषम्येणैकदेशव्याप्तौ महत्त्वेन निर्णेतव्यम्। तथा च स्मृतिः—

अपराह्णद्वयव्यापिन्यमावास्या यदा भवेत्।
तत्राल्पत्वमहत्वाभ्यां निर्णयः पितृकर्मणि ॥ इति।

नारदीयपुराण में कहा है—

दर्श, पौर्णमास और पितृ-सांवत्सरिक श्राद्ध पूर्वविद्धा तिथि में जो नहीं करता है वह नरकगामी होता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

यह सावित्री व्रत के विषय अथवा श्राद्ध के विषय में कहा है। अमावास्या की तरह पूर्णिमा में भी श्राद्ध का विधान मिलता है। पितामह ने कहा है—

"अमावास्या, व्यतीपात योग, पौर्णमासी अर्थात् पूर्णिमा और अष्टका (अष्टमी) में श्राद्ध न करनेवाला विद्वान् प्रायश्चित्त का भागी होता है।

अमावास्या श्राद्ध पार्वण विधि से होता है, अपराह्ण उसका कर्मकाल और कुतप से ही उसका प्रारंभ होता है। इन तीनों का विषय प्रतिपद् प्रकरण में प्रतिसांवत्सरिक श्राद्ध का निर्णय प्रसङ्ग में वर्णित किया है। ऐसा होने से अपराह्ण कर्मकाल होने पर पूर्वदिन या परदिन के अपराह्ण को व्याप्त होनेवाली अमावास्या ग्रहणीय होती है। वहाँ अपराह्ण को व्याप्त होने वाली पूर्व तिथि की ग्रहणीयता के बारे में हारीत ने कहा है—

जिस सन्ध्या के समय में चन्द्रमा मृणाल की तरह दिखाई पड़ता है, उस अपराह्ण में पिण्डदान निश्चित रूप से करना है।

कार्ष्णाजिनि ने कहा है—

चतुर्दशी से विद्धा अमावास्या में जो मोह या अज्ञानता से भी श्राद्ध करते हैं, उनके आयु का नाश होता है।

यह विषय अपराह्ण की व्याप्ति के अभाव के बारे में देखना पड़ता है। अपराह्ण को व्याप्त होनेवाली परवर्त्ती तिथि की ग्रहणीयता के बारे में हारीत ने कहा है—

अपराह्ण ही पितरों का तृप्तिकाल है। अपराह्ण में रहनेवाली तिथि पितृकार्य के लिए ग्राह्य है, किन्तु पूर्वदिन में अस्तकाल को व्याप्त होनेवाली नहीं।

उभयदिनों में अपराह्ण को व्याप्त होनेवाली तिथि दो प्रकार होती है। यथा—वैषम्य व्याप्ति से और साम्य व्याप्ति से। वहां वैषम्य से एकदेश को व्याप्त होनेवाली तिथि अधिक परिमाण को देखकर निर्णीत होती है। इसीलिए स्मृति में कहा है—

जब दो दिनों के अपराह्ण को व्याप्त अमावास्या होती है, तब अल्पत्व (कम) और महत्व (अधिक) को देखकर पितृकर्म (श्राद्ध) में तिथि का निर्णय होता है।

महत्येव ग्राह्येत्यभिप्रायः। स च शिवराघवसंवादे स्पष्टमभिहितः—

अल्पाऽपराह्णे त्याज्याऽमा ग्राह्या स्याद्याऽधिका भवेत्॥ इति।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

साम्येनैकदेशव्याप्तौ खर्वादिशास्त्रेण निर्णयः। साम्येनोभयत्रैकदेशव्याप्तिश्च तत्तिथिगतैर्वृद्धिक्षयसाम्यैस्त्रेधा भिद्यते। तथा हि पूर्वेद्युरपराह्णस्य द्वितीयघटिकामारभ्य परेद्युरपराह्णस्य पञ्चघटिकापर्यन्तं यदा तिथिर्वर्त्तते, तदा पूर्वापराह्णस्य प्रथमघटिकां द्वितीयापराह्णस्य चरमघटिकां विहाय शिष्टासु पञ्चसु वर्त्तमानत्वात् साम्येनैकदेशव्याप्ति र्भवति। तिथिश्च तदा घटिकाचतुष्टयेन वर्द्धते।

यदा च पूर्वापराह्णस्य चरमघटिकायामुत्तरापराह्णस्य च प्रथमघटिकायां तिथि र्वर्त्तते, तदापि साम्येनैकदेशव्याप्ति र्भवति। घटिकाचतुष्टयेन तदा तिथिः क्षीयते। यदा पूर्वापराह्णस्य चरमघटिकात्रये द्वितीयापराह्णस्य च प्रथमघटिकात्रये तिथि र्वर्त्तते तदा साम्येनैकदेशव्याप्तिस्तदवस्था। तिथिस्तु न वर्धते नापि क्षीयते, किन्तु समैव। ईदृशे विषये खर्वदर्पवाक्यान्निर्णयः। तच्च खर्वादिवाक्यं सर्वतिथिसाधारण्येन प्रवृत्तत्वादमावास्यायामपि प्रवर्त्तते। तथा अमावास्यायामेव विशेषेण शिवराघवसंवादे स एवार्थो दर्शितः—

अमावास्या तु या हि स्यादपराह्णद्वयेऽपि सा।
क्षये पूर्वा परा वृद्धौ साम्येऽपि च परा स्मृता॥ इति।

स्मृत्यन्तरेऽपि—

तिथिक्षये सिनीवाली तिथिवृद्धौ कुहूर्मता।
साम्येऽपि च कुहूर्ज्ञेया वेदवेदाङ्गवेदिभिः॥ इति।

अधिक काल तक व्याप्ति होने पर तिथि ग्रहणीय होती है ऐसा इसका अभिप्राय है। यह विषय शिवराघव संवाद में स्पष्ट अभिहित किया है। "अपराह्ण में अमावास्या अल्प रहने पर त्याज्य है किन्तु अधिक रहने पर ही ग्रहणीय होती है।

साम्य एकदेश व्याप्ति स्थल में खर्व वचन के अनुसार निर्णय होता है। साम्येन उभय का एकदेश व्याप्ति के निर्णय तिथि की वृद्धि, क्षय और साम्य —ये तीन प्रकार होते हैं। इसलिए पूर्वदिन के अपराह्ण की दूसरी घड़ी से शुरू होकर परदिन के अपराह्ण की पांच घड़ी तक जब तिथि रहती है, तब पूर्व दिन के अपराह्ण की पहली घड़ी और दूसरा अपराह्ण की अन्तिम घड़ी को छोड़कर अवशिष्ट पांच घड़ी तक रहने से साम्य एकदेश व्याप्ति होती है। उस अवसर में तिथि चार घड़ी तक बढ़ जाती है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

जब पूर्वदिन के अपराह्ण की अन्तिम घड़ी में और परदिन के अपराह्ण की पहली घड़ी में तिथि रहती है, तब भी साम्य एकदेश व्याप्त होती है। उस स्थल में चार घड़ी तक तिथि का क्षय होता है। जब पूर्व दिन का अपराह्ण की अन्तिम तीन घड़ी में और दूसरा दिन का अपराह्ण की पहली तीन घड़ी में तिथि रहती है, वहां भी साम्य-एकदेश व्याप्ति इस प्रकार है। तिथि बढ़ती नहीं है, घटती भी नहीं है; किन्तु समानरूप से रहती है। इस परिस्थिति में खर्व और दर्प वचनों के अनुसार निर्णय होता है। यह खर्वादि वाक्य सब तिथियों के लिए साधारण रूप से प्रवर्तित होने से अमावास्या के बारे में इसकी प्रवृत्ति होती है। अमावास्या में विशेष रूप से शिवराघव संवाद में इसका अर्थ दर्शित किया है—

जो अमावास्या दो दिनों के अपराह्ण में रहती है, इस स्थल में क्षय होने पर पूर्व दिन, वृद्धि होने पर दूसरा दिन और समानरूप से रहने पर दूसरा दिन अमावास्या के लिए गृहीत होता है।

दूसरी स्मृति में भी—तिथि का क्षय होने पर अमावास्या 'सिनीवाली' नाम से और तिथि की वृद्धि होने पर अमावास्या 'कुहू' नाम से 'पुकारी' जाती है तथा समान रहने पर भी 'कुहू' कही जाती है; ऐसा वेद-वेदाङ्ग-वादियों ने कहा है।

चतुर्दशीमिश्रा सिनीवाली प्रतिपन्मिश्रा कुहूः। तथा च व्यासः—

दृष्टचन्द्रा सिनीवाली नष्टचन्द्रा कुहूर्मता॥ इति।

कार्त्स्न्येनोभयत्रापराह्णव्याप्तावपि तिथिवृद्धित्वात् कुहूरेव ग्राह्या। यदा दिनद्वयेऽप्यपराह्णं न स्पृशति, तदा साग्न्यनग्निकभेदेन व्यवस्था द्रष्टव्या। तदाह जाबालिः—

अपराह्णद्वयाव्यापी यदि दर्शस्तिथिक्षये।
आहिताग्नेः सिनीवाली निरग्न्यादेः कुहूर्मता॥ इति।

आदिशब्दात्स्त्रीशूद्रयोरपि ग्रहणम्। तदाह लौगाक्षिः—

सिनीवाली द्विजैः कार्या साग्निकैः पितृकर्मणि।
स्त्रीभिः शूद्रैः कुहूः कार्या तथा चानग्निकैर्द्विजैः॥ इति।

एवं शास्त्रार्थे व्यवस्थिते सति यानि बहुविधानि वाक्यानि तानि सर्वाणि प्रोक्तेष्वमावास्याभेदेष्वन्यतमविषयत्वेन यथायोगं योजनीयानि। तथाहि तत्र तावद् बोधायन आह—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मध्याह्नात्परतो यत्र चतुर्दश्यनुवर्त्तते ।
सिनीवाली तु सा ज्ञेया पितृकार्ये तु निष्फला ॥ इति ।

बृहस्पतिरपि—

मध्याह्नाद या त्वमावास्या परस्तात् संप्रवर्त्तते ।
भूतविद्धा तु सा ज्ञेया न सा पञ्चदशी भवेत् ॥ इति ।

चतुर्दशी के साथ रहनेवाली (पूर्वविद्धा) अमावास्या सिनीवाली और प्रतिपद के साथ रहनेवाली (परविद्धा) अमावास्या कुहू है । व्यास ने कहा है—

जिस दिन में चाँद दिखाई पड़ता है, वह सिनीवाली है और जिसमें नहीं दिखाई देता, वह कुहू है ।

उभयदिनों में सम्पूर्ण रूप से अपराह्ण को व्याप्त होने पर भी तिथि वृद्धि के कारण कुहू ही ग्रहणीय होती है । जब दो दिनों के अपराह्ण को नहीं छूती है तब साग्निक और निरग्निक भेद से व्यवस्था होती है । इसके बारे में जाबालि ने कहा है—

दो अपराह्णों को व्याप्त न होनेवाली दर्श तिथि का अगर क्षय हो तो आहिताग्नि के लिए सिनीवाली और निरग्निओं के लिए कुहू व्यवस्थित होती है ।

आदि शब्द से स्त्री और शूद्रों का ग्रहण होता है । इसके बारे में लौगाक्षि ने कहा है—

साग्निक द्विजों के द्वारा पितृकर्म में सिनीवाली की जाती है और इसी प्रकार निरग्निक द्विजों तथा स्त्री-शूद्रों के जरिये कुहू की जाती है ।

इस प्रकार शास्त्रार्थ व्यवस्थित होने पर बहु प्रकार वाक्य मिलते हैं उन सब अमावास्या के पूर्वोक्त भेदों से अन्यतम विषय के रूप में आवश्यकता के अनुसार यथायोग संयोजित किये जाते हैं । इसलिए बौधायन ने कहा है—

मध्याह्न के बाद जहाँ चतुर्दशी अनुवर्त्तित होकर रहती है, वह सिनीवाली के नाम से नामित होती है । पितृकार्य के लिए वह निष्फल होती है । बृहस्पति ने भी—

मध्याह्न के ऊपर जो अमावास्या प्रवर्त्तित होती है, इस प्रकार अमावास्या चतुर्दशी से विद्धा के रूप में समझ में आती है । किन्तु इस प्रकार अमावास्या पञ्चदशी नहीं होती है ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अत्र मध्याह्नादूर्ध्वमपराह्णमतिक्रम्य परस्तादमावास्या प्रवर्त्तते इति व्याख्येयम्। तदेतद्वचनद्वयं परेद्यु रेवापराह्णव्याप्तौ योजनीयम्। यत्तु कात्यायनवचनम्—

पिण्डान्वाहार्यकं श्राद्धं क्षीणे राजनि शस्यते।
वासरस्य तृतीयेंऽशे नातिसन्ध्यासमीपतः॥ इति।

पिण्डानां पिण्डपितृयज्ञाङ्गभूतानामनु पश्चादाह्रियते क्रियते इति पिण्डान्वाहार्यकं श्राद्धमामावास्यं तत् क्षीणे राजनीन्दौ कर्त्तव्यम्। 'वासरस्य तृतीयेंऽशे' इत्यनेनेषन्नूनोऽपराह्णः सायाह्नसहितोऽभिधीयते। 'नातिसन्ध्यासमीपत' इति सायाह्नस्य प्रतिषेधे सत्यपराह्णः कर्मकालत्वेन परिशिष्यते। तथा च कर्मकालव्यापिनी तिथिर्ग्राह्येत्युक्तम्। तत्रेन्दुक्षयस्य चतुर्दश्यष्टमे प्रहरे प्रारम्भः, अमावास्यायाः सप्तमे प्रहरे समाप्तिः। तदेतदुभयं कात्यायन एवाह—

अष्टमेंऽशे चतुर्दश्याः क्षीणो भवति चन्द्रमाः।
अमावास्याऽष्टमांशे च पुनः किल भवेदणुः॥ इति।

यत्तु जाबालिनोक्तम्—

प्रतिपत्स्वप्यमावास्या पूर्वाह्णव्यापिनी यदि।
भूतविद्धैव सा कार्य्या पित्र्ये कर्मणि सर्वदा॥ इति।

